ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष प्रतिपदा
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शुक्रवार, 7 जून 2024
वर्ष 5, अंक 73, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

मुरादाबाद

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



अजय देवगन की फिल्म रेड 2 की शूटिंग पूरी 16


हम पाकिस्तान के खिलाफ भी अच्छा प्रदर्शन करेंगे: रोहित 15

## चंद्रबाबू नायडू 12 को लेंगे मुख्यमंत्री पद की शपथ

- चौथी बार संभालेंगे आंध्र प्रदेश में सरकार की कमान
- मोदी सहित नई कैबिनेट के कई मंत्री भी रहेंगे मौजूद

विजयवाड़ा, एजेंसी

तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) के प्रमुख एन चंद्रबाबू नायडू 12 जून को आंध्रप्रदेश के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। तेदेपा पोलित ब्यूरो के सदस्य एवं विधायक गोरंटला बुचैया चौधरी ने गुरुवार को यहां मीडिया को यह जानकारी दी। चौधरी ने बताया कि विधायक दल का नेता चुनने के लिए 11 जून को विधायक दल की बैठक होगी। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को शपथ ग्रहण समारोह के लिए आमंत्रित किया जाएगा। इसके अलावा नए केंद्रीय कैबिनेट के कई सदस्य भी शामिल होंगे। चौधरी ने बताया कि शपथ ग्रहण समारोह राजधानी क्षेत्र अमरावती में किया जाएगा लेकिन जगह फिलहाल तक तय नहीं है। नायडू का शपथ ग्रहण समारोह पहले 9 जून को होने वाला था लेकिन मोदी के नेतृत्व में नई केंद्रीय सरकार के शपथ ग्रणह समारोह को देखते हुए इसे टाल दिया गया। उल्लेखनीय है कि चंद्रबाबू नायडू चौथी बार राज्य के मुख्यमंत्री बनने जा रहे है।



### चीन वीजा घोटाला

## दिल्ली की कोर्ट ने कार्ति चिदंबरम को दी जमानत

**नई दिल्ली।** दिल्ली की अदालत ने कथित चीन वीजा घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले में कांग्रेस नेता कार्ति चिदंबरम को गुरुवार को जमानत दे दी। कार्ति एक समन की तामील करते हुए अदालत में पेश हुए थे और ईडी तथा सीबीआई के लिए विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने उन्हें राहत प्रदान की। अदालत ने इससे पहले मामले में ईडी की ओर से दायर आरोपपत्र का संज्ञान लेते हुए आरोपी के खिलाफ समन जारी किया था।



## मोदी की टिप्पणी से शेयर मार्केट के 30 लाख करोड़ डूबे

### कांग्रेस नेता ने इसे इतिहास का सबसे बड़ा घोटाला बताते हुए की जेपीसी जांच की मांग

नई दिल्ली, एजेंसी।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह तथा वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण पर चुनाव परिणाम आने से पहले शेयर बाजार को लेकर की गई टिप्पणी के संबंध में संगीन आरोप जड़े हैं।

राहुल गांधी ने कहा मतगणना के दिन शेयर बाजार में आई 30 लाख करोड़ रुपये की गिरावट अब तक का सबसे बड़ा घोटाला है। इसकी जेपीसी (जॉइंट पार्लियामेंट्री कमेटी) से जांच कराई जानी चाहिए। राहुल गांधी ने गुरुवार को पार्टी कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि शेयर बाजार को मंगलवार को जो नुकसान हुआ है वह मोदी व उनके मंत्रियों की सोची समझी रणनीति का हिस्सा था। वे तीनों जानते थे कि 4 जून को परिणाम एग्जिट पोल के मुताबिक नहीं आ रहे हैं, इसके बावजूद उन्होंने शेयर बाजार को लेकर भ्रम फैलाया जिसके कारण निवेशकों के 30 लाख करोड़ डूबे हैं। राहुल गांधी ने कहा कि पहली बार हमने नोट किया कि चुनाव के समय प्रधानमंत्री, गृह मंत्री और वित्त मंत्री ने स्टॉक बाजार पर टिप्पणी की...फिर एक जून को झूठे एग्जिट पोल आए। तीन जून को स्टॉक बाजार सारे रिकॉर्ड तोड़ देता है, चार जून को खटाक से नीचे चला जाता है। उन्होंने सवाल किया कि प्रधानमंत्री और गृह मंत्री ने निवेश की सलाह क्यों दी? पांच करोड़ निवेशकों को शेयर खरीदने की सलाह क्यों दी गई? फायदा उठाने वाले विदेशी निवेशक कौन हैं? कांग्रेस नेता ने कहा कि यह आपराधिक कृत्य है और इस मामले की जांच के लिए जेपीसी का गठन होना चाहिए।

### राहुल गांधी के सवाल

- प्रधानमंत्री और गृहमंत्री ने निवेश की सलाह क्यों दी?
- पांच करोड़ निवेशकों को शेयर खरीदने की सलाह क्यों दी गई?
- फायदा उठाने वाले विदेशी निवेशक कौन हैं?



### अंबानी के चैनल से भ्रम फैलाया

राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि मोदी ने न्यूज चैनल के जरिए पहले जो संकेत दिए उसका निवेशकों पर सीधा असर हुआ है। यह संकेत अंबानी के चैनल के माध्यम से मोदी ने दिया और शेयर बाजार को लेकर भ्रम फैलाया जिससे रिटेल निवेशक को लाखों करोड़ों रुपये का नुकसान हुआ है। उन्होंने पूछा कि इस तरह का संकेत देने के क्या कारण थे।

### निवेशकों को डरा रहे राहुल गांधी : गोयल

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने राहुल गांधी पर घरेलू और विदेशी निवेशकों को डराने की साजिश रचने का आरोप लगाया। दावा किया कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के तीसरी बार सत्ता में लौटने के साथ ही शेयर बाजार में तेजी आनी शुरू हो गई है।

### एक नजर

#### एसआईटी हिरासत में 10 जून तक रहेगा प्रज्वल

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु की अदालत ने कई महिलाओं के यौन शोषण के आरोपों में जद(एस) के पूर्व सांसद प्रज्वल रेवन्ना की एसआईटी हिरासत गुरुवार को 10 जून तक के लिए बढ़ा दी। निर्वाचित जनप्रतिनिधियों की विशेष अदालत के समक्ष रेवन्ना को पेश किया गया, जिसने 31 मई को उसे छह जून तक के लिए एसआईटी की हिरासत में भेज दिया था। जद(एस) के प्रमुख और पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा का पोता रेवन्ना हाल में संपन्न हुए लोकसभा चुनाव में हासन सीट से हार गया। गुरुवार को अदालत बताया गया कि जांच के सिलसिले में रेवन्न को हिरासत में रखने की जरूरत है, जिसके बाद कोर्ट ने उसकी एसआईटी हिरासत बढ़ा दी।

#### बराड़ से जुड़े लोगों के घर एनआईए का छापा

**नई दिल्ली।** एनआईए ने कनाडा से काम कर रहे आतंकी गोल्डी बराड़ के सहयोगियों के पंजाब स्थित नौ ठिकानों की गुरुवार को तलाशी ली। ' 'रंगदारी और गोलीबारी मामले से जुड़ी जांच के तहत एजेंसी ने कार्रवाई की है। एजेंसी ने सतिंदरजीत सिंह उर्फ गोल्डी बराड़ और उसके गिरोह की जानकारी के लिए लोगों से मदद की अपील की है। एनआईए की यह कार्रवाई करणी सेना प्रमुख सुखदेव सिंह गोगामेडी की हत्या में बराड़ और 11 अन्य के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किए जाने के एक दिन बाद की गई। गोगामेडी की पिछले साल हत्या कर दी गई थी।

# मोदी ही लेंगे प्रधानमंत्री पद की शपथ

### राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन संसदीय दल की बैठक में आज लगेगी अंतिम मुहर, रविवार को शपथ संभव

- गठबंधन के वरिष्ठ नेता राष्ट्रपति को सौंपेंगे सांसदों की सूची

नई दिल्ली, एजेंसी

नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री चुनने के लिए शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के नवनिर्वाचित सांसदों की बैठक होगी। मोदी के राजग संसदीय दल का नेता चुने जाने के बाद तदेपा अध्यक्ष एन चंद्रबाबू नायडू और जनता दल (यूनाइटेड) के प्रमुख नीतीश कुमार जैसे गठबंधन के वरिष्ठ सदस्य राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात करेंगे और उन्हें समर्थन देने वाले सांसदों की सूची सौंपेंगे। राजग के पास 293 सांसद हैं, जो 543 सदस्यीय लोकसभा में बहुमत के 272 के आंकड़े से अधिक है। शपथ ग्रहण समारोह 9 जून रविवार को हो सकता है।

केंद्रीय मंत्री अमित शाह और राजनाथ सिंह सहित भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने गुरुवार को बैठक कर सरकार गठन के प्रयासों को गति देने को लेकर विचार-विमर्श किया। यह बैठक भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा के आवास पर हुई। इस बैठक में संघ के कुछ वरिष्ठ पदाधिकारी भी मौजूद थे। पार्टी नेताओं के मुताबिक इस बैठक में भावी मंत्रिपरिषद के गठन में राजग के घटक दलों की भागीदारी सहित अन्य मुद्दों पर चर्चा की गई। बैठक के बाद नड्डा और शाह ने शाम में प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात की। सरकार गठन के स्वरूप पर पार्टी के शीर्ष नेताओं ने इस मुलाकात के दौरान चर्चा की।



लोजपा (आर) नेता चिराग पासवान ने कहा कि मोदी को उनकी पार्टी का समर्थन बिना शर्त है और उनके नेतृत्व में ही राजग ने बहुमत हासिल किया है। राजग के सभी घटक शुक्रवार को मोदी को नए प्रधानमंत्री के रूप में समर्थन देने वाले पत्र राष्ट्रपति को सौंप सकते हैं। शिवसेना सूत्रों ने कहा कि महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे चाहते हैं कि उनके बेटे और तीन बार के सांसद श्रीकांत शिंदे के बजाय अन्य वरिष्ठ सांसदों को मंत्री पद देने पर विचार किया जाए। वहीं तेलगू देशम पार्टी के चंद्रबाबू नायडू चाहते हैं कि केंद्र आंध्र प्रदेश को अमरावती में राजधानी बनाने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करे। वह यह भी चाहते हैं कि नई सरकार पृथक तेलंगाना राज्य के बाद आंध्र प्रदेश के लिए जताई गई प्रतिबद्धताओं को पूरा करे। तेदेपा की 16 सीटों के बाद जद (यू) भाजपा की दूसरी सबसे बड़ी सहयोगी है। नई सरकार के अस्तित्व के लिए भाजपा को इन दोनों दलों पर निर्भर रहना होगा।

### चुनाव आयोग ने निर्वाचित सांसदों की सूची राष्ट्रपति को सौंपी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** चुनाव आयोग ने मतगणना पूरी होने के बाद 18वीं लोकसभा के लिए निर्वाचित सांसदों की सूची गुरुवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु को सौंप दी। राष्ट्रपति सचिवालय के अनुसार मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार, चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और डॉ. सुखबीर सिंह संधू ने शाम साढे.चार बजे राष्ट्रपति भवन में मुर्मु से मुलाकात कर निर्वाचित सांसदों की सूची उन्हें सौंपी। चुनाव आयोग की ओर से जन प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 73 के अनुरूप जारी अधिसूचना की एक प्रति, जिसमें 18वीं लोकसभा के आम चुनावों के बाद लोक सभा के लिए चुने गए सदस्यों के नाम शामिल हैं राष्ट्रपति को सौंपी गई। इतिहास की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत चुनावों के सफल समापन पर मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों को राष्ट्रपति ने बधाई दी। उन्होंने पूरे देश की ओर से चुनाव आयोग, उसके अधिकारियों , कर्मचारियों , मतदान के प्रबंधन और पर्यवेक्षण में शामिल अन्य अधिकारियों, पुलिस तथा सुरक्षा कर्मियों, केंद्र और राज्य सरकारों के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने बड़ी संख्या में चुनाव प्रक्रिया में शामिल होने वाले मतदाताओं की भी सराहना की। राष्ट्रपति ने कहा कि यह पूरी तरह से हमारे संविधान और देश की गहरी तथा मजबूत लोकतांत्रिक परंपराओं के अनुरूप है।

### आदर्श आचार संहिता हटी

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव की घोषणा के साथ ही 16 मार्च से लागू आदर्श आचार संहिता गुरुवार को हटा ली गई है। केंद्रीय कैबिनेट सचिव और राज्यों के मुख्य सचिवों को भेजे पत्र में निर्वाचन आयोग ने कहा कि लोकसभा, कई प्रदेश में विधानसभा और कुछ सीटों पर उपचुनाव के नतीजों के बाद आदर्श आचार संहिता हटा ली गई है।

### पड़ोसी देश भी शपथ ग्रहण समारोह में होंगे शामिल

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश, श्रीलंका, मालदीव, भूटान, नेपाल, मॉरीशस और सेशेल्स के शीर्ष नेताओं के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के शपथ ग्रहण समारोह में भाग लेने की संभावना है। सूत्रों के अनुसार बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना, श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे, नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दाहाल 'प्रचंड', मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू, भूटान के प्रधानमंत्री शेरिंग टोबगे, मॉरीशस के प्रधानमंत्री प्रविंद जगन्नाथ और सेशेल्स के राष्ट्रपति वेवल रामकलावन को शपथ ग्रहण समारोह में आमंत्रित किया गया है। मुइज्जू, विदेश मंत्री और कुछ अन्य नेताओं के साथ नई दिल्ली जाएंगे। विक्रमसिंघे के कार्यालय ने बताया कि मोदी ने उन्हें आमंत्रित किया। बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना को भी न्योता दिया है। मोदी ने प्रचंड और जगन्नाथ से भी फोन पर बातचीत की है।

## महिला सिपाही ने कंगना रनौत को मारा थप्पड़

चंडीगढ़/नई दिल्ली, एजेंसी

चंडीगढ़ हवाई अड्डे पर केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) की एक महिला सिपाही ने गुरुवार को दिल्ली जा रहीं भाजपा की नवनिर्वाचित सांसद कंगना रनौत को थप्पड़ मार दिया। महिला सिपाही को निलंबित कर दिया गया है और उसके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है।

अधिकारियों ने बताया कि कंगना के विमान में सवार होने से पहले हवाई अड्डे पर सुरक्षा जांच के दौरान सीआईएसएफ सिपाही ने अभिनेत्री को थप्पड़ मारा। वहीं, कंगना ने एक वीडियो बयान जारी कर कहा कि दिल्ली जाते वक्त चंडीगढ़ हवाई अड्डे पर सुरक्षा जांच के दौरान सीआईएसएफ की एक महिला सिपाही ने उन्हें थप्पड़ मारा और उनके साथ गाली-गलौज की। कंगना ने 'पंजाब में आतंक और हिंसा में हैरान करने वाली वृद्धि' शीर्षक से एक वीडियो बयान पोस्ट किया। जिसमें कहा कि वह सुरक्षित और ठीक हैं, लेकिन पंजाब में बढ़ते आतंकवाद को लेकर चिंतित भी हैं। कंगना ने दिल्ली पहुंचने के बाद बयान जारी कर कहा कि महिला सिपाही उनकी ओर आई। उसने मुझे थप्पड़ मारा और मुझे गाली देनी शुरू कर दी। जब मैंने उससे पूछा कि उसने ऐसा क्यों किया, तो उस सिपाही ने कहा कि वह किसान आंदोलन का समर्थन करती है। हिमाचल प्रदेश की मंडी सीट से लोकसभा के लिए निर्वाचित होने वाली कंगना ने कांग्रेस के प्रत्याशी को 74 हजार मतों से शिकस्त दी थी।



- दिल्ली जाते समय चंडीगढ़ हवाई अड्डे पर पेश आया वाकया
- सीआईएसएफ ने महिला सिपाही को किया निलंबित

### पंजाबियों पर कंगना की टिप्पणी घृणित : धामी

**अमृतसर।** शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) के अध्यक्ष हरजिंदर सिंह धामी ने कहा कि कंगना रनौत द्वारा पंजाब और पंजाबियों को लगातार निशाना बनाना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण और दुखद है। कंगना का यह कहना कि पंजाब में आतंकवाद बढ़ रहा है, उनकी बीमार मानसिकता का परिचायक है, जबकि सच्चाई यह है कि उनकी अपनी जुबान से फैलाया जा रहा आतंकवाद देश के माहौल को प्रदूषित कर रहा है।

## शिक्षक भर्ती घोटाले में 5 आरोपी गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- गिरफ्तार आरोपियों में 3 प्रयागराज और 2 मिर्जापुर के निवासी
- 2 आरोपी उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा बोर्ड में संविदा कर्मचारी
- प्रारंभिक जांच में 50 लाख रुपये के लेन-देन की बात सामने आई

**अमृत विचार :** शिक्षा विभाग के फर्जी शिक्षक घोटाले में पुलिस ने गुरुवार को 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें 2 मिर्जापुर व 3 प्रयागराज के हैं। आरोपियों में 2 उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा बोर्ड में संविदा पर डाटा आपरेटर हैं। पुलिस ने बताया कि अभी तक जो चैट सामने आई है उसमें इस घोटाले में 50 लाख रुपये का लेन-देन किया गया है। अभी आरोपियों गहन पूछताछ की जा रही है।

शिक्षा विभाग को फर्जी ई-मेल आईडी के जरिए 9 शिक्षकों का पैनल नियुक्ति के लिए भेजा गया था। इसमें से 2 शिक्षकों की नियुक्ति भी अलग-अलग स्कूलों में हो गई थी। खुलासा होने के बाद शिक्षा विभाग ने एफआईआर दर्ज कराई थी। कर्नलगंज पुलिस ने गुरुवार को बताया कि घोटाले में एसआईटी ने प्रयागराज से विवेक द्विवेदी और शिवम विश्वकर्मा को गिरफ्तार किया है। यह दोनों यूपी बोर्ड में डाटा आपरेटर पद पर कार्यरत हैं। इसके अलावा मिर्जापुर से लालजी सिंह, दिनेश कुमार पांडेय व अभिनव त्रिपाठी को गिरफ्तार किया गया है। अभिनव त्रिपाठी एक स्कूल में लैब टेक्नीशियन है। डीसीपी सेंट्रल आरएस गौतम ने बताया कि जांच में फर्जी ई-मेल को ट्रेस किया गया तो सामने आया कि शिक्षा विभाग को भेजी गई ई-मेल आईडी शिवम द्विवेदी और शिवम विश्वकर्मा ने तैयार की थी। दोनों यह आईडी शिक्षा विभाग से रिटायर हो चुके चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी लालजी सिंह के कहने पर बनाई थी। इसके लिए दोनों को 2 लाख रुपये मिले थे। इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों के आधार पर दिनेश पांडेय, प्रबंधक काशी प्रसाद जायसवाल जूनियर हाई स्कूल लाल डिग्गी मिर्जापुर व लैब टेक्नीशियन केवीपीजी डिग्री कॉलेज मिर्जापुर अभिनव त्रिपाठी की भूमिका का खुलासा हुआ। इसके बाद पांचों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।

## कोटा में नीट की तैयारी कर रही छात्रा ने की खुदकुशी

कोटा, एजेंसी

- इमारत की नौवीं मंजिल से कूदी, अस्पताल में मौत
- मध्य प्रदेश के रीवा जिले की रहने वाली थी बागीशा

राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-यूजी (नीट-यूजी) के परिणाम घोषित होने के एक दिन बाद ही राजस्थान के कोटा में 18 वर्षीय एक अभ्यर्थी ने एक इमारत की नौवीं मंजिल से कूदकर खुदकुशी कर ली।

पुलिस ने गुरुवार को बताया कि मृतका की पहचान बागीशा तिवारी के रूप में हुई है और वह इसी इमारत की पांचवीं मंजिल पर अपनी मां और भाई के साथ रहती थी। पुलिस ने बताया कि उसे एक निजी अस्पताल ले जाया गया लेकिन इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। मूलरूप से मध्य प्रदेश के रीवा जिले की निवासी बागीशा तिवारी कोटा के एक कोचिंग संस्थान में नीट-यूजी की तैयारी कर रही थी। जवाहर नगर पुलिस थाने के सर्किल इंस्पेक्टर हरिनारायण शर्मा ने बताया कि उसका भाई 12वीं कक्षा में पढ़ता है और वह संयुक्त प्रवेश परीक्षा (जेईई) की तैयारी कर रहा है। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने मंगलवार को मेडिकल प्रवेश परीक्षा के परिणाम घोषित किए थे।

## कुत्तों ने बच्ची पर किया हमला, घायल

कार्यालय संवाददाता, संभल



कुत्तों के हमले में घायल बच्ची।

- बच्ची को उपचार के लिए जिला अस्पताल में कराया भर्ती
- दो दिन पहले ही कुत्तों ने बुजुर्ग महिला की ले ली थी जान

**अमृत विचारः** दो दिन पहले सदर कोतवाली क्षेत्र में बुजुर्ग महिला के साथ कुत्तों की बर्बरता को लोग भूले भी नहीं थे कि हयातनगर थाना क्षेत्र के जंगल में 10 वर्षीय बच्ची को कुत्तों के झुंड ने नोचकर घायल कर दिया। मौके पर पहुंचे पुलिसकर्मी व ग्रामीणों ने कुत्तों से छुड़ाकर बच्ची को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया।

हयातनगर थाना क्षेत्र के गांव घुंघावली निवासी मुसर्रत का मकान गांव से सौ मीटर की दूरी पर जंगल में है। गुरुवार की शाम साढ़े चार बजे मुसर्रत की 10 साल की बेटी अदम अपने 6 वर्षीय भाई के साथ गांव में दुकान से सब्जी लेने जा रही थी। अदम अपने भाई के साथ घर से थोड़ी दूर ही पहुंची थी कि रास्ते में कुत्तों के झुंड ने भाई-बहन को घेर लिया। शोर मचाते हुए अदम अपने भाई के साथ कुत्तों से बचने के लिए गांव की ओर दौड़ी, लेकिन कुत्तों के झुंड ने घेरकर रास्ते में उसे सड़क पर गिरा लिया और नोचने लगे, जबकि बच्ची का छोटा भाई कुत्तों के झुंड से दूर भागने में कामयाब हो गया। इस बीच वहां से गुजर रहे पुलिसकर्मी ने अन्य लोगों की मदद से किसी तरह कुत्तों के झुंड से बच्ची को छुड़ाया लेकिन तब तक कुत्तों ने बच्ची को गंभीर रुप से घायल कर दिया था। इसके बाद परिजन बच्ची को लेकर जिला अस्पताल आ गए और उपचार के लिए भर्ती कराया।

## शिवपाल यादव हो सकते हैं विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष

राज्य ब्यूरो, अमृत विचार

- अखिलेश यादव छोड़ेंगे विधायक पद, करेंगे केंद्र की राजनीति

**अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव लोकसभा चुनाव में पार्टी की उत्तर प्रदेश में शानदार जीत के बाद अब संसद में बैठकर राज्य के मुद्दों को उठाएंगे।



पार्टी सूत्रों का कहना है कि कन्नौज से सांसद चुन लिए जाने के बाद अखिलेश यादव करहल विधानसभा सीट की सदस्यता से इस्तीफा दे सकते हैं। उनकी जगह शिवपाल यादव को विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष की जिम्मेदारी मिल सकती है। उत्तर प्रदेश के अगले विधानसभा चुनाव तक केंद्र की राजनीति में अखिलेश की सक्रियता बढ़ने वाली है। पार्टी नेताओं का मानना है कि दिल्ली में बैठकर अखिलेश यादव देश की राजनीति में अहम़ भूमिका निभा सकते हैं। लोकसभा चुनाव में इंडी गठबंधन ने उप्र में अखिलेश के नेतृत्व में 37 सीटें जीती, सपा देश की तीसरी बड़ी पार्टी बनकर उभरी। सपा का मत प्रतिशत भी राज्य में बढ़कर 33 प्रतिशत हो गया है। अखिलेश मैनपुरी के करहल से विधायक हैं, अब कन्नौज से सांसद भी बन चुके हैं। नियमानुसार उन्हें कोई एक पद छोड़ना होगा।

## तिहाड़ जेल में भिड़े कैदी, एक घायल

**नई दिल्ली।** तिहाड़ जेल संख्या 3 में टिल्लू ताजपुरिया और गोगी गिरोह के सदस्यों के बीच हुई भिड़ंत में हितेश नाम के एक कैदी को नुकीला सुआ घोपकर घायल कर दिया गया। पुलिस ने गुरुवार को बताया कि हितेश को दीन दयाल उपाध्याय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जेल के अंदर बुधवार सुबह करीब 11:15 बजे गोगी गिरोह के हितेश और टिल्लू ताजपुरिया गिरोह के दो सदस्यों के बीच झगड़ा हुआ था। पुलिस उपायुक्त (पश्चिम) विचित्र वीर ने बताया कि हितेश पर हमला करने वालों के नाम गौरव लोहरा और गुरिंदर के तौर पर सामने आए हैं। पुलिस उपायुक्त ने कहा कि हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया गया है।

## मोदी की शपथ से पहले जद (यू) ने उठाया अग्निपथ का मामला

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरे कार्यकाल की शपथ से पहले ही राजद के प्रमुख घटक दलों ने भाजपा से अपनी मांग रखनी शुरू कर दी है। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पार्टी जद (यू) ने सेना में भर्ती की अग्निपथ योजना की समीक्षा किए जाने की मांग उठाई है। जद (यू) के वरिष्ठ नेता केसी त्यागी ने कहा अग्निपथ योजना को लेकर मतदाताओं के एक हिस्से में नाराजगी रही है। हमारी पार्टी चाहती है कि विस्तार से उन कमियों और खामियों को दूर किया जाए जिसको लेकर जनता ने सवाल उठाए हैं। जद (यू) के वरिष्ठ नेता का ये बयान बुधवार को राजग की बैठक के एक दिन बाद आया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को इस बैठक में सर्वसम्मति से राजग का नेता चुना गया था।

### नीतीश की पार्टी ने अग्निपथ योजना की समीक्षा की मांग की



केंद्र सरकार ने साल 2022 में 14 जून को सेना में जवानों की भर्ती के लिए अग्निपथ योजना की घोषणा की थी। कांग्रेस और कई विपक्षी दलों ने इस योजना का विरोध किया था। कुछ राज्यों में इसके विरोध में प्रदर्शन भी हुए थे। कांग्रेस और इंडिया गठबंधन ने हाल ही में संपन्न लोकसभा चुनाव में अग्निपथ योजना को बड़ा मुद्दा बनाया था और कहा कि यदि वह सत्ता में आते हैं तो इसे रद्द कर देंगे। विपक्षी दलों के भारी विरोध के बावजूद भाजपा और उसके नेता इस योजना का बचाव करते रहे हैं।

### केंद्र में तीन मंत्रालयों पर नजर

जद (यू) केंद्रीय मंत्रिमंडल में सम्मानजनक प्रतिनिधित्व दिए जाने की उम्मीद कर रही है। नीतीश ने 2019 में केंद्रीय मंत्रिमंडल में केवल एक स्थान की पेशकश को ठुकरा दिया था और तीन साल बाद उनकी पार्टी ने भाजपा से नाता तोड़ लिया था। राजग में तेदेपा के बाद जद(यू) भाजपा की दूसरी सबसे बड़ी सहयोगी बनकर उभरी है। जद (यू) के एक शीर्ष नेता का कहना है कि पार्टी की नजर कैबिनेट की तीन सीट पर है, जिससे उसे जाति गणना का प्रबंधन करने में मदद मिल सकती है, जो अगले साल होने वाले बिहार विधानसभा चुनाव के मद्देनजर महत्वपूर्ण है। बिहार में 12 लोकसभा सीटें जीतने वाली जद(यू) के वरिष्ठ नेता और बिहार के ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने बृहस्पतिवार को कहा कि यह सब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और हमारे नेता नीतीश कुमार जी के द्वारा तय किया जाएगा।

### बिहार को विशेष दर्जे की मांग हमारे दिल में

नीतीश के राजनीतिक सलाहकार और पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता त्यागी ने हालांकि यह स्पष्ट किया कि उनकी पार्टी समान नागरिक संहिता (यूसीसी) के खिलाफ नहीं है। त्यागी ने कहा कि जद (यू) ने राजग को बिना शर्त समर्थन दिया है लेकिन बिहार को विशेष राज्य के दर्जे की मांग हमारे दिल में है। उन्होंने कहा बंटवारे के बाद बिहार ने जिस स्थिति का सामना किया है, उसे विशेष दर्जा दिए बिना ठीक नहीं किया जा सकता है।

‘अमृत विचार’ आपके साथ

आप हमें भेजना चाहते हैं कोई जानकारी या प्रकाशित कराना चाहते हैं कोई समस्या तो व्हाट्सएप करें 9450434176 या amritvichar.rampur@gmail.com पर हमें ई-मेल करें। हम आपकी बात को आपके नाम के साथ प्रकाशित करेंगे। कार्यक्रमों की सूचना भी भेज सकते हैं। अमृत विचार कार्यालय, जिला पंचायत भवन प्रथम तल रामपुर उ.प्र.

## शहर में आज

- चाह सोतियान स्थित महालक्ष्मी मंदिर में पूजा संतोषी माता की अर्चना प्रात: 6:30 बजे।
- भारतीय किसान यूनियन की पंचायत आंबडेकर पार्क में दोपहर 12:30 बजे।

## एक नजर

### एएसपी ने की पैदल गश्त

**रामपुर, अमृत विचार :** अपर पुलिस अधीक्षक अतुल कुमार श्रीवास्वत ने थाना सैफनी पर अर्दली रूम में थाना प्रभारी और विवेचकों के साथ बैठक की और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उसके बाद अपराध नियन्त्रण, कानून, शान्ति व्यवस्था तथा जनमानस में सुरक्षा की भावना जागृत करने के दृष्टिगत थाना सैफनी में भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर पुलिस बल के साथ पैदल गश्त की। इस दौरान क्षेत्राधिकारी शाहबाद भी मौजूद रहे।

### मेड़ के विवाद में पीटा

**रामपुर, अमृत विचार :** थाना गंज क्षेत्र में मेड़ के विवाद में कुछ लोगों ने युवक को पीट दिया। इस मामले में पुलिस को तहरीर दे दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गंज कोतवाली निवासी नन्हे का कहना है कि उसके गांव के ही कुछ लोगों ने उसके खेत की मेड़ को तोड़ दिया था। उसको लेकर काफी समय से रंजिश चली आ रही है। आरोप है कि बुधवार देर शाम रास्ते में रोककर उसके साथ गाली-गलौज करते हुए पीट दिया। पीड़ित ने तहरीर दे दी है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# अब तक हुई 40,851 मीट्रिक टन गेहूं खरीद

## गेहूं खरीद को जिले में बनाए गए थे 157 क्रय केंद्र, 1,16,149 मीट्रिक टन खरीद रही बाकी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** एक मार्च से तीन जून तक जनपद में 40,851 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद हुई है। तीन जून से खरीद रुक गई है। इसके चलते अभी 116,149 मीट्रिक टन खरीद होने से रह गई। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि खुले बाजार में गेहूं 2450 रुपये क्विंटल बिक रहा है। जबकि सरकार ने गेहूं का समर्थन मूल्य 2275 रुपये क्विंटल घोषित किया है। यह समस्या प्रदेश स्तर की है। उनका कहना है कि जैसा शासनादेश आएगा उसी के अनुसार खरीद की जाएगी। फिलहाल गेहूं खरीद पूर्ण रूप से बंद है।

इस बार शासन से विभाग को 1.57 लाख मीट्रिक टन गेहूं खरीद का लक्ष्य दिया था। विभाग की ओर से 159 के सापेक्ष 157 क्रय केंद्र भी बनाए गए। विभाग की ओर से गेहूं खरीद की लगातार मॉनिटरिंग भी कराई गई। लापरवाही बरतने पर चार प्रभारियों को निलंबित भी किया गया था। इसके अलावा 50 से अधिक समितियों को नोटिस जारी किए गए थे। जगह-जगह छापेमारी भी की गई थी। विभाग की कार्रवाई से खरीद में तेजी आई। स्थिति यह हो गई कि प्रदेश में जनपद तीसरे नंबर पर आ गया। जनपद में अब तक 26.020 प्रतिशत खरीद हो चुकी है। लेकिन तीन जून से जनपद में गेहूं खरीद पूरी तरह बंद है।



अजीतपुर में बंद पड़ा गेहूं क्रय केंद्र। ● अमृत विचार

### 1.60 करोड़ रुपये के भुगतान का किसानों को इंतजार

जिले में 3975 किसानों को 2275 रुपये प्रति क्विंटल के हिसाब से अब तक 92,93,62,000 रुपये का भुगतान किया गया है। अभी भी किसान 1.60 करोड़ रुपये के भुगतान का इंतजार कर रहे हैं। जिला खाद्य एवं विपणन अधिकारी कौशल देव ने बताया कि जिन किसानों का भुगतान नहीं हुआ है, उनकी केवाईसी की परेशानी है। जिन किसानों की केवाईसी नहीं हुई है वह जल्द ही कराएं। इसके बाद विभाग की ओर से भुगतान कराया जाएगा।

**जनपद में की गई गेहूं का विवरण**

| एजेंसी | केंद्र संख्या | लक्ष्य | खरीद | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|
| खाद्य विभाग | 20 | 38500 | 12539.82 | 32.571 |
| पीसीएफ | 54 | 27000 | 5672.75 | 21.010 |
| पीसीयू | 27 | 27000 | 4973.53 | 18.432 |
| यूपीएसएस | 15 | 15000 | 3339.79 | 22.265 |
| नैफेड | 24 | 30000 | 5946.45 | 19.822 |
| एनसीसीएफ | 5 | 6000 | 1941.04 | 32.351 |
| मंडी समिति | 3 | 4500 | 3436.76 | 76.372 |
| खाद्य निगम | 9 | 9000 | 2997.92 | 33.310 |
| कुल | 157 | 157000 | 40851.06 | 26.020 |

> जनपद में एक मार्च से तीन जून तक 1.57 मीट्रिक टन के सापेक्ष 40581 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद हुई। किसानों को 2275 रुपये प्रति क्विंटल के हिसाब से 92,93,62,000 रुपये का भुगतान किया जा चुका है। शेष 1.60 करोड़ का भुगतान केवाईसी न होने की वजह से नहीं हुआ। किसान जल्द ही केवाईसी कराए। अभी जिले में गेहूं खरीद पूर्ण रूप से बंद है। **–कौशल देव,** जिला खाद्य एवं विपणन अधिकारी

# ओ-लेवल कंप्यूटर प्रशिक्षण को 21 तक करें आनलाइन आवेदन

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- युवक-युवतियों के लिए ओ लेवल एवं ट्रिपल सी कम्प्यूटर प्रशिक्षण योजना

**अमृत विचार :** पिछड़ा वर्ग के शिक्षित बेरोजगार युवक-युवतियों के लिए संचालित ओ लेवल एवं ट्रिपल सी कम्प्यूटर प्रशिक्षण योजना वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए आनलाइन संचालित की जा रही है।

जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी मोहम्मद जीशान मलिक ने बताया कि ओ लेवल एवं ट्रिपल सी कम्प्यूटर प्रशिक्षण योजना के अन्तर्गत भारत सरकार की अधिकृत संस्था नीलिट से मान्यता प्राप्त संस्थाओं द्वारा अन्य पिछड़े वर्ग के शिक्षित बेरोजगार युवक-युवतियों को ओ लेवल एवं ट्रिपल सी कम्प्यूटर प्रशिक्षण कराने के लिए आवेदन किया जा सकता है। संस्थाओं द्वारा आनलाइन आवेदन करने की तिथि आठ से 21 जून तक है।

पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग उत्तर प्रदेश की वेबसाइट पर दिए गए लिंक से निर्धारित प्रारूप पर संस्था द्वारा आनलाइन आवेदन किया जा सकता है। आवेदन के बाद संस्था द्वारा आनलाइन भरे गए आवेदन की प्रति के साथ समस्त अभिलेखों तथा उपलब्ध संसाधनों से सम्बन्धित विवरण सहित निदेशालय पिछड़ा वर्ग कल्याण इन्दिरा भवन 10वां तल अशोक मार्ग लखनऊ, सम्बन्धित जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी कार्यालय में 21 जून शाम पांच बजे तक अनिवार्य रूप से हार्डकापी उपलब्ध कराई जाएगी। संस्था द्वारा आनलाइन आवेदन में भरी गई सूचना एवं उपलब्ध कराए गए संस्था की आधारभूत संरचनाओं का भौतिक सत्यापन कराते हुए निदेशालय पिछड़ा वर्ग कल्याण समिति द्वारा कम्प्यूटर प्रशिक्षण के लिए संस्थाओं का चयन किया जाएगा।


बिलासपुर रोड पर प्रदर्शन करते किसान। ● अमृत विचार

# समस्याओं का जल्द हो समाधान

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन भानू से जुड़े किसानों की केमरी नगर कार्यालय पंचायत हुई। इसमें जिला महासचिव रईस अहमद ने कहा कि सरकार किसानों का कर्ज माफ करे। सरकार उद्योगपतियों का कर्ज माफ कर सकती है तो किसानों का कर्ज भी माफ करना चाहिए।

इसके बाद किसानों ने मिलक-बिलासपुर रोड पर जोरदार प्रदर्शन किया। जिला महासचिव रईस अहमद ने कहा कि प्रदेश सरकार किसान और मजदूरों को 200 यूनिट बिजली मुफ्त दे। बिजली के बढ़े हुए दाम कम किए जाएं। अधिकारी किसानों की आरसी काटकर उन पर दबाव बना रहे हैं। सरकार को चाहिए इसे रोका जाए।

प्रदर्शन करने वालों में हजरत नूर, अकील अहमद, जमील अहमद, शाबान, अख्तर हाजी, शफीक अहमद, महमूद हसन, सादिक अहमद, मोहम्मद जमील, अनु रोहिल्ला, तेज बहादुर सिंह, नासिर अली, अमन सिंह, फैज अली, दानिश अली, सूरजपाल, कमरुद्दीन, मोबीन अली, समीर अहमद शामिल रहे।

# बाजार नसरूल्लाह खां में रहेगा बिजली संकट

**रामपुर, अमृत विचार :** पहाड़ी गेट बिजलीघर से पक्का बाग की ओर जा रही सप्लाई के लिए उपभोक्ताओं को 12 जून तक सात घंटे तक इंतजार करना पड़ेगा।

अधीक्षण अभियंता वीके आर्य ने बताया कि आरडीएसएस योजना के तहत एलटी, केबिल को बदलवाने का कार्य कराया जा रहा है। गर्मी के प्रकोप को देखते हुए मुख्य अभियंता आरके बंसल के निर्देश पर काम रुकवा दिया था। गर्मी का प्रकोप कम होने पर काम शुरू करा दिए हैं। इसी के चलते पक्का बाग, हरिजन बस्ती, पीपल वाली जयारत, शाहबाद गेट] बाजार नसरूल्लाह खां, लाल चाय पत्ती की दुकान, पीर की पैंठ, बालाजी का मंदिर, जैन चित्रगुप्त की गली, जीना इनायत खां और कन्या इंटर कॉलेज की आपूर्ति सुबह 10 से शाम पांच बजे तक बाधित रहेगी। पहाड़ी गेट क्षेत्र में 6 से 12, शाहबाद गेट क्षेत्र में 6 से 15 जून तक काम होगा।

# योग परिपूर्ण जीवन की उन्नति का मार्ग : अंतरा

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** अंतराष्ट्रीय योग दिवस शिविर के छठे दिन राजकीय शारीरिक प्रशिक्षण महाविद्यालय में अंतर योग संस्थान की योग प्रशिक्षिका अंतरा यादव ने कामन योगा प्रोटोकाल के तहत योगाभ्यास में प्रार्थना, ग्रीवा संचालन, स्कन्द व खिंचाव के बारे में जानकारी दी।

21 जून को अंतराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाएगा। इसके लेकर राजकीय शारीरिक प्रशिक्षण महाविद्यालय में योगाभ्यास कराया जा रहा है। गुरुवार को छठे दिन योग प्रशिक्षिका अंतरा यादव ने स्कन्द चक्र, कटी शक्ति, ताड़ासन, वृक्षासन, पादहस्तासन, वज्रासन, अर्धउष्ठासन, मारिचयासन, मकरासन, भुजंगासन, शलभासन, सेतु बंध आसन, उत्तानपाद, अनुलोम-विलोम, शीतली, भ्रामरी, प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास कराने के बाद शांति पाठ कराया। उन्होंने बताया कि योग अवसाद, थकान, चिंता सम्बन्धी विकार और तनाव को कम करने में सहायक होता है। जिलेश कुमार, रूपा अग्रवाल, रामकृष्ण, मनोज कुमार, डॉ.अनूप सिंह, जुगल किशोर, जावेद खान, योगेश, मनीष, नितिन, सत्येन, वरमजीत एवं बड़ी संख्या में योग साधक उपस्थित रहे।


फिजिकल कालेज स्टेडियम में गुरुवार की सुबह योग करतीं साधक। ● अमृत विचार

- राजकीय शारीरिक प्रशिक्षण महाविद्यालय में हो रहा योगाभ्यास
- चिंता सम्बन्धी विकार और तनाव को भी कम करता है योग

# एचटी लाइन के टूटे खंभे को कराया जाएगा दुरुस्त

**दढ़ियाल, अमृत विचार :** दढ़ियाल-काशीपुर मार्ग पर पेट्रोल पंप से आगे एचटी लाइन टूटे हुए पोल से गुजर रही है। इसकी खबर को अमृत विचार अखबार ने प्रमुखता से प्रकाशित किया था। इसके बाद उच्च अधिकारियों ने जेई को जल्द ही पोल बदलने के निर्देश दिए हैं।

नया गांव अकबराबाद बिजली घर से नगर को 11 हजार केवीए की लाइन आ रही है। 11 हजार केवीए की लाइन का खंभा एक सप्ताह पूर्व अज्ञात वाहन की टक्कर से टूट गया था। पोल क्षतिग्रस्त होने की सूचना पर बिजली विभाग के कर्मचारियों ने मुआयना भी किया मगर क्षतिग्रस्त खंभे को नहीं बदला था। क्षतिग्रस्त खंभे पर ही लाइन चालू कर दी थी। जेई विकास संतोषी ने बताया कि हाइड्रा मशीन न मिलने के कारण गुरुवार को पोल खड़ा नहीं किया जा सका।

# दो पुत्रियों की शादी के लिए ले सकते हैं अनुदान : जीशान

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- पुत्रियों की शादी अनुदान के लिए योजना संचालित

**अमृत विचार :** पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी मोहम्मद जीशान मलिक ने बताया कि अन्य पिछड़े वर्ग (अल्पसंख्यक पिछड़े वर्ग को छोड़कर) के गरीब व्यक्तियों की पुत्रियों की शादी के लिए शादी अनुदान योजना संचालित है। आवेदक अधिकतम दो पुत्रियों की शादी के लिए अनुदान प्राप्त कर सकते हैं।

मोहम्मद जीशान मलिक ने बताया कि शादी अनुदान पोर्टल पर आधार प्रमाणीकरण की नई व्यवस्था (ई-केवाईसी) के माध्यम से आवेदक अपना तथा अपनी पुत्री की शादी के अनुदान के लिए आवेदन आधार पोर्टल पर दर्ज कराएं। आधार से लिंक मोबाइल पर प्राप्त ओटीपी का उपयोग कर ई-केवाईसी की प्रक्रिया पूर्ण कर आवेदन किया जा सकता है। शादी अनुदान पात्रता में आवेदक अपनी पुत्री की शादी वित्तीय वर्ष 2024-25 में एक अप्रैल 2024 से 31 मार्च 2025 के मध्य हुई हो। आवेदक की वार्षिक आय (शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र) एक लाख रुपये से अधिक न हो। शादी की तिथि को पुत्री की आयु आधार कार्ड के अनुसार 18 वर्ष से कम न हो। शादी की तिथि को वर की आयु आधार कार्ड के अनुसार 21 वर्ष से कम न हो। आवेदक को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत एवं श्रम विभाग द्वारा शादी अनुदान का लाभ प्राप्त न हुआ हो। आवेदक यदि विधवा या दिव्यांग है तो उसका प्रमाण-पत्र संलग्न करना अनिवार्य है।

# पान और तंबाकू दो दुकानों पर बेचने का आदेश रद हो

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- जिलाधिकारी के नहीं होने पर एसडीएम को सौंपा मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन
- इस नियम में छोटे दुकानदारों को करना पड़ेगा उत्पीड़न का सामना

**अमृत विचार :** व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष शैलेन्द्र शर्मा ने खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन को सावधान करते हुए कहा कि जनपद में अधिसूचना के आधार पर किसी के भी उत्पीड़न के दुस्साहस का कड़ा विरोध किया जाएगा। क्योंकि यह अधिसूचना भ्रामक होने के साथ-साथ वैधानिक रूप से भी अपूर्ण और अनुचित है।

उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष शैलेन्द्र शर्मा के नेतृत्व में गुरुवार को व्यापारी एकत्र होकर कलेक्ट्रेट पहुंचे। इसके बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी के नहीं मिलने पर उप जिलाधिकारी अमन देवल को सौंपा। जिलाध्यक्ष शैलेंद्र शर्मा ने कहा कि आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन ने एक अधिसूचना सात मई 2024 को जारी की है। इसके अनुसार यह माना जा रहा है कि उत्तर प्रदेश में अब एक ही दुकान में पान, पान मसाला और तंबाकू की एक साथ बिक्री पर रोक लगा दी गई है। यह आदेश पूर्ण रूप से भ्रामक व अव्यवहारिक है। क्योंकि पान मसाला और तंबाकू का व्यवसाय हर गली, नुक्कड़ और चौक, चौराहे पर होता है। इससे छोटे दुकानदार परिवार का भरण-पोषण करते हैं।

उत्तर प्रदेश में लाखों की संख्या में छोटे दुकानदारों के लिए दो दुकान कर पाना संभव नहीं है। इस नियम में छोटे दुकानदारों को अधिकारियों के उत्पीड़न का सामना करना पड़ेगा।

उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल मांग करता है कि प्रदेश में पान मसाला और तंबाकू की बिक्री पर या तो पूर्ण प्रतिबंध लगाया जाए। अन्यथा पान और तंबाकू को अलग-अलग दुकानों पर बेचे जाने के नियम को समाप्त किया जाए।


एसडीएम को ज्ञापन सौंपते व्यापारी। ● अमृत विचार

### यह लोग रहे मौजूद

जिला महामंत्री शाहिद शम्सी, पुष्कर अग्रवाल, नजमी खां, सुदेश यादव, राम गुप्ता, प्रदीप खंडेलवाल, बिलाल शम्सी, चंद्र प्रकाश रस्तोगी, इमरान सलीम, उजैर शम्सी, अनिल अरोड़ा, जगन्नाथ चावला, मोहसिन खां, हारिस शम्सी, काशिफ, अर्शी शम्सी, फर्रुख सऊद, इरफान उस्ताद आदि शामिल रहे।



महिला चिकित्सालय में पुस्तक का विमोचन करते स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी।

# महिला अस्पताल में तंबाकू जनित रोगों की दी जानकारी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** तंबाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ की ओर से मनाए जा रहे विशेष पखवाड़े के तहत महिला चिकित्सालय में हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। अभियान का आरंभ महिला चिकित्सालय की मुख्य चिकित्साधीक्षक डा. विनीता चतुर्वेदी ने किया। उन्होंने तंबाकू जनित रोगों की जानकारी दी। इस मौके पर तंबाकू जनित रोगों की जानकारी देने के लिए पुस्तक का विमोचन भी हुआ।

जिला सलाहकार डा. शहजाद हसन खां ने चिकित्सालय के पैरामेडिकल स्टॉफ व मरीजों को धूम्रपान न करने की शपथ दिलाई। इसके बाद उन्होंने पुस्तक वितरित की। इस मौके पर उन्होंने कहा कि सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान करना प्रतिबंधित है।

धूम्रपान करने से तरह-तरह की बीमारियां होती हैं। इसलिए धूम्रपान न करें। उन्होंने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मिलक में विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यहां आने वाले रोगियों को तंबाकू से होने वाले रोगों के बारे में बताया।

### हादसे में पिता-पुत्र को घायल करने में रिपोर्ट दर्ज

**शाहबाद, अमृत विचार :** कोतवाली के गांव चतरपुर निवासी शाकिर का चचेरा भाई शकील अपने बेटे फरजंद के साथ 23 मई की सुबह चंदौसी से लौट रहा था। ढकिया गांव में पेट्रोल पंप के पास उनकी बाइक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। इसमें पिता-पुत्र जख्मी हो गए। दोनों को चंदौसी में भर्ती कराया गया। वहां से उन्हें मुरादाबाद रेफर कर दिया गया। पुलिस ने शाकिर की तहरीर पर अज्ञात वाहन के चालक पर रिपोर्ट दर्ज कर ली।

**बैठक** अधिकारियों को इस व्यवस्था में सुधार करने की आवश्यकता

# नए पंजीकरण करने में परेशान कर रहा जीएसटी विभाग : आरके

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** सीए आरके अग्रवाल ने कहा कि जीएसटी विभाग द्वारा नए पंजीकरण जारी करने में परेशान किया जा रहा है। यह सरकार और करदाताओं के हित में नहीं है। इससे सरकार के राजस्व की भी हानि होती है। करदाताओं को भी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। जीएसटी विभाग के अधिकारियों को इस व्यवस्था में सुधार करने की आवश्यकता है। बुद्धिजीवी मानसिक शांति के लिए कुछ समय पहाड़ों की वादियों में भी व्यतीत करेंगे।

सिविल लाइंस स्थित एक होटल में गुरुवार को हुई टैक्स बार एसोसिएशन की बैठक में मुख्य वक्ता सीए आरके अग्रवाल ने कहा कि टैक्स प्रोफेशनल को सदैव अपने ज्ञान में वृद्धि करते रहना चाहिए। शासन-प्रशासन द्वारा जारी होने वाले नोटिफिकेशन पर नजर रखनी चाहिए। ताकि ग्राहकों की बेहतर सेवा कर सकें। आज के दौर में स्वयं को अपडेट रखना आवश्यक है।

सभा में भीषण गर्मी को देखते हुए समस्त अधिवक्ता एवं चार्टेड एकाउंटेंट्स को किसी पहाड़ों की वादियों में ले जाकर पिकनिक मनाने का भी निर्णय लिया गया। कहा कि काम के साथ मानसिक शांति के लिए प्रकृति की गोद में भी कुछ समय व्यतीत करना चाहिए। प्रकृति हमें बहुत कुछ देती है। लेकिन हम प्रकृति को क्या दे रहे हैं। पर्यावरण संवारने के लिए पौधरोपण करने पर जोर दिया गया।

- मानसिक शांति के लिए पहाड़ों की वादियों में कुछ समय बिताएंगे बुद्धिजीवी



टैक्स बार एसोसिएशन की बैठक में मंचासीन पदाधिकारी। ● अमृत विचार

### यह रहे मौजूद

टैक्स बार एसोसिएशन के अध्यक्ष एडवोकेट अजीम इकबाल, वरिष्ठ अधिवक्ता पीके चावला, सैयद महमूद रिजवी, पीके भांडा, नवीन जैन, अंकुर अग्रवाल, सौरभ अग्रवाल, मशकूर अहमद शम्सी, गुलरेज खां, प्रदीप कुमार अग्रवाल, राजीव सक्सेना, राजीव अग्रवाल, अतुल सक्सेना, इस्तफा अली खां, अतुल कपूर, मोहम्मद आरिफ, हैदर अली, नीरज गुप्ता, आशीष कमथानिया आदि ने भाग लिया।

अमृत विचार
सूचना
प्रिय पाठक,
यदि आपका अपना प्रिय अखबार "अमृत विचार" मिलने या शुरू करने में कोई असुविधा हो रही हो तो निम्न नम्बर पर हमें सम्पर्क करें।
मो0:- 9027872845, 9838333303

पढ़ते रहिये "अमृत विचार" सिर्फ ₹5/-.........

**आज का मौसम**

आसमान में धूप खिली रहेगी। मौसम शुष्क रहेगा।

| 39.0⁰ | 27.0⁰ |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |
| सूर्योदय 05:15 | सूर्यास्त 07:11 |

**एक नजर**

### शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का आरोपी गिरफ्तार

**रामपुर, अमृत विचार :** शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म करने के आरोपी को महिला थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया। मिलकखानम थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती ने महिला थाने में रिपोर्ट कराई थी। पीड़िता का कहना था कि उत्तराखंड के थाना गदरपुर के कलकत्ती गांव निवासी सुखविन्दर ने शादी का झांसा देकर उसके साथ कई बार शारीरिक संबंध बनाए। गर्भवती होने पर गर्भपात भी करा दिया। बाद में शादी करने से मना कर दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली थी। पुलिस ने आरोपी सुखविन्दर सिंह को निकट चाकू चौराहा थाना गंज से गिरफ्तार कर लिया।



### शराब और चरस के साथ तीन युवक पकड़े

**मसवासी, अमृत विचार :** आबकारी इंस्पेक्टर रामधर सिंह पाल ने टीम के साथ छापेमारी कर देशी शराब के 12 पव्वे संग युवक को पकड़ा। नगर के मोहल्ला भूबरा और चाऊपुरा सहित क्षेत्र के गांव बिजारखाता, मानपुर-उत्तरी, खुशहालपुर, करीमपुर एवं सीतारामपुर में कच्ची शराब की बिक्री दिन छिपने के बाद धड़ल्ले से शुरू कर दी जाती है। शिकायत पर देर शाम आबकारी इंस्पेक्टर रामधर सिंह पाल ने टीम के साथ मोहल्ला चाऊपुरा में पकौड़ी की दुकान पर छापेमारी कर पकौड़ी विक्रेता वीरु को देशी शराब के 12 पव्वे संग पकड़ लिया। बताया कि मामले में कार्रवाई की जा रही है। उधर, पुलिस ने मोहल्ला चाऊपुरा निवासी रामौतार को बीस लीटर अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया है। मानपुर-उत्तरी चेकपोस्ट के नजदीक से पुलिस ने 250 ग्राम चरस के साथ बाजपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव बरहैनी निवासी बब्लू को गिरफ्तार किया है।

# दो किसान नेता और अज्ञात पर रिपोर्ट

## पालिकाध्यक्ष दीक्षा गंगवार पर अमर्यादित टिप्पणी करने में पुलिस ने की कार्रवाई

संवाददाता, मिलक

**अमृत विचार :** मिलक नगर पालिका द्वारा साप्ताहिक बाजार में कराए जा रहे दुकानों के निर्माण को लेकर पालिकाध्यक्ष पर जनता के समक्ष व सोशल मीडिया पर अमर्यादित टिप्पणी करने के आरोप में पुलिस ने किसान नेता सहित दो नामजद व अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

पुलिस को दी तहरीर में पालिकाध्यक्ष दीक्षा गंगवार ने लिखा है कि प्रदेश सरकार की मंशा के मुताबिक साप्ताहिक बाजार में दुकानों का निर्माण कराने का प्रस्ताव पालिका की बोर्ड बैठक में पास किया गया था। टेंडर के बाद दुकानों का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। भारतीय किसान संघ के जिलाध्यक्ष आदेश शंखधार, भारत कुमार व अन्य लोगों द्वारा इसका प्रबल तरीके से विरोध किया जा रहा है। लोगों ने उनके व पालिका के अधिशासी अधिकारी के खिलाफ धरना प्रदर्शन किया। इसके बाद यह लोग लोग हाईकोर्ट चले गए थे। हाईकोर्ट ने भी पालिका के हक में दुकानों का निर्माण करने का निर्णय दिया। इसके बाद इन लोगों द्वारा नाजायज रूप से रुपयों की मांग की गई। मांग पूरी न होने पर यह लोग पुनः हाईकोर्ट चले गए। हाईकोर्ट ने इनकी याचिका खारिज कर दी। तभी से यह लोग लगातार उन्हें सड़क व चौराहों पर जनता के सामने गालियां देते हैं। व्हाट्सएप और फेसबुक पर तरह-तरह के कमेंट करके उन्हें मानसिक पीड़ा दे रहे हैं। ऐसे लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की मांग की गई। पुलिस ने आदेश शंखधार, भरत व अन्य अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।



साप्ताहिक बाजार में किया जा रहा दुकानों का निर्माण। ● अमृत विचार

**किसान नेता ने लगाए आरोप**

किसान नेता आदेश शंखधार का आरोप है कि साप्ताहिक बाजार में दुकानों का निर्माण पालिकाध्यक्ष की हठधर्मिता के तहत किया जा रहा है। यह पूरी तरह अनुचित है। यह बाजार की भूमि रामपुर नवाब की है। उन्होंने जनहित में बाजार लगाने के लिए उपलब्ध कराई थी। इस भूमि पर नगर पालिका का स्वामित्व नहीं है। वह इसका लगातार संवैधानिक विरोध कर रहे हैं। यह बात पालिकाध्यक्ष को रास नहीं आ रही है। इसलिए उनकी आवाज दबाने के लिए फर्जी रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। उन्हें दीक्षा गंगवार से जान का खतरा है। क्योंकि पालिकाध्यक्ष सत्ता में हैं और कभी भी उन्हें नुकसान पहुंचा सकती हैं।

**पालिकाध्यक्ष के पुत्र के खिलाफ भी बुधवार को दर्ज हो चुकी है रिपोर्ट**

पालिकाध्यक्ष के रिपोर्ट दर्ज कराने से पूर्व उनके पुत्र के खिलाफ भी रिपोर्ट दर्ज हो चुकी है। भरत द्वारा दर्ज कराई गई रिपोर्ट में लिखा है कि एक जून की दोपहर उसके फोन पर पालिकाध्यक्ष के पुत्र की काल आई। काल रिसीव करते ही उनके साथ अभद्रता करने लगा। विरोध करने पर सीने में छुरा घोपने की धमकी दी। कारण जानने की कोशिश की तो उसने एक न सुनी और धमकी देता रहा। जब धमकी की बात उसने परिवार वालों को बताई तो वह सहम गए। आरोप लगाया है उसे जान का खतरा है। धमकी देने वाला युवक भाजपा के नेता का पुत्र है। वह कभी भी किसी अप्रिय घटना को अंजाम दे सकता है। तहरीर देकर फोन करने वाले युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर पारस के खिलाफ भी बुधवार को रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### जमीन बेचने के नाम पर साढ़े तीन लाख की धोखाधड़ी

**रामपुर, अमृत विचार :** जमीन बेचने के नाम पर कुछ लोगों ने ग्रामीण से धोखाधड़ी कर ली। जानकारी करने पर जमीन किसी ओर की निकली। कोर्ट ने सिविल लाइन पुलिस को रिपोर्ट दर्ज करने के आदेश दिए हैं।

गंज थाना क्षेत्र के मोहल्ला घेर नज्जू खां निवास शाहिद अली का कहना है कि सिविल लाइन थाना क्षेत्र के ताशका निवासी मुख्तेयार ने बताया कि मोमिनपुर अहमदाबाद में उनकी छह बीघा जमीन है। उसके बाद दो लाख रुपये बीघा के हिसाब से सौदा तय हो गया। पीड़ित ने उन्हें साढ़े तीन लाख रुपये दे दिए। बाद में उसे पता चला कि यह जमीन किस ओर की है। जब पीड़ित ने पैसे मांगे तो जान से मारने की धमकी दी। एक अप्रैल को आरोपी पीड़ित के कार्यालय ताशका पहुंचे। वहां पीड़ित ने पैसे मांगे तो कहा कि दूसरी जगह जमीन दे देंगे। पैसे देने से साफ मना कर दिया। उसके बाद जान से मारने की धमकी देते हुए पिटाई कर दी। पीड़ित ने पुलिस से शिकायत की लेकिन कार्रवाई नहीं हो सकी। तब उन्होंने अपने अधिवक्ता शादाब शाकिर के माध्यम से अदालत में प्रार्थना पत्र दिया। अदालत ने सिविल लाइन पुलिस को रिपोर्ट दर्ज करने के आदेश दिए हैं।

# एसपी को सौंपी महिला सिपाही की जांच रिपोर्ट

- सीओ स्वार ने की है जांच, एसओ खजुरिया को पीटने का मामला
- पूरे प्रदेश में चर्चित है एसओ को लाठी से पीटने का प्रकरण

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** खजुरिया थाने में तैनात रही महिला सिपाही आरजू द्वारा थानाध्यक्ष राजीव कुमार को लाठी से पीटने और आंखों में मिर्च झोंकने के मामले में सीओ स्वार ने जांच रिपोर्ट पुलिस अधीक्षक को सौंप दी है। मामला पूरे प्रदेश में चर्चा का विषय बना है।

खजुरिया थाने में तैनात महिला कांस्टेबल आरजू की स्कूटी साथी महिला सिपाही अमृता भूषण मांगकर ले गई थी। इस दौरान स्कूटी किसी वाहन से टक्कर हो गई थी। इसे लेकर दोनों महिला सिपाहियों में विवाद हो गया था। आरजू ने साथी महिला सिपाही के खिलाफ कार्रवाई के लिए तहरीर दी थी। लेकिन एसओ राजीव कुमार ने कोई कार्रवाई नहीं की थी।

इससे नाराज आरजू 28 मई की दोपहर थाने पहुंची और एसओ की आंखों में मिर्चें झोंक दीं थीं। इसके बाद पुलिस की लाठी के ताबड़तोड़ वार करके उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया था। पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने महिला सिपाही आरजू को निलंबित करते हुए पुलिस लाइन से अटैच कर दिया था। इस मामले की जांच सीओ स्वार संगम कुमार को सौंपी गई थी।

उन्होंने सबसे पहले खजुरिया थाने पहुंचकर थानाध्यक्ष राजीव कुमार और आरोपी महिला सिपाही समेत नौ पुलिसकर्मियों के बयान दर्ज किए थे। इसके बाद वह जनपद संभल गए थे और वहां महिला सिपाही की तैनाती के दौरान उसके साथ रहे पुलिस कर्मियों से भी पूछताछ की थी। इस दौरान पीआरडी महिला जवान से मारपीट करने की बात सामने आई थी।

सीओ ने वहां के वीडियो भी बरामद कर लिए थे। सीओ स्वार संगम कुमार का ने बताया कि जांच रिपोर्ट पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी को सौंप दी गई है।

# निर्माण गिराने में तीन भाइयों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**मामला**

- कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला कलकत्ता की घटना
- पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने शुरू की मामले की जांच

**अमृत विचार :** महिला द्वारा भूखंड पर कराए गए निर्माण को गिराना तीन भाइयों को भारी पड़ गया। तहरीर के आधार पुलिस ने तीनों भाइयों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला कलकत्ता निवासी तसलीम जहां का कहना है कि उसने मोहल्ले के पास में ही स्थित 60 गज के प्लाट का वर्ष 1998 में बयाना दिया था। इसकी रजिस्ट्री 12 जुलाई 2018 में नासिर खां राजद्वारा वालों ने कराई थी। तभी से महिला उस भूखंड पर काबिज है। उसका निर्माण भी करा रखा है। आरोप है कि चार जून की रात कारब साढ़े 11 बजे सलमान व उसके भाई हनी, कामरान उसके भूखंड पर पहुंचे और निर्माण को गिराने की धमकी देने लगे। मना करने पर गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। इनके डर से महिला अपने परिवार के साथ वहां से चली गई।

इसके बाद आरोपियों ने निर्माण को गिरा दिया। इससे उसका 45 हजार रुपये का नुकसान हो गया। पीड़िता ने कोतवाली में तहरीर दी। जिसके आधार पर पुलिस ने तीनों भाइयों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### स्कूल के ताले तोड़कर हजारों का सामान चोरी

**मसवासी, अमृत विचार :** परिषदीय स्कूल के ताले तोड़कर चोर हजारों रुपये का सामान चुरा कर ले गए। घटना की सूचना पर पुलिस ने मौका मुआयना किया है। प्रधानाध्यापक ऋषिपाल सिंह की ओर से मामले की तहरीर पुलिस को दे दी गई है। तहरीर के आधार पर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

घटना बुधवार की देर रात स्वार कोतवाली क्षेत्र के गांव गांगन-नगली में हुई। गांव के परिषदीय स्कूल के ताले तोड़कर घुसे चोर स्मार्ट टीवी, इनवर्टर बैट्री, पंखा और मिड-डे-मील बनाने के बर्तन सहित हजारों रुपए का सामान चुरा कर ले गए। जानकारी पर पहुंचे ग्राम प्रधान तफज्जुल हुसैन ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौका-मुआयना किया। प्रधानाध्यापक ने तहरीर दे दी है। अभी रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई है।

# बूंदाबांदी और तेज हवा से चार घंटे गुल रही मिस्टन गंज की बिजली

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** बुधवार-गुरुवार की मध्यरात्रि मिस्टन गंज और रजा बिजली घर क्षेत्र की बिजली चार घंटे ठप रही। इससे उपभोक्ताओं को परेशानी हुई। प्रातः चार बजे आपूर्ति सुचारु होने पर उपभोक्ताओं ने राहत की सांस ली।

बुधवार की रात 12 बजे तेज हवा और बूंदाबांदी होने से 33केवीए लाइन पनवड़िया के इंसुलेटर में खराबी आ गई। नीचे झुके पेड़ भी तारों पर गिर गए। इससे रजा बिजलीघर के फीडर मिस्टन गंज और लाल कबर क्षेत्र की विद्युतापूर्ति चार घंटे बाधित रही। अधिकारियों ने बताया कि 33 केवीए लाइन के इंसुलेटर में खराबी और पेड़ तारों पर गिर गए। इसे सही कराने के लिए कर्मचारियों को भेजा गया है।

समाजसेवी मोहम्मद राकिम खां ने बताया कि चार घंटे बिजली नहीं आने पर उपभोक्ताओं को परेशानी हुई। उन्होंने अधीक्षण अभियंता को पत्र देकर कहा है रजा बिजलीघर से लाइन में फॉल्ट का बहाना बनाकर कटौती की जा रही है। भीषण गर्मी को ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री ने जिला मुख्यालयों को 24 घंटे विद्युपूर्ति देने के निर्देश दिए हैं। कहा कि जो 33केवीए लाइनों पर आने वाले पेड़ों की कटाई, छंटाई कराई जाए। ताकि उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना न करना पड़े।

**बूंदाबांदी और तेज हवा चलने से मिली गर्मी से राहत**

**रामपुर, अमृत विचार :** बुधवार और गुरुवार की मध्यरात्रि बूंदाबांदी और तेज हवा चलने से गर्मी से राहत मिली। रात करीब 12 बजे से आसमान में बादल उमड़ आए और गरज चमक के साथ बूंदाबांदी शुरू हो गई। इसी के साथ तेज हवा चलने से लोगों को गर्मी से कुछ सुकून मिला। लेकिन, तेज बारिश न होने से लोगों को मायूसी हुई। गुरुवार को दिन निकलते ही सूरज ने तपिश बरसानी शुरू कर दी। अधिकतम तापमान 41 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया।

> तेज हवा और बूंदाबांदी से 33केवीए लाइन के इंसुलेटर खराब हो गए और तारों पर पेड़ गिर गए थे। बाधित विद्युपूर्ति को सुचारु कराने में समय लगा। रात चार बजे आपूर्ति सुचारु करा दी गई है।
>
> -सुरेंद्र पाल, जेई, रजा बिजलीघर

- 33केवीए लाइन के इंसुलेटर में आई खराबी, उपभोक्ता रहे परेशान

### बिजारखाता में किशोर ने किया आत्महत्या का प्रयास

**मसवासी, अमृत विचार :** चौकी क्षेत्र के बिजारखाता में एक किशोर की अजीब हरकतों से परिजन परेशान हैं। वह लगातार आत्महत्या का प्रयास कर रहा है। इस पर परिजनों ने उसे चारपाई से बांध दिया है।

बिजारखाता निवासी मोहम्मद शफी के 15 वर्षीय पुत्र निजाम हुसैन ने गुरुवार को पंखें में कपड़ा डालकर आत्महत्या का प्रयास किया। इससे पहले भी दो बार वह हाथ पैरों को ब्लेड से जख्मी कर चुका है। मगर वह कुछ भी बताने को तैयार नहीं है। परिजनों का दावा है की वह किसी भी तरह का नशा नहीं करता है और न ही किसी और मामले में लिप्त है। परिजनों ने बताया कि किशोर सिलेंडर फाड़ने की धमकी देता है। उसकी अजीब हरकतों से तंग परिजनों ने उसे पलंग से बांध दिया है। पुलिस ने किशोर मनोचिकित्सक को दिखाने की सलाह दी है। पुलिस ने इस मामले में तहरीर लेने से इंकार कर दिया है।

# एक सप्ताह पूर्व अगवा की गई किशोरी बरामद

संवाददाता, स्वार

- पुलिस ने आठ आरोपियों के खिलाफ दर्ज की थी रिपोर्ट
- एक सप्ताह बाद भी आरोपियों को नहीं पकड़ सकी पुलिस

**अमृत विचार :** प्रेम प्रसंग के चलते किशोरी को दूसरे संप्रदाय का युवक अपने रिश्तेदारों की मदद से बहला-फुसलाकर भगा ले गया था। इस मामले में पुलिस ने किशोरी को बरामद कर मेडिकल परीक्षण के लिए जिला अस्पताल भेजा है।

कोतवाली के एक गांव निवासी किशोरी को दूसरे संप्रदाय का युवक लगभग एक सप्ताह पूर्व अपने परिजनों एवं रिश्तेदारों की मदद से भगाकर ले गया था। परिजनों ने किशोरी को रिश्तेदारों एवं परिचितों के यहां तलाश किया था। लेकिन कोई पता नहीं लग सका था।

पुलिस ने किशोरी के पिता की तहरीर पर गांव के ही सूरज, राजकुमार, मेजर, संजय, अंकित, चंचल और मुरादाबाद के थाना भोजपुर के गांव खईया खादर निवासी शक्तिमान व हरपाल के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर तलाश शुरू कर दी थी। मामला दो संप्रदाय का होने के कारण गांव में तनाव व्याप्त हो गया था।

बुधवार देर रात मुखबिर की सूचना पर कोतवाल संदीप त्यागी ने किशोरी को गांव मुंशीगंज तिराहे से बरामद कर लिया था। कोतवाल संदीप त्यागी ने बताया कि किशोरी को बरामद कर मेडिकल के लिए भेजा है। आरोपियों की तलाश की जा रही है।

### प्रेमी के घर पहुंची प्रेमिका शादी की जिद पर अड़ी

**ढकिया, अमृत विचार :** प्रेमी की शादी की जानकारी मिलते ही संभल निवासी युवती ढकिया चौकी क्षेत्र के गांव ओसी निवासी प्रेमी के घर जा पहुंची। वह शादी करने की जिद पर अड़ गई है। युवक के परिजन व ग्रामीण प्रेमिका को समझा-बुझाकर संभल भेजने का प्रयास कर रहे थे। लेकिन वह अपने प्रेमी के साथ शादी करने की जिद पर अड़ी थी।

ढकिया चौकी क्षेत्र के गांव ओसी निवासी युवक का संभल जनपद की युवती से प्रेम-प्रसंग चल रहा था। इसकी जानकारी होने पर परिजनों ने युवक की शादी दूसरी जगह तय कर दी। किसी तरह प्रेमिका को इसका पता लग गया। इस पर वह ओसी गांव स्थित प्रेमी के घर पहुंच गई और प्रेमी से शादी की जिद पर अड़ गई है। युवक के परिजन व ग्रामीण युवती को समझा-बुझाकर संभल भेजने का प्रयास करने लगे मगर वह अपनी जिद पर अड़ी रही।

# दहेज हत्या का आरोपी पति गिरफ्तार, सास-जेठानी फरार

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- पति सहित तीन लोगों के खिलाफ दर्ज हुई थी रिपोर्ट
- तीन जून को ससुराल में पंखे से लटका मिला था ज्योति का शव

**अमृत विचार :** दहेज में पांच लाख रुपये नहीं मिलने पर ससुरालियों ने महिला की हत्या करके लटका दिया था। केमरी पुलिस ने आरोपी पति मुकेश को गिरफ्तार करने के बाद कोर्ट में पेश किया। वहां से उसको जेल भेज दिया गया। जबकि दो आरोपी फरार हैं।

पटवाई थाना क्षेत्र के गांव लालपुर पट्टी खुर्द निवासी गजराम सिंह का कहना था कि उसने अपनी बेटी ज्योति की शादी एक मई 2023 को केमरी थाना क्षेत्र के गांव रामनगरिया निवासी मुकेश से की थी। शादी के तीन माह बाद ही पति मुकेश, सास रूपवती व जेठानी सर्वेश दहेज में पांच लाख रुपये की मांग करते थे। इंकार करने पर उनकी बेटी के साथ मारपीट करते थे। तीन जून की शाम केमरी से किसी व्यक्ति ने फोन करके बताया कि ससुराल वालों ने ज्योति की हत्या कर दी है। जानकारी मिलने के बाद ज्योति के पिता मौके पर पहुंचे। वहां ज्योति का शव पंखे से लटका देख वह सन्न रह गए। सूचना पर पुलिस भी आ गई थी। मृतका के पिता की तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी मुकेश, सर्वेश और रूपवती के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली थी। गुरुवार को केमरी पुलिस ने आरोपी पति मुकेश को ग्राम सिमरिया के अड्डे से गिरफ्तार कर लिया।

### अब्दुल्ला के दो पैन कार्ड मामले में हुई गवाही

**रामपुर, अमृत विचार :** अब्दुल्ला आजम के खिलाफ दो पैन कार्ड मामले में गुरुवार को गवाह ऋषिपाल की गवाही हुई। अब इस मामले में 26 जून को सुनवाई होगी।

अब्दुल्ला आजम के दो पैनकार्ड मामले में भाजपा विधायक आकाश सक्सेना ने सिविल लाइंस कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसमें सपा नेता आजम खां भी आरोपी हैं। दोनों वर्तमान में जेल में बंद है। गुरुवार को इस मामले की सुनवाई एमपी-एमएलए कोर्ट (मजिस्ट्रेट ट्रायल) में हुई। सुनवाई के दौरान गवाह ऋषिपाल की गवाही हुई।

अभियोजन अधिकारी अमरनाथ तिवारी ने बताया कि इस मामले की अगली सुनवाई 26 जून को होगी। वहीं किसानों से जुड़े मामलों में अब 27 जून को सुनवाई होगी।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से पेट्रोल पंप कर्मी की मौत

संवाददाता, मसवासी

**हादसा**

- घटना की सूचना से मृतक के परिजनों में मचा कोहराम
- पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा

**अमृत विचार :** तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने पेट्रोल पंप कर्मी की बाइक को पीछे से टक्कर मार दी। इसमें बाइक सवार युवक की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। मृतक के परिवार में कोहराम मचा है।



क्षेत्र के गांव लाड़पुर सेमरा निवासी योगेंद्र कुमार उर्फ भोला सीमा से सटे आईजीएल फैक्ट्री के नजदीक पेट्रोल पंप पर काम करता था। बुधवार की देर रात योगेंद्र बाइक पर सवार होकर अपने घर जा रहा था। रास्ते में तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने पीछे से उसकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। दुर्घटना में योगेंद्र की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद आसपास के लोग घटना स्थल पर एकत्र हो गए। इस बीच किसी ने पुलिस को घटना की सूचना दे दी। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। उधर, हादसे की सूचना से मृतक के परिजनों में कोहराम मचा गया। घटना के बाद चालक वाहन समेत फरार हो गया। अभी रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई गई है। मृतक के परिवार में पत्नी के अलावा तीन बच्चे हैं।

**खाद्य सुरक्षा दिवस** — जिले में दर्ज हुए 277 मुकदमे, छह लाख रुपये जुर्माना भी लगाया

# लोगों की जिंदगी से खिलवाड़ कर रहे मिलावटखोर

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** जनपद में मिलावटखोर खाने-पीने की चीजों में मिलावट से बाज नहीं आ रहे हैं। वह लोगों जिंदगी से खिलवाड़ कर रहे हैं। स्थिति यह है कि लगातार नमूनों की जांच, जुर्माने और मुकदमे दर्ज कराए जा रहे हैं। इसके बाद भी मिलावट का खेल नहीं थम रहा है।

शरीर को स्वस्थ्य रखने के लिए खाद्य पदार्थों की शुद्धता बेहद जरूरी है। शरीर को सेहतमंद बनाए रखने में खानपान का रोल सबसे खास होता है। लोगों को दूषित भोजन और पानी के नुकसान के प्रति जागरूक करने के लिए हर साल सात जून को विश्व खाद्य दिवस मनाया जाता है। असुरक्षित खानपान से सेहत संबंधी कई बीमारियों के होने का खतरा होता है। ऐसे में विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस मनाने का मकसद हर एक व्यक्ति को पौष्टिक और संतुलित भोजन प्रदान करना है। खाद्य सुरक्षा विभाग के सचल दल ने समय-समय पर दुकानों पर छापेमारी की।

विभाग के आंकड़ों के अनुसार एक अप्रैल 2023 से 31 मार्च 2024 तक सचल दल ने मिलावटखोरी की शिकायत पर जिले में 293 स्थानों पर छापेमारी की। मिलावट मिलने पर 277 लोगों के खिलाफ वाद दायर किए है। 6.87 लाख रुपये जुर्माना भी वसूला जा चुका है। इसके बाद भी मिलावटखोर बाज नहीं आ रहे हैं। जुर्माने का भी मिलावटखोरों को कोई भय नहीं है। अधिकारियों का कहना है कि मिलावटखोरों पर नकेल कसने के लिए लगातार अभियान चलाए जा रहे हैं। संदिग्ध पदार्थों के नमूने लेकर प्रयोगशाला भेजे जाते हैं। वहां से रिपोर्ट मिलने के बाद मिलावटखोर के खिलाफ कार्रवाई की जाती है।



सिविल लाइंस क्षेत्र में खाद्य पदार्थों के नमूने लेती टीम। ● फाइल फोटो

**लखनऊ स्थित लैब से रिपोर्ट आने में होती है देरी**

रामपुर के नमूनों की रिपोर्ट लखनऊ से आती है। पूरे राज्य की लैब होने की वजह से जांच रिपोर्ट काफी देरी से आती है। इसके चलते मिलावटखोरों के हौसले बढ़ जाते हैं। चेकिंग के बाद फिर से मिलावटखोरी शुरू कर देते हैं। होली, दीवाली समेत अन्य पर्वों को ध्यान में रखते हुए छापेमारी की जाती है।

> रोजाना चेकिंग अभियान चलाया जाता है। मिलावटखोरों के खिलाफ कार्रवाई भी की जाती है। मुकदमे भी दर्ज होते हैं। सचल दल लगातार अपना काम तत्परता से कर रहा है।
>
> -सुनील कुमार शर्मा, सहायक आयुक्त, खाद्य सुरक्षा विभाग

### डूंगरपुर के एक मामले में बचाव पक्ष की बहस पूरी

**रामपुर, अमृत विचार :** डूंगरपुर से जुड़े एक मामले में गुरुवार को बचाव पक्ष की बहस पूरी हो गई। अभियोजन पक्ष को बचाव पक्ष द्वारा की गई बहस में शुक्रवार को जबाव देना है। इस मामले में 10 जून को फैसला आ सकता है।

गंज थाना क्षेत्र की डूंगरपुर बस्ती को खाली कराने को लेकर 2019 में कई मुकदमे दर्ज हुए थे। इनमें घरों में घुसकर मारपीट, गाली-गलौज, डकैती और आपराधिक षड्यंत्र रचने के आरोप में ठेकेदार बरकत अली, रिटायर्ड सीओ आले हसन तथा सपा नेता आजम खां को भी नामजद किया गया था। इन पर डकैती आदि के आरोप थे।

डूंगरपुर के एक प्रकरण में बहस शुरू हो गई थी। एडीजीसी सीमा सिंह राणा ने बताया कि गुरुवार को बचाव पक्ष की बहस पूरी हो गई है। अब अभियोजन पक्ष को इसका जवाब देना है। इस मामले में 10 जून को फैसला आ सकता है।

# नाली की सफाई को लेकर पड़ोसी पर किया हमला

संवाददाता, बिलासपुर

**अमृत विचार :** नाली की सफाई को लेकर हुए विवाद में एक पक्ष ने दूसरे पक्ष पर लोहे की रॉड व लाठी-डंडों से हमला कर दिया। इसमें दंपति सहित तीन लोग घायल हो गए। घटना का वीडियो पास लगे सीसीटीवी में कैद हो गया। पीड़ित परिवार ने एसपी को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है।

मोहल्ला टांडा हुरमतनगर निवासी अली अहमद गुरुवार की दोपहर अपने परिवार के साथ पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचा। उसने एसपी राजेश द्विवेदी को प्रार्थना पत्र दिया। इसमें कहा कि उसकी पत्नी की पड़ोसी की पत्नी से नाली की सफाई को लेकर कहासुनी हो गई थी। इसी के चलते पड़ोसी उससे रंजिश रखता है। गुरुवार सुबह जैसे ही वह घर से निकला, तभी पड़ोसी ने लोहे की रॉड व डंडों से हमलाकर लहूलुहान कर दिया। शोर-शराबा सुनकर पहुंची उसकी पत्नी व नबालिग पुत्री को भी लोगों ने मारा-पीटा।

आरोप है कि पुत्री को आरोपियों ने बुरी नियत से दबोच लिया। पूरी घटना पास में लगे सीसीटीवी में कैद हो गई। पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गुहार लगाई। वहीं एसपी ने पुलिस को मामले की जांच कर उचित कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।



एसपी से मिलकर आता पीड़ित परिवार।

### छात्रा को गोली मार कर किया घायल, रिपोर्ट दर्ज

**बिलासपुर, अमृत विचार :** ग्यारहवीं की छात्रा को घर में लगी जाली से हमलावर ने गोली मारकर लहूलुहान कर दिया। घायल छात्रा को सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर किया गया है। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच में जुट गई है।

कोतवाली क्षेत्र के नवाबगंज निवासी एक व्यक्ति की 17 वर्षीया पुत्री उत्तराखंड के बॉर्डर स्थित एक कॉलेज में 11वीं की छात्रा है। गुरुवार को उसके पिता ने बताया कि बुधवार की रात आंधी-बारिश के कारण बिजली गुल थी। छात्रा टायलेट करने के लिए नीचे उतरी थी। तभी गेट की दीवार पर लगी जाली के बाहर घात लगाए बैठे हमलावर ने उसके पिता को आवाज लगाई। छात्रा ने उधर देखा तो हमलावर ने फायर झोंक दिया। सूचना पाकर प्रधान के पति दिलीप सिंह व प्रभारी निरीक्षक बलवान सिंह भी मौके पर पहुंच गए। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि छात्रा के पिता की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज ली है।

## एक नजर

### पंपिंग सेट चोरी होने में तीन के खिलाफ दी तहरीर

**धमोरा, अमृत विचार :** खेत पर लगे पंपिंग सेट को तीन लोग चुराकर ले गए। पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। थाना मिलक क्षेत्र के गांव खाता चिंतामन निवासी होवेश कुमार का कहना है कि उसने खेत में सिंचाई के लिए पंपिंग सेट लगा रखा है। पांच जून की रात में कुछ लोग उसे चुराकर ले गए। जब वह खेत पर पहुंचा तो वहां पंपिंग सेट गायब देख उसके होश उड़ गए। किसान को इस मामले में तीन लोगों पर शक हुआ। तब उसने कोतवाली मिलक में तीन लोगों के खिलाफ तहरीर दी है।

### कान्हा गोशाला में दो पशुओं की मौत

**मसवासी, अमृत विचार :** नगर की कान्हा गोशाला में भूख-प्यास से तड़प-तड़प कर दो गोवंश की मौत हो गई। मामले की सूचना पर चेयरमैन दिनेश गोयल ने कई सभासदों संग कान्हा गोशाला का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि गोवंशीय पशुओं के खाने के लिए हरे चारे की व्यवस्था नहीं मिली है। इसके लिए संबंधित कर्मियों को दिशा-निर्देश दिए गए हैं। इस दौरान सभासद बृजनंदन सागर, भगवती देवल, डॉक्टर अनिल सागर, जितेंद्र चंद्रा, कुलदीप मौर्य आदि मौजूद रहे।

### पुलिस ने दो भाइयों का शांतिभंग में किया चालान

**धमोरा, अमृत विचार :** शहजादनगर थाना क्षेत्र के गांव अताईनगर निवासी सुरेश के दो बेटों का घर के बंटवारे को लेकर विवाद हो रहा था। दोनों सगे भाई आमने-सामने आ गए थे। मोहल्ले के लोगों ने समझाया लेकिन वह नहीं माने। मौके पर पहुंची पुलिस दोनों को चौकी ले आई। दोनों को समझाने का काफी प्रयास किया लेकिन नहीं माने। पुलिस ने दोनों का शांति भंग में चालान कर दिया।

### चादरवाला बाग में राहगीरों को पिलाया शर्बत

**रामपुर, अमृत विचार :** जिला अस्पताल प्रशासन की ओर से चादरवाला बाग में शर्बत का शिविर लगाया। शिविर में राहगीरों को शर्बत पिलाया गया। शर्बत पीने वालों को काफी देर तक भीड़ लगी रही। सीएमएस डा. एचके मित्रा ने बताया कि भीषण गर्मी को ध्यान में रखते हुए शिविर लगाया गया है। दिन में कम से कम तीन लीटर पानी अवश्य पीएं। शिविर में चीफ फार्मासिस्ट शकील अहमद, फार्मासिस्ट राजेश पांडेय, अस्पताल प्रबंधक अनुभव भारद्वाज समेत वार्ड ब्वॉय और स्टॉफ नर्स शामिल रहे।

# निमंत्रण यात्रा से दिया कथा का न्योता

## जगन्नाथ कथा में भक्तों को हंसमुख बाबा का भी मिलेगा सान्निध्य

कार्यालय संवाददाता, रामपुर



निमंत्रण यात्रा में भजन गाते हुए चलतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** जगन्नाथ कथा की सप्तम निमंत्रण यात्रा गुरुवार को शास्त्री नगर और फराश खाना पहुंची। निमंत्रण यात्रा का आरंभ शास्त्री नगर स्थित श्याम मंदिर से किया गया। इसके बाद शास्त्री नगर में जगन्नाथ का गुणगान करते हुए घर-घर कथा का निमंत्रण दिया दिया। नीतू अग्रवाल ने जगन्नाथ नाम धुन से यात्रा को रसमय बना दिया।

जगन्नाथ कथा को लेकर काफी दिन से तैयारी चल रही हैं। इसी के मद्देनजर निमंत्रण निकाली जा रही है। गुरुवार को निमंत्रण यात्रा शास्त्री नगर से फराश खाना पहुंची। सभासद सुमित अरोरा ने यात्रा के साथ चलकर हर घर में कथा का निमंत्रण दिया। गीतिका और गीता गुप्ता ने जगन्नाथ जी के संकीर्तन से सभी को साथ जोड़ लिया। जय जगन्नाथ-जय जगन्नाथ की पावन धुन पर सभी झूमते चल रहे थे। कथा सात से नौ जुलाई को उत्सव पैलेस में होनी है। कथा गोवत्स श्री राधा कृष्ण महाराज के मुखारविंद से होनी है। कथा में काफी संतों का सान्निध्य मिलेगा।

सीए सजल अग्रवाल ने बताया कि कथा में फ्लाइट बाबा (हंसमुख बाबा) भी आएंगे। जो हमेशा फ्लाइट में ही रहते हैं। एक दिन से ज्यादा कहीं नहीं रुकते। वह ऐसे फक्कड़ संत हैं जिनके पास एक झोले के सिवा कुछ नहीं है। उनका कोई ठिकाना नही है। तीर्थ स्थलों पर रुपये-पैसों सहित सब कुछ लुटाते रहते हैं। सौभाग्य है कि ऐसे संत रामपुर में पधार रहे हैं।

इसीलिए हर गली से संकीर्तन यात्रा निकालने के संकल्प के साथ गो सेवा परिवार एवं इनिशिएटिव मानस फाउंडेशन सहयोग कर रहे हैं। जिससे ज्यादा से ज्यादा लोग संतों की वाणी सुनकर और उनके दर्शन से कृतार्थ हो सकें।

**शोभायात्रा में यह लोग मौजूद**

हर्षित विरमानी, मीनू विरमानी, नीतू अग्रवाल, प्रवीण अग्रवाल, सुमित अरोरा, कंचन विरमानी, राधिका, गीता, गीतिका, रजत, मोहित अग्रवाल, रचित मांगलिक, प्रांजल, मुदित, पुष्कर, राघव, राहुल, सजल अग्रवाल आदि मौजूद रहे।



लोगों को शर्बत बांटतीं महिलाएं।

### जैन समाज ने शर्बत पिलाकर बुझाई प्यास

**बिलासपुर, अमृत विचार :** जैन समाज की चार समाजिक संस्थाओं ने क्षेत्रीय जनता और राहगीरों को भीषण गर्मी के प्रकोप से बचाने के लिए चौराहे पर टेंट लगवाकर शर्बत का वितरण किया।

गुरुवार को जैन समाज, जैन मिलन एवं महिला जैन मिलन तथा एसएस जैन सभा के तत्वावधान में मुख्य चौराहे पर शर्बत का वितरण किया। संदेश जैन ने बताया कि उनकी संस्थाएं सामाजिक कार्यों में हमेशा बढ़-चढ़कर हिस्सा लेती हैं। उनके समाज ने चौराहे पर बस के इंतजार में खड़े होने वालों को उमस भरी गर्मी से बचाने के लिए एक जून से टेंट की व्यवस्था कराई है। इस मौके पर धर्मपाल जैन, विनोद जैन, हिमांशु जैन, शालिनी जैन, प्रिया जैन, प्रत्यक्ष जैन आदि मौजूद रहे।

## सनवे के ग्यारह मेधावियों ने पास की नीट

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** सनवे स्कूल के 11 छात्र-छात्राओं नीट पास कर ली।



कशिश

इससे परिजनों में खुशी की लहर दौड़ गई। स्कूल प्रबंधन ने भी छात्र-छात्राओं को और कामयाबी हासिल की कामना की।

नेशनल एलिजिबिलिटी कम एंट्रेस टेस्ट (नीट) में स्कूल के बच्चों ने प्रतिभाग किया था। सनवे स्कूल के 11 मेधावियों याहया, शिफा जमाल, दानिया, अजहर, फाबेहा नासिर, शिबरा बी, सैयदा खिजरा, इकरा अहमद, कशिश, मोहम्मद सूफियान, दानिया जमाल ने भी अपना परचम लहराया। प्रबंधक एसआर शम्सी, प्रधानाचार्य एवं स्टॉफ ने सफल छात्र-छात्राओं को बधाई दी। बताया कि मेडिकल उम्मीदवारों के लिए आयोजित की जाने वाली यह एकल स्तरीय राष्ट्रीय परीक्षा है। यह उन्हें देश के विभिन्न संस्थानों में मेडिकल पाठ्यक्रमों में प्रवेश पाने में सक्षम बनाती है।



शिफा जमाल



दानिया जमाल



फबेहा नासिर



अजहर अली



शिबरा बी



दानिया



सैयदा खिजरा



इकरा अहमद



सूफियान



मोहम्मद याहया



महर्षि विद्या मंदिर स्कूल के प्रांगण में पौधरोपण करते पदाधिकारी। ● अमृत विचार

## हिंदू महासंघ ने किया पौधरोपण

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** राष्ट्रीय जागरूक हिंदू महासंघ द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के अंतर्गत पेड़ लगाओ, धरती बचाओ का नारा दिया गया। इस अवसर पर महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीरज शर्मा के निर्देश पर 100 पेड़ लगाने का लक्ष्य रखा गया।

महर्षि विद्या मंदिर स्कूल के प्रांगण और रोशन बाग में गुरुवार को पौधे लगाए गए। इसमें महर्षि विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य प्रशांत एवं शिक्षकों ने सहयोग किया। कार्यक्रम में महिला विभाग की जिलाध्यक्ष कमल चावला, उपाध्यक्ष सीमा शर्मा, महिला नगराध्यक्ष दीपा गुप्ता, उपाध्यक्ष विशाल गुप्ता, जयदीप, वेद प्रकाश आहूजा, संगीता अग्रवाल, वीरांगना मांगलिक, सुधीर शर्मा एडवोकेट, अनीता शुक्ला, सुशीला के अलावा कार्यक्रम प्रभारी प्रदेश उपाध्यक्ष कंचन सक्सेना और ममता सोनी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का संचालन जिलाध्यक्ष संजय शर्मा एवं जिला उपाध्यक्ष विनय दीक्षित ने किया।

### अपहरण व दुष्कर्म में दोषी को तीन साल की कैद

**रामपुर, अमृत विचार :** किशोरी के अपहरण व दुष्कर्म में एडीजे आठ की कोर्ट ने दोषी को तीन साल की कैद और 50 हजार रुपये जुर्माना अदा करने की सजा सुनाई है।

भोट थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी तौफीक अहमद सात जनवरी 2021 को मौका पाकर गांव की ही किशोरी का अपहरण करके ले गया था। जानकारी पर परिजनों के होश उड़ गए थे। इसके बाद उन्होंने युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने किशोरी को बरामद करने के बाद उसके बयान दर्ज कराए थे। पुलिस ने विवेचना के बाद चार्जशीट कोर्ट में दाखिल की थी। इसकी सुनवाई एडीजे आठ की कोर्ट में चल रही थी। इस मामले में गुरुवार को कोर्ट ने दोषी को तीन साल की कैद और 50 हजार रुपये जुर्माना अदा करने की सजा सुनाई है।

## तीन चिकित्सक समेत छह कर्मी रहे गैरहाजिर

संवाददाता, शाहबाद

**अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारियों की शिकायत पर एसीएमओ ने गुरुवार को सीएचसी में छापा मारा। इस दौरान उन्हें तीन चिकित्सक समेत छह कर्मचारी नदारद मिले। एसीएमओ ने सभी को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। साथ ही चिकित्सकों को आठ बजे और कर्मचारियों को सुबह 10 बजे सीएचसी में उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं।

शाहबाद सीएचसी में चिकित्सकों की मनमानी के खिलाफ कई दिन से भारतीय किसान यूनियन का हंगामा जारी है। गुरुवार को भी किसान नेता प्रमोद यादव व वीर भगत युवा मोर्चा के सचिव सतेन्द्र यादव सीएचसी पहुंचे। दस बजे तक भी केवल दो चिकत्सक ही ओपीडी में आए थे। इस पर उन्होंने फिर हंगामा शुरू कर दिया। किसान नेताओं ने सीएमओ एसपी सिंह को फोन कर अस्पताल में चिकित्सकों के अनुपस्थित रहने की जानकारी दी। इस पर उन्होंने कार्रवाई का आश्वासन दिया। गुरुवार को सीएचसी पहुंचे एसीएमओ सत्यमूर्ति तोमर ने बताया कि उन्होंने उपस्थिति रजिस्टर चेक किया। इस दौरान पता चला कि दंत चिकित्सक डॉ. तजम्मुल, कुष्ट विभाग के पीएमडब्ल्यू ओमप्रकाश, ब्लॉक प्रक्रिया प्रबंधक उपकार सिंह बिना स्वीकृति के सीएल पर थे। जबकि डॉ. पदम सिंह, डॉ. मनोज गुप्ता एवं स्टॉफ नर्स रेनू अनुपस्थित मिलीं। इस पर इन सभी को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।



सीएचसी का निरीक्षण करते एसीएमओ सत्यमूर्ति तोमर। ● अमृत विचार

- **एसीएमओ ने सभी को जारी किया कारण बताओ नोटिस**
- **एससीएमओ ने गुरुवार को की औचक छापेमारी**

### डीएम से की सरकारी जमीन पर अवैध कब्जे की शिकायत

**टांडा, अमृत विचार :** नगर के मोहल्ला टंडोला स्थित सरकारी गूल पर कुछ लोगों ने कब्जा कर लिया है। इसकी शिकायत मोहल्लेवासियों ने एसडीम व जिलाधिकारी से की है।

नगर के मोहल्ला टंडोला स्थित गाटा संख्या 291 राजस्व अभिलेखों में गूल दर्ज है। इस पर मोहल्ला भब्बलपुरी के कुछ लोगों ने कब्जा करके अपनी जमीन में शामिल कर लिया है। मोहल्लेवासियों के कहने के बावजूद कब्जाधारियों ने सरकारी जमीन से कब्जा नहीं हटाया। इसके बाद लोगों ने एसडीएम अनुराग सिंह तथा जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह से मामले की लिखित शिकायत की। उन्होंने सरकारी गूल से अवैध कब्जा हटाने की मांग की है। शिकायत करने वालों में आसिफ, सलाम, कलीम आदि शामिल हैं।



रुस्तमपुर में मिठाई बांटते इंडिया गठबंधन के समर्थक। ● अमृत विचार

## इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी की जीत पर बांटी मिठाई

संवाददाता, शाहबाद

**अमृत विचार :** युवा नेता हर्षित यदुवंशी ने इंडिया गठबंधन की जीत पर मिठाई बांटकर खुशी का इजहार किया। कहा कि यह नफरत की हार और सच्चाई की जीत है।

रामपुर में सपा प्रत्याशी की प्रचंड जीत से समर्थकों में जश्न का माहौल है। गुरुवार को रुस्तमपुर में सपा के कार्यकर्ता एकत्र हुए। उन्होंने मिठाई बांटकर खुशी जाहिर की। कहा कि रामपुर में मोहब्बत की जीत और नफरत की हार हुई है। इंडिया गठबंधन सरकार नहीं बना पाया, लेकिन मजबूत विपक्ष के रूप में उभरकर लोकतंत्र की रक्षा करेगा। इस अवसर पर अनुज यादव, रवि यादव, दान सिंह, मुकेश यादव, रजनेश यादव, चेतन यादव एवं जयपाल सिंह आदि रहे।

## पर्यावरण संवारने को करें पौधरोपण

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** मुख्य अतिथि डीएफओ राजीव कुमार ने कहा कि 2024-25 में उच्च तापमान के स्तर को देखते हुए अधिक से अधिक पौधरोपण किया जाए। ताकि पर्यावरण संरक्षित हो सके। कहा कि पेड़ों का अत्याधिक कटान होने के कारण पर्यावरण का मिजाज बदल रहा है। इस अवसर पर लोगों को पौधरोपण की शपथ भी दिलाई।

पर्यावरण दिवस के मौके पर बाजार नसरुल्ला खां स्थित कार्यालय पर कार्यक्रम हुआ। जिला परियोजना अधिकारी लव कुमार ने जल तथा पर्यावरण संरक्षण के बारे में विस्तार से बताया। वर्क संस्था के अध्यक्ष अब्दुल्ला तारिक और सदस्यों ने भी जागरूक करते हुए बताया कि भविष्य में पृथ्वी को बचाना है तो जल और पर्यावरण को प्रदूषित होने से रोकने के लिए शुरूआत हमें पहले स्वयं से करनी होगी। उपस्थित लोगों को शपथ भी दिलाई।



कार्यक्रम में मौजूद अतिथि। ● अमृत विचार

मुख्य अतिथि राजीव कुमार ने छात्राओं को पेड़-पौधों से प्रकृति को संरक्षित करने की जानकारी भी दी। वन कटान को रोकने के लिए जागरूक किया। छात्राओं को बताया कि पर्यावरण को किस प्रकार स्वच्छ रख सकते हैं। बेकार प्लास्टिक से आकर्षक तथा उपयोगी वस्तुओं को बनाकर व पोस्टर-मॉडल द्वारा भी पर्यावरण संरक्षण कैसे किया जा सकता है। इसके लिए छात्राओं ने अपनी भावनायें व्यक्त कीं। पोस्टर, मॉडल तथा प्लास्टिक की वस्तुओं को बनाने वाली छात्राओं को पुरस्कृत किया। प्रमाण पत्र वितरित करने का आश्वासन भी दिया।

इस अवसर पर वर्क संस्था के अध्यक्ष अब्दुल्ला तारिक ने आभार व्यक्त किया। इस मौके पर कपिल कुमार, विजय प्रकाश सिंह, अशीष वर्मा तथा वर्क संस्था के सदस्य शामिल रहे। कार्यक्रम का संचालन सुहेल खां ने किया।

### अनियमितता में राशन डीलर के खिलाफ रिपोर्ट

**स्वार, अमृत विचार :** लोगों ने राशन का वितरण कम करने के साथ ही निशुल्क वितरण होने वाले राशन को पैसे लेकर बांटने के मामले में जिलाधिकारी से शिकायत की थी। डीएम के आदेश पर पूर्ति निरीक्षक ने राशन विक्रेता के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज कराई है।

तहसील क्षेत्र के गांव गूलड़ पीपलसाना के प्रधान व ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से राशन वितरण में घपला करने की शिकायत की थी। जिलाधिकारी ने जांच क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी को सौंप दी थी। जांच में राशन विक्रेता शबाना की उचित दर की दुकान का स्टाक तीन अलग-अलग दुकानों में रखा मिला। जांच में 78 किलो गेहूं और छह क्विंटल 65 किलो चावल कम पाए गए। गुरुवार को पूर्ति अधीक्षक अजयवीर सिंह की ओर से पुलिस ने राशन विक्रेता शबाना बी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

## रामपुर में नई समाजवादी का हुआ उदय : मशकूर

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष मशकूर अहमद ने कहा कि पहली बार ग्रामीण क्षेत्र के एक सच्चे व ईमानदार मस्जिद के इमाम को राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा रामपुर से प्रत्याशी घोषित किया गया और रामपुर में नई समाजवादी का उदय हुआ है। कहा कि सपा के एक विधायक, उप चुनाव लड़ी एक मैडम समेत कई पदाधिकारियों ने उनका विरोध किया था। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष को सभी बातों से आगाह कराया जाएगा।

समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं की बैठक गुरुवार को पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष मशकूर अहमद मुन्ना के आवास पर हुई। पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि सपा प्रत्याशी को सभी लोगों ने बिना भेदभाव के चुनाव लड़ाया और जिताया। उन्होंने कहा कि चंद लोग अपने आप को समाजवादी पार्टी का ठेकेदार समझते हैं। उन्हें राष्ट्रीय अध्यक्ष का फैसला भी अच्छा नहीं लग रहा था। इसके चलते उन्होंने चुनाव का बहिष्कार किया। सपा के एक विधायक और उपचुनाव की प्रत्याशी रही मैडम तथा दो प्रदेश सचिव और पूर्व में अध्यक्ष ने आजम खां का फोटो लगाकर बसपा का चुनाव लड़ाया था।

बसपा प्रत्याशी से पैसे लेकर एक होटल में रुके थे। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने पहली बार अच्छे प्रत्याशी को टिकट दिया था। रामपुर में नई समाजवादी का उदय हो चुका है। अब ठेकेदारों को खुद मान लेना चाहिए कि अवाम किसी की गुलाम नहीं है। बैठक में महिपाल सिंह यादव, करन सिंह, अमर पाल सिंह यादव, अकबर अली, तकमील अहमद आदि मौजूद रहे।

**आस्था** जिले में धूमधाम से मनाई गई वट सावित्री अमावस्या, पूजा-अर्चना के पश्चात मंदिरों में बांटा गया प्रसाद

# वट सावित्री का पूजन कर पति की दीर्घायु को रखा व्रत

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** वट-सावित्री अमावस्या पर सुहागिनों ने गुरुवार को पति की लंबी आयु के लिए व्रत रखा। महिलाओं ने मंदिर में जाकर सामूहिक रूप से बरगद के पेड़ की पूजा की। इसके बाद महिलाओं ने प्रसाद ग्रहण करके व्रत खोला। मंदिर के पुजारी को दान-दक्षिणा में फल दिए।

जिले में गुरुवार को महिलाओं ने वट सावित्री पर्व धूमधाम से मनाया। रोली, कलावा, पान, सुपारी, फल, कच्चा आम की डंठल सहित, गेंहू, मिष्ठान, पकवान, पंखा, गंगाजल आदि से पूजा अर्चना की। इसके कच्चे सूत या कलावा से वट वृक्ष की सात बार परिक्रमा की। महिलाओं ने वट वृक्ष के प्रतीकात्मक वट वृक्ष की टहनी की पूजा-अर्चना करके अखंड सौभाग्य का वर मांगा। महिलाओं ने सुबह श्रृंगार कर पूजा-अर्चना करके सत्यवान-सावित्री की कथा पढ़ी। इसके बाद महिलाओं ने घरों में पकवान बनाए। श्रृंगार कर सुहागिन महिलाएं वट वृक्षों की पूजा-अर्चना के लिए सुबह से ही पहुंचना शुरू हो गईं। पति के अखंड सौभाग्य के लिए कामना की। काफी महिलाओं ने वट वृक्ष पर कलावा बांधा और परिक्रमा कर पूजन किया।

ज्वाला नगर, पुराना गंज, सिविल लाइंस, गंगापुर, मिस्टन गंज सहित नगर के अन्य सभी स्थानों पर महिलाओं ने मंदिरों व वट वृक्ष वाले स्थान पर पूजा की। मंदिरों में पुजारियों ने सावित्री एवं सत्यवान के जीवन चरित्र के बारे में बताया। महिलाओं ने कथा का श्रवण कर पति की दीर्घायु की कामना की। नगर स्थित महालक्ष्मी मंदिर में पुरोहित पंडित विश्वनाथ प्रसाद मिश्रा ने मंदिर पूजा-अर्चना कराई। इसके बाद प्रसाद बांटा गया। महिलाओं ने वट वृक्ष की डाल को अपने घरों में मंगा कर भी पूजन कर परिक्रमा की।



ज्वालानगर में वट वृक्ष की पूजा-अर्चना करती महिलाएं। ● अमृत विचार

**पहली बार व्रत रखने वाली सुहगिनों में दिखा उत्साह**

वट-सावित्री व्रत के लिए नव विवाहिताओं में विशेष उत्साह दिखाई दिया। सिविल लाइन निवासी रानी ने बताया कि उन्होंने शादी के बाद पहली बार वट-सावित्री का व्रत रखा है। वह इस व्रत को लेकर काफी दिन से उत्साहित थीं। उन्होंने पति की लंबी आयु के लिए पूजा-अर्चना की। इस पर्व की वह कई दिन से तैयारी कर रही थीं।

**इसलिए मनाया जाता है यह पर्व**

महालक्ष्मी मंदिर में पुरोहित पंडित विश्वनाथ प्रसाद मिश्रा ने बताया कि अश्विन मास में भगवान विष्णु की नाभि से कमल प्रकट हुआ। तब अन्य देवों से भी विभिन्न वृक्ष उत्पन्न हुए। उसी समय यक्षों के राजा मणिभद्र से वट का वृक्ष उत्पन्न हुआ। अपनी विशेषताओं और लंबे जीवन के कारण इस वृक्ष को अनश्वर माना जाता है। इसीलिए महिलाएं पति की दीर्घायु और परिवार की समृद्धि के लिए यह व्रत रखती है। वट वृक्ष के नीचे सावित्री ने अपने पति को पुन: जीवित किया था। तब से यह व्रत वट सावित्री के नाम से जाना जाता है।

## अखंड सुहाग के लिए की वटवृक्ष की पूजा

संवाददाता, शाहबाद

**अमृत विचार :** ज्येष्ठ अमावस्या पर गुरुवार को वट सावित्री व्रत परंपरागत रूप से आस्था व श्रद्धा के साथ मनाया गया। महिलाओं ने व्रत रखकर वट वृक्ष की पूजा की और पति की लंबी उम्र व सुख-समृद्धि के लिए कामना की। वट वृक्षों के नीचे सुबह से दोपहर तक पूजन-अर्चन होता रहा एवं मंगल गीत गूंजते रहे।

गुरुवार को सुबह स्नान कर महिलाओं ने व्रत का संकल्प लिया। इसके बाद अपने आसपास के वट वृक्षों के नीचे जाकर पूजा-अर्चना की। वट वृक्ष की जड़ को जल से सींचा। महिलाओं ने तने में 108 बार तो कुछ ने सिर्फ सात बार सूत लपेटते हुए परिक्रमा की। इस दौरान मंगल गीत भी गूंजते रहे। अर्पित की गई सुहाग सामग्रियों को पुरोहित को दान दिया। व्रत के माहात्म्य से संबंधित कथाएं सुनीं। वट वृक्ष की पूजा कर रही महिलाओं ने बताया कि पुराणों के अनुसार यह व्रत सावित्री द्वारा अपने पति को पुनः जीवित करा लेने की स्मृति में रखा जाता है। वट वृक्ष की पूजा अखंड सौभाग्य व अक्षय उन्नति के लिए की जाती है। इस दौरान विमलेश माली, सरला शर्मा, किरन, मोनिका, सुधा शर्मा, सीमा शर्मा, ममता यादव, काजल पटेल, प्रेमलता, प्रगति वाजपेई, सृष्टि, खुशी आदि महिलाएं मौजूद रहीं।



शाहबाद में वट वृक्ष की पूजा करतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

- **महिलाओं ने वट वृक्ष की सात बार की परिक्रमा मांगी सुख-समृद्धि**
- **पुरोहित को दान कीं सुहाग सामग्री व्रत के माहात्म्य की कथाएं सुनीं**

## एक नजर

### कार की चपेट में आकर बाइक सवार घायल

रामपुर,अमृत विचार : पटवाई रोड पर कार की चपेट में आकर बाइक सवार घायल हो गया। हादसे के बाद आसपास के लोग मौके पर आ गए। घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। कोतवाली निवासी हरिओम बाइक से किसी काम से गुरुवार दोपहर को शाहबाद जा रहा था। पटवाई रोड पर मिलक चिकना के पास कार चालक ने बाइक सवार को टक्कर मारकर घायल कर दिया। हादसे के बाद आसपास के लोगों को आता देखकर आरोपी कार चालक मौका पाकर फरार हो गया। राहगीरों ने घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। हादसे के बाद काफी देर तक भीड़ लगी रही।

### पुलिस ने 10 वाहन चालकों के काटे चालान

रामपुर, अमृत विचार : बिना हेलमेट बाइक चलाने वालों पर पुलिस ने शिकंजा कसते हुए 10 वाहन चालकों के चालान काटे। आए दिन हो रहे हादसों पर रोक लगाने के लिए पुलिस अधीक्षक ने बिना हेलमेट के बाइक चलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के आदेश दिए हैं। उसी के चलते गुरुवार शाम को ट्रैफिक पुलिस ने मालगोदाम चौराहे पर अभियान चलाकर 10 वाहनो का चालान काटा। इससे वाहन स्वामियों में हड़कंप मच गया।

# बिजली कटौती से लोग परेशान, सूख रहीं फसलें

## अंधाधुंध कटौती से कभी भी फूट सकता है लोगों का गुस्सा, समस्या के समाधान की कर रहे मांग

संवाददाता, शाहबाद

अमृत विचार : भीषण गर्मी में भी बिजली कटौती चरम पर है। रोस्टर के अलावा ट्रिपिंग और मामूली फाल्ट के कारण अंधाधुंध की कटौती से लोग परेशान हैं। ग्रामीण क्षेत्र में दिन में बिजली न मिलने से किसानों की फसलें सूख रही हैं। बेवक्त की कटौती से कभी भी लोगों का गुस्सा फूट सकता है। लोग ट्वीट करके समस्या के निदान करने की मांग रहे हैं।

सोने के समय रात में भी बिजली नहीं आती। कभी-कभी तो गर्मी से परेशान लोग पूरी रात बिजली आने का इंतजार करते रहते हैं। सामाजिक संगठनों व किसानों से लेकर प्रधानों व आम जनमानस ने स्थानीय अधिकारियों से कई बार इस समस्या के निदान लिए दुखड़ा रोया, लेकिन हालात जस के तस हैं। बिजली कटौती का सबसे ज्यादा खामियाजा किसानों को भुगतना पड़ रहा है। बिजली न मिलने से खेतों में खड़ी फसलें सूख रही हैं। गन्ना, मेंथा और हरे चारे की फसलें सूखने के कगार पर पहुंच चुकी हैं। इस पर सामजिक संगठनों के साथ, ग्राम प्रधानों एवं स्थानीय लोगों ने विद्युत विभाग के साथ जिलाधिकारी व मुख्यमंत्री को ट्विट कर बिजली की समस्या को ठीक कराने की गुहार लगाई है।


बारिश नहीं होने से पीली पड़ती गन्ने की फसल। ● अमृत विचार

### समस्या का समाधान नहीं हुआ तो होगा आंदोलन

वीर भगत सिंह युवा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रजत कुमार सिंह ने ट्वीट कर चेताया है कि यदि जल्द ही बिजली समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो बिजली विभाग के खिलाफ आंदोलन किया जाएगा। अध्यक्ष का कहना है कि भीषण गर्मी और बिजली कटौती से लोग परेशान हैं। किसानों की फसलें सूख रही हैं। बिजली विभाग के अधिकारी ओवरलोड बताकर पल्ला झाड़ लेते हैं। अधिकारी ओवरलोड बता रहे हैं तो नए कनेक्शन किस आधार पर दिए जा रहे हैं। विभाग को शेड्यूल के हिसाब से बिजली देनी चाहिए। ताकि जनता को राहत मिल सके और किसान फसल की सिंचाई कर सकें।


गांव में बिजली न आने के कारण बुरा हाल है। अधिकारियों से कई बार शिकायत की गई। बिना बिजली के किसानों की धान की पौध सूख रही है। लेकिन किसी ने इसे गंभीरता से नहीं लिया। अब ट्वीट के माध्यम से सीएम व बिजली विभाग से गुहार लगाई है।
– रंजीत यादव, किसान नेता


बिजली न मिलने से कारोबारियों को दिक्कतें आ रही हैं। जनता में भी त्राहि-त्राहि है। लेकिन बिजली विभाग के अधिकारी इस समस्या पर ध्यान नहीं दे रहे हैं। लोगों का किसी दिन भी गुस्सा फूट सकता है।
– साईम खां, कारोबारी

● लोग ट्वीट कर मांग रहे समस्या का निदान


देहात में बिजली की बहुत दिक्कत है। अंधाधुंध कटौती की जा रही है। इसके चलते किसान धान की रोपाई नहीं कर पा रहे हैं। शिकायतों के बावजूद सुनवाई नहीं हो रही है। शेड्यूल से बिजली देने की ट्वीट के माध्यम से मांग की गई है।
– इंजमाम उल हक, ग्राम प्रधान


स्थानीय लोग बिजली विभाग के चक्कर लगाकर शेड्यूल के मुताबिक बिजली देने की मांग कर रहे हैं। लेकिन स्थिति जस की तस है। कोई अधिकारी सुनने को तैयार नहीं है। लोगों में विद्युत अधिकारियों के विरुद्ध आक्रोश पनप रहा है।
– आकाश यादव, ग्रामीण


नायब तहसीलदार मानवेंद्र सिंह को ज्ञापन सौंपते किसान। ● अमृत विचार

# किसानों ने एसडीओ का घेराव कर किया धरना-प्रदर्शन

संवाददाता, मसवासी

अमृत विचार : बिजली कटौती से क्षुब्ध भारतीय किसान यूनियन से जुड़े किसानों ने मानपुर स्थित बिजलीघर पर एसडीओ का घेराव कर लिया। बिजलीघर के सामने दरी बिछाकर कार्यकर्ता धरने पर बैठ गए और जमकर नारेबाजी की।

क्षेत्र के गांव आरसल-पारसल, नया गांव नजीबाबाद और महाराजपुर में बिजली की लगातार कटौती से लोग काफी परेशान हैं। आरोप है कि बिजलीघर से आपूर्ति बंद कर दी जाती है। भाकियू से जुड़े किसान बिजलीघर पहुंच गए। बिजली विभाग के खिलाफ नारेबाजी करते हुए एसडीएम भगवंत सिंह का घेराव कर दरी बिछाकर धरने पर बैठ गए। करीब ढाई घंटे बाद सूचना पाकर पहुंचे नायब तहसीलदार मानवेंद्र सिंह और कोतवाल संदीप त्यागी ने लोगों को समझा-बुझाकर शांत कराया।

आक्रोशित लोगों ने नायब तहसीलदार को पांच सूत्रीय मांग पत्र सौंपकर धरना समाप्त कर दिया। मौके पर एक समस्या का समाधान कराते हुए तीनों गांवों का फीडर अलग कर दिया गया है। धरना-प्रदर्शन में चौधरी अजीत सिंह, लखविंदर सिंह गिल, हरजिंदर सिंह, सतनाम सिंह, बलवीर सिंह, भजनलाल, मुंशीराम कांबोज, मंगतराम, अमीर अहमद, केवल राम, रमेश चंद्र, जगदीप सिंह, मिंदर लाल, रामकिशन, लाला चंद कांबोज, जोगिंदर सिंह, सिंदर लाल आदि मौजूद रहे।


सीएचसी में मरीजों की लगी कतार। ● अमृत विचार

# सीएचसी में बढ़ी मरीजों की संख्या

संवाददाता, टांडा

अमृत विचार : भीषण गर्मी से लोगों का बुरा हाल है। ऐसे में बीमारियां भी पनप रही हैं। लोग वायरल फीवर और उल्टी दस्त की चपेट में आ रहे हैं। सीएचसी में प्रतिदिन लगभग 350 मरीज पहुंच रहे हैं। बृहस्पतिवार को भी अस्पताल में रोगियों की भीड़ रही।

भीषण गर्मी और चिलचिलाती धूप के चलते लोग बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं। उमस भरी गर्मी के कारण सीएचसी में उल्टी-दस्त, वायरल बुखार और त्वचा रोगियों की संख्या बढ़ती जा रही है। गर्मी में लोग अत्यधिक शीतल पेय पदार्थ के सेवन से खांसी-जुकाम और गले में संक्रमण जैसी बीमारी से भी पीड़ित हो रहे हैं। चिकित्सक रोगियों को दवाई देने के साथ ही बीमारियों से बचाव के तरीके भी बता रहे हैं। अस्पताल में मरीजों की लंबी कतार लग रही है। सीएचसी में रोजाना लगभग 350 रोगी उपचार को पहुंच रहे हैं। गुरुवार को भी पंजीयन एवं औषधि कक्ष सहित ओपीडी में मरीजों की भीड़ रही। हीट स्ट्रोक के मरीजों के लिए अस्पताल में चार बेड की व्यवस्था की गई है। कूलर का इंतजाम भी किया गया है।

# बिजली न आने से ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

संवाददाता, शाहबाद

अमृत विचार : आए दिन ट्रांसफार्मर फुंकने और गांव में बिजली न आने से परेशान ग्रामीण गुरुवार को बिजलीघर पहुंच गए। उन्होंने बिजली निगम मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए प्रदर्शन किया।

हंगामा करते हुए ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि ट्रांसफार्मर की क्षमता बढ़ाने तथा बरखेड़ा और करैथी फीडर की लाइन अलग करने की मांग पूरी नहीं हुई तो वह आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। गुरुवार की दोपहर ग्राम मित्तरपुर के प्रधान इंजमाम-उल-हक की अगुवाई में ग्रामीण शाहबाद बिजलीघर पहुंचे। प्रधान ने बताया कि उनके गांव की जनसंख्या लगातार बढ़ रही है। लेकिन ट्रांसफार्मर की क्षमता नहीं बढ़ाई गई। साढ़े चार सौ कनेक्शन हैं। उपभोक्ता समय पर बिजली बिल का भुगतान भी कर रहे हैं। इसके बाद भी विभाग सुनवाई नहीं कर रहा है।

आए दिन ट्रांसफार्मर फुंक जाता है। बिजली विभाग ने करैथी फीडर व बरखेड़ा फीडर की लाइन एक ही केबिल से जोड़ रखी हैं। इसके चलते एक फीडर की लाइन खराब होने पर दोनों फीडर की लाइन काटनी पड़ती है। इसी को लेकर उन्होंने विभाग के खिलाफ प्रदर्शन किया। प्रदर्शन करने वालों में इन्द्रजीत कश्यप, कृष्ण कश्यप, ताईश नबी, रुआब बेग, वली अहमद खां, भोला, सफदर बेग, ओमवीर वाल्मीकि, मोहम्मद फैज बेग, रिजवान उल हक आदि शामिल मौजूद रहे।


शाहबाद बिजलीघर पर प्रदर्शन करते मित्तरपुर गांव के लोग। ● अमृत विचार

● उत्तेजित ग्रामीणों ने लगाए बिजली निगम मुर्दाबाद के नारे

● ट्रांसफार्मर की क्षमता वृद्धि करने की उठाई मांग

# अतिक्रमणकारियों को लगाई नगर पालिका की टीम ने फटकार

संवाददाता, बिलासपुर

● जाम की वजह बन रहे एक दर्जन रिक्शा चालकों की सौ-सौ रुपए की काटी रसीदें

अमृत विचार : पालिका टीम ने अतिक्रमणकारियों के विरुद्ध अभियान चलाकर खूब खरी-खोटी सुनाईं। जाम की वजह बन रहे करीब एक दर्जन रिक्शा चालकों को जुर्माने के तौर पर सौ-सौ रुपए की रसीदें काटकर चेतावनी दी।

गुरुवार की दोपहर नगरपालिका परिषद कार्यालय में स्वच्छ भारत मिशन के प्रभारी रूपेश सक्सेना के नेतृत्व में टीम ने मुख्य चौराहा, माठखेड़ा रोड व नैनीताल रोड का भ्रमण किया। टीम को देख दुकानदार अपना अतिक्रमण स्वयं अंदर करते दिखाई दिए। सड़कों को घेरकर बैठे दुकानदारों को टीम ने लगे हाथों लेकर खूब खरी-खोटी सुनाई। अपने सामने ही उनका सामान अंदर कराने के बाद सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी।

इसके बाद टीम मुख्य चौराहे पर पहुंची। जाम की वजह बन रही ई-रिक्शा को पकड़कर सौ-सौ रुपए की रसीद काटीं। भविष्य में यातायात के नियमों का पालन न करने पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी। टीम प्रभारी ने बताया कि वह अभियान चलाकर अतिक्रमणकारियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रहे हैं। लेकिन अतिक्रमणकारी पुनः अपनी जगह काबिज हो जाते हैं। इससे जाम की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। इस मौके पर मोहम्मद आरिफ, विजय अनार्य, सुनील सक्सेना, ऋषिपाल यादव, विमल पुष्पद, कमल सक्सेना, अनिल सक्सेना आदि मौजूद रहे।

### टीम को देख चालक डंपर से रेत उतारकर भागा

मसवासी, अमृत विचार : चेकपोस्ट पर पुलिस-प्रशासनिक अधिकारियों की टीम को देखकर चालक डंपर से रेत उतारकर फरार हो गया।

नगर में मसवासी चौराहे पर खनन लदे वाहनों की रायल्टी आदि खनन संबंधित कागजातों की जांच के लिए पुलिस और राजस्व कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। देर शाम अचानक नायब तहसीलदार मानवेंद्र सिंह टीम संग मौके पर पहुंच गए। अधिकारियों के चेकपोस्ट पर होने की सूचना मिलने पर पट्टीकलां की ओर से आ रहे खनन लदे ओवरलोड डंपर चालक ने कार्रवाई के डर से रास्ते में सारा रेत उतार दिया। चर्चा है कि एक पुलिसकर्मी ने अज्ञात लोगों को रेत बेच दिया। रात ही रात में सड़क से रेत हटा दिया गया। उधर, चौकी प्रभारी रोहित कुमार ने मामले की जानकारी से इंकार किया है।

### मलेरिया के प्रति ग्रामीणों को किया जागरूक

रामपुर,अमृत विचार : मलेरिया विभाग की टीम ने गुरुवार को स्वार क्षेत्र के गांव रुस्तमपुर में जाकर ग्रामीणों को जागरूक किया। जिला मलेरिया अधिकारी संतोष सिंह चौहान ने ग्रामीणों को बताया कि घर में साफ-सफाइ का विशेष तौर से ध्यान रखें। ज्यादा दिन तक बुखार आने पर तुंरत ही नजदीक स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर जांच कराए। इसके अलावा कोई और दिक्कत हो तो क्षेत्रीय आशा, एएनएम को बताएं।

**जिला अस्पताल में 978 रोगियों की हुई ओपीडी :** जिला अस्पताल में गुरुवार को 978 रोगियों की ओपीडी हुई। जनरल फिजिशियन डा. दशरथ सिंह, बाल रोग विशेषज्ञ डा. पल्लव सिंह ने बताया कि सुबह दस से दो दोपहर तक 160 रोगियों को देखा। इनमें ज्यादातर रोगी उलटी, खांसी और बुखार के थे। गंभीर हालत देखते हुए 20 रोगियों को डायरिया वार्ड में भर्ती कराया गया।

# मुलायम भी करते थे आजम खां का सम्मान : आसिम

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : सपा नेता आसिम खां ने कहा कि जिस जमीन से नवनिर्वाचित सांसद मौलाना मुहिब्बुल्लाह नदवी ने फसल काटी है उसे पूर्व मंत्री मोहम्मद आजम खां ने अपने खून पसीने से सींचा है। कहा कि मौलाना राजनीति के जानकार नहीं हैं। उन्हें रामपुर के अवाम ने सांसद बना दिया। जबकि, छोटा सा चुनाव जीतने में ही लोगों की उम्र कट जाती है। सांसद से कहे गए शब्दों को वापस लेने की मांग करते हुए कहा कि आजम खां का मुलायम सिंह भी सम्मान करते थे।



मतगणना के दौरान सांसद से पत्रकार ने पूछा था कि आजम खां जेल में बंद हैं, उनसे मिलने जायेंगे। इस पर सांसद ने जवाब दिया कि जेल नहीं सुधार गृह कहिए। इस पर सपा नेता ने कहा कि यह तंज करना निंदनीय है। हमारे लीडर और समाजवादियों की खामोशी एक बड़ी हिक्मत ए अमली और मसलेहत थी। कहा कि मौलाना मोहिब्बुल्लाह नदवी ने उस जमीन पर फसल काटी है जिसे मोहम्मद आजम खां ने खून पसीने से सींचा है। कहा कि जहां तक जेल जाने की बात है तो मौलाना आजाद भी गए थे। कहा कि सुधारने के लिए जेल आप भी जा सकते हैं। लिहाजा आप एक इमाम हैं खुद का आत्ममंथन करें और अपने अल्फाज वापस लें। आजम खां का सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव और सपा मुखिया मुलायम सिंह यादव भी बहुत सम्मान करते थे।

### आयुष्मान कार्ड बनवाने को लेकर की बैठक

रामपुर,अमृत विचार: आयुष्मान कार्ड बनाए जाने को लेकर नोडल अधिकारी डा. ओपी आर्या ने कर्मचारियों की बैठक ली।

इसमें उन्होंने निर्देशित किया कि जिन लाभार्थियों के कार्ड बन चुके हैं उसकी जानकारी पोर्टल पर अपलोड कराएं। जिनके कार्ड बनने से रह गए हैं उनके जल्द ही कार्ड बनवाएं जाएं।

**पांच घरों से पकड़ी बिजली चोरी :** बिजली चोरी पर रोक लगाए जाने के लिए अजीतपुर बिजलीघर की टीम ने चेकिंग में पांच घरों से चोरी पकड़ी। चेकिंग होने से उपभोक्ताओं में खलबली मची रही।

एसडीओ प्रथम सचिन रस्तोगी ने बताया कि गुरुवार की सुबह नौ बजे से अजीतपुर क्षेत्र में चेकिंग की गई तो पांच घरों से चोरी पकड़ी। इन सभी के खिलाफ बिजली चोरी अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

# खनन रोकने को 15 चेक प्वाइंट पर तैनात रहेंगे अधिकारी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

● रात आठ से लेकर सुबह आठ तक होगी निगरानी

अमृत विचार : जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह ने जनपद में अवैध खनन, परिवहन, ओवरलोडिंग गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए समस्त तहसीलों के मुख्य चौराहों पर 15 चेक प्वाइंट स्थापित करते हुए पुलिस एवं प्रशासन की संयुक्त रूप से टास्क फोर्स का गठन कर दिया। इसमें रात आठ से सुबह आठ बजे तक उपस्थित रहकर सघन चेकिंग अभियान चलाकर कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। चेक प्वाइंट पर 30 जून तक प्रभावी अंकुश लगाने के लिए चौराहों, चेक पोस्ट पर उपस्थित रहकर प्रवर्तन की कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। लोक सभा चुनाव निपटने के बाद अधिकारी सक्रिय हो गए हैं।

जिलाधिकारी ने बताया कि चेक पोस्ट मसवासी तिराहा तहसील स्वार में उपजिलाधिकारी स्वार, क्षेत्राधिकारी स्वार, यात्रीकर एवं मालकर अधिकारी, खान अधिकारी, नायब तहसीलदार स्वार, चौकी इंचार्ज स्वार, राजस्व निरीक्षक स्वार, एआरओ पूर्ति विभाग स्वार, नामित लेखपाल तैनात रहेंगे। इसके अलावा मिलक नौखरीद तहसील स्वार में वन दरोगा स्वार, उपजिलाधिकारी स्वार, रेन्जर स्वार, सहायक अभियन्ता सिंचाई, अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत मसवासी, संग्रह अमीन तैनात रहेंगे।

हैप्पी पुलिया अजीतपुर रोड तहसील स्वार में रेंजर वन विभाग, लेखपाल, अवर अभियन्ता सिंचाई, संग्रह अमीन, सहायक उपायुक्त उद्योग, मानपुर तिराहा तहसील स्वार में तहसीलदार तैनात रहेंगे। उप क्षेत्रीय वनाधिकारी स्वार, कानूनगो, संग्रह अमीन, खंड विकास अधिकारी स्वार, खंड शिक्षाधिकारी, सहायक अभियन्ता सिंचाई, वक्फ निरीक्षक अल्पसंख्यक विभाग, खान निरीक्षक, श्रम प्रवर्तन अधिकारी को तैनात किया गया है। खौद चौराहे पर तहसील सदर में उपजिलाधिकारी सदर, थाना अध्यक्ष अजीमनगर, नायब तहसीलदार, चौकी इंचार्ज, मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी, राजस्व निरीक्षक, श्रम प्रवर्तन अधिकारी, संग्रह अमीन तैनात होंगे। सचिव मंडी समिति, उप सम्भागीय कृषि प्रसार अधिकारी सदर, चाकू चौराहा तहसील सदर में तहसीलदार सदर, थानाध्यक्ष गंज, राजस्व निरीक्षक, नायब तहसीलदार सदर, खंड विकास अधिकारी चमरौआ, लेखपाल व क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी तैनात रहेंगे।

### टांडा में यह अधिकारी रहेंगे तैनात

तहसील टांडा में उपजिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी, प्रभारी निरीक्षक, राजस्व निरीक्षक, जिला आबकारी अधिकारी, लेखपाल, खंड शिक्षा अधिकारी स्वार, संग्रह अमीन, अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत दढ़ियाल, उप निबन्धक टांडा, लालपुर तिराहा सैदनगर चौकी मानकपुर बंजरिया मार्ग तहसील टांडा में तहसीलदार चौकी इंचार्ज सैदनगर, राजस्व निरीक्षक, खंड विकास अधिकारी सैदनगर, उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी टांडा तैनात रहेंगे। मंडी समिति तिराहा तहसील टांडा में नायब तहसीलदार, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका टांडा, सचिव मंडी समिति, संग्रह अमीन, सचिव मंडी समिति टांडा पर मौजूद रहेंगे। उप मुख्य पशुचिकित्साधिकारी टांडा, चौखंडी अकाल अकादमी निकट लोहिया पुल पर नायब तहसीलदार टांडा रहेंगे। थानाध्यक्ष टांडा, खान निरीक्षक, उप मुख्य पशुचिकित्साधिकारी टांडा, लेखपाल, सहायक अभियन्ता लघु सिंचाई को तैनात किया गया है।


वाहन को सीज करते नायब तहसीलदार। ● अमृत विचार

# नायब तहसीलदार ने अवैध खनन में तीन वाहन पकड़े

संवाददाता, मसवासी

अमृत विचार : नायब तहसीलदार मानवेंद्र सिंह ने औचक छापेमारी कर अवैध खनन और ओवरलोडिंग में तीन वाहनों को पकड़ कर सीज कर दिया। इस कार्रवाई से खनन धंधेबाजों में हड़कंप मचा है।

पुलिस और राजस्व कर्मियों की मिलीभगत से खनन चेकपोस्ट होने के बावजूद अवैध खनन और ओवरलोड वाहन सरपट दौड़ रहे हैं। मामले की सूचना पर बुधवार देर रात नायब तहसीलदार मानवेंद्र सिंह ने औचक छापेमारी कर अवैध खनन और ओवरलोडिंग में तीन वाहनों को पकड़ लिया।

उन्होंने बताया कि सभी वाहनों को सीज कर पुलिस की सुपुर्दगी में दे दिया है। नायब तहसीलदार ने बताया कि कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

**परेशानी** आवाजाही में लोगों को हो रही परेशानी, फिसलकर गिरने से कई लोग हो चुके हैं चोटिल

# तालाब की खोदाई न होने से सड़क पर फैला कीचड़

संवाददाता, शाहबाद

अमृत विचार : तहसील क्षेत्र के गांव चौकोनी में तालाब की खुदाई न होने से सड़क पर कीचड़ इकट्ठा हो गई। साथ ही सड़क पर पर गंदे पानी की निकासी न होने के कारण वहां से लोगों को निकलने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इतना ही नहीं कई बार वहां से गुजरने वाले लोग फिसलकर जख्मी भी हो चुके हैं।

ग्रामीणों ने कई बार अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों से शिकायत की थी, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हो सका। ग्राम पंचायतों की लापरवाही से गांवों में व्यवस्था चौपट हो गई है। चौकोनी गांव में तालाब की खोदाई न होने से कीचड़ सड़क पर इकट्ठा हो गई है। इससे लोगों को आवागमन में दिक्कत हो रही है। डीएम से शिकायत कर समस्या से निजात दिलाने की मांग की गई है।

ग्रामीणों ने बताया कि उनके गांव में सीसी रोड तो बना, लेकिन जिम्मेदारों की अनदेखी के चलते यह बेकार है। गांव के तालाब की लंबे समय से सफाई और खोदाई नहीं हुई है। इससे तालाब का कीचड़युक्त पानी सड़क पर फैला हुआ है। इसके कारण लोगों का रास्ते से निकलना दूभर है। उन्होंने डीएम से इस समस्या को दूर कराने की मांग की है।


चौकोनी गांव में सड़क पर फैली कीचड़ और पानी। ● अमृत विचार


सड़क पर तालाब का गंदा पानी आ जाता है। गंदे पानी की निकासी की व्यवस्था न होने से सड़क पर गंदगी बनकर इकट्ठा हो जाता है। ग्रामीण गंदगी से गुजरने को मजबूर हैं। – आनंद कुमार


गांव के इस मार्ग की दुर्दशा के कारण लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। सड़क पर कीचड़ से दुर्गन्ध उठती है। मच्छर भी पनप रहे हैं। इनसे बीमारी की आशंका रहती है।
– अर्जुन कुमार


गांव के तालाब की लंबे समय से सफाई और खोदाई नहीं हुई है। कीचड़युक्त पानी महीनों से सड़क पर फैला है। शिकायतों के बाद भी सुनवाई नहीं हो रही है। – सुरेन्द्र कुमार


गांव में तालाब की खोदाई न होने के चलते कीचड़युक्त गंदा पानी सड़क पर आ गया है। ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कई बार शिकायत करने पर सुनवाई नहीं हुई। – विनोद कुमार

# बुजुर्गों ने खानकाहों के जरिए फैलाया दीन : मौलाना खालिद

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : हाफिज अहमद हसन शाह शेरी जमाली कादरी का 33वां सालाना उर्स मुबारक के आखिरी दिन मौलाना शाह खालिद खां कादरी ने कहा कि रामपुर की खुशनसीबी है कि यहां की सर जमीन पर बुजुर्ग मौजूद हैं। इन बुजुर्गों ने खानकाहो के जरिए दीन फैलाया। रात दिन बैठकर अल्लाह की इबादत की और रसूले अकरम का पैगाम लोगों तक पहुंचाया। इन खानकाहो में अल्लाह की रहमत बरसती है।

हाफिज अहमद हसन शाह शेरी जमाली कादरी का 33वां सालाना उर्स में गुरुवार को अस्र की नमाज के बाद हाफिज महफूज हुसैन ने कुरआन करीम की तिलावत से किया। इसके बाद हाफिज मेराज उल हसन ने नाते पाक पेश की।

हजरत मौलाना शाह खालिद खां कादरी ने कहा कि अल्लाह वालों के यहां आने से बिगड़े हुए काम बनते हैं, इनका जिक्र करने से दिल को सुकून मिलता है और फायदा पहुंचता है।

कहा कि यह बुजुर्ग, रसूले करीम की सुन्नतों पर अमल कराने के लिये हमेशा मसरूफ रहे। यहां जो भी अकीदत और एहतेराम के साथ आता है मुरादों के लिये दुआ मांगता है, तो अल्लाह इनके वसीले से दुआएं कुबूल करता है। इसके बाद कुल शरीफ हुआ। मुल्क में अमन शांति के लिए दुआ कराई। इस मौके पर हाफिज मेराजुल हसन, हाफिज महबूब हुसैन, महमूद हुसैन, अनवारुल हसन, हाफिज महफूज हुसैन शेरी जमाली, मसरूर हुसैन, मोहम्मद महरोज, हाफिज साकिब, वकार उल हसन, मोहम्मद अरसलान आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### एटीएम बूथ पर धोखाधड़ी कर निकाले 84,550 रुपये

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** मैनाठेर थाना क्षेत्र में डींगरपुर में एसबीआई के एटीएम बूथ में धोखाधड़ी कर 84,550 रुपये निकाल लिए। नरौदा निवासी मुकेश कुमार ने पुलिस को बताया है उनका खाता प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंक शाखा मैनाठेर में है। 27 अप्रैल को वह डींगरपुर गांव में स्थित एसबीआई के एटीएम बूथ पर रुपये निकालने गए थे, वहां पर मौजूद तीन अज्ञात लोगों ने उनके एटीएम कार्ड के साथ फ्रॉड किया और हेराफेरी करके तीन चरण में 84,550 रुपये निकाल लिए हैं। थानाध्यक्ष सर्वेंद्र कुमार शर्मा ने बताया कि तीन अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध धोखाधड़ी करने के आरोप में मामला दर्ज की उनकी पहचान की जा रही है।

### शनिदेव का किया पूजन

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** लालबाग स्थित शनि देव मनोकामना मंदिर पर शनि जयंती के उपलक्ष्य में प्रजापति समाज द्वारा प्रातः शनि पूजन, शनि अभिषेक, महायज्ञ और विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें दूरदराज से आए शनि भक्तों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। भंडारे का प्रसाद ग्रहण कर शनिदेव महाराज का आशीर्वाद प्राप्त किया। इसमें मुख्य रूप से अनिल प्रजापति, मनोज प्रजापति, चेतन दास प्रजापति, राजू प्रजापति, विनोद प्रजापति, कैलाश प्रजापति और रवि प्रजापति आदि का सहयोग रहा।

# प्राधिकरण की प्रवर्तन टीम ने जैतपुर और ताजपुर रोड पर ध्वस्त किए अवैध निर्माण

## जोन-2 के प्रभारी प्रवर्तन केएन जगूड़ी के नेतृत्व में टीम ने ताजपुर रोड पर भी की कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचारः** मुरादाबाद विकास प्राधिकरण की प्रवर्तन जोन 2 के अन्तर्गत अवैध तरीके से भू विभाजन कर कराए जा रहे निर्माण पर प्राधिकरण की टीम ने कार्रवाई की। जेसीबी से निर्माण को ध्वस्त कर दिया। मामले में ध्वस्तीकरण आदेश पारित था।

जोन 2 के प्रभारी केएन जगूड़ी के नेतृत्व में टीम ने गुरुवार को भोजपुर थाने के काशीपुर रोड पर ग्राम जैतपुर में गुफरान पुत्र छोटे द्वारा प्रशांत पेट्रोल पम्प के पीछे सिरसवॉ दौराहा से पहले लगभग 8 बीघा भूमि पर अवैध प्लॉटिंग कर निर्माण कराया जा रहा था। जिसे टीम ने ध्वस्त कराया। वहीं कटघर थाने के अन्तर्गत पुराना गोट रोड पर दायीं तरफ सईदुल रहमान द्वारा 8 बीघा भूमि पर अवैध तरीके से भूविभाजन कर कराए जा रहे निर्माण पर कार्रवाई की गई। इसी क्रम में टीम ने कटघर थाने के ही ग्राम ताजपुर माफी में मोहम्मद मियां उर्फ भूरा और इरफान के द्वारा गाटा संख्या-313, 322, 323 पर लगभग 15 बीघा क्षेत्रफल में अवैध रूप से प्लॉटिंग कर निर्माण कराया जा रहा था इस पर कार्रवाई की गई। वहीं टीम ने ताजपुर रोड पर मदीना मस्जिद के सामने जावेद के द्वारा 6 बीघा भूमि पर अवैध रूप से प्लॉटिंग कर खडंजा व अन्य निर्माण कराया गया था जिसे जेसीबी से ध्वस्त कर दिया गया। कार्रवाई के दौरान क्षेत्रीय अवर अभियंता और प्राधिकरण के मेट आदि के अलावा कटघर और भोजपुर थाने के पुलिस बल मौजूद रहे।



अवैध निर्माण ध्वस्त करती प्राधिकरण की जेसीबी। ● अमृत विचार

प्राधिकरण के उपाध्यक्ष शैलेष कुमार ने कहा कि प्राधिकरण की ओर से लगातार मुनादी कराकर

**● लोगों से की अपील, बिना प्राधिकरण से जानकारी लिए न खरीदें भूखंड व भवन**

लोगों से अपील की जा रही है कि कहीं भी भूखंड या मकान खरीदने से पहले उसके वैधता की जानकारी प्राधिकरण कार्यालय से अवश्य कर लें। अवैध तरीके कॉलोनी विकसित कर निर्माण कराने वालों को भी चेतावनी दी जा रही है कि बिना प्राधिकरण से नक्शा स्वीकृत कराए कोई भी निर्माण व खरीद विक्रय अवैध माना जाएगा। इसके खिलाफ प्राधिकरण ध्वस्तीकरण सहित अन्य विधिक कार्रवाई करेगा। उन्होंने कहा कि लोगों से अपील है कि कोई भी भूखंड/ भवन क्रय करने के पहले उस संपत्ति की वैधता की जांच प्राधिकरण कार्यालय से कराने के बाद ही आगे कदम बढ़ाएं। प्राधिकरण द्वारा अवैध एवं अनाधिकृत निर्माणों को चिह्नित कर प्रवर्तन की कार्रवाई जारी रहेगी।

### महिला की हत्या मामले में नामजद पति गिरफ्तार

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** पत्नी की गला दबाकर हत्या मामले में आरोपी पति को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजने की कार्रवाई की है। सिविल लाइन थाना पुलिस ने हत्यारोपी नीटू उर्फ नीटू लाल को गिरफ्तार किया है।

नीटू संभल जिले में थाना बहजोई के मुहल्ला इमली पवांसा का रहने वाला है। आरोपी ने पत्नी की हत्या करने का कारण पुलिस को गृह क्लेश बताया है। थानाध्यक्ष सिविल लाइन राम प्रसाद शर्मा ने बताया कि मृतका पूनम पुत्री बालक राम की हत्या के आरोपी उसके पति नीटू को पुलिस ने चौकी रेल क्षेत्र में नौगसे स्कूल से करीब 50 कदम पहले से गिरफ्तार किया है। अभियुक्त ने पुलिस को बताया है कि वह दो-तीन दिन पहले ही रेलवे हरथला कॉलोनी में चंद्रनगर में पिंटू उर्फ काले के मकान में दूसरी मंजिल पर कमरा किराए पर लिया था। इसी में उसने अपने परिवार को रखा था। मंगलवार रात में उसका व पत्नी पूनम से गृह कलेश के चलते झगड़ा हो गया था। इसी कारण उसने गुस्से में आकर पत्नी पूनम का गला दबा दिया था और उसकी मौत हो गई थी। थानाध्यक्ष ने बताया कि आरोपी नीटू के शेष आपराधिक इतिहास की जानकारी की जा रही है।

# मझोला में सरेराह तीन उचक्कों ने महिला से छीने कुंडल, रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** मझोला थाना क्षेत्र में सरेराह तीन उचक्के महिला से कुंडल छीनकर फरार हो गए। घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है। सोशल मीडिया पर फुटेज वायरल हो रहे हैं।

पीड़िता कविता पत्नी विशाल मझोला की रहने वाली है। घटना गुरुवार दोपहर में प्रकाश नगर मार्ग पर मझौली तिराहे पर हुई है। कविता ने बताया कि वह घरेलू सामान लेने गई थी। उसी दौरान रास्ते में उसे तीन लोग मिल गए थे। उन लोगों ने उसे बातों में उलझा लिया और फिर उससे कान में पहने कुंडल उतरवा लिए थे। कुछ देर बाद तीनों आरोपी मौके से भाग गए। उसने बताया कि घटना के बाद से वह घबराई है। पुलिस चौकी पर जाकर घटना के बारे में जानकारी दी थी। जिस पर चौकी पुलिसकर्मियों ने मौके पर जाकर आरोपियों के बारे में जानकारी करने का प्रयास किया। आसपास के दुकानदारों से पूछा तो उन्होंने कहा कि कविता के घर की कई दुकानें यहीं पर हैं। इसलिए उन लोगों ने यह मानकर ध्यान नहीं दिया कि बातचीत कर रहे लोग उसके जान पहचान के होंगे। इस मामले में मंडी समिति पुलिस चौकी इंचार्ज देवेंद्र सिंह ने बताया कि उन्हें पता चला है कि तीन व्यक्ति साधु की तरह थे। बातों-बातों में महिला के कुंडल निकलवा लिए और उसकी मुट्ठी में कुछ पकड़ाया और कहा पीछे मुड़कर मत देखना। फिर आरोपी मौके से निकल गए थे। चौकी इंचार्ज ने बताया कि उन्होंने सीसीटीवी कैमरे के फुटेज देखे हैं। करीब 20-25 मिनट तक महिला ने उन व्यक्तियों से बातचीत की है। आरोपियों की पहचान कर रहे हैं। थानाध्यक्ष कमलेश कांत वर्मा ने बताया कि घटना के बारे में जानकारी मिली है। महिला से तहरीर लेकर एफआईआर दर्ज करने के निर्देश चौकी पुलिस को दिए गए हैं।



कुंडल लूटे जाने की घटना के बारे में जानकारी देती पीड़ित महिला। ● अमृत विचार



पंचायत भवन सभागार में आयोजित कार्यक्रम में नीट प्रेप डॉट कॉम के संस्थापक कपिल गुप्ता, रेजोनेंस के संस्थापक डॉ प्रदीप वार्ष्णेय और अन्य सहयोगी। ● अमृत विचार

## नीट में शत-प्रतिशत अंक लाने के टिप्स दिए

**मुरादाबाद, अमृत विचारः** पंचायत भवन सभागार में टार्गेट 700 प्लस अंक एक साल में कैसे लाएं कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें कपिल गुप्ता ने महानगर के छात्रों को नीट 2025 में शत प्रतिशत अंक लाने के टिप्स दिए। नीट परीक्षा की तैयारी के लिए महानगर के रामगंगा विहार में छात्रों के लिए रेजोनेन्स कोचिंग सेंटर में कक्षाएं संचालित की जा रही हैं।

रेजोनेन्स कोचिंग सेंटर द्वारा पंचायत भवन सभागार में आयोजित कार्यक्रम में नीट प्रेप डॉट कॉम के संस्थापक कपिल गुप्ता ने छात्रों को नीट 2025 परीक्षा में अच्छे अंक हासिल करने के लिए टिप्स दिए। उन्होंने बताया कि नीट प्रेप डॉट कॉम के छात्र रहे वेद शिंदे ने 720 में से 720 अंक प्राप्त किए हैं। आयोजक डॉ. प्रदीप वार्ष्णेय ने बच्चों को 100 प्रतिशत स्कॉलरशिप व निशुल्क टेस्ट सीरीज का उपहार दिया। रेजोनेन्स कोचिंग सेंटर में पढ़कर नीट परीक्षा पास करने वाली दिव्या ने बताया कि मेरा सपना डॉक्टर बनने का है और मैं डॉक्टर बनकर गरीबों की सेवा करना चाहती हूं। कार्यक्रम में यासिर अली, इरम खान, काव्य सौरभ वर्मा, अंकित ममगईं और योगेश भारद्वाज आदि मौजूद रहे।

### 2.58 किलोग्राम चरस के दो युवक गिरफ्तार

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** पाकबड़ा थाना पुलिस ने दो अभियुक्तों के पास से कुल 2.58 किलोग्राम चरस बरामद कर आरोपियों को जेल भेजा है।

दरोगा प्रमोद कुमार ने पुलिस बल के सहयोग से अभियुक्त मोहम्मद आसिफ पुत्र मोहम्मद कासिम से 1.60 किग्रा चरस बरामद की है। आरोपी अमरोहा जिले के थाना मंडी धनौरा क्षेत्र के गांव चुचैला कलां का रहने वाला है। इसी तरह अभियुक्त अकरम के विरुद्ध दरोगा कुलदीप सिंह तोमर ने एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कराया है। दरोगा ने बताया कि बुधवार रात में वह गश्त पर थे। बागड़पुर अंडरपास की तरफ जब दरोगा टीम के साथ पहुंचे तो संदिग्ध युवक भागने लगा। जिसे दौड़ाकर पकड़ा और आरोपी ने पूछताछ में अपना नाम अकरम पुत्र अख्तर निवासी चुचैला कलां थाना मंडी धनौरा जिला अमरोहा बताया। तलाशी में इसके पास पुलिस ने कुल 980 ग्राम चरस भी बरामद की है।

# सात फ्लैटों में चोरी मामले में एफआईआर

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** पार्श्वनाथ प्रतिभा सोसाइटी नया मुरादाबाद में मंगलवार रात में अलग-अलग सात फ्लैटों का चोरों ने ताला तोड़ दिया था। इनमें रखा लाखों रुपये का सामान और नकदी पार कर दी थी। इन चोरियों के बाद से यहां के निवासियों की नींद उड़ी है। फिलहाल, मामले में एक पीड़ित की तहरीर पर मझोला थाना पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है। इसी रिपोर्ट में अन्य सभी पीड़ितों के नाम शामिल हैं। चोरी का घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है। फुटेज वायरल भी हो गए हैं।

पार्श्वनाथ प्रतिभा सोसाइटी में ए-339 फ्लैट में चंदौसी जिले के एसएम कॉलेज के सेवानिवृत्त शिक्षक डॉ. रविकांत पोरवाल परिवार समेत रहते हैं। इनके घर में भी चोरी हुई है। पुलिस ने डॉ. रविकांत पोरवाल की तरफ से एफआईआर दर्ज की है। इसमें उन्होंने बताया है कि मंगलवार रात में पार्श्वनाथ प्रतिभा सोसाइटी में अन्य छह फ्लैटों में भी चोरों ने ताला तोड़कर घर में रखे सोने-चांदी के जेवरात व अन्य सामान और नकदी समेत लाखों का माल उड़ाया है। पोरवाल ने पुलिस को बताया है कि पार्श्वनाथ प्रतिभा सोसाइटी में मार्म्स मैन फैसिलिटी प्राइवेट लिमिटेड के सुरक्षाकर्मी तैनात हैं। उन्होंने पुलिस को बताया है कि 27 मई को वह पत्नी के साथ गाजियाबाद गए थे। चार जून को उनके पड़ोसी अजय कुमार पोरवाल ने फोन कर बताया था कि फ्लैट के मुख्य द्वार का ताला टूटा है। इसके बाद पड़ोसी व मुहल्ले के कुछ लोग जब उनके मकान के अंदर गए तो देखा कि घर के भीतर के सभी कमरों के ताले टूटे हैं और सामान बिखरा पड़ा है। जब वह लौटे तो देखा कि पांच से छह ग्राम प्योर गोल्ड की 2 गोली, चांदी के 5 गिलास, चांदी के 4 कटोरी, सोने के दो टॉप्स सहित ग्रीन पन्ना के साथ, एक डायमंड का पेंडिल, सोने की चेन, ऑर्टीफिशियल के सेट, सोने में जड़ित दो डायमंड की अंगूठी और 20,000 रुपये नकद चोरी हुआ है। जिसकी अनुमानित कीमत उन्होंने 4.6 लाख रुपये बताई है।

**इनके भी फ्लैटों में हुई थी चोरी**

रविकांत पोरवाल का कहना है कि उनके अतिरिक्त पार्श्वनाथ प्रतिभा में कई लोगों के फ्लैट में ताला तोड़कर उसी रात चोरी हुई है। इसमें मनोज कुमार महेश्वरी पुत्र नरेश चंद्र, महेश चंद्र अग्रवाल, अदनान, शालू कुमारी पुत्री मदन सिंह, ऋचा स्वरूपा नायक पुत्री गगन बिहारी नायक, दीपक चौधरी हैं। ए-235 में धर्मेंद्र सिंह के ऑफिस का भी चोरों ने ताला तोड़ कर सामान चोरी कर लिया है।

> पार्श्वनाथ प्रतिभा सोसाइटी में रह रहे डॉ. रविकांत पोरवाल के घर में चोरी हुई है। शेष तो ऐसे फ्लैट हैं, जिन्हें लोगों ने खरीद तो रखा है पर उसमें रहते नहीं हैं। ताला लगाए रखते हैं। मौके पर जाकर निरीक्षण किया है। साक्ष्य भी एकत्र किए हैं। सीसीटीवी के फुटेज जांचे हैं। आरोपियों की तलाश कर रहे हैं।
>
> -कमलेश कांत वर्मा, थानाध्यक्ष-मझोला

## सार-संक्षेप



बिजनौर में सम्मानित हुई एलएनएस प्राचीन मुरादाबाद की महिलाएं। ● अमृत विचार

### डिस्ट्रिक्ट मीट में किया गया सम्मानित

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** एलएनएस क्लब की डिस्ट्रिक्ट मीट का आयोजन बिजनौर में किया गया। जिसमें एलएनएस प्राचीन मुरादाबाद को कई पुरस्कार मिले। बेस्ट बैनर प्रेजेंटेशन अवार्ड, बेस्ट एडवाइजर अवार्ड, कमेटी पर्सन अवार्ड, पीएसटी अवार्ड, डांस क्लब कंपटीशन में भी एलएनएस प्राचीन को अवार्ड से सम्मानित किया गया। अगली डिस्ट्रिक्ट चेयरपर्सन सरोज गुप्ता का भी स्वागत एवं सम्मान डिस्ट्रिक्ट मीट में किया गया। इस अवसर पर प्रिया पांडे, अंजू लोचब ,नीलम अग्रवाल, विजय पांडे, रीता सिंह, गुंजन, शोभना, प्रीति कश्यप, अंजना आदि को भी क्लब अवार्ड से सम्मानित किया गया।



आशियाना में खुशी मनाते शिव सैनिक। ● अमृत विचार

### शिवसैनिकों ने मनाया विजय उत्सव, बांटी मिठाई

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** शिवसेना (शिंदे गुट) को मिली जीत एवं एनडीए को बहुमत मिलने पर पार्टी के जिला प्रमुख गुड्डू सैनी के नेतृत्व में जिला कार्यालय पर मिठाई बांटी गई। लोकसभा चुनाव में शानदार प्रदर्शन करते हुए महाराष्ट्र में शिवसेना (शिंदे गुट) द्वारा सात लोकसभा सीटों को जीतने का विजय उत्सव मुरादाबाद सहित संपूर्ण पश्चिमी उप्र में मनाया गया। राज्य प्रमुख शिवसेना पश्चिमी उप्र ललित मोहन शर्मा के नेतृत्व में आयोजन किया गया। जिला कार्यालय पर शिवसैनिकों ने ढोल नगाड़ों की थाप पर झूमते हुए विजय उत्सव मनाया। इस अवसर पर जिला प्रमुख गुड्डू सैनी, बाबा कुशल सिंह, लखबीर सिंह लक्खा, फिरोज आलम, महानगर प्रमुख मनोज कुमार, राकेश कुमार प्रजापति, मो. कासिम, कपिल देव, ठाकुरदास सैनी, समरपाल सिंह, राजेन्द्र कश्यप आदि मौजूद रहे।



अंतर्राष्ट्रीय समपार फाटक जागरूकता दिवस के उपलक्ष्य में मौजूद रेलवे अधिकारी।

### समपार फाटक जागरूकता सप्ताह मनाया

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** अंतर्राष्ट्रीय समपार (लेवल क्रासिंग) फाटक जागरूकता दिवस पर मुरादाबाद रेलवे स्टेशन पर अपर मंडल रेल प्रबंधक (परिचालन) राकेश सिंह ने सेल्फी प्वाइंट का उद्घाटन किया। इस महत्वपूर्ण दिवस पर अपर मण्डल रेल प्रबंधक (परिचालन) राकेश सिंह ने वरिष्ठ मण्डल संरक्षा अधिकारी प्रशांत शर्मा तथा मण्डल के अन्य अधिकारियों के साथ मुरादाबाद रेलवे स्टेशन पर सेल्फी प्वाइंट पर सभी अधिकारियों, रेल कर्मचारियों एवं रेल यात्रियों ने सेल्फी ली। इस अवसर पर अपर मण्डल रेल प्रबंधक (परिचालन) तथा वरिष्ठ मण्डल संरक्षा अधिकारी ने मतलबपुर-अगवानपुर रेलखंड में समपार फाटक संख्या 432बी, 433बी पर समपार फाटक से गुजरने वाली जनता के साथ संवाद स्थापित करते हुए जागरूक किया। पूरे मण्डल में समपार फाटक जागरूकता सप्ताह मनाया जाएगा।

### विद्यालय में चोरी करने वाले दो दबोचे

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** कंपोजिट विद्यालय ठीकरी के कार्यालय में चोरों ने ताला तोड़कर सोलर पैनल की 60 सैल (बैटरी) चोरी कर ली थी। इस मामले में भोजपुर पुलिस ने चोरों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार कर जेल भेजा है। विद्यालय में चोरी के मामले में प्रधानाचार्य की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के विरुद्ध मामला दर्ज किया था। इसी तरह रामप्रताप पुत्र भानू प्रताप ने भी जैतपुर से रिलांयस जीओ के टॉवर से बैटरी चोरी करने के संबंध में तहरीर दी थी। राम प्रताप मेरठ के मंगल पांडेनगर के रहने वाले हैं। इन दोनों मामले में पुलिस ने विवेचना एवं साक्ष्य के आधार पर अभियुक्त विक्की पुत्र गजराम और मोसिम पुत्र भोला को गिरफ्तार किया है। भोजपुर पुलिस के मुताबिक, गिरफ्तार अभियुक्त विक्की बीजना गांव का और मोसिम हमीरपुर का रहने वाला है। पुलिस के मुताबिक, इन दोनों आरोपियों के नाम विवेचना के दौरान प्रकाश में आए है। इनके पास से चोरी किए गए सोलर पैनल के 4 सेल व एक बैटरी भी बरामद हुई है।

# चाकरो इस चौकसी में ढील कैसे आ गई...

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचारः** जिला कृषि विकास औद्योगिक एवं सांस्कृतिक प्रदर्शनी अनुगूंज के मंच पर देश के मशहूर कवियों ने अपनी कविताएं प्रस्तुत कीं। अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का सदस्य विधान परिषद डॉ. जयपाल सिंह, जिला कृषि अधिकारी ऋतुषा तिवारी, प्रदर्शनी प्रभारी राहुल शर्मा ने मंच पर दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। इसके बाद 14 कवियों ने देश में वर्तमान में चल रही राजनीति और देश के माहौल पर कविताएं पढ़ीं। दर्शक दीर्घा में बैठे श्रोताओं ने तालियां बजाकर कवियों की हौसला अफजाई की।

गुरुवार को जिगर मंच पर अखिल भारतीय कवि सम्मेलन में कवियों ने रंग जमा दिया। देश दुनिया में चल रहे माहौल पर कविताएं पढ़ी। वहीं हास्य कवियों ने लोगों को खूब हंसाया। तेज नारायण शर्मा ग्वालियर ने पढ़ा कि-चाकरो इस चौकसी में ढील कैसे आ गई, ये तो हंसों की सभा थी, चील कैसे आ गई, जो अंधेरों की मुसलसल कर रहे थे रहबरी, आज उनके हाथ में कंदील कैसे आ गई।

उपेंद्र पांडेय फरीदाबाद ने अपनी कविता कुछ यूं कही- मक्कारी जिसकी रग में, जो प्रतिपल छल और घात करें,वो खंजर लेकर कहता है, आओ टेबल पर बात करें। इनके साथ ही नीर गोरखपुरी, डॉ. शैलेष गौतम प्रयागराज, सत्येन्द्र वर्मा इंदौर, मुकेश श्रीवास्तव कानपुर, गौरी मिश्रा हल्द्वानी ,तुषा शर्मा मरेठ, जसवीर हलधर देहरादून, शरीफ भारती, ठाकुरद्वारा, डॉ. अंजू सिंह मुरादाबाद, कुशल कुशलेंद्र गाजियाबाद, मोनिका देहलवी दिल्ली, विकास बौखल बाराबंकी आदि ने अपनी कविताएं पढ़ीं।




जिगर मंच पर कवि सम्मेलन में काव्य पाठ करते गाजियाबाद के कवि कुशल कुशलेन्द्र।

### नीट में सिमरन ने 660 अंक लाकर बनाया रिकॉर्ड

**मुरादाबाद, अमृत विचारः** जेनेसिस कोचिंग सेंटर के छात्र छात्राओं ने नीट परीक्षा में सर्वाधिक अंक लाकर अपना परचम लहराया है। जेनेसिस कोचिंग सेंटर मुरादाबाद की शाखा की मेधावी छात्रा ने अपनी लगन न मेहनत और कोचिंग सेंटर के अध्यापक के सहयोग से 2024 में की नीट परीक्षा में सिमरन उस्मानी ने 660 अंक प्राप्त किए हैं।

कोचिंग क्लास के सभी शिक्षकों ने अपने सफल प्रयासों से श्रेष्ठ परिणाम लाने में छात्र-छात्राओं की मदद की। जिसमें मोहम्मद रेहान ने नीट की परीक्षा में 642 तथा भूपेंद्र ने 639 अंक प्राप्त किए। वहीं मोहित, स्तुति, हिमांशु व कई छात्रों ने 600 से ऊपर अंक प्राप्त किए। भारत में जेनेसिस क्लास ने अपना ही रिकॉर्ड तोड़ कर नया रिकार्ड बनाया है। जिसमें 82 बच्चों ने 650 अंक प्राप्त किए। वहीं 145 विद्यार्थियों ने 600 से अधिक अंक प्राप्त किए हैं।



लाइनपार में वट सावित्री व्रत पर पूजन करतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

## वट अमावस्या पर की भगवान शिव की पूजा

**मुरादाबाद, अमृत विचारः** वट अमावस्या के अवसर पर शहर के अनेक जगहों पर महिलाओं द्वारा वट वृक्ष की पूजा की गई। इसमें मूलतः भगवान शिव पूजे गए। इसी क्रम में अर्धनारीश्वर मंदिर झाझनपुर में भी महिलाओं द्वारा पूजा की गई। अमरता के प्रतीक वटवृक्ष के संरक्षण के दृष्टिकोण से भी प्रत्येक वर्ष वट वृक्ष के पूजन का आयोजन होता है। वट वृक्ष के समान ही अपने पति की दीर्घायु की कामना वट अमावस्या के दिन सुहागन स्त्रियां करती हैं। इस अवसर पर महिलाओं ने वट वृक्ष की 108 बार परिक्रमा भी की। हजारों सुहागिन महिलाओं ने सुबह से ही यह कार्य शुरू किया और लगभग दोपहर तक चलता रहा।

# दरोगा को रिश्वत में पकड़वाने वाले से 1.9 किग्रा. गांजा बरामद

संवाददाता, अगवानपुर

**अमृत विचारः** सिविल लाइंस थाना क्षेत्र की अगवानपुर चौकी में तैनात दरोगा महेशपाल सिंह को 5 हजार रुपये की रिश्वत के साथ रंगेहाथ पकड़वाने वाले विशनपुर निवासी निजार खां को पुलिस ने एक किलो 900 ग्राम गांजे की साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

सिविल लाइंस थाने में दर्ज हुई रिपोर्ट के आधार पर बुधवार की रात अगवानपुर चौकी प्रभारी मेघराज सिंह पुलिस कर्मियों के साथ विशनपुर रेलवे क्रासिंग पर गश्त कर रहे थे। इस दौरान उन्हें मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि हड्डी मिल की ओर से एक बाइक पर सवार शख्स गांजा लेकर गांव विशनपुर की ओर आ रहा है। पुलिस कर्मियों ने चौधरी मार्केट के पास जाकर घेराबंदी करके दबोच लिया। तलाशी में निजार खां के थैले में एक किलो नौ सौ ग्राम गांजा बरामद हुआ। पुलिस ने एनडीपीएस की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है और जेल भेज दिया। इससे पहले 21 फरवरी को निजार खां ने रिश्वत लेने के मामले में अगवानपुर चौकी पर तैनात दरोगा को जेल भिजवाया था। निजार ने एसएसपी को प्रार्थना पत्र देकर बंदूक निरस्त नहीं करने की गुहार लगाई। एसएसपी ने अगवानपुर पुलिस चौकी में तैनात दरोगा महेशपाल सिंह को मामले की जांच दे दी। आरोप था कि दरोगा ने निजार के पक्ष में रिपोर्ट लगाने के 5 हजार रुपए मांगे थे। इस पर निजार खां ने एंटी करप्शन की टीम से दरोगा को रंगे हाथों पांच हजार की रिश्वत लेते पकड़वा दिया। बता दें निजार पर भी कई मुकदमे विचाराधीन हैं।


आयुष्मान कार्ड योजना | डीएमआर अस्पताल में आयुष्मान योजना के अंतर्गत तीन मरीजों का मामला सामने आया

# आयुष्मान मित्र ने की गड़बड़ी, टीम कर रही जांच

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचारः** जरूरतमंदों के लिए चलाई गई योजना को चूना लगाने वाले अस्पताल के नाम आजकल सुर्खियों में हैं। जिले के मिशन अस्पताल पाकबड़ा, बरुआ अस्पताल खुशहालपुर व महानगर का डीएमआर अस्पताल कार्रवाई की जद में आ चुका है। दो अस्पतालों से आयुष्मान योजना से लिए गए रुपये की वसूली भी कराई जा रही है। वहीं डीएमआर अस्पताल में तीन मरीजों का मामला गरमाया हुआ है। प्रदेश स्तर से कार्रवाई के बाद चिकित्सा विभाग भी सक्रिय हो गया है। मामले की जांच के लिए गठित की गई टीम में एसीएमओ डॉ. संजीव बेलवाल समेत अन्य तीन चिकित्सक शामिल किए गए हैं।

आयुष्मान कार्ड घोटाले के मामले में जांच कर रही टीम डीएमआर अस्पताल के तीन मामलों के अलावा अन्य अस्पतालों के आयुष्मान से लिए गए रुपये की फाइलें खंगालेगी। योजना में मरीजों के फोटो कट पेस्ट कर की गई गड़बड़ी में डीएमआर अस्पताल के डॉ. मंजेश राठी ने संस्था को दिए गए अपने पक्ष में आयुष्मान मित्र द्वारा बरती गई लापरवाही की बात कही है। जिसमें उन्होंने बताया है कि आयुष्मान मित्र विमल ने काम से बचने के लिए इस तरह की गलती की है। उन्होंने बताया कि ये तीनों मरीज अभी उनसे इलाज करा रहे हैं। यह गलती किसी मंशा से नहीं की गई है। आयुष्मान मित्र विमल को कार्य से हटा दिया गया है। फिलहाल मामले की जांच चल रही है। जिले के अन्य नामचीन अस्पतालों में आयुष्मान से ली गई रकम की जांच की जा रही है। साथ ही जिन मरीजों ने आयुष्मान से इलाज कराया है। टीम उन मरीजों के घर जाकर मामले की हकीकत जानेगी।




सिविल लाइन स्थित डीएमआर हॉस्पिटल। ● अमृत विचार

## एक नजर

### सीएचसी में नहीं हैं टीबी के मरीजों की दवाएं

**रहरा, अमृत विचार :** गंगेश्वरी ब्लॉक क्षेत्र के सीएचसी रहरा में आए दिन टीबी के मरीज आते हैं। लेकिन बिना दवा लिए ही वापस चले जाते हैं। मरीजों का कहना है कि ऐसी गर्मी में दूर-दराज के गांव से दवा लेने के लिए आते हैं। लेकिन सीएचसी में टीबी के मरीजों की दवा ही नहीं है। जिससे निजी तौर पर दवाएं खरीद कर मरीजों को खानी पड़ रही है। ऐसी स्थिति में सरकार के दावे फेल होते नजर आ रहे हैं। सीएचसी प्रभारी डॉ. शशांक चौधरी ने बताया कि इस समय प्रदेश में ही दवाओं की कमी है। जैसे ही जनपद में दवाएं आएगी, तुरंत सीएचसी में उपलब्ध हो जाएंगी।

### बाग से फावड़ा और मोबाइल चोरी, दी तहरीर

**हसनपुर, अमृत विचार :** नगर के दीपपुर मार्ग पर स्थित एचएसएस पब्लिक स्कूल के निकट अरशद खान का बाग है। जिसे मोहल्ला कायस्थान निवासी जहीर अहमद पुत्र बशीर खान ने ठेके पर ले रखा है। मंगलवार रात बाग में कई छुट्टा पशु घुस आए थे। जिन्हें भगाने के लिए जहीर अहमद उनके पीछे गया था। तभी मौका पाकर कई चोर बाग में कोठरी पर आए और मोबाइल एवं फावड़ा चोरी कर ले गए। कोठरी में चोरों को देखकर जहीर अहमद ने शोर मचाया तो चोर भाग खड़े हुए। बुधवार सुबह पीड़ित जहीर अहमद कोतवाली पहुंचा और चोरों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। जबकि कोतवाली पुलिस घटना को संधिग्ध मान रही है।

### बाइक से स्टंट का वीडियो वायरल

**हसनपुर, अमृत विचार :** गुरुवार को सोशल मीडिया पर बाइक से स्टंट करने का वीडियो वायरल हो रहा है। वीडियो में स्टंट करने वाला युवक बाइक को पिछले पहिया पर चला रहा है। युवक अपने फॉलोअर बढ़ाने के लिए स्टंड कर अपनी जान को जोखिम में डाल रहे हैं। स्टंट करते समय युवा ख्याल नहीं रखते कि चूक से जान के लाले पड़ सकते हैं। स्टंट के मामले में अब तक क्षेत्र में कई मुकदमें दर्ज हो चुके हैं। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस लगातार इन मामलों में कार्रवाई कर रही है। इससे पहले भी पुलिस स्टंटे के मामलों में आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई कर चुकी है, लेकिन जिले में स्टंट के मामला लगातार सामने आ रहे हैं।

# लिंटर डालने की मशीन के नीचे दबकर भतीजे की मौत, ताऊ घायल

## संभल के नखासा थाना क्षेत्र में सिंहपुर के निकट हुआ हादसा

संवाददाता, सैदनगली/संभल

**अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव से संभल जिले के गांव में ट्रैक्टर से लिंटर डालने के लिए एक मशीन ले जाई जा रही थी। इस दौरान लिंटर डालने की मशीन का हिच निकल गया, जिससे मशीन के नीचे दो मजदूर दब गए। हादसे के बाद एक मजदूर की मुरादाबाद ले जाते समय मौत हो गई। जबकि एक मजदूर को निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया गया है।





सैदनगली क्षेत्र के गांव इंकौदा में विलाप करते परिजन। ● अमृत विचार

सैदनगली थाना क्षेत्र के गांव इंकौदा निवासी जीत सिंह कश्यप मकान के लिंटर डालने का कार्य करते हैं। गुरुवार सुबह वह कई मजदूरों और अपने ताऊ रामप्रसाद के साथ संभल जिले के नखासा थाना क्षेत्र के सिंहपुर में लिंटर डालने के लिए अपना ट्रैक्टर व लिंटर डालने की मशीन लेकर जा रहे थे। जैसे ही मशीन व ट्रैक्टर सिंहपुर के निकट पहुंचे कि अचानक ट्रैक्टर से मशीन का हिच निकल गया। जिसमें रामप्रसाद पुत्र हरि सिंह और जीत सिंह मशीन के नीचे दब गए। राहगीरों ने दोनों को मशीन के नीचे से निकाला। साथी मजदूर जीत सिंह की हालत को गंभीर देखते हुए उसे संभल ले गए। जहां हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उसे मुरादाबाद रेफर कर दिया। मुरादाबाद ले जाते समय जीत सिंह पुत्र जगदीश 28 की मौत हो गई, जबकि रामप्रसाद को संभल के निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया। बाद में बिना कानूनी कार्रवाई के शव को परिजन घर ले आए। मृतक के परिवार में पत्नी सुमन, एक बेटी व एक बेटा है। परिजनों ने बिना किसी कानूनी कार्रवाई के शव का अंतिम संस्कार कर दिया।

### हरिद्वार जा रही महिला लापता, गुमशुदगी दर्ज

**ढबारसी, अमृत विचार :** आदमपुर थाना क्षेत्र के दढियाल गांव निवासी महिला अपने भतीजे के मुंडन संस्कार में शामिल होने के लिए हरिद्वार जा रही थी। लेकिन वह रास्ते में लापता हो गई। पति ने आदमपुर थाने में पत्नी की गुमशुदगी दर्ज कराई है।

दढियाल गांव निवासी रीना पत्नी सचिन ने तीन जून को सुबह नौ बजे पति से कहा कि मेरे भाई के बेटे का हरिद्वार में मुंडन होना है। इसलिए उसे मायके सिरसा कलां जाना है तथा वहां से भाई के साथ हरिद्वार जाना है। पति सचिन इसके बाद अपने खेत पर चला गया। जब वह घर लौटा तो पत्नी दो बच्चों को छोड़कर चली गई थी।

सचिन ने जब अपनी ससुराल में रीना के पहुंचने की बात मालूम की तो उन्होंने वहां पहुंचने से इनकार कर दिया। इसके बाद सचिन ने परिजनों के साथ रीना को तलाशने का प्रयास किया। बाद में सचिन ने आदमपुर थाने पहुंचकर गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। थानाध्यक्ष राजीव कुमार ने बताया कि काल डिटेल व परिजनों से पूछताछ कर महिला को तलाशने का प्रयास किया जा रहा है।



हसनपुर में एसडीएम को ज्ञापन सौंपते व्यापारी। ● अमृत विचार

## पान मसाला और तंबाकू साथ न बेचने का आदेश वापस लेने की मांग

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल ने प्रदेश में पान मसाला व तंबाकू की बिक्री पर नये नियम को संज्ञान में लेते हुए इसका निराकरण करने की मांग करते हुए एसडीएम को ज्ञापन सौंपा।

गुरुवार को उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल ने मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन एसडीएम भगत सिंह को सौंपा। व्यापारियों ने कहा कि आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन ने सात मई को एक अधिसूचना जारी की है। जिसके अनुसार प्रदेश में अब एक दुकान पर पान मसाला और तंबाकू की एक साथ बिक्री पर रोक लगा दी गई है। यह आदेश पूर्ण रूप से अव्यावहारिक है। क्योंकि पान मसाला और तंबाकू का व्यवसाय हर गली नुक्कड़ और चौक चौराहा पर होता है। जिससे कई लोग व्यापार करके अपने परिवार का भरण पोषण करते है। उन्होंने कहा कि या तो पान मसाला और तंबाकू की बिक्री पर प्रतिबंध लगाया जाये। वरना इस आदेश को वापस लिया जाये। ज्ञापन देने वालों में मनोज गोयल, विवेक शर्मा, अंकुर अग्रवाल, मुकेश गोयल, संदीप गुप्ता, नवल किशोर राणा, संदीप अग्रवाल, राजकुमार अग्रवाल, अमित कुमार उर्फ निक्कू आदि मौजूद थे।



गजरौला में बिजलीघर पहुंचे नाराज ग्रामीण। ● अमृत विचार

## बिजली आपूर्ति नहीं मिलने से किसान व ग्रामीण परेशान

संवाददाता, गजरौला

**अमृत विचार :** हाईटेंशन लाइन का तार फुंकने से बिजलीघर में आपूर्ति ठप हो गई है। बिजली आपूर्ति नहीं मिलने से ग्रामीण परेशान हैं।

भाकियू कार्यकर्ताओं ने अधिशासी अभियंता कार्यालय पर प्रदर्शन कर नारेबाजी की। ग्रामीणों के मुताबिक अटारी मुरीदपुर बिजलीघर को जाने वाली हाईटेंशन लाइन जर्जर है। यहां आए दिन फाल्ट से आपूर्ति प्रभावित रहती है। दो दिन पहले भी लाइन में आग लगने के बाद बिजलीघर की आपूर्ति बंद हो गई थी। गुरुवार को भाकियू कार्यकर्ताओं ने फाजलपुर स्थित अधिशासी अभियंता कार्यालय पर प्रदर्शन कर नारेबाजी की। किसानों ने आपूर्ति की मांग को लेकर मुख्य अभियंता राजेश कुमार को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान भाकियू के राजेंद्र सिंह, धर्मेंद्र सिंह, वेदपाल, सचिन धारीवाल, नरेंद्र सिंह, गौरव, प्रकाश, राजन, रोहित आदि मौजूद रहे।

### कुत्तों और बंदरों ने बच्चे सहित आठ को काटा

**हसनपुर, अमृत विचार :** कुत्तों ने बच्चे सहित पांच लोगों को काटकर घायल कर दिया। सीएचसी में घायलों को एंटी रैबिज इंजेक्शन लगाने के बाद घर भेज दिया गया।

बुधवार को भी कुत्तों ने कई लोगों को काटकर घायल कर दिया। बुधवार को एक दिन में पांच लोगों पर कुत्तों ने हमला किया। सभी गुरुवार को अस्पताल में इंजेक्शन लगवाने के लिए आए। कृष्ण पुत्र कन्हैया, जितेंद्र पुत्र देशराज, पुष्पेंद्र पुत्र सतीश, हमबात पुत्र अल्ताफ, लाल सिंह पुत्र गंगा शरण पर आवारा कुत्तों ने हमला करके बुरी तरह से काटकर घायल कर दिया। इसके अलावा पिंकी ग्राम रझौहा, बॉबी पुत्र तिलकराज रझौहा, सुफियान पुत्र अमीर निवासी हसनपुर को बंदरों ने काट लिया। प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. धुवेंद्र सिंह ने बताया कुत्ते एवं बंदरों द्वारा काटने से घायलों को एंटी रैबीज इंजेक्शन लगाए गए हैं।

## एसडीएम व अधिवक्ताओं की वार्ता विफल

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** एसडीएम द्वारा तहसील बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों को गुरुवार को वार्ता के लिए बुलाया था।

बार एसोसिएशन के अध्यक्ष गंगासरन व महासचिव सुरमित गुप्ता के नेतृत्व में बार एसोसिएशन का प्रतिनिधिमंडल वार्ता के लिए पहुंचा। महासचिव सुरमित कुमार गुप्ता ने बार द्वारा दिए मांग पत्र की समस्याओं को एसडीएम के समक्ष रखा। बार अध्यक्ष गंगासरन ने नायब तहसीलदार के न्यायालय में नामांतरण वादों की अविवादित पत्रावलियों में लेखपाल हस्तांतरण रिपोर्ट का विरोध करते हुए भ्रष्टाचार पर आपत्ति जताई। एसडीएम भगत सिंह ने लेखपाल हस्तांतरण रिपोर्ट का प्रावधान उप्र राजस्व संहिता में नहीं होने की जानकारी दी। नायब तहसीलदार व तहसीलदार द्वारा गतिरोध पर अपना



हसनपुर में एसडीएम से वार्ता करते अधिवक्ता। ● अमृत विचार

● **कार्य बहिष्कार एवं हड़ताल समाप्त करने को लेकर हुई थी वार्ता**

स्पष्ट मंतव्य प्रस्तुत नहीं किया जिस कारण वार्ता विफल हो गई। वार्ता में तहसीलदार सुदीप तिवारी, नायब तहसीलदार भारत प्रताप सिंह, नायब तहसीलदार दिवाकर सिंह एवं बार एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल में अध्यक्ष गंगासरन, सुरमित कुमार गुप्त, दिनेश गुप्ता, कनिष्ठ उपाध्यक्ष फतेह सिंह, आफताब आलम, श्योराज सिंह, नरेशपाल सिंह, विनोद त्यागी, अरविंद शर्मा, चौधरी गजेंद्र सिंह, सुनील भटनागर, वीर सिंह, राजेंद्र सिंह, मुजाहिद हुसैन, महावीर सिंह, महिपाल सिंह, विजयपाल सैनी, संजय भड़ाना, नंदराम सागर, केशव प्रजापति, सोहेल अब्बास, अमानुल्लाह खां आदि मौजूद रहे।

### पंप पर कम पेट्रोल देने का वीडियो वायरल

**हसनपुर, अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र के ग्राम बलवापुर निवासी परवीन ने नगर के बाइपास मार्ग स्थित एजेंसी पर से बुधवार को नई बाइक खरीदी थी। इसके बाद उसने चौराहे पर पेट्रोल पंप से 350 रुपये का पेट्रोल डलवाया था।

परवीन को कम तेल होने का शक हुआ, तो उसने कर्मचारी से तेल नापने के लिए कहा तो नोकझोंक होने लगी। पेट्रोल पंप कर्मचारियों द्वारा बाइक से तेल निकाल कर नापा गया तो वह मात्र 150 रुपये की कीमत का निकला। इसी दौरान पीड़ित के साथी ने घटनाक्रम की वीडियो बनाया तो कर्मचारियों द्वारा मोबाइल छीनने की कोशिश की और धमकी दी गई। इसके बाद पीड़ित ने सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल कर दी। वायरल वीडियो रहरा बस स्टैंड स्थित पेट्रोल पंप का है। बताया जाता है कि पहले भी इस पंप पर तेल कम को लेकर कई बार विवाद हो चुका है।

## छेड़खानी एवं जान से मारने की धमकी देने में चार पर रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** युवक ने चार लोगों के खिलाफ छेड़खानी, मारपीट एवं जान से मारने की धमकी देने के मामले में प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की गुहार लगाई थी। पुलिस ने जांच कर चार लोगों पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

नगर स्थित कनेटा रोड निवासी युवक की शादी थाना बहजोई निवासी युवती के साथ पांच जुलाई को हुई थी। शादी के कुछ दिन बाद ही महिला सुसराल पक्ष को झूठे मुकदमे में फसाने की धमकी देती थी। आरोप है कि 30 मई 2024 को जरीफ, आबिद एवं सामिल निवासी बहजोई उसके घर पर आए और गाली गलौज करते हुए मारपीट करने लगे। घर में उस समय युवक की दो बहनें मौजूद थीं, आरोपियों ने उनके साथ छेड़छाड़ की। आरोपियों ने मोहल्ले वासियों को एकत्र होता देखा तो धमकी देते हुए फरार हो गए। इसके बाद युवक कोतवाली पहुंचा और आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी। कोतवाली पुलिस ने जांच कर पीड़ित की तहरीर के आधार पर जाहिद, आबिद एवं सामिल निवासी थाना बहजोई जिला संभल के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### मारपीट के मामले में तीन पर मामला दर्ज

**हसनपुर, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव में कुछ व्यक्तियों ने महिला के घर जाकर गालीगलौज की एवं मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर तीन आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। कोतवाली क्षेत्र के गांव पिपलौती खुर्द निवासी शौकीन की पत्नी शबाना चार जून की रात घर पर अपने बच्चों गुलिस्ता एवं आयान के साथ थी। तभी गांव निवासी वसीम, मुदस्सिर एवं तारिक लाठी-डंडे लेकर उसके घर पर आए और गालियां देकर मारपीट की। पीड़िता का शोर सुनकर आसपास के लोग एकत्र होने लगे। पड़ोसी नवाजिश एवं माजदा ने आरोपियों से पीड़िता को बचाया। जाते-जाते तीनों आरोपी पीड़िता को जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। इसके बाद पीड़िता घायल अवस्था में कोतवाली पहुंची और आरोपियों के खिलाफ तहसील देकर न्याय की गुहार लगाई। कोतवाली पुलिस ने पीड़िता की तहरीर के आधार पर गांव निवासी वसीम, मुदस्सिर एवं तारिक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

## आज गजरौला में धरना देंगे भाकियू शंकर के कार्यकर्ता

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** भाकियू शंकर द्वारा आज गजरौला में प्रदर्शन किया जाएगा। भाकियू शंकर के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी दिवाकर सिंह ने बताया कि प्रदर्शन में भ्रष्टाचार, बिजली संबंधी समस्याओं समेत किसानों से जुड़े सभी मुद्दों को उठाया जाएगा।

दिवाकर सिंह ने बताया कि शुक्रवार दोपहर गजरौला चौपला पुल के नीचे धरना प्रदर्शन किया जाएगा। गुरुवार को कार्यकर्ताओं ने रणनीति बनाते हुए कहा कि इस प्रदर्शन में भारतीय किसान यूनियन (शंकर) के सैकड़ों पदाधिकारी व कार्यकर्ता हिस्सा लेंगे। जिसमें मुख्य रूप से प्रशासनिक विभागों में फैले भ्रष्टाचार, बिजली की समस्याओं व किसानों से जुड़े विभिन्न गंभीर मुद्दों को उठाया जाएगा। भाकियू शंकर के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी दिवाकर सिंह ने कहा कि प्रदेश भर के प्रशानिक विभागों में भ्रष्टाचार चरम पर है। प्रथमा यूपी बैंकों की शाखाओं द्वारा किसान क्रेडिट कार्डों पर अन्य बैंकों से अधिक ब्याज वसूला जा रहा है। नया केसीसी बनवाने पर प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा-जीवन ज्योति बीमा करने के साथ साथ निजी बीमा अनिवार्य करके करोड़ों रुपये वसूले जा रहे हैं। पेट्रोलियम पदार्थों को जीएसटी दायरे में लाने की मांग की गई। कहा कि अवैध अस्पतालों, नकली जीवन रक्षक दवाओं, घी, दूध तेल व कृषि में उपयोग होने वाले नकली कीटनाशकों पर लगाम लगाई जानी चाहिए। कहा कि किसानों के मुद्दों को सुलझाने के लिए अधिकारी नहीं पहुंचते हैं तो संगठन गजरौला चौपला पुल से पैदल मार्च निकलेगा।

### बाप-बेटी से मारपीट में तीन के खिलाफ रिपोर्ट

**हसनपुर, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव मल्लवाली डगरौली निवासी भूकन पुत्र डोरी अपनी बेटी कमलेश पत्नी सतीश के साथ रहता है।

पीड़ित का आरोप है कि 12 फरवरी की रात्रि आठ बजे गांव निवासी कुंवरसैन, जगदीश एवं ऋषिपाल लाठी-डंडे लेकर उसके घर पर आए और गालीगलौज करते हुए उसके व उसकी पुत्री के साथ मारपीट करने लगे।

मारपीट के दौरान कमलेश को काफी चोटें आईं। घायल भूकन अपनी पुत्री के साथ कोतवाली पहुंचा और आरोपियों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की गुहार लगाई। कोतवाली पुलिस ने घटना की जांच कर पांच जून को गांव निवासी कुंवरसेन, जगदीश एवं ऋषिपाल के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली।

## खनन अधिकारी और टीम को देख खनन करने वाले भागे

संवाददाता, आदमपुर

● **अवैध खनन की शिकायत मिलने पर जिलाधिकारी ने दिए थे कार्रवाई के निर्देश**

**अमृत विचार :** क्षेत्र के कई गांवों में अवैध खनन की शिकायत मिलने पर जिलाधिकारी के निर्देश पर जिला खनन अधिकारी ने टीम के साथ छापेमारी की।

इस दौरान खनन माफिया मशीन और ट्रैक्टर-ट्रॉली लेकर भाग निकले। क्षेत्र के गांव दमगड़ा, आदमपुर, ढैकला, बहादुरपुर मिश्र, शीतलता सराय, दढियाल, खुशालपुर, खरपड़ी, सांथलपुर समेत कई गांवों में अवैध खनन कर मिट्टी बेची जा रही है। ग्रामीणों के मुताबिक क्षेत्र में कई लोग खनन का काम कर रहे हैं। बुधवार देर रात खनन अधिकारी आदमपुर, ढबारसी पहुंचे। खनन अधिकारी के मौके पर आने की सूचना मिलते ही खनन करने वाले ट्रैक्टर-ट्रॉली, मशीन और डंपर लेकर भाग निकले। जिला खनन अधिकारी मनीष कुमार ने बताया कि लगातार खनन करने वाले लोगों पर कार्रवाई की जा रही है। खनन करने वाले लोगों को सूचना मिली थी। हालांकि वह मौके से भाग निकले।

बैठक | जिलाधिकारी ने की स्थानीय लोगों से श्रमदान की अपील

## जिम्मेदारी से कराएं बगद नदी की खोदाई

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** बगद नदी के जीर्णोद्धार को लेकर जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी ने कलक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों व कार्यदायी संस्थाओं के साथ नदी की खोदाई को लेकर समीक्षा बैठक की। इस दौरान जिलाधिकारी ने सभी कार्यदायी संस्थाओं व विभागों से खोदाई की जानकारी ली। किस विभाग और संस्था को कितना क्षेत्र आवंटित था तथा कितनी लंबाई तक किस विभाग द्वारा नदी की खोदाई को पूरा किया गया और कितनी खोदाई अभी बाकी है।



बैठक में निर्देश देते जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी। ● अमृत विचार

गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों व कार्यदायी संस्थाओं को निर्देश दिए कि बगद नदी के जीर्णोद्धार के लिए जिस विभाग को जो लक्ष्य आवंटित किया गया है, उसको अभियान चलाकर पूरा करें। इसमें कोई लापरवाही न हो यह सुनिश्चित करें। सभी अधिकारी सहभागी बने और बढ़-चढ़कर श्रमदान करें। सभी विभागों की सहभागिता नदी की खोदाई में आवश्यक है। नदी के जीर्णोद्धार का कार्य प्राथमिकता के साथ कराया जाएगा। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रत्येक विभाग के अधिकारी द्वारा 200 मीटर नदी के खोदाई का कार्य प्राथमिकता के साथ श्रमदान करके किया जाना है। कहा जिस विभाग को जितना क्षेत्रफल आवंटित किया गया है उसकी पूरी जिम्मेदारी होगी कि वह बगद नदी के जीर्णोद्धार के लिए श्रमदान कराकर खोदाई का कार्य अपने निर्देशन में कराएं। नदी के पुनर्जीवित होने से स्थानीय लोगों को अनेक प्रकार के लाभ हो सकेंगे। इसमें सभी लोग तन्मयता के साथ श्रमदान करें और सहभागी बने। बैठक में सीडीओ अश्विनी कुमार मिश्र, अपर जिलाधिकारी न्यायिक मायाशंकर यादव, परियोजना निदेशक अमरेंद्र प्रताप आदि रहे।

### साले को बाइक से मारी टक्कर, पांच पर रिपोर्ट

**गजरौला, अमृत विचार :** पत्नी से विवाद के बाद युवक ने साले को बाइक से टक्कर मार दी। घायल को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। महिला ने पति समेत पांच लोगों पर रिपोर्ट दर्ज कराई है।

मोहल्ला फाजलपुर निवासी अलका वर्मा का भाई राहुल अपने भांजे व भांजी को लेकर अलका के घर गया था। इसी बीच अलका व उसके पति सचिन के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर राहुल घर के बाहर खड़ा हो गया। आरोप है कि इसके बाद सचिन बाइक लेकर घर से निकला और रास्ते में खड़े राहुल को टक्कर मारकर घायल कर दिया। राहगीरों ने घायल राहुल को निजी अस्पताल में भर्ती कराया। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने मामले में अलका की तहरीर पर उसके पति सचिन समेत हापुड़ निवासी रश्मि, मवाना निवासी रमा व मेरठ निवासी राधा पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू करने की बात कही है।


प्रवेश प्रारम्भ

बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली

बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी

फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
- एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
- बी. फार्मा (4 वर्षीय)
- एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)

रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी

फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
- बी. फार्मा (4 वर्षीय)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)

केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी

फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
- डी. फार्मा (2 वर्षीय)

मो. 9457672942

केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)

बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
- एम.एच.ए. (2 वर्षीय)
- एम.पी.एच. (2 वर्षीय)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-

डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) योगेन्द्र सिंह (9760578366)

प्रवेश प्रारम्भ

बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली

फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज

उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
- बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (आगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
- एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज
- बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल

उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज

उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)

For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-

डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)

# हत्या कर गन्ने के खेत में फेंका युवक का शव, जाम व हंगामा

## पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेजा तो भड़के ग्रामीण, धक्का मुक्की व नोकझोंक, तीन थानों की पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे

कार्यालय संवाददाता, संभल/रजपुरा

**अमृत विचार :** संभल जिले के रजपुरा थाना क्षेत्र में घर से निकले युवक की हत्या कर अर्धनग्न शव गन्ने के खेत में फेंक दिया गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया तो ग्रामीण भड़क गए। रजपुरा चौराहा पर जाम लगाकर हंगामा किया। तीन थानों की पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों और पुलिस के बीच नोकझोंक और धक्का मुक्की भी हुई। करीब दो घंटे के बाद जाम खुल सका। पुलिस ने मृतक के पिता की तहरीर पर एक महिला समेत तीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

थाना क्षेत्र के गांव तुमरिया खादर निवासी लालता प्रसाद उर्फ लालतेश (26 वर्ष) पुत्र रामखिलाड़ी बुधवार को शाम घर से निकाला। गुरुवार की सुबह गांव से करीब दो किलोमीटर दूर गांव सेमरी में ईंट भट्ठे के पास सड़क से 15 कदमों की दूरी पर गांव चंदू नगला निवासी ऋषिपाल के गन्ने के खेत में लालला प्रसाद का शव अर्ध निर्वस्त्र अवस्था में पड़ा मिला। शरीर पर चोट के निशान थे। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पत्नी अनारो देवी, मां सोमवती देवी और अन्य परिजन विलाप करने लगे। वहीं गुस्साये ग्रामीणों ने रजपुरा में मेन चौराहे पर पुलिस की कार्यशैली के विरोध में जाम लगाकर हंगामा शुरू कर दिया। बवाल बढ़ने पर धनारी और गुन्नौर थाना पुलिस भी पहुंच गई। पुलिस ने ग्रामीणों को खदेड़ने की कोशिश की। जिससे ग्रामीणों और पुलिस में धक्का मुक्की और नोकझोंक हुई। इस बीच लालता प्रसाद की मां सोमवती देवी की गर्मी के चलते हालत बिगड़ गई। ग्रामीणों ने सोमवती देवी को पानी पिलाकर छाया वाले स्थान पर बैठाया। इस बीच एसडीएम गुन्नौर रमेश बाबू और सीओ बहजोई प्रदीप कुमार भी पहुंच गए। अधिकारियों ने ग्रामीणों को समझाया। पुलिस ने कड़ी कार्रवाई का आश्वासन देकर करीब दो घंटे बाद जाम खुलवाया। थाना प्रभारी निरीक्षक अमरपाल सिंह ने बताया कि मृतक के पिता राम खिलाड़ी की तहरीर पर जयपाल और विमलेश निवासी गांव तुमरिया खादर, नेमपाल निवासी उधरनपुर थाना धनारी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।



रजपुरा में मुख्य मार्ग पर जाम लगाकर अपनी मांग उठाते ग्रामीण। ● अमृत विचार



जाम के दौरान सड़क पर बैठकर बिलखती मृतक के परिवार की महिलाएं।

### युवक की हत्या को लेकर तरह-तरह की चर्चा

**संभल/रजपुरा, अमृत विचार :** युवक की हत्या को लेकर तरह-तरह की चर्चा का माहौल है। कहा जा रहा था कि बुधवार को शाम को युवक के साथ एक महिला और उसके पति को घूमते हुए देखा गया था। चर्चा यह भी है कि महिला के पति और युवक के बीच गांव सेमरी के पास जंगल में मारपीट हुई थी। रात नौ बजे डायल 112 पुलिस भी पहुंची थी लेकिन दोनों मौके से चले गए थे। चर्चा है कि कहीं अवैध संबंधों के चलते तो युवक की हत्या नहीं की गई।

### जाम से लगी वाहनों की कतारें, जूझे लोग

**संभल/रजपुरा, अमृत विचार :** रजपुरा में मुख्य चौराहा पर जाम लगाकर हंगामा करने के चलते वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। चौराहा से गंवा और बबराला मार्ग पर तमाम वाहन फंस गए। लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। इस बीच गुस्साए ग्रामीण हंगामा करते रहे। शुरुआत में केवल थाना पुलिस ही जाम खुलवाने के लिए जूझती रही लेकिन बाद में धनारी और गुन्नौर थाना पुलिस के साथ ही अधिकारी भी पहुंच गए। पुलिस ने किसी तरह ग्रामीणों को समझा बुझाकर शांत किया और जाम खुलवाया। करीब दो घंटे के बाद वाहन गंतव्य की तरफ रवाना हुए।

### एक नजर

#### बीए व बीकॉम में प्रवेश प्रक्रिया 11 से होगी शुरू

**संभल, अमृत विचार :** एमजीएम कॉलेज में बीए एवं बीकॉम प्रथम सेमेस्टर के लिए प्रवेश प्रक्रिया 11 जून से शुरू होगी। प्राचार्य डॉ.योगेंद्र सिंह ने बताया कि छात्र छात्राएं प्रवेश समिति के समक्ष प्रवेश फार्म भरकर प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण करा लें। बीए प्रथम सेमेस्टर की प्रवेश समिति में डॉ.निलेश कुमार (प्रथम), नवेद अहमद खान, दुष्यंत मिश्र, नेमपाल सिंह, बीकॉम प्रथम सेमेस्टर की प्रवेश समिति में डॉ.संजय बाबू, डॉ.आनंद कुमार सिंह, डॉ.रोहित अग्रवाल हैं। समिति सुबह 10.30 बजे से दोपहर 2 बजे तक दायित्व का निर्वहन करेगी।

#### महिला से युवक ने की छेड़छाड़, रिपोर्ट दर्ज

**संभल/रजपुरा, अमृत विचार :** रजपुरा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक महिला ने थाने में तहरीर कहा कि गांव का ही एक युवक उसके घर आया। महिला को युवक खेत में पानी लगाने के बहाने से साथ ले गया। आरोप है कि वहां युवक महिला से छेड़छाड़ करने लगा। शोर मचाने पर आसपास के लोग दौड़कर मौके पर पहुंचे तो युवक भाग गया। महिला ने कार्रवाई की गुहार लगाई। वरिष्ठ उपनिरीक्षक ललित कुमार शर्मा ने बताया कि गजेंद्र निवासी अमरपुर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

## कोल्ड स्टोर से चोरी करते युवक को पकड़ कर पुलिस को सौंपा

**चन्दौसी, अमृत विचार :** पुलिस ने बदायूं रोड स्थित कोल्ड स्टोरेज के मंदिर से चोरी कर भागते युवक को दबोच लिया। जिसके पास से दानपात्र से चोरी किए रुपये व कुछ बांट बरामद कर रिपोर्ट दर्ज की गई है।

बदायूं रोड पर साहू खानचंद्र फूड्स प्लांट है। बुधवार की रात साढ़े बारह बजे युवक के कोल्ड स्टोर परिसर में बने मंदिर में एक युवक घुस गया। वहां युवक ने दानपात्र तोड़ उसमें रखे चोरी कर लिए और पास ही पड़े छोटे बांट भी समेट लिए। कोल्ड स्टोर पर मौजूद लेबर ने भाग रहे चोर युवक को दबोच लिया। मौके पर पहुंची पुलिस आरोपी हिरासत में लेकर कोतवाली ले आई। पुलिस ने युवक के पास से दानपात्र से निकाले 1950 रुपये व छह लोहे के बांट बरामद किए। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम राधे पुत्र सुरेश उर्फ सूरजपाल निवासी ग्राम नरैनी थाना बिल्सी जनपद बदायूं बताया। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर न्यायालय के समक्ष पेश किया है। कोतवाली में युवक के विरुद्ध चोरी के कई मामले दर्ज है।

# बाइक सवार किसान की ट्रक की टक्कर से मौत, एक गंभीर घायल

संवाददाता, संभल

- साढ़ू के साथ ट्रैक्टर खरीदने जा रहा था फिरोज

**अमृत विचारः** सदर कोतवाली क्षेत्र में संभल चंदौसी मार्ग पर ट्रैक्टर खरीदने जा रहे बाइक सवार किसान की ट्रक की टक्कर से मौत हो गई। जबकि उसका साढ़ू इस हादसे में गंभीर रुप से घायल हो गया। व्यक्ति की मौत होने से परिजनों में कोहराम मच गया।



फिरोज (फाइल फोटो)

असमोली थाना क्षेत्र के गांव मदाला निवासी फिरोज 45 वर्ष गुरुवार की दोपहर दो बजे बाइक पर सवार होकर थाना क्षेत्र के गांव राया बुजुर्ग निवासी अपने साढ़ू सालिम के साथ एजेंसी से ट्रैक्टर खरीदने चंदौसी जा रहे थे। फिरोज बाइक लेकर जैसे ही सदर कोतवाली क्षेत्र में संभल चंदौसी मार्ग पर गांव टांडा के पास पहुंचे। पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दी। जिससे सड़क पर गिरकर फिरोज व सालिम गंभीर रुप से घायल हो गए। हादसे के बाद चालक ट्रक मौके पर ही छोड़कर भाग गया। घायलों को सड़क पर पड़ा देखकर आसपास के लोग मौके पर इकट्ठा हो गए। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने ट्रक कब्जे में लेकर उपचार के लिए फिरोज व सालिम को एंबुलेंस से जिला अस्पताल भिजवाया। हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार देकर फिरोज को हायर सेंटर रेफर कर दिया। मुरादाबाद जिला अस्पताल में पहुंचते ही फिरोज की मौत हो गई। बिना पोस्टमार्टम कराए परिजन शव लेकर घर आ गए।

# आंधी-बारिश में गिरी छत व दीवार, तीन घायल

कार्यालय संवाददाता, संभल/जुनावई

**अमृत विचार :** बुधवार देर रात अचानक मौसम का मिजाज बदला। बरसात हुई तो लोगों ने गर्मी से राहत महसूस की। वहीं आंधी की वजह से कई जगह पेड़ गिर गये और बिजली आपूर्ति ठप हो गई। जुनावई थाना क्षेत्र में आंधी, बारिश के दौरान पेड़ और बिजली का पोल टूटने से मकान की छत और दीवार गिरी। मलबे की चपेट में आकर महिला समेत तीन लोग घायल हुए। महिला और पुरुष को सीएचसी से गंभीर हालत में हायर सेंटर रेफर किया गया।

थाना क्षेत्र के गांव घोसली वाहन में बुधवार को देर रात आंधी और बारिश के दौरान पेड़ टूटकर पुष्पेंद्र की मकान की छत पर गिर गया। जिससे छत भी क्षतिग्रस्त हो गई। नीचे सो रहा पुष्पेंद्र छत के मलबे की चपेट में आकर घायल हुआ। पुष्पेंद्र को



जुनावई में आंधी-बरसात से गिरा पेड़ व दीवार। ● अमृत विचार

- घायलों को सीएचसी से गंभीर हालत में हायर सेंटर रेफर किया गया

सीएचसी से प्राथमिक उपचार देकर हायर सेंटर रेफर किया गया। इसी गांव के भगवान सिंह की पत्नी कमलेश मकान के अंदर सो रही थी। बाहर लगा बिजली का पोल दीवार पर गिरा और दीवार भी धराशायी हो गई। मलबे की चपेट में आकर कमलेश गंभीर रूप से घायल हुई जबकि परिवार का रामदास भी चोटिल हुआ। परिजन दोनों को सीएचसी ले गए। डॉक्टर ने उपचार देकर कमलेश को हायर सेंटर रेफर कर दिया जबकि रामदास को उपचार देकर घर भेज दिया।

### आंधी से बिजली आपूर्ति हुई ठप

**संभल।** बुधवार रात दस बजे अचानक तेज आंधी के बाद बरसात हुई तो आंधी की वजह से कई जगह पेड़ सड़क और बिजली लाइनों पर गिर गये। इस हालात में जनपद के ज्यादा ग्रामीण इलाके की बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। सुबह को बिजली कर्मियों ने लाइनों को दुरुस्त कर बिजली आपूर्ति बहाल करने के लिए मशक्कत की।

### फिलहाल गर्मी से मिली राहत

**संभल।** पिछले पन्द्रह दिन से बदन झुलसा देने वाली गर्मी की वजह से आम जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया था। बुधवार रात को अचानक बरसात हुई तो लोगों को गर्मी से राहत महसूस हुई। गुरुवार का दिन भी राहत के साथ कट गया। हालांकि कहा यह जा रहा है कि इस हल्की बरसात की वजह से पारा ज्यादा समय तक नीचे नहीं रहेगा और एक दो दिन में फिर तापमान 44 डिग्री तक पहुंच जायेगा।

## सार संक्षेप



बहजोई में पौधारोपण करतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

### महिलाओं ने पौधरोपण कर दिया हरियाली का संदेश

**बहजोई, अमृत विचार :** जायंट्स ग्रुप का महिला उन्नति से जुड़ी महिलाओं ने विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष में पौधारोपण कर हरियाली का संदेश दिया। वहीं आमजन से पेड़ लगाकर पर्यावरण संतुलन का आह्वान किया। जायंट्स ग्रुप का महिला उन्नति से जुड़ी महिलाओं ने एक फार्म हाउस पर नीम, पीपल व अमरूद आदि के पौधे रहे। महिलाओं ने इन पौधों का रोपण कर हरियाली का संदेश दिया तो वहीं पर्यावरण संतुलन के लिए पौधारोपण जरूरी बताया। यूनिट डायरेक्टर मीनू कमल वार्ष्णेय ने कहा कि आज के समय में पेड़ों का कटान अत्याधिक हो रहा है। जिस तरीके से पेड़ों का कटान हो रहा है यह पर्यावरण संतुलन के लिए खराब स्थिति है। इसलिए सभी को एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए। इस दौरान अध्यक्ष अनुपम अग्रवाल, सचिव नैना गुप्ता, कुमकुम वार्ष्णेय, कुसुम वार्ष्णेय, रजनी, अंजू डोली वार्ष्णेय, नंदिनी वार्ष्णेय, रेनू वार्ष्णेय आदि मौजूद रहे।

### ग्रामीणों को जल बचाने के लिए किया प्रेरित

**संभल, अमृत विचार :** हर घर जल शक्ति मिशन के तहत नमामि गंगे तथा ग्रामीण जिला पूर्ति विभाग की ओर से ग्राम पंचायत चितावली में पंचायतघर के पास रंगोली बनाई गई। मास्टर ट्रेनर हरपाल सिंह ने ग्रामीणों को जल बचत के लिए जागरूक किया। उन्होंने कहा कि नहाने, कपड़े धोने एवं पशुओं को नहलाने आदि में जो अधिक जल प्रयोग करते हैं उसे बचाया जाए। सफाई कर्मी जसराम सिंह ने भी ग्रामीणों को जल बचाने के लिए प्रेरित किया। साथ ही, आसपास साफ सफाई रखने की बात कही। इस दौरान सोनू कुमार, मोहम्मद सलाम, फिरोज, शाहजहां, तारा देवी, रितु देवी, प्रभा देवी आदि रहे।

### बिजली चोरी रोकने को चेकिंग अभियान चलाएगा निगम

**संभल, अमृत विचार :** भीषण गर्मी में जहां बिजली की खपत ज्यादा हुई तो बिजली चोरी भी धड़ल्ले से हुई। ऐसे में विभाग ने उन क्षेत्रों को चिन्हित कर लिया, जहां बिजली चोरी की गई। विभाग ने चेकिंग अभियान चलाकर कार्रवाई करने की रणनीति बनाई है। जल्द ही अभियान शुरू हो सकता है। मई के महीने में भीषण गर्मी रही तो शहर से लेकर देहात तक बिजली की खपत बढ़ गई। साथ ही, कई क्षेत्रों में बिजली चोरी भी खूब हुई। बिजली विभाग ने ऐसे क्षेत्रों को चिन्हित किया है, जो ज्यादा लाइन लॉस श्रेणी में आ रहे हैं। इन क्षेत्रों में चेकिंग अभियान चलाकर कार्रवाई करने की रणनीति बन रही है। एसडीओ तृतीय महेंद्र सिंह ने बताया कि वैसे तो पूरे शहर में ही बिजली चोरी हो रही है। इनमें विद्युत उपकेंद्र रायसत्ती, चौधरी सराय, हयातनगर, संभल बिजलीघर आदि हैं। इन क्षेत्र में चेकिंग अभियान चलाया जाना है। अभी यह तय नहीं हुआ है कि अभियान कब से चलेगा। चुनाव आचार संहिता हटने के बाद ही चेकिंग अभियान चलाकर कार्रवाई की जाएगी।

### बारिश के बीच हाईटेंशन लाइन में फाल्ट, गुल हुई बिजली

**संभल/सिरसी, अमृत विचार :** सिरसी में आंधी बारिश के बीच देर रात बिजली गुल हो गई। लोगों ने काफी इंतजार किया लेकिन बिजली आपूर्ति शुरू नहीं हुई। बिजली विभाग के कर्मचारियों से संपर्क किया तो पता चला कि 11 हजार वोल्टेज की लाइन में फाल्ट हुआ है। बिजली नहीं आने से करीब 50 हजार की आबादी को परेशानी हुई। लोगों को बेचैनी के माहौल में ही रात काटनी पड़ी। गुरुवार को सुबह करीब पांच बजे बिजली आई, तब कहीं जाकर लोगों ने राहत की सांस ली। लोगों का कहना रहा कि जरा सी बारिश और हवा चलने पर ही बिजली घंटों के लिए गायब हो जाती है।

# प्रदीप अध्यक्ष और अमित सचिव निर्वाचित

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** बार एसोसिएशन संभल का चुनाव संपन्न हो गया। मतदान प्रक्रिया के बाद वोटों की गिनती हुई। जिसमें प्रदीप कुमार गुप्ता अध्यक्ष, अमित कुमार उठवाल सचिव और नीरज कुमार गुप्ता कोषाध्यक्ष निर्वाचित हुए। अधिवक्ताओं ने नव निर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई दी। अध्यक्ष ने अधिवक्ताओं के हित में काम करने की बात कही।

बार चुनाव को लेकर एल्डर्स कमेटी के चेयरमैन प्रकाशवीर सिंह एडवोकेट की अध्यक्षता में सदस्य देवेंद्र पाल, सतवीर शर्मा, मुस्तकीम अहमद, विजय कुमार गुप्ता ने मतदान प्रक्रिया संपन्न कराई। जिसमें शत प्रतिशत सदस्यों ने मतदान किया। मतदान के बाद मतपत्रों की गिनती की गई। अध्यक्ष पद के लिए प्रदीप कुमार गुप्ता ने 38 मत प्राप्त किए जबकि राजीव कुमार भटनागर को 28 मत मिले। इस तरह प्रदीप कुमार गुप्ता को 10 मतों से अध्यक्ष पद पर विजयी घोषित किया गया। सचिव पद के प्रत्याशी अमित कुमार उठवाल को 38 मत मिले तथा चंद्रप्रकाश को 28 मत प्राप्त हुए। 10 मतों से अमित कुमार उठवाल विजयी घोषित हुए। कोषाध्यक्ष पद के लिए नीरज कुमार गुप्ता को 34 और अली सादिक को 30 मत मिले। इस तरह नीरज कुमार गुप्ता 4 मतों से विजयी हुए। कोषाध्यक्ष के लिए दो मत निरस्त किए गए।

अधिवक्ताओं ने नव निर्वाचित पदाधिकारियों को फूल माला पहनाकर मिठाई खिलाते हुए बधाई दी। प्रदीप कुमार गुप्ता वर्ष 2020 में भी अध्यक्ष पद पर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सभी अधिवक्ताओं को सम्मान देते हुए उनके हित में काम करेंगे। लोगों को सस्ता और सुलभ न्याय दिलाने का काम होगा।



बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष प्रदीप कुमार गुप्ता, सचिव अमित कुमार उठवाल और कोषाध्यक्ष नीरज कुमार गुप्ता। ● अमृत विचार

- मतगणना के बाद हुई पदाधिकारियों की घोषणा

## मौसम का बदला मिजाज लोगों को मिली राहत

**संभल, अमृत विचार :** कई दिनों तक भीषण गर्मी के बाद बुधवार को देर रात आंधी और बारिश से मौसम सुहाना हो गया। गुरुवार को चिलचिलाती धूप रही लेकिन दूसरे दिनों की तुलना में प्रचंड गर्मी का माहौल नहीं बना। लोगों को भी राहत महसूस हुई।

संभल में बुधवार को देर रात अचानक मौसम ने करवट ली। आंधी के साथ ही कई क्षेत्रों में बारिश हुई तो मौसम का मिजाज बदल गया और लोग राहत महसूस करने लगे। गुरुवार को सुबह के वक्त भी ठंडी हवा चलने के बीच दिक्कत नहीं हुई। हालांकि चिलचिलाती धूप रही फिर भी लोग राहत महसूस करते नजर आए। दोपहर के वक्त भी पारा कम रहने की वजह से जनजीवन पिछले दिनों जैसे प्रभावित नहीं हुआ। शाम के वक्त बाजारों, चौराहों और मुख्य मार्गों पर रौनक का माहौल नजर आया।



बाढ़ से निपटने की तैयारियों पर चर्चा करते डीएम मनीष बंसल। ● अमृत विचार

## बाढ़ से निपटने को समय से तैयारी पूरी करें

संवाददाता, बहजोई

**अमृत विचार :** डीएम ने बाढ़ की तैयारियों को लेकर स्टीयरिंग ग्रुप की समीक्षा के दौरान एक महीने के अंदर तटबंध की मरम्मत किए जाने के निर्देश दिए। तो वहीं मच्छर जनित रोग की रोकथाम करने को भी कहा।

कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में डीएम मनीष बंसल ने बाढ़ नियंत्रण को लेकर अब तक की गई तैयारी की समीक्षा करते हुए कहा कि एक माह के अंदर अपनी तैयारियों को पूर्ण करते हुए तटबंध की मरम्मत करने का काम करें। तहसीलदार शीघ्र तटबंध का निरीक्षण करें। स्वास्थ्य विभाग से कहा कि दवाईयां, क्लोरीन आदि की पर्याप्त उपलब्धता एवं मच्छर जनित रोग से रोकथाम के कार्य किए जाएं।

पशुओं के चारे की उपलब्धता को लेकर मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डा. दिनेश चन्द्र को निर्देश दिए। बाढ़ चौकियों के निरीक्षण बाढ़ से संबंधित प्रचार प्रसार, लेखपाल, ग्राम प्रधान, एसएचओ आदि के फोन नम्बर प्रदर्शित करने की बात कही।

**आयोजन** कैथल गेट स्थित दाऊ जी मंदिर से हुआ शोभायात्रा का आरंभ

# हिन्दू साम्राज्य दिवस पर धूमधाम से निकाली शोभायात्रा

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार :** हिन्दू स्वाभिमान संघ की ओर से हिन्दू साम्राज्य दिवस पर शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा का आरंभ मुख्य अतिथि नोएडा से आए समाजसेवी चंद्र प्रकाश व विशिष्ठ अतिथि रविंद्र शर्मा ने किया।

शोभायात्रा का आरंभ कैथल गेट स्थित दाऊ जी मंदिर से किया गया। शोभायात्रा में रूप में ताइक्वांडो व देश का अर्धसैनिक बल विजय मुद्रा के स्वरूप की झांकी आकर्षण का केंद्र थीं। इसके बाद अयोध्या में भगवान श्रीराम का सजीव स्वरूप, डीजे पर थिरकते बच्चे शामिल थे। इसके पीछे शिवाजी महाराज का रथ चल रहा था। शोभायात्रा में जगह-जगह पुष्प वर्षा होती रही।



शोभायात्रा में मुख्य रथ पर आरती करते श्रद्धालु।

कैथल गेट स्थित दाऊजी मंदिर से आरंभ हुई शोभायात्रा ब्रह्म बाजार, फड़याई बाजार, घंटाघर, हुसैनी बाजार, मुरादाबाद गेट, फव्वारा चौक होते हुए सुभाष रोड स्थित श्रीराम मंदिर पर पहुंच कर संपन्न हुई।

इस दौरान मुकेश गोयल, निखिल पांडे, दीपक वार्ष्णेय, हनी चंद्रा, अमित शर्मा, मंजू दिलेर, पालिकाध्यक्ष लता वार्ष्णेय, अखिलेश खिलाड़ी, राजेश शंकर राजू, कमल वार्ष्णेय, डॉ. विशाल चौहान, अन्नू पंडित, गौरव बिरला, प्रफुल्ल मित्तल, उमेश शर्मा, अंकित वार्ष्णेय, आलोक वार्ष्णेय, अंकुश गौड़ आदि मौजूद रहे।



शोभायात्रा में शामिल शिवाजी महाराज स्वरुप की झांकी।

## रायल क्लब ने बीसीसी को हराकर जीता मैच

**संभल/सिरसी, अमृत विचार :** सिरसी के मुहल्ला शर्की रेलवे ग्राउंड पर खेले जा रहे नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट में बुधवार को रात रायल क्लब सिरसी और बीसीसी सिरसी के बीच मैच खेला गया। रायल क्लब ने बीसीसी को हराकर जीत दर्ज की।

मैच का टॉस रायल क्लब के कप्तान मोनिस ने जीता। उनकी टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए आठ ओवर में दो विकेट खोकर 199 रन बनाए। सादिक ने दस छक्कों के साथ शानदार 78 रन बनाए जबकि शाजेब ने 76 और जमाल ने 27 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए बीसीसी की टीम आठ ओवर में सात विकेट खोकर 84 रन बनाकर ही सिमट गई। रायल क्लब ने 115 रन से मैच जीता। बीसीसी के ताहिर ने 27 रन बनाए जबकि रायल क्लब के गेंदबाज रिजवान ने तीन विकेट लिए। मैन ऑफ द मैच सादिक रहे। एम्पायर मुस्तफा अली और मुहम्मद शुएब रहे।

# किसानों की समस्याओं को लेकर होगा आंदोलन

कार्यालय संवाददाता, संभल/जुनावई

**अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन टिकैत की बैठक में किसानों की समस्याओं को लेकर मंथन हुआ। हरिद्वार के चिंतन शिविर के बाद गुन्नौर में बड़ा आंदोलन करने की बात कही गई।

जुनावई क्षेत्र के गांव ललरोई में हुई भाकियू टिकैत की बैठक में तय हुआ कि हरिद्वार में 16,17 और 18 जून को होने वाले राष्ट्रीय चिंतन शिविर के बाद तहसील गुन्नौर में पंचायत करते हुए बड़ा आंदोलन किया जाएगा क्योंकि गुन्नौर तहसील के अधिकारी मनमानी कर रहे हैं। किसानों की समस्याओं की तरफ ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

हरिद्वार के शिविर में संभल जिले की ओर से भंडारा होगा। प्रदेश प्रमुख महासचिव एवं प्रभारी पश्चिमी उत्तर प्रदेश विजेंद्र सिंह यादव और जिलाध्यक्ष मनपाल सिंह यादव ने कहा कि किसानों की अनदेखी हो रही है। शिकायत के बाद भी अधिकारी समस्याओं का निस्तारण नहीं कर रहे हैं। कहा कि सरकार चाहें कोई भी हो, किसी भी पार्टी की हो, हमारा विरोध सरकार से नहीं होता। हम गलत नीतियों का विरोध करते हैं। किसानो के खिलाफ जो कानून बनेगा उसका विरोध किया जाएगा।

इस दौरान प्रदेश सचिव उदयवीर सिंह, मंडल संगठन मंत्री जबर सिंह यादव, जिलाध्यक्ष युवा दिनेश कुमार यादव, अमर सिंह राजपूत, ओमप्रकाश, ओमपाल आदि रहे। अध्यक्षता तहसील उपाध्यक्ष चरण सिंह यादव ने व संचालन मुकेश यादव ने किया।



किसान पंचायत को संबोधित करते बिजेंद्र सिंह यादव। ● अमृत विचार

- गुन्नौर तहसील के अधिकारी कर रहे हैं मनमानी
- किसानों की समस्याओं की तरफ नहीं दे रहे ध्यान

## एक नजर

### प्रियांशु वार्ष्णेय को नीट में 664 अंक मिले



चन्दौसी, अमृत विचार : ब्रह्म बाजार स्थित मोहल्ला देवी निवासी प्रियांशु वार्ष्णेय ने नीट उत्तीर्ण कर परिवार का नाम रोशन किया है। प्रियांशु ने नीट में 664 अंक प्राप्त कर 7786 केटेगरी रैंक प्राप्त की है। प्रियांशु के पिता श्रीगोपाल वार्ष्णेय साड़ी की दुकान करते हैं। प्रियांशु की इस सफलता से परिवार व रिश्तेदारों में खुशी का माहौल है।

### मोहम्मद अयान ने नीट में पाई सफलता



बहजोई, अमृत विचार : नगर के मोहल्ला कुरेशियान निवासी मोहम्मद अनवार के बेटे मोहम्मद अयान ने घर पर ही पढ़ाई करके नीट की परीक्षा 658 अंक पाकर सफलता पाई है। अपनी सफलता का श्रेय मोहम्मद अयान ने अपने परिजनों को दिया।

संभल-चन्दौसी की खबरें पेज 12 पर भी

# पुलिस मुठभेड़ में एक गो तस्कर घायल

## गोवंशीय पशु, बाइक, वध करने के उपकरण और तमंचा बरामद

कार्यालय संवाददाता, संभल/मनोटा

**अमृत विचार:** ऐचोड़ा कंबोह थाना क्षेत्र में गुरुवार को तड़के पुलिस की पशु तस्करों के साथ मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ में पुलिस की गोली से एक गो तस्कर घायल हो गया। जबकि उसके दो साथी भागने में कामयाब हो गए। गोवंशीय पशु को कब्जे में लेकर पुलिस ने मौके से बाइक, वध करने के उपकरण और एक तमंचा बरामद किया। सूचना मिलने पर एएसपी उत्तरी, सीओ असमोली और आसपास के थानों की पुलिस भी मौके पर पहुंची गई।

एएसपी उत्तरी श्रीश्चंद ने बताया कि गुरुवार की तड़के ऐंचोड़ा कंबोह थाना पुलिस व क्राइम ब्रांच को सूचना मिली थी कि ऐचोड़ा कंबोह थाना क्षेत्र के गांव पनसुखा के पास स्थित नहर की पुलिया के कच्चे रास्ते पर तीन गो तस्कर वध करने के लिए गोवंशीय पशु को लेकर पहुंचे हैं। सूचना मिलने पर ऐंचोड़ा कंबोह थाना प्रभारी



ऐंचोड़ा कंबोह में मुठभेड़ के बाद मौके पर पड़ी बदमाशों की बाइक देखते एएसपी उत्तरी श्रीश्चंद्र। साथ में सीओ संतोष कुमार व थाना प्रभारी रेनू कुमारी।

रेनू कुमारी व क्राइम ब्रांच टीम ने मौके पर पहुंचकर गो तस्करों की घेराबंदी की। इस बीच पुलिस को देख गो तस्करों ने पुलिस टीम पर फायर कर दिया। पुलिस ने गो तस्करों के साथ मुठभेड़ की सूचना अफसरों को देकर पुलिस ने जवाबी फायरिंग की। जिसमें पुलिस की लगने से एक पशु तस्कर नखासा थाना क्षेत्र के मुहल्ला हिलाली सराय निवासी अयान उर्फ मूसा



अस्पताल में भर्ती मुठभेड़ में घायल बदमाश।

घायल हो गया। इससे पहले पुलिस पकड़ पाती अयान के दो साथी भागने में कामयाब हो गए।

### पशु तस्कर के खिलाफ दर्ज हैं कई मुकदमे

संभल/असमोली। अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी श्रीश्चंद ने कहा कि गौ-तस्करों के साथ मुठभेड़ होने की सूचना मिलने पर पुलिस क्षेत्राधिकारी असमोली संतोष कुमार व आसपास के थानों की पुलिस टीम भी मौके पर पहुंची थी। मुठभेड़ में पुलिस की गोली लगने से घायल हुए अयान उर्फ मूसा के खिलाफ नखासा थाने में गैंगस्टर व प्रतिबंधित पशु का वध करने सहित तीन और सदर कोतवाली संभल में आर्म्स एक्ट में एक मुकदमा दर्ज हैं। जल्द ही अयान के साथियों को पकड़कर उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

पुलिस ने गोवंशीय पशु को कब्जे में लेकर मौके से पशु वध करने के उपकरण, बाइक और तमंचा बरामद कर अयान को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया। मौके से भागे दोनों पशु तस्करों को पकड़ने के लिए पुलिस ने जंगल व आसपास के क्षेत्र चैकिंग अभियान चलाया।

## बच्चों के झगड़े में बड़े हुए शामिल, चले लाठी-डंडे

**बनियाठेर/चन्दौसी, अमृत विचार:** थाना बनियाठेर के गांव मोहम्मदपुर काशी में बच्चों के बीच हुए झगड़े में बड़े भी शामिल हो गए जिसके कारण जम कर लाठी-डंडे चले। जिसमें एक पक्ष से चार महिलाओं समेत पांच लोग घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए सीएचसी लाया गया। जहां चिकित्सक ने दो महिलाओं की हालत गंभीर होने पर हायर सेंटर रेफर कर दिया।

गांव मोहम्मदपुर काशी निवासी अनीस पुत्र बाबू ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बुधवार की शाम करीब सात बजे उसके बच्चों की पड़ोसी के बच्चों से किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। जिससे पड़ोस की महिलाएं व पुरुष लाठी-डंडे लेकर आ धमके और महिलाओं से गाली-गलौज करने लगे। महिलाओं ने गाली देने से मना किया तो लाठी-डंडों से पीटा। सिर में डंडा लगने से फातमा, शाहिन, सलमा व नफीसा घायल हो गईं। बीच बचाव को पहुंचे मुसव्वर पुत्र इलाही बख्श को भी पीट कर घायल कर दिया। घायलों को सीएचसी में ले गई। जहां फातमा व सलमा को हायर सेंटर रेफर कर दिया।

# गुन्नौर की बढ़त से बदायूं सीट पर मिली आदित्य को जीत

संजीव वार्ष्णेय , गुन्नौर

- पांच विधानसभा क्षेत्रों में से गुन्नौर में सबसे ज्यादा 39887 मतों की मिली बढ़त

**अमृत विचार :** बदायूं संसदीय सीट से समाजवादी पार्टी प्रत्याशी आदित्य यादव की जीत में गुन्नौर विधानसभा क्षेत्र के यादव मतदाताओं ने अहम भूमिका निभाई है। आदित्य को पांच विधानसभा क्षेत्रों में से गुन्नौर में सबसे ज्यादा 39887 मतों की बढ़त मिली। गुन्नौर की यही बढ़त उनकी जीत का आधार बनी।

बदायूं संसदीय सीट पर भाजपा प्रत्याशी दुर्विजय सिंह शाक्य और सपा के आदित्य यादव के बीच कड़ी टक्कर रही। मतगणना के दौरान शुरूआती चक्रों में दुर्विजय सिंह ने बढ़त बनाई लेकिन आखिर में आदित्य यादव ने बाजी जीत ली। विधानसभा क्षेत्र वार जारी आंकड़ों के मुताबिक सपा प्रत्याशी की जीत का रास्ता यादव बहुल गुन्नौर विधानसभा क्षेत्र के नतीजे से निकला। गुन्नौर विधानसभा क्षेत्र में सपा प्रत्याशी आदित्य यादव को 121480 वोट मिले, जबकि भाजपा के दुर्विजय सिंह शाक्य को 81593। यहां सपा को 39887 वोट ज्यादा मिले यही वोट आदित्य यादव को जीत दिला गये। पिछले विधानसभा चुनाव में गुन्नौर सीट पर भाजपा ने जीत दर्ज कराई थी लेकिन उसके बाद 2022 के विधानसभा चुनाव में सपा ने गुन्नौर सीट भाजपा से छीन ली। अब लोकसभा चुनाव में भी गुन्नौर के यादव मतदाताओं ने सपा का साथ दिया। गुन्नौर क्षेत्र में सपा के विधायक राम खिलाड़ी यादव और पूर्व विधायक अजीत कुमार उर्फ राजू यादव की प्रतिष्ठा दांव पर लगी थी। राजू यादव ने भाजपा प्रत्याशी दुर्विजय सिंह शाक्य के लिए कैंपेनिंग की। लेकिन यादवों को भाजपा के पक्ष में मोड़ने में खास सफलता नहीं मिली। भाजपा को यहां पिछले लोकसभा चुनाव से करीब 25 हजार वोट कम मिले।



गणेश कालोनी में जर्जर लाइन बदलते बिजली कर्मचारी। ● अमृत विचार

# गणेश कालोनी में बिजली संकट

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार :** गुरुवार को हनुमानगढ़ी विद्युत उपकेंद्र की गणेश कालोनी में जर्जर बिजली लाइनें बदलने का कार्य किया गया। जिससे दिन भर कालोनी की बिजली बंद रही। दोपहर तक लोगों के इनवर्टर जवाब दे गए। लोग उमस भरी गर्मी में परेशान दिखे।

गुरुवार को गणेश कालोनी में गली नंबर एक से 10 तक जर्जर बिजली लाइनों को बदलने का कार्य किया गया। सुबह सात बजे ही बिजली कर्मचारी जर्जर लाइनों को बदलने के लिए संबन्धित उपकरण व सामान लेकर कालोनी में पहुंच गए। सुबह आठ बजे से अपराह्न चार बजे तक के लिए कालोनी की बिजली आपूर्ति बंद कर दी गई। शाम चार बजे तक अधिकांश घरों के इनवर्टर फेल हो गए। जिससे गर्मी से राहत पाने के लिए लोग घरों से बाहर आ गए । शाम छह बजे तक लाइनों को बदलने का कार्य चलता रहा। जेई वरुण कुमार ने बताया कि कुछ कार्य रह गया था। सात बजे के बाद बिजली सप्लाई दी जा सकेगी।

# पान मसाला और तम्बाकू की अलग-अलग दुकानों पर बिक्री के सरकारी फरमान से व्यापारी नाखुश

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार :** पान मसाल और तम्बाकू की अलग-अलग दुकान पर बिक्री के फरमान से व्यापारी नाखुश हैं। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी को सौंप कर इस फरमान को निरस्त कराए जाने या उत्पाद की बिक्री पर पूर्णतया रोक लगाए जाने की मांग की है।

उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष अरविंद कुमार गुप्ता के नेतृत्व में संगठन के पदाधिकारी व कार्यकर्ता गुरुवार की सुबह करीब 11 बजे तहसील मुख्यालय पहुंचे। जहां मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को संबोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी नीतू रानी को सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से कहा कि आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं



चन्दौसी तहसील में एसडीएम को ज्ञापन सौंपते व्यापारी। ● अमृत विचार

- उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा

औषधि प्रशासन ने एक अधिसूचना सात मई 2024 को जारी की है। जिसके अनुसार उत्तर प्रदेश में अब एक ही दुकान से पान मसाला और तम्बाकू की एक साथ बिक्री पर रोक लगा दी गयी है। कहा कि ये आदेशअव्यवहारिक है। क्योंकि पान मसाला और तम्बाकू का व्यवसाय हर गली, नुक्कड़, चौक व चौराहों पर होता है। अधिकांश गरीब वर्ग के व्यापारी पान मसाला व तम्बाकू बेच कर परिवार का भरण पोषण करते हैं। पान मसाला व तम्बाकू के जो थोक निर्माता है वह तो पान मसाला व तम्बाकू की अलग-अलग फैक्ट्री लगा लेंगे लेकिन फुटकर बेचने वाले दुकानदार जिनकी संख्या उत्तर प्रदेश में लाखों हैं। उनको पान मसाला के लिए अलग और तम्बाकू के लिए अलग दुकान करनी पड़ेगी। छोटे दुकानदारों के लिए दो दुकाने कर पाना असंभव है। इतना ही नहीं इस नियम से छोटे दुकानदारों को अधिकारियों के उत्पीड़न का सामना करना पड़ेगा। जिससे भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिलेगा।

संगठन मांग करता है कि उत्तर प्रदेश में पान मसाला व तम्बाकू की बिक्री पर या तो पूर्णतया प्रतिबंध लगाया जाए अन्यथा इस नियम का संज्ञान लेते हुए इसका निरस्तीकरण कराया जाए। ज्ञापन सौंपने वालों में जिलाध्यक्ष के साथ विनय सर्राफ, हरिगोपाल वार्ष्णेय, प्रदीप बिसारिया, कपिल वार्ष्णेय, देवेंद्र गुप्ता, राहुल अग्रवाल, युवराज, संजीव अग्रवाल, श्रीगोपाल, नवदीप, सुधीर कुमार आदि रहे।

## सार संक्षेप

### दुष्कर्म का विरोध करने पर दंपति के साथ मारपीट

**संभल, अमृत विचार :** नखासा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला बुधवार की रात दस बजे घर के अंदर सो रही थी। आरोप है कि मुहल्ला के ही सगे भाई अपने दो साथियों के साथ मिलकर महिला के घर में घुस आए और चारों युवकों ने चारपाई के पास पहुंचकर दुष्कर्म करने के इरादे से महिला को दबोच लिया। विरोध किया तो चारों युवकों ने मिलकर लात घूसों से मारपीट करते हुए महिला के कपड़े फाड़ दिए। महिला के शोर को नींद से जागकर उसका पति मौके पर पहुंचा। तो चारों युवकों ने उसके साथ भी मारपीट की। मुहल्ला के लोग इकट्ठा हुए तो सगे भाई अपने साथियों के साथ धमकी देते हुए भाग गए। महिला ने तहरीर देकर पुलिस से चारों युवकों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की।



शनि मंदिर में प्रसाद वितरण करते विहिप कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

### विहिप व बजरंग दल ने शनि अमावस्या पर किया भंडारा

**चन्दौसी, अमृत विचार :** नगर के सीता आश्रम के निकट शनि देव मंदिर पर गुरुवार की शाम शनि अमावस्या के उपलक्ष्य में नरौली के विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने विधि विधान से पूजा अर्चना की और भंडारे का आयोजन किया। पूड़ी सब्जी का भोग लगा कर प्रसाद वितरण किया गया। तमाम श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ कमाया। इस अवसर पर विहिप के जिला सेवा प्रमुख राजेश कुमार गुप्ता एवं जिला संयोजक बजरंग दल नितिन शर्मा समेत दिनेश कुमार श्रीमाली, अमित कश्यप, दीपक कश्यप, विनीत कश्यप, हनी शर्मा, मुकुल शर्मा, अमर कश्यप, सनी कश्यप आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### नीलगाय से टकराया टेंपो, छात्र घायल

**चन्दौसी, अमृत विचार :** बनियाठेर थाना क्षेत्र के बहजोई रोड पर सत्संग भवन के सामने नील गाय ने टेंपो में टक्कर मार दी। हादसे में टेंपो में सवार एक छात्र सहित अन्य लोग चुटैल हो गए। घायल छात्र को सीएचसी में भर्ती कराया। जबकि चुटैल लोगों ने अपना उपचार निजी चिकित्सक से कराया है। घटना की सूचना मिलने पर छात्र के परिजन सीएचसी पहुंच गए। बहजोई थाना क्षेत्र के पुरा मझोला निवासी छात्र सौरभ कुमार पुत्र दिनेश कुमार कोचिंग करने प्रतिदिन चन्दौसी आता है। गुरुवार की शाम छह बजे युवक टेंपो में सवार होकर अपने गांव लौट रहा था। जब टेंपो बहजोई रोड स्थित राधा स्वामी सत्संग भवन के पास पहुंचा तो सड़क पार कर रही नील गाय से टक्करा गया। हादसे में टेंपो में सवार छात्र घायल हो गया। जबकि अन्य सवारी भी चुटैल हो गईं।



बबराला में गंगा किनारे अनुष्ठान कराते लोग। ● अमृत विचार

### श्रद्धालुओं ने गंगा में लगाई डुबकी, कराए अनुष्ठान

**बबराला, अमृत विचार :** ज्येष्ठ की शनि अमावस्या पर श्रद्धालुओं ने पतित पावनी गंगा में आस्था की डुबकी लगाई और पूर्वजों के सम्मान में अनुष्ठान कराए। शनि जयंती (ज्येष्ठ अमावस्या) भगवान शनि का प्राकट्य दिवस है। इस दिन श्रद्धालु जन परंपरा का पालन करते हुए गंगा स्नान करते हैं। गंगा घाट पर पूर्वजों से जुड़े विभिन्न पूजा अनुष्ठानों पिंड दान, पितृ पूजा, पितृ दोष शांति पूजा और हवन आदि आयोजित करते हैं। अमावस्या को पूर्वजों के लिए पूजा अनुष्ठान करने के लिए एक पवित्र दिन माना जाता है। गुरुवार को ज्येष्ठ अमावस्या पर सैकड़ों लोगों ने राजघाट गंगा घाट पर हर हर गंगे उद्घोष के साथ गंगा स्नान किया। इसके बाद अपने पूर्वजों का आशीर्वाद पाने के लिए पंडितों से पितृ तर्पण व पूजा अनुष्ठान संपन्न कराए। गरीबों को दान-पुण्य भी किया। जिले के अनूपशहर और अन्य घाटों पर भी गंगा स्नान करने का सिलसिला चला।

### सुहागिनों ने की पति की दीर्घायु की कामना

**बबराला, अमृत विचार :** अखंड सौभाग्य के प्रतीक पर्व वट सावित्री (वट अमावस्या) पर सुहागिनों ने पति की दीर्घायु की कामना करते हुए वट वृक्ष के नीचे विधि-विधान से पूजा अर्चना की। इस दौरान मंदिरों में सुहागिनों की भारी भीड़ रही। गुरुवार को वट सावित्री व्रत पर्व पर विवाहित महिलाओं ने उपवास रखा और पारंपरिक वेषभूषा में सजधज कर घर में पूजा-अर्चना की। तमाम सुहागिनों ने बरगद के वृक्ष के पास पहुंच कर कच्चा सूत, जल से भरा कलश, हल्दी, कुमकुम, फूल के साथ धूप और दीया प्रज्वलित कर विधि विधान से पूजा की और वट वृक्ष पर जल अर्पित किया। उसके समक्ष देसी घी का दीपक जलाया। इसके बाद वट वृक्ष के चारों ओर सात बार परिक्रमा लगाकर उसके चारों ओर सफेद कच्चा सूत बांधा। महिलाओं ने घरों पर भी वट वृक्ष की टहनी रखकर पूजा अर्चना की। ग्रामीण इलाकों में भी वट वृक्ष के पास महिलाओं की काफी भीड़ रही। सुहागिनों ने अपनी पति की लंबी आयु के लिए वट सावित्री का व्रत भी रखा।



बट अमावस्या की पूजा करती महिलाएं।

# स्काउट-गाइड ने ट्रेनों में यात्रियों को शर्बत पिला कर गर्मी से दी राहत

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार :** भीषण गर्मी में गुरुवार को रेलवे स्टेशन पर भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश जनपद संभल की ओर से आयोजित शिविर में निशुल्क जल एवं शर्बत वितरण किया गया। शिविर का शुभारंभ राजदेव पूनिया प्रभारी निरीक्षक जीआरपी एवं गाइड कमिश्नर संगीता भार्गव ने संयुक्त रुप से फीता काट कर किया।

इस दौरान स्काउट्स-गाइड्स एवं रोवर्स-रेंजर्स ने प्लेटफार्म पर मौजूद व ट्रेनों में सफर कर रहे यात्रियों को शीतल शर्बत पिला कर गर्मी से राहत दी। जिला गाइड कमिश्नर संगीता भार्गव ने स्काउट्स-गाइड्स एवं रोवर्स-रेंजर्स को निर्देशित करते हुए कहा स्काउट गाइड समाजसेवी संस्था है। समाज की सेवा करना



चन्दौसी रेलवे स्टेशन पर यात्रियों को शर्बत पिलाते स्काउट-गाइड।

- समाज की सेवा करना स्काउट गाइड का उद्देश्य है

हमारा उद्देशीय है। इसी उद्देश्य से यात्रियों को पानी व शर्बत पिलाया जा रहा है। जिला संगठन आयुक्त मोहित कुमार एवं मीनू भारती ने शिविर को संचालित करने में योगदान दिया। उत्तर रेलवे के स्काउट गाइड एवं लीडर सचिन मीणा उपस्थित रहे। ट्रेनिंग काउंसलर प्रिंस शर्मा और पंकज कुमार ने अनुशासन बनाए रखने के उद्देश्य से स्काउट गाइड का ध्यान रखा। शिविर में लगभग 45 स्काउट्स-गाइड्स एवं रोवर्स-रेंजर्स ने प्रतिभाग किया।

## अनियमितता के विरोध में अधिवक्ता आंदोलित

**चन्दौसी, अमृत विचार :** तहसील चन्दौसी में व्याप्त भ्रष्टाचार व अनेकों अनियमित्ताओं के विरोध में तहसील बार एसोसिएशन के बैनर तले अधिवक्ता आंदोलित हैं और एक माह से अधिक समय से कार्य बहिष्कार पर हैं।

सुनवाई न होने पर एसोसिएशन ने डीएम को ज्ञापन भेज कर 11 जून से उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है। तहसील बार एसोसिएशन चन्दौसी ने गुरुवार को जिलाधिकारी मनीष बंसल को ज्ञापन भेजा है। ज्ञापन के माध्यम से एसोसिएशन के अध्यक्ष भूपेंद्र कुमार गौड़ का कहना है कि तहसील चन्दौसी में व्याप्त भ्रष्टाचार व अनेक अनियमित्ताओं के विरोध में तहसील बार एसोसिएशन एक माह से अधिक समय से कार्य बहिष्कार पर है। परन्तु तहसील में कार्यरत उप जिलाधिकारी, उप जिलाधिकारी न्यायिक व तहसीलदार समेत अन्य न्यायिक अधिकारियों पर कार्य बहिष्कार का कोई असर नहीं हो रहा है।



मुख्यमंत्री का जन्मदिन मनाते विश्व हिंदू महासंघ के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

# जाति से ऊपर उठकर कार्य करें सनातनी

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार :** विश्व हिंदू महासंघ की ओर से नगर पंचायत नरौली में अशोक कुमार तिवारी कृषि फार्म हाउस पर गोरक्षा पीठाधीश्वर महाराज योगी आदित्यनाथ का जन्मोत्सव स्वाभिमान दिवस के रुप में धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि व प्रदेश उपाध्यक्ष इंद्रदेव ने सभी सनातनियों से जाति-पाती से ऊपर उठकर समाज में फैली कुरीतियों को दूर कर संगठित होकर आगे बढ़ने पर जोर दिया। सामाजिक समरसता ही हिन्दुत्व का प्राण है, योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रत्येक नागरिक की स्थिति में सुधार, विकास व कल्याण को सुनिश्चित करने के प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने उत्तर प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में विकास व परिवर्तन का साक्षात्कार किया है। इस दौरान जिलाध्यक्ष महेश शर्मा, विनोद सक्सेना, प्रदीप शर्मा, विष्णु रावत, मोहित कुमार, मास्टर रोशन, डीके यदुवंशी, ताराचंद सैनी, देवेंद्र चौधरी, सत्य प्रकाश प्रजापति, राकेश कुमार, बबलू प्रजापति, धर्मपाल सिंह,रामेश्वनंद, माधवानंद आदि रहे।

# शिकायत के बाद भी नहीं हुई नाले की सफाई

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार :** नगर पालिका के वार्ड 11 से सभासद सहबाज खां उर्फ अन्ना खान ने पालिकाध्यक्ष लता वार्ष्णेय को ज्ञापन देकर क्षेत्र के नाले की सफाई कराने की मांग की है।

सभासद ने बताया कि उनके वार्ड में मोहल्ला राज , मोहल्ला रतन, खेड़ा गेट, मेला रोड व कैथल गेट की नई पट्टी आती है। उनके वार्ड में एक बड़ा नाला है। जिसमें शहर की नालियों का पानी एकत्र होकर शहर से बाहर जाता है। पहले हर सप्ताह नाले की सफाई हुआ करती थी। परन्तु अब पिछले डेढ़ माह से नाले की सफाई नहीं हुई है। जिसकी शिकायत वह कई बार लिखित व मौखिक रूप से कर चुके हैं। बताया कि नाले की सफाई न होने से शहर की नालियां जाम होकर ओवर फ्लो



गंदगी से पटा खेड़ा गेट मोहल्ले का नाला।

हो जाती हैं। नाले के आसपास रहने वाले लोगों को दुर्गंध से घरों में रहना दुश्वार हो रहा है। यदि नाला साफ न किया गया तो समस्या उत्पन्न हो सकती है। सभासद ने यह भी बताया कि वार्ड में पीने के पानी की समस्या को लेकर लोग परेशान हैं। पानी के नए कनेक्शन न होना, पानी कम आना और समय से पानी न आना आदि है। वार्ड में वाटर कूलर खराब होने से जरुरतमंद लोग परेशान हैं। उन्होंने समस्या के समाधान की मांग की है।


**परेशानी** दिन हो या रात, बार बार ट्रिपिंग से 15 घंटे भी नहीं मिल रही बिजली

# ट्रिपिंग व फाल्ट के चलते नहीं मिल रही पर्याप्त बिजली

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार:** भीषण गर्मी में बिजली की ट्रिपिंग और फाल्ट के चलते लोग परेशान हैं। 24 घंटे में मात्र 15 से 16 घंटे ही बिजली मिल पा रही है। रात को बिजली गुल होने से नींद पूरी नहीं हो पा रही है।

इन दिनों भीषण गर्मी हो रही है। धूप व लू ने लोगों को परेशान कर रखा है। आवश्यकता होने पर ही लोग दोपहर में घर से बाहर निकल रहे हैं। गर्मी से राहत दिलाने के लिए केवल बिजली ही एक मात्र सहारा है, लेकिन गर्मी में बिजली ने अपना रंग दिखाना शुरू कर दिया है। जहां ओवरलोड होने से ट्रांसफार्मरों में फाल्ट होने व आग लगने का सिलसिला जारी है। वहीं बार-बार ट्रिपिंग होने से बिजली गुल हो जाती है। विद्युत



"ओवरलोडिंग की समस्या उत्पन्न होने से ट्रिपिंग हो जाती है। फिलहाल शहर में जर्जर लाइनों को बदलने का कार्य भी किया जा रहा है। जिससे आने वाले समय में उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो सके।"
**-अजय कुमार शुक्ला, एसडीओ**

विभाग भी सही से जवाब नहीं दे पा रहा है। सुबह को बिजली न होने से पेयजलापूर्ति में बाधा उत्पन्न होती है। जिससे गृहणियों को कई तरह की दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।



"रात को कई बार बिजली गुल होने से नींद पूरी नहीं होती है। जिससे सुबह को देर से आंख खुलती है। नींद पूरी नहीं होने से पूरे दिन शरीर में सुस्ती बनी रहती है।"
**-सुशील वार्ष्णेय, ब्रजनगर कालोनी**



"भीषण गर्मी में राहत दिलाने के लिए बिजली ही एकमात्र सहारा है। मगर करीब 20 दिनों से बिजली के आने-जाने का क्रम बना रहता है। दिन में कई बार घंटों बिजली गुल हो जाती है।"
**-रेनू शर्मा, पुष्प विहार कालोनी**



"दिन के समय बिजली गुल होने से भीषण गर्मी में दुकान पर बैठना मुश्किल हो जाता है। वहीं धूप व लू के कारण दोपहर 12 बजे से शाम चार बजे इक्का-दुक्का ग्राहक ही पहुंचते है।"
**-अंकुर शर्मा, लायंस कालोनी**



"सुबह के समय बिजली गुल होने से पेयजलापूर्ति का संकट गहरा जाता है। साथ ही समय से पानी नहीं मिलने दिन का पूरा शेड्यूल खराब हो जाता है। सुबह को बिजली आने का इंतजार करना पड़ता है।"
**-प्रतिभा चौधरी, ब्रह्म बाजार**

नास्ति विद्यासमो बन्धुर्नास्ति विद्यासम : सुहृत्।
नास्ति विद्यासमं वित्तं नास्ति विद्यासमं सुखम्॥

किसी के लिए विद्या के समान बन्धु नहीं होता, किसी के लिए विद्या के समान सुहृद् नहीं होता। धन के समान विद्या नहीं होती, सुख के समान विद्या नहीं होती।


## संपादकीय

# शुरुआत से पहले ही दबाव

केंद्र में सरकार गठन की कवायद के बीच शुरूआत से पहले ही भारतीय जनता पार्टी के सहयोगी दलों ने दबाव की राजनीति शुरु दी है। सत्ता की बिसात पर सहयोगी दल अपनी-अपनी चाल चल रहे हैं। इससे आने वाले समय में नरेंद्र मोदी के लिए पहली बार गठबंधन सरकार चलाने में ज्यादा मेहनत करने की जरूरत से इंकार नहीं किया जा सकता। गौरतलब है 543 सीटों पर हुए लोकसभा चुनाव में एनडीए ने 293 सीटें जीतीं हैं। भाजपा ने 240, तेलगु देशम पार्टी (टीडीपी) ने 16 और जनता दल यूनाइटेड (जेडीयू) ने 12 सीटें जीती हैं। ऐसे में नीतीश कुमार की जेडीयू और चंद्रबाबू नायडू की टीडीपी प्रमुख भूमिका में आ गए हैं। गुरुवार को जेडीयू ने अग्निवीर योजना की समीक्षा करने की बात सार्वजनिक तौर पर कही है। जेडीयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता केसी त्यागी ने कहा कि अग्निवीर योजना को लेकर बहुत विरोध हुआ था और चुनाव में भी उसका असर देखने को मिला है। इस पर विचार करने की जरूरत है। इसके बाद बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जीतनराम मांझी ने जेडीयू की इस मांग के प्रति अपना विरोध जताया है। उन्होंने कहा अग्निवीर योजना की समीक्षा की बात करनी ही थी तो एनडीए की बैठक में ही की जानी चाहिए थी। इस तरह से सार्वजनिक बात करना गठबंधन धर्म के खिलाफ है। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे कथित तौर पर अपनी पार्टी के लिए दो मंत्रालयों की मांग कर रहे हैं।

उत्तर प्रदेश के बाद महाराष्ट्र ही वह राज्य है, जहां पर भाजपा को चुनाव में बड़े झटके का सामना करना पड़ा है। भाजपा को इस बार महाराष्ट्र में कांग्रेस से भी कम सीटें मिली हैं। भाजपा को नौ सीटों पर ही संतोष करना पड़ा है। वहीं कांग्रेस को 13 सीटों पर जीत हासिल हुई है। साफ हो गया है कि स्पष्ट बहुमत न मिलने की वजह से सरकार चलाने के लिए भाजपा को अपने सहयोगियों पर काफी हद तक निर्भर रहना पड़ेगा। ऐसे में भाजपा को राष्ट्र के प्रति अपने दृष्टिकोण में अधिक समावेशी और रचनात्मक होने की आवश्यकता है। मतदाताओं के फैसले से भी यही संकेत मिल रहे हैं। समान नागरिक संहिता समेत कोई भी नीति लाने से पहले तीसरे कार्यकाल में प्रधानमंत्री को अपने सहयोगियों के साथ सामाजिक-आर्थिक एजेंडा को ध्यान में रखते हुए सहमति बनानी होगी। चुनाव परिणाम भाजपा को जवाबदेह बनाता है और मांग करता है कि वह और अधिक रचनात्मक हो। भाजपा को लोकतांत्रिक भावना से उस संदेश पर ध्यान देना चाहिए। लोगों का फैसला इससे अधिक स्पष्ट नहीं हो सकता कि भाजपा भारत के विभिन्न समुदायों और क्षेत्रों की राजनीतिक आकांक्षाओं के प्रति अधिक सौहार्दपूर्ण और कम टकराव वाली हो।

# प्रवृत्ति के कारण ही अपराध और उद्योग हो गया है गर्भपात



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

> देश में लोगों की बड़ी संख्या ऐसी ही जो इसके बारे में अपरिचित है। इसलिए लोग चोरी-छिपे गर्भपात करवाते हैं, जहां मेडिकल प्रोसीजर्स का इस्तेमाल नहीं होता। इस एक्ट के प्रावधानों के प्रति जागरूकता न होने से गैर कानूनी गर्भपात करने वाले धंधेबाज स्थिति का बड़ा दुरुपयोग करते हैं।

एल्सेवियर द्वारा प्रकाशित जर्नल 'कॉण्ट्रासेप्शन-एक्स' के सन् 2022 में प्रकाशित एक अंक में दिए गए लेख 'ड्रग्स यूज्ड टु इंड्यूस फीटल डीमायीज़ प्रायर टु गर्भपातः ए सिस्टेमेटिक रिव्यु' में दिए गए आंकड़ों के अनुसार विश्व में हर साल सात करोड़ 33 लाख भ्रूण और गर्भस्थ शिशु जन्म से पहले ही समाप्त कर दिए जाते हैं। पूरी तरह से विकसित शिशु तक को गर्भ में ही मार दिया जाता है। कुछ रासायनिक यौगिक या दवा तो ऐसी हैं जिनसे गर्भस्थ शिशु के हृदय की गति को रोक दिया जाता है।

हिंदुस्तान में सन् 1971 में मेडिकल टर्मिनेशन ऑफ प्रेगनेंसी एक्ट पास करके लागू किया गया था। इसके बाद सन 2003 में इससे संबंद्ध 'रेगुलेशंस' लागू किए गए। सन् 2021 में इसमें फिर से संशोधन करके कुछ ढील दी गई। इस एक्ट और रेगुलेशंस को बनाने के पीछे की मंशा बहुआयामी रही। यह कि अगर गर्भवती स्त्री की खुद की जान पर जोखिम पैदा हो जाए, नाबालिक कन्या के साथ दुष्टता करने से वह गर्भवती हो जाए या अविवाहिता होने पर गर्भवती हो जाए या फिर विवाहिता होने पर भी और संतान की इच्छुक न होने या किसी भी कारण से गर्भ को पूरा करके बच्चे को जन्म न देने की स्थिति हो तो कानूनन ऐसे गर्भ से छुटकारा पाने के लिए प्रशिक्षित स्त्री-रोग विशेषज्ञ की सलाह पर और देखरेख में गर्भपात किया जा सकता है, लेकिन इस एक्ट का पालन न करने का बड़ा कारण सामजिक तौर से लांछन है।

देश में लोगों की बड़ी संख्या ऐसी ही जो इसके बारे में अपरिचित है। इसलिए लोग चोरी-छिपे गर्भपात करवाते हैं, जहां मेडिकल प्रोसीजर्स का इस्तेमाल नहीं होता। इस एक्ट के प्रावधानों के प्रति जागरूकता न होने से गैर कानूनी गर्भपात करने वाले धंधेबाज स्थिति का बड़ा दुरुपयोग करते हैं। लांछन से बचने के लिए अविवाहित स्त्री और इसका साथी पुरुष या घरवाले गैर कानूनी तरीके से अप्रशिक्षित दाईयों या अप्रशिक्षित और गैर-रजिस्टर्ड धंधेबाजों के चंगुल में फंस कर बहुत नुकसान उठाते हैं। भारत में इस समय एमटीपी एक्ट की सन 2021 की संशोधन की अधिसूचना के अंतर्गत अधिकतम 24 सप्ताह तक के भ्रूण को निकालने की इज़ाज़त है। गर्भपात के दौरान सभी शरीर क्रियाएं नार्मल होनी चाहिएं। ब्लीडिंग होने की स्थिति में ब्लड ग्रुप की अतिरिक्त थैलियां रखने का प्रावधान अनिवार्य हैं। अगर गर्भपात लीगल है और घरवालों की सहमति से या फिर दूसरी स्थिति में न्यायालय की अनुमति से है या गर्भवती की जान बचाने का मामला ही क्यों न हो, गर्भस्थ भ्रूण या शिशु को एबॉर्ट किया जा सकता है। लीगल मामलों में सारा खर्चा सरकार वहन करती है। एमटीपी लागू होने से पहले गर्भपात को इंडियन पीनल कोड की धारा 312 के तहद अपराध की श्रेणी में रखा गया था।

> ड्रग स्टोर को गर्भपात की दवा क्वालिफाइड डॉक्टर की सलाह और पर्ची के बिना नहीं देनी चाहिए। क्योंकि यह शेड्यूल्ड ड्रग होती है और इसके रेपर पर लाल लाइन लगी होती है। मिफेप्रिस्टोन और मिसोप्रोस्टल ही गर्भपात की गोलियां हैं जो एक कार्टन में पैक होती हैं। ये गर्भ निरोधक गोलियों से अलग केमिकल फार्मूले वाले यौगिक होते हैं। इसके डिब्बे पर 'सेफ एबॉर्ट किट' लिखा होता है।

गर्भपात एक उद्योग नहीं है फिर भी भारत में सन 2015 के आंकड़ों के मुताबिक़ एक करोड़ 80 लाख के आसपास लीगल और न जाने कितनी संख्या में आपराधिक तरीके से गर्भपात किए गए। गर्भपात के बारे में लोगों की भिन्न राय हो सकती है, लेकिन बड़ी बात होती है इसे सही पद्धति से प्रशिक्षित डॉक्टर्स की निगरानी में कानून-सम्मत तरीके से करवाने की ताकि गर्भवती स्त्री की जान पर कोई जोखिम न आए। गर्भपात के इकॉनोमिक, सोशल, धार्मिक आस्था, भावात्मक, शारीरिक और पारिवारिक असर क्या होते हैं, इससे बहुत लोग वास्ता नहीं रखते लेकिन यह कहां तक और कितना नैतिक कर्म है यह तो परिस्थिति पर निर्भर करता है। फिर भी गर्भपात एक ऐसा काम है जो परेशानी का सबब तो है ही, नैतिक पतन से भी जुड़ा हुआ मामला है। एमटीपी एक्ट की जानकारी देश में सभी को, खासतौर से युवाओं अवश्य होनी चाहिए। खतरनाक स्थिति तब उत्पन्न होती है जब इधर-उधर से जानकारी लेकर और कानून के दायरे में काम करने वाले सरकारी अस्पताल या रेफेरल सेंटर, जैसे कि पीजीआई, के एक्सपर्ट ग्यनेकोलोजिस्ट (स्त्री रोग विशेषज्ञ) की सलाह और सहायता के बिना बाज़ार से गर्भपात की गोली लेकर महिला इसे खुद ही इस्तेमाल कर लेती है और मुसीबत में पड़ती है।

ड्रग स्टोर को गर्भपात की दवा क्वालिफाइड डॉक्टर की सलाह और पर्ची के बिना नहीं देनी चाहिए। क्योंकि यह शेड्यूल्ड ड्रग होती है और इसके रेपर पर लाल लाइन लगी होती है। मिफेप्रिस्टोन और मिसोप्रोस्टल ही गर्भपात की गोलियां हैं जो एक कार्टन में पैक होती हैं। ये गर्भ निरोधक गोलियों से अलग केमिकल फार्मूले वाले यौगिक होते हैं। इसके डिब्बे पर 'सेफ एबॉर्ट किट' लिखा होता है। मार्किट में पांच गोलियों का यह पैक अनेक ब्रांड नाम से मिलता है। युवा लोग सामाजिक स्टेटस के गैर कानूनी होने की वजह से अनसेफ सेक्स करके साथी महिला को प्रेग्नेंट करते हैं या रेप होने के बाद गर्भवती हुई बालिग अविवाहिता या विवाहिता या नाबालिक लड़की इस किट को खुद ही इस्तेमाल करने का प्रयास करते हैं, तब अत्यधिक ब्लीडिंग के कारण मामला बिगड़ जाता है और वे सरकारी अस्पताल या किसी नामी प्राइवेट क्लिनिक के डॉक्टर के पास न जाकर नीम-हकीम के पास जाते हैं। राज खुलने पर शर्मिंदगी झेलते हुए भी इन युवजनों को गर्भपात के बुरे नतीजे से बचकर एक्सपर्ट डॉक्टरी मदद बाद में लेनी ही पड़ती है। ऐसे में प्राइवेट क्लिनिक वाले बहुत पैसा लेते हैं। कुछेक बार तो छोटे शहरों में गर्भपात किट की शॉर्ट सप्लाई की ख़बरें भी सुनी गई हैं।

विश्व स्वास्थ्य संगठन और इसके सदस्य भारत देश में गर्भपात को सुरक्षित करने के वास्ते यौन-सक्रिय और संतान पैदा करने की क्षमता की 15 से 58 वर्ष के बीच की उम्र वाली महिलाओं को कानून की ही नहीं बल्कि सेफ गर्भपात के प्रोसीजर्स की जानकारी होनी ही चाहिए। भारत की कुल महिला आबादी में से 66. 4 प्रतिशत महिलाएं अभी रिप्रोडक्टिव एज ग्रुप में आती हैं। मिनिस्ट्री ऑफ़ स्टेटिस्टिक्स एंड प्रोग्राम इम्प्लीमेंटेशन के सोशल स्टेटिस्टिक्स डिवीज़न द्वारा सन् 2022 में प्रस्तुत 203 पन्नों की 'वीमेन एंड मेन इन इंडिया' रिपोर्ट से जाहिर होता है। बेहद गंभीर बात है कि भारत में गर्भपात के दौरान 67 प्रतिशत महिलाओं की मौत हो जाती है जैसाकि ब्रिटिश मेडिकल जर्नल (ग्लोबल हेल्थ) के मार्च 2019 के अंक में प्रकाशित पेपर 'अनसेफ गर्भपात एंड गर्भपात रिलेटेड डेथ अमंग 1. 8 मिलियन वीमेन इन इंडिया' के माध्यम से रयो योके, राचेल रोवी, शास्वती सान्याल चौधरी, अंजलि रानी और इनके दो साथियों ने मालूम किया। यह पर्चा भारत की स्वास्थ्य संबंधी 2010 से 2013 की सालाना सर्वे रिपोर्ट्स से लिया गया है। सन् 2007 से 2011 के दौरान जिन 18 लाख, 76 हज़ार 462 गर्भवती महिलाओं में गर्भावस्था के दौरान विषमताओं के कारण महिलाओं की मृत्यु हुई इनमें वे 253 महिलाएं भी शामिल थीं जिनकी मृत्यु गर्भपात के कारण हुई थी। इस अवधि में कुल 89 हज़ार 447 गर्भपात होने की बात रिपोर्ट में दर्ज है। हमारे देश में स्त्री और शिशु स्वास्थ्य संबंधी रिसर्च रिपोर्ट्स और डेटा की कमी नहीं बल्कि कमी है जानकारी को प्राप्त करने के जज्बे की।

गर्भपात के लिए प्रयुक्त की जाने वाली दवा में सेफ्टी का तत्व कितना बड़ा है, पूछेंगे तो प्रश्न ठीक नहीं बनेगा। क्योंकि देश में कोई भी दवा क्लिनिकल ट्रायल्स का डेटा देखने के बाद ही ड्रग रेगुलेटर की इज़ाज़त से बाजार में उतारी जाती है। चोरी या स्मगलिंग से देश में दवाएं नहीं आतीं। प्रश्न यह होना चाहिए कि गर्भपात करने से पहले सही प्रोसीजर्स अपनाए गए या नहीं और एमटीपी एक्ट के अनुसार ऐसा करना सही भी था या नहीं। विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा जारी सेफ गर्भपात गाइड लाइंस देश में ही नहीं, बल्कि 181 और सदस्य देशों में भी उपलब्ध हैं।

## प्रसंगवश

# पर्यावरण संरक्षण में सुप्रीम कोर्ट के प्रमुख निर्णय

जून का महीना चल रहा है। पूरा उत्तर भारत भीषण गर्मी की चपेट में है। वर्तमान में शहरों में भी पानी की कमी हो रही है। इसके कई कारण हैं जिनमें सबसे महत्वपूर्ण जलवायु परिवर्तन है। जलवायु परिवर्तन के प्रतिकूल प्रभावों से मुक्त रहना मौलिक मानव अधिकार है। विश्व पर्यावरण दिवस हमें यह याद दिलाता है कि हमारे पास सीमित समय है और हमें तुरंत कार्रवाई करनी होगी। सतत भविष्य के लिए हरित बदलाव आवश्यक है जिसके लिए हमें व्यक्तिगत और सामूहिक प्रयास करने होंगे। पर्यावरण की सुरक्षा और संरक्षण हमारी जिम्मेदारी है तथा इसे गंभीरता से लेना जरूरी है।

पर्यावरण संरक्षण के लिए सर्वोच्च न्यायालय ने कई महत्वपूर्ण निर्णय दिए हैं। इन निर्णयों में न केवल पर्यावरणीय कानून को परिभाषित किया गया है, बल्कि भारत में पर्यावरण संरक्षण के उपायों को भी सुदृढ़ किया है। यहां सर्वोच्च न्यायालय के प्रमुख निर्णयों पर प्रकाश डाल रहे हैं: रुरल लिटिगेशन एंड एंटाइटेलमेंट केंद्र बनाम स्टेट ऑफ उत्तर प्रदेश (1985): इस मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने देहरादून के पर्यावरण को बचाने के लिए चूना पत्थर की खदानों पर प्रतिबंध लगाया। न्यायालय ने माना कि पारिस्थितिकी तंत्र के संरक्षण के लिए खनन गतिविधियों को रोकना आवश्यक है। एम.सी. मेहता बनाम यूनियन ऑफ इंडिया (गंगा जल प्रदूषण मामला) (1987): इस मामले में न्यायालय ने गंगा में अपशिष्ट पदार्थ डालने पर प्रतिबंध लगाया और गंदगी फैलाने वाली फैक्ट्रियों को बंद करने का आदेश दिया। एम.सी. मेहता बनाम कमलनाथ (1997): इस मामले में न्यायालय ने कहा कि पर्यावरणीय संसाधन सार्वजनिक संपत्ति हैं और इनका संरक्षण सरकार की जिम्मेदारी है। यह निर्णय पर्यावरणीय कानून के 'लोक न्यासी सिद्धांत' को मान्यता देता है। ताज त्रिपेजियम मामला (1996): इस मामले में ताजमहल के आसपास के क्षेत्र को प्रदूषण से बचाने के लिए सर्वोच्च न्यायालय ने कठोर निर्देश जारी किए। इसमें आसपास की औद्योगिक इकाइयों को गैस आधारित ईंधन का उपयोग करने या स्थानांतरित करने का आदेश दिया गया। गोदावर्मन थिरुमुलपाड बनाम यूनियन ऑफ इंडिया (1996): इस मामले में न्यायालय ने देश के वन क्षेत्रों के संरक्षण के लिए महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए। न्यायालय ने वनों की अवैध कटाई पर रोक लगाने और वन संरक्षण अधिनियम, 1980 को सख्ती से लागू करने का आदेश दिया। नर्मदा बचाओ आंदोलन बनाम यूनियन ऑफ इंडिया (2000): इस मामले में नर्मदा बांध परियोजना पर पर्यावरणीय चिंताओं को लेकर निर्णय दिया गया। न्यायालय ने परियोजना को मंजूरी दी, लेकिन प्रभावित लोगों के पुनर्वास और पर्यावरणीय प्रभाव मूल्यांकन पर जोर दिया।



साहिल अहमद
अधिवक्ता हाईकोर्ट, नई दिल्ली

वीलर फोरम ऑफ इंडिया बनाम यूनियन ऑफ इंडिया (1997): इस मामले में न्यायालय ने वायु प्रदूषण को रोकने के लिए दिल्ली में चलने वाले 15 साल पुराने वाहनों पर प्रतिबंध लगाया। यह निर्णय वायु गुणवत्ता सुधारने के उद्देश्य से लिया गया था। लेसी विलेज बनाम यूनियन ऑफ इंडिया (1999): इस मामले में न्यायालय ने ओडिशा के लेसी गांव में जैव विविधता हॉटस्पॉट की रक्षा के लिए निर्णय दिया। न्यायालय ने इस क्षेत्र में खनन गतिविधियों पर रोक लगाई। सुभाष कुमार बनाम स्टेट ऑफ बिहार (1991): इस मामले में न्यायालय ने कहा कि साफ और स्वस्थ पर्यावरण में जीना मौलिक अधिकार है, जो अनुच्छेद-21 के अंतर्गत आता है। यह निर्णय पर्यावरण संरक्षण के अधिकार को मौलिक अधिकार के रूप में मान्यता देता है। एमके रंजीतसिंह बनाम यूनियन ऑफ इंडिया (2024): मामले में न्यायालय ने जलवायु परिवर्तन के प्रभावों और इसे नियंत्रित करने के लिए भारत की प्रतिबद्धताओं और प्रयासों पर भी चर्चा की। न्यायालय ने स्वच्छ और सस्ती ऊर्जा तक पहुंच सुनिश्चित करने के लिए नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों को बढ़ावा देने पर जोर दिया जिससे सामाजिक समानता और समावेशी विकास को बढ़ावा मिले। न्यायालय ने भारतीय संविधान के अनुच्छेद-21 और 14 से इन कर्तव्यों को जोड़ते हुए घोषित किया कि स्वच्छ पर्यावरण का अधिकार और जलवायु परिवर्तन के प्रतिकूल प्रभावों के विरुद्ध अधिकार अनुच्छेद-21 और अनुच्छेद 14 के तहत आते हैं। ये निर्णय भारतीय पर्यावरण संरक्षण के इतिहास में मील का पत्थर साबित हुए हैं और भविष्य के लिए एक महत्वपूर्ण मार्गदर्शक के रूप में कार्य करेंगे।

# भाजपा को दक्षिण से मिले संकेत आश्वस्तिदायक



डॉ. अरविंद मिश्र
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

> उत्तर प्रदेश में भी भाजपा को जो जोर का धक्का लगा है उसके एक नहीं दर्जन भर कारण हैं, जिन्हें अब बिना संकोच के और लाग लपेट के स्वीकारा जाना चाहिए।

समूचे भारत में एक वैचारिक झंझावात उठ खड़ा हुआ है कि आखिर लगातार दो टर्म में अपने अकेले दम पर बहुमत हासिल कर लेने वाली भाजपा इस बार बैसाखियों पर क्यों आ टिकी? किंतु ध्यान देने वाली बात है कि बस तीनेक राज्यों को छोड़ दीजिए तो भाजपा का परचम खूब लहराया है। यहां तक कि धुर दक्षिण केरल में भी उसका खाता खुला और तमिलनाडु में उसके वोट प्रतिशत में बड़ा इजाफा हुआ है। आंध्र प्रदेश ने उसका भरपूर साथ दिया। इससे क्या संकेत मिलता है?

संकेत आश्वस्तिदायक है। भारत के हृदय प्रदेश मध्य प्रदेश ने हिन्दू अस्मिता का मुखर संदेश दे दिया है। विगत दशक के शासनकाल में तमाम बाह्य और अंतर्विरोधों के बावजूद, पार्टी की नाकामियों, जन संवादहीनता, बढ़ते भ्रष्टाचार के बावजूद हिंदुओं के एक बड़े हिस्से के मोदी में अटूट विश्वास का ही यह प्रतिफल है कि भाजपा अपने चुनावपूर्व के गठबंधन सहयोगियों के साथ तिबारा सरकार बनाने जा रही है। यह हिंदू गौरव की विजय है।

उत्तर प्रदेश में भी भाजपा को जो जोर का धक्का लगा है उसके एक नहीं दर्जन भर कारण हैं, जिन्हें अब बिना संकोच के और लाग लपेट के स्वीकारा जाना चाहिए। इस बेहद अप्रत्याशित और घटिया प्रदर्शन की जिम्मेदारी तो लेनी होगी। पहले कारणों पर चल रहे चर्चा बिंदुओं को रेखांकित कर लिया जाए तो नेतृत्व और भाजपा कैडर की नाकामी है। इसके नेतागण का आम जनता/मतदाता से कनेक्ट पूरी तरह विच्छेदित हो चुका है। आम भाजपाई नेतागण ही नहीं इनके चुने हुए प्रतिनिधि, विधायक और सांसद जीतने या हारने के बाद कुंभकर्णी निद्रा में चले जाते हैं। कभी क्षेत्र में नहीं जाते। आखिर मोदी का चेहरा कब तक इन्हें बचाता? दूसरे शीर्ष कमान को समाजवादी पार्टी की नई और बेहतरीन सोशल इंजीनियरिंग का तनिक भान तक नहीं रहा और ये आत्ममुग्धता में हवाई किले बनाते रहे, जबकि इनके पास इंटेलिजेंस से लेकर सारी मशीनरी थी। या तो इन्हें निरंतर ठकुरसुहाती फीडबैक मिलता रहा और ये गुमराह होते रहे।

यह चुनाव भाजपा के चाणक्य का वाटरलू बन गया और विपक्ष ने उधर एक चतुरतापूर्ण समीकरण तैयार किया। कांग्रेस के पक्ष में वोट जिहाद के गुपचुप नारे के साथ मुस्लिम शत प्रतिशत एकजुट हुए और समाजवादी यादवों की एकजुटता तो जानी पहचानी है ही। इसमें सपा सुप्रीमो का लोकसभावार लगभग सभी जगह ऐसे प्रत्याशियों का उतारना जो दलित या अन्य पिछड़ी जाति के वोट बटोर सकें, इनके लिए सोने में सुहागा बन गया। समीकरण हिट हो गया। भाजपा प्रत्याशी आत्मश्लाघा और आत्ममुग्धता में मतदान की तिथि तक डूबे रहे। न तो क्षेत्र में गहन भ्रमण किया न ही प्रचार किया। इसके बावजूद भाजपा और कमल को समर्पित मतदाता एकजुट रहा। अन्यथा तो और भी शर्मनाक स्थिति होती। हां स्वजाति के प्रत्याशी के नाम पर पिछड़ी जातियां लोकसभावार लामबंद हुईं। पिछड़ी और अति पिछड़ी तथा दलित वोटों में चालाकी भरी सेंध भाजपा पर भारी पड़ गई। तो अब क्या? अब विधानसभा चुनाव सामने हैं। दिन बीतते देर नहीं लगती। भाजपा को तैयारियों के लिहाज से, यहां अपने सेटअप की जबर्दस्त ओवरहॉलिंग करनी होगी। पराजय की जिम्मेदारी लेनी होगी और विभिन्न स्तरों के पदाधिकारियों से सख्त जवाबदेही करनी होगी।

अनावश्यक बोझ बने पदाधिकारियों को चलता करके जनप्रिय और ऊर्जावान नेतृत्व देने वालों को जिम्मेदारी देनी होगी। योगी को संगठन में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष का पद देकर सारे भारत में हिंदुत्व की पताका फहराने का जिम्मा मिले और यहां मध्य प्रदेश के ही हिट फार्मूले के अनुसार सुयोग्य बैकवर्ड/दलित मुख्यमंत्री लाना होगा, जो विधानसभा चुनावों को सबल नेतृत्व दे सके। साथ ही भ्रष्टाचार के विरुद्ध कुंद पड़ती धार में तीव्रता लाने, छुट्टा गोवंश की चिरस्थाई हो चुकी समस्या का समाधान करने की परिणामी कार्रवाई भी इसी बीच करनी होगी। नाराज क्षत्रिय क्षत्रपों को भी मनाना समझाना बुझाना होगा जिनका सहयोग भी अन्यान्य कारणों से भरपूर नहीं मिल पाया। ब्राह्मणों का आदर सम्मान करना होगा, क्योंकि भैय्या जी की नजर इस बड़े वोट बैंक की ओर बस उठने ही वाली है। मुझे लगता है कि इन तैयारियों के साथ भाजपा यदि उप्र के आगामी विधानसभा चुनावों में उतरती है तो वह मौकापरस्त गठबंधन को माकूल चुनौती देगी।

## सोशल फोरम

# नकार दिया अहंकारी भाव

इस बार जनता ने अहंकारी भाव खारिज कर दिया कि हम जिसे चाहेंगे टिकट देंगे और जिसे टिकट देंगे वह जीतकर ही आएगा। 2019 की तुलना में इस बार सातों चरण मिलकर लगभग तीन प्रतिशत मतदान कम हुआ। यह कौन लोग थे, जो वोट डालने नहीं निकले, यह प्रश्न भाजपा को मध्य आय वर्ग के बीच ले जाना चाहिए कि क्यों वोटरों में चुनाव के प्रति कोई आकर्षण नहीं रह गया था।



डॉ. शैलेश सिंह
गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर

चुनाव के दौरान प्रत्याशियों के प्रति नाराजगी चारों ओर मुखर थी और उसके साथ ही हर वर्ग के मतदाता को यह बात भी घर कर गई थी कि नीचे से लेकर ऊपर तक नेताओं में अहंकार बहुत है। सभी के इस अहंकार ने बड़ा अंतर पैदा कर दिया। पूरे उत्तर प्रदेश में उदाहरण भरे पड़े हैं, जो बाहर से आए और यहां उनको टिकट दे दिया गया, जिन्हें जनता और भाजपा के कार्यकर्ताओं ने स्वीकार ही नहीं किया। इसका एक चिंतन-मंथन होना चाहिए। पूरे उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ का कुशल प्रशासन व प्रभाव होने के बावजूद उनके सुझाव को भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व में स्वीकार क्यों नहीं किया? सूत्रों के हवाले से कहा जाता है कि उन्होंने 34 ऐसे नाम की सूची भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व को सौंपी थी जिसमें उन्होंने कहा था कि यह प्रत्याशी उत्तर प्रदेश में जीतने की स्थिति में नहीं हैं। उनको दरकिनार व विश्वास में न लेकर टिकट वितरण किए गए जिसका परिणाम यह हुआ कि उस सूची के 30 प्रत्याशी हार गए।

अभी समय है पैरासूट कल्चर नहीं रुका तो परिणाम और भी खराब हो सकते हैं। इस दल का जो मूल विचार है-अंत्योदय, एकात्म मानवदर्शन उस विचार को पोषित करने का कार्य कीजिए, अगर ऐसा न हुआ तो यह भारतीय जनता पार्टी का मात्र नुकसान नहीं है। यह इस हम सबका नुकसान है, जो सांस्कृतिक राष्ट्र बनाने का सपना हम सब देखते थे या देखते हैं, वह अधूरा रह ही रह जाएगा। आजकल कुशल संगठनकर्ता, राजनीति के चाणक्य, शिल्पकार और सौर मंडल में उभरे सूर्य, आजकल ऐसे शुभकामना संदेश व फोटो खिंचवा नेता सोशल मीडिया से गायब हैं। हम सब भावनात्मक रूप से 'राष्ट्रीयता के विचार से जुड़े हैं' व्यक्ति से नहीं।

**-फेसबुक वॉल से**

# केर बेर का संग

लोकसभा चुनाव परिणाम आ गए। मोदी नीत सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी बहुमत के जादुई आंकड़े 272 से पीछे 240 पर ठिठक गई। भाजपा ने यह चुनाव मोदी के नाम पर लड़ा था। यह कहा गया था कि 'समझो हर सीट पर मोदी खड़े हैं'। यही नहीं, पार्टी के चुनावी घोषणा पत्र पर 'मोदी की गारंटी' का लेबल लगाया गया था। ऐसे में 303 सीटों वाली भाजपा का 240 पर सिमट जाना और काम चलाऊ बहुमत भी न पाना, अयोध्या में पराजय, वाराणसी में जीत का अंतर काफी कम होना।

सरासर मोदी के विरुद्ध भारत की जनता का आदेश है और पार्टी को जनता की आवाज सुनते हुए, चाहिए कि राजनीतिक शुचिता और नैतिकता के सु-स्थापित मानदंडों का पालन करते हुए अपने संसदीय दल का नेता किसी अन्य को चुने। यह नेता चयन शुक्रवार को होना है। मोदी राजग गठबंधन के शीर्ष नेताओं द्वारा 5 जून की बैठक में नेता चुन लिए गए हैं तथापि अभी सांविधानिक औपचारिकता शेष है जिसके अनुसार सभी घटक अपने-अपने संसदीय दल का नेता चुनेंगे और भाजपा संसदीय दल के नेता के समर्थन में पत्र राष्ट्रपति को देंगे। भाजपा संसदीय दल का नेता सरकार बनाने का दावा पेश करेगा, जिस पर राष्ट्रपति निर्णय लेंगी।



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

खैर! आज के युग में राजनीति में नैतिकता गायब है और सिद्धांत शब्द सियासी शब्दकोश में है ही नहीं। अतः एक बेमेल गठबंधन की सरकार झेलना ही संप्रति देश की नियति है। नरेंद्र मोदी 16 सांसदों वाली तेलगू देशम् पार्टी व 12 वाली जनता दल यूनाइटेड तथा कुछ अन्य की मदद से सरकार बनाएंगे। अब कैसे चलाएंगे यह देखना दिलचस्प होगा। इन दोनों दलों के नेताओं से तालमेल बैठाना बड़ी टेढ़ी खीर होगी। चन्द्रबाबू नायडू और नीतीश कुमार, जो किंग मेकर की भूमिका में हैं। दोनों पीएम बनने के महत्वाकांक्षी रहे हैं। नायडू वही हैं जिन्होंने 2002 के गुजरात दंगों के समय, राजग में रहते हुए, सबसे पहले गुजरात के मुख्यमंत्री मोदी का इस्तीफा मांगा था और उनकी पार्टी ने मोदी के खिलाफ प्रस्ताव भी पास किया था। यही नहीं, मोदी अपनी चुनावी सभावों में नायडू को, "ससुर की पीठ में छुरा भोंकने वाला" तथा दल बदलने में माहिर कहते रहे हैं और नायडू मोदी पर योजनाबद्ध तरीके से प्रतिष्ठित संस्थानों को नष्ट और विरूपित करने का आरोप लगाते रहे हैं। वे कहते रहे हैं कि मोदी ने संस्थाओं की स्वायत्तता और लोकतंत्र पर हमला किया है। सीबीआई और आरबीआई व चुनाव आयोग तक को नहीं बख्शा। नायडू 4 प्रतिशत मुस्लिम आरक्षण के प्रबल समर्थक हैं और अपने राज्य में प्रवर्तित भी किए हैं। अब किंग मेकर होकर क्या इसे देश में नहीं लागू कराएंगे? तब भाजपा क्या करेगी? आरएसएस के हिंदुत्व एजेंडे का क्या होगा? क्या तीसरे टर्म वाले मोदी, जिन्हें मिली जुली सरकार चलाने का कोई अनुभव नहीं है, विसंगति झेल पाएंगे! शायद नहीं।

यह केर बेर का संग है। अब मथुरा और काशी वाले ईदगाह व ज्ञानवापी प्रकरण को क्या मोदी और संघ आगे बढ़ा पाएंगे? नीतीश पर अधिक लिखना बेकार है। वे क्षण भर में पाला बदलते हैं। किसी से कभी भी मिल सकते हैं। आइएनडीआइए गठबंधन की नींव इन्होंने ही डाली थी। संयोजक/पीएम प्रत्याशी नहीं बनाए गए तो विरोधी पलड़े में बैठ गए। कभी मोदी के साथ मंच साझा करने से परहेज था। अब उनके पैर छू चुके हैं। उनकी जाति वार जनगणना कराने की मांग और तदानुसार राष्ट्रीय संसाधनों, सुविधाओं में भागीदारी भाजपा कैसे सुनिश्चित करेगी? इंडी गठबंधन से कोई बड़ा लाभ ऑफर होने पर वे रातों-रात पाला बदल नहीं करेंगे, इसकी क्या गारंटी है? कुल मिलाकर सरकार रूपी सर्कस देखने लायक होगा। विकास आधारित जन उन्नयन भले ही न हो पर मुफ्त का मनोरंजन जरूर होगा।

# संकट में पानी

जल ही जीवन है, यह कहना ही पर्याप्त नहीं है। अपने तथा आने वाली पीढ़ियों के जीवन को सुरक्षित रखने के लिए जल को संरक्षित करने के बारे में अनुसंधान, चिंतन तथा परिश्रम करना होगा। जल का प्रमुख स्रोत वर्षा है। वर्षा का अधिकांश जल जो हम उपयोग नहीं कर पाते, नदियों-नालों के द्वारा वापस समुद्र में चला जाता है, बहुत थोड़ा सा हिस्सा ही कच्ची जमीन के माध्यम से पृथ्वी की कोख में जमा होता रहता है।



राज नारायण
बरेली

जैसे-जैसे विज्ञान ने विकास की सीढ़ियां चढ़ी, प्रकृति के अन्य संसाधनों की तरह हजारों वर्षों से भूगर्भ में संरक्षित जल का एक बहुत बड़ा हिस्सा हमने कुछ ही वर्षों में समाप्त कर दिया है। यही नहीं विकास के नाम पर हर स्थान को सीमेंटेड पक्का कर देने के कारण हमने वर्षा के जल को भूगर्भ में जाने के लगभग हर रास्ते को बंद कर दिए। अगर भूगर्भ जल प्रबंधन के बारे में गंभीरता से प्रयत्न नहीं किए गए तथा भूगर्भ के जल को इस्तेमाल करने की यही गति रही तो निश्चित मानिए, आने वाली पीढ़ियां प्यासी रहने के लिए बाध्य होंगी। भूगर्भ जल को बिना किसी प्रदूषण के संचित करने का एकमात्र साधन हमारे तालाब थे, जो कब्जे या फिर मात्र मनोरंजन के साधन बनकर रह गए। यद्यपि सरकार ने इसका संज्ञान लिया है, परंतु इतना ही पर्याप्त नहीं है। सामाजिक संगठनों एवं युवा शक्ति को स्वयं फावड़ा उठाकर मैदानों की ओर कूच करना होगा।

वृक्षारोपण की तरह ही जहां कहीं भी स्थान मिले, बरसात से पहले ही छोटे-छोटे तालाब खोद लेने चाहिए। गांवों में भी बड़ी जोत के किसानों को अपने खेत का एक हिस्सा छोटे तालाब में बदल देना चाहिए। तालाब खोदते समय सिर्फ इतना ध्यान रखना है कि हम खुदाई रेत निकलने तक करें, बीच में न छोड़े, उसके बाद धरती मां शेष काम स्वयं कर लेंगी। हमारे पूर्वज लोक कल्याण के लिए तालाब, कुएं, बावड़ी आदि का निर्माण कराते थे, जगह-जगह प्याऊ और नल लगवाते थे।

अभी भी अगर हम चाहें, तो बिना अधिक संसाधन लगाए, तालाबों के पुनर्जीवन के लिए चल रहे श्रमदान कार्यक्रमों से जुड़कर इस पुण्य का लाभ उठा सकते हैं।

# डिप्टी सीएमओ ने पैथोलॉजी लैब सील कर अस्पताल बंद कराया, आरोपी भागे

## जीरो प्वाइंट स्थित लैब व अस्पताल में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने मारा छापा

संवाददाता, कुंदरकी

**अमृत विचार:** नगर क्षेत्र में गुरुवार को डिप्टी सीएमओ और स्वास्थ्य विभाग की टीम ने पैथोलॉजी लैब व अस्पताल में छापा मारा। कार्रवाई की सूचना से नगर व देहात के झोलाछापों में हड़कंप मच गया। वे अपने अस्पतालों के शटर गिराकर मौके से फरार हो गए। इस दौरान दस्तावेज नहीं दिखाने पर डिप्टी सीएमओ ने पैथोलोजी लैब को सील कर दिया।

बताया गया कि मुख्यमंत्री पोर्टल पर अस्पताल और पैथोलॉजी लैब की शिकायत दर्ज कराई गई थी। इसका संज्ञान लेकर डिप्टी सीएमओ डॉक्टर नरेंद्र सिंह व स्वास्थ्य विभाग की टीम के साथ गुरुवार को कुंदरकी जीरो प्वाइंट स्थित लैब और अस्पताल में पहुंचे। टीम यहां जमजम नाम से संचालित पैथोलॉजी लैब में पहुंची और रजिस्ट्रेशन से संबंधित दस्तावेज मांगे। बताया कि दस्तावेज नहीं दिखाने पर टीम ने पैथोलॉजी लैब सील कर दी।

जबकि बिना बोर्ड लगे अस्पताल को भी बंद करा दिया है। इस बारे में डिप्टी सीएमओ डॉ. नरेंद्र सिंह से बात करने की कोशिश की गई तो उनसे संपर्क नहीं हो सका। उधर, नगर व देहात क्षेत्र में बड़े पैमाने पर झोलाछाप बड़े-बड़े अस्पताल, जच्चा-बच्चा केंद्र और पैथोलॉजी लैब खोलकर बैठे हैं। लैबों में नाबालिग जांच रिपोर्ट बनाते हैं। ये आम लोगों की जिंदगी से खिलवाड़ कर रहे हैं। झोलाछापों के यहां भी कई जच्चा बच्चा और अन्य लोगों की जान भी जा चुकी है। घटना के बाद स्वास्थ्य विभाग नाम मात्र की कार्रवाई करता है और 10 दिन के बाद फिर बंद की गई लैब व अस्पताल संचालित हो जाते हैं।



कार्रवाई के दौरान खड़ी स्वास्थ्य विभाग की गाड़ी। ● अमृत विचार



सील की गई लैब। ● अमृत विचार

## बारिश से फसलों को लाभ किसानों के चेहरे खिले

**कांठ/छजलैट, अमृत विचार :** क्षेत्र में बुधवार देर रात हुई हल्की बारिश से किसानों के चेहरे खिल गए। उमस भरी गर्मी से लोगों को राहत मिली। बुधवार देर रात मौसम बदल गया। हल्की बारिश हुई है। बारिश से तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई है। तेज हवा चलने से आम की फसल को नुकसान हुआ है। किसान बीरेंद्र सिंह, राजपाल सिंह, राजेंद्र सिंह, जीतू, अंकुर कुमार, भूपेंद्र चौहान, परम सिंह चौहान, अमर सिंह का कहना है कि देर रात हुई बारिश से किसानों को लाभ पहुंचा है। किसान अपने खेतों में दिन-रात फसलों की सिंचाई कर रहे हैं।

**लाइन में फाल्ट से आठ घंटे बाधित रही आपूर्ति:** कांठ क्षेत्र में बुधवार देर रात हुई बारिश व तेज हवा चलने के कारण बड़ी लाइन में फाल्ट होने से कांठ क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति कई घंटे तक बाधित रही। सुबह आठ बजे विद्युत कर्मचारियों ने फॉल्ट ठीक कर आपूर्ति को सुचारू किया। इस दैरान उपभोक्ताओं को भीषण गर्मी में दिक्कतों का सामना करना पड़ा। बार-बार लाइन में फाल्ट और ट्रिपिंग से क्षेत्र के उपभोक्ताओं में रोष व्याप्त है।



देवकी नंदन इंटर कॉलेज में योगाभ्यास करते लोग। ● अमृत विचार

## देवकी नंदन इंटर कॉलेज में लोगों ने किया योगाभ्यास

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र के देवकी नंदन शर्मा इंटर कॉलेज बहेडी ब्रह्मनान में नियमित योग कक्षा का आयोजन सुबह पांच बजे से 6:30 बजे तक योग प्रशिक्षक कुलदीप कुमार करा रहे हैं। इस योग कक्षा में विभिन्न प्रकार के सूक्ष्म व्यायाम, आसान, आसन, प्राणायाम, बंध, मुद्रा, हास्य का अभ्यास कराया जा रहा है।

पतंजलि योग समिति के प्रदेश मीडिया प्रभारी अनिल सिक्का, मुरादाबाद जिले के जिला प्रभारी खिलेंद्र सिंह, संगठन मंत्री अमित तोमर ने योग कक्षा का निरीक्षण किया। 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारी के लिए प्रेरित भी किया। योग प्रशिक्षक कुलदीप कुमार ने नियमित स्वस्थ समाज के निर्माण के लिए किए गए कार्य की प्रशंसा भी की। ग्राम प्रधान पति पंकज भारद्वाज व वरिष्ठ योग साधकों ने पतंजलि योग समिति के सदस्यों का आदर सत्कार किया। गुरुवार को योग कक्षा में राजेश कुमार रुहेला, सचिन चौधरी, डॉ. शमीम अहमद, विशाल भारद्वाज, विपिन कश्यप, विष्णु नाथ, बाबू खां, मुसर्रत अंसारी, रिजवान पधान, अनस, रिया पाल, निष्ठा पाल ,अर्पित यादव, मनीष पाल, पर्व, मीनाक्षी रुहेला, वंशिका आदि रहे।

## एक नजर

### झगड़े के आरोपियों का पुलिस ने किया चालान

**कुंदरकी, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र में झगड़े के आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने शांति भंग की कार्रवाई की। एसडीएम न्यायालय में उनका चालान कर दिया। पुलिस ने बताया कि राहुल निवासी गांव नानपुर, शमशुल निवासी मोहल्ला नुरुल्ला कस्बा, दिनेश निवासी मोहम्मला सादात पश्चिमी और इसी मोहल्ले के महेश को झगड़े के आरोप में गिरफ्तार किया गया। शांति भंग की आशंका के चलते एसडीएम न्यायालय में इनका चालान किया गया।

### खेत से किसान की बाइक चोरी, थाने में शिकायत

**छजलैट, अमृत विचार :** गांव सादकपुर खिचड़ी में किसान के खेत से बाइक चोरी हो गई। पीड़ित किसान ने थाने में शिकायत की है। गांव सादकपुर खिचड़ी निवासी नरेंद्र कुमार ने पुलिस को बताया कि वह अपने खेत पर बाइक से किसी कार्य के लिए गया था। वापस आकर देखा तो वहां बाइक नहीं थी। बाद में पता चला कि ग्राम किरतपुरी के एक व्यक्ति ने बाइक चुराई है। उससे बाइक देने के लिए कहा तो उसने साफ मना कर दिया। पीड़ित ने आरोपी के खिलाफ शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है।

### बड़े भाई के पैर में ईंट मार कर किया घायल

**कांठ, अमृत विचार :** झगड़ा कर रहे परिजनों का विरोध करने पर व्यक्ति ने अपने बड़े भाई के पैर में ईंट मार कर जख्मी कर दिया। इस संबंध में पीड़ित की बेटी ने थाने में रिपोर्ट दर्ज करा दी है। नगर के मोहल्ला फकीर गंज निवास गुड्डू पुत्र मुन्ने व उसकी पत्नी विमला किसी बात को लेकर झगड़ रहे थे। शोर सुनकर गुड्डू के बड़े भाई खेमराज ने मध्यस्थता करने का प्रयास किया तो गुड्डू ने अपने बड़े भाई खेमराज के पैर में ईंट मार दी। इस संबंध में खेमराज की बेटी मानसी ने थाने में तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज करा दी है।

### मिट्टी उठाने के विरोध पर किसान को पीटा

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** खेत से मिट्टी उठाने का विरोध करने पर ईंट भट्ठे के मजदूरों ने फावड़े से किसान पर हमला दिया। इससे वह घायल कर दिया। किसान ने भाग कर अपनी जान बचाई। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने कई लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। डिलारी क्षेत्र के गांव गोविंदपुर निवासी बृजेश कुमार ने पुलिस को बताया कि खेती की भूमि ठाकुरद्वारा क्षेत्र के गांव माधव मधुपुरी में स्थित है। बुधवार सुबह 7 बजे वह खेत पर पहुंचा तो देखा कि सोमपाल सिंह व मनोहर सिंह निवासी मधुपुरी उसे खेत से बिना अनुमति के मिट्टी उठा रहे थे।

## कांठ विधायक कमाल के गढ़ में खूब दौड़ी सपा की साइकिल

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

● बसपा प्रत्याशी को कई राउंड में 500 से भी कम वोट मिले

**अमृत विचार :** कांठ से समाजवादी पार्टी के कमाल अख्तर विधायक हैं। पूर्व मंत्री व कांठ विधायक के गढ़ में सपा की साइकिल लोकसभा चुनाव में खूब चली। कांठ विधानसभा में सपा प्रत्याशी रुचि वीरा को बड़ी बढ़त मिली। वह भाजपा और बसपा के प्रत्याशियों से काफी आगे निकल गईं।

कांठ विधानसभा में सपा प्रत्याशी रुचि वीरा को जमकर वोट बरसे। कई राउंड में उन्हें भाजपा प्रत्याशी कुंवर सर्वेश से काफी अधिक मत मिले। वहीं बसपा के प्रत्याशी इरफान सैफी बमुश्किल 8 राउंड में चार अंकों के आंकड़े पर पहुंचे। पहले राउंड में मतगणना में मिले मतों को देखें तो कांठ विधानसभा में बसपा प्रत्याशी को सिर्फ 362 वोट मिले। जबकि इस राउंड में सपा प्रत्याशी को 5710 और भाजपा को 3232 मत मिले। दूसरे राउंड में भी बसपा की हालत पतली रही। इस राउंड में 461 लोगों ने हाथी चुनाव चिह्न के सामने वाला बटन दबाया था। जबकि दूसरे राउंड में सपा को 6615 और भाजपा को 1183 वोट मिले। राउंड तीन में बसपा प्रत्याशी 500 के आंकड़े को पार कर 513 मत पाने में सफल रहे। हालांकि इस राउंड में सपा ने 2779 और भाजपा ने 5690 वोट लेकर अपनी दावेदारी मजबूत की। 11वें राउंड में बसपा को 1579 वोट मिले। जबकि इस राउंड में सपा की रुचि वीरा ने 2891 व भाजपा के सर्वेश को 3745 वोट हासिल हुए। कांठ विधानसभा में कुल मतगणना में सपा प्रत्याशी ने 1,21,035 वोट पाया। जबकि भाजपा को 95,508 और बसपा को सिर्फ 27,911 वोटों से संतोष करना पड़ा। इस विधानसभा में मिली 25 हजार से अधिक की लीड ने सपा प्रत्याशी को एक लाख से अधिक मतों से जीत दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस प्रकार सपा को कुल 6,33,237 वोट मिले। जबकि भाजपा को 527892 वोट मिला।

## गोसेवकों ने बीमार गाय को गोशाला पहुंचाया

**कांठ, अमृत विचार :** जीव जंतु कल्याण समिति के अध्यक्ष विकास शर्मा ने बीमार गाय का उपचार कराकर गोशाला पहुंचवाया। बुधवार शाम 6:30 बजे गोसेवक एवं जीव जंतु कल्याण समिति के अध्यक्ष को फोन पर भूपेंद्र चौहान ने सूचना दी।

बताया कि दशहरा मेला वाले रास्ते पर जंगल में दो दिन से एक बूढ़ी बीमार गाय है। अपने दम पर उठ भी नहीं पा रही है। विकास शर्मा ने मौके पर पहुंचकर गोसेवकों की मदद से गाय को हरा चारा एवं पानी उपलब्ध कराया। इसके बाद कांठ पशु चिकित्सा अधिकारी से वार्ता कर गाय के बारे में जानकारी दी। पशु चिकित्सा अधिकारी ने अपने स्टाफ को भेज कर गाय का उपचार कराया। इसके बाद विकास शर्मा ने ईओ से वार्ता कर गाय को गोशाला भिजवाने का अनुरोध किया गया। ईओ ने गुरुवार अपने कर्मचारियों को भेज कर गाय को कान्हा गोशाला गोविंदपुर में सुरक्षित एवं संरक्षित कराया है। इस दौरान भूपेंद्र उर्फ टिल्लू चौहान, रामनरेश चौहान, त्रिदेव सिंह आदि मौजूद रहे।

## दुकान में घुसी पिकअप, बाइक सवार दो घायल

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार :** थाना क्षेत्र में बाइक में टक्कर मारकर आम से भरी पिकअप दुकान में जाकर घुस गई और पलट गई। घटना में बाइक सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। हालत गंभीर होने पर दोनों को जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया है।

गांव कुमरिया जुबला निवासी नरेश कुमार, कचेदु सिंह कांठ से किसी विशेष कार्य के लिए आए थे। इस दौरान कांठ में लाल मस्जिद के पास स्योहारा की तरफ आई आम से भरी एक पिकअप आ रही थी। पिकअप ने बाइक सवारों को टक्कर मार दी। बाइक सवार दोनों व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। पिकअप अनियंत्रित होकर एक दुकान में घुसकर पलट गई। उसके नीचे दो बाइक दब गईं।

लोगों ने घटना की सूचना पीआरबी पुलिस व थाना पुलिस को दी। पीआरबी पुलिस मौके पर पहुंची। गंभीर रूप से घायल दोनों लोगों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया।

हालत गंभीर होने पर कांठ अस्पताल के चिकित्साधीक्षक डॉक्टर राजीव सिंह ने दोनों को जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। घटना की सूचना के बाद उपनिरीक्षक मदनपाल सिंह राणा पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने लोगों से पूछताछ की। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



पलटी पिकअप के बारे में जानकारी लेते पुलिसकर्मी। ● अमृत विचार



घायल बाइक सवार। ● अमृत विचार

### कार की टक्कर से बाइक सवार दो भाई जख्मी

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** शरीफ नगर से दवाई लेकर लौट रहे बाइक सवार दो भाइयों को सामने से आ रहे कर चालक ने टक्कर मार दी। दोनों घायल हो गए। उन्हें एक निजी चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। लेकिन चिकित्सकों ने उन्हें सरकारी अस्पताल में रेफर कर दिया। पुलिस ने कार व बाइक को कब्जे में ले लिया। जिला बिजनौर के स्योहारा क्षेत्र के गांव बुढ़नपुर निवासी दो सगे भाई उस्मान, इस्लाम गुरुवार देर शाम शरीफ नगर से दवाई लेकर बाइक से वापस जा रहे थे। तभी सुरजन नगर ईदगाह के निकट सामने से कार चालक ने बाइक में टक्कर मार दी। कार के शीशे से टकराकर एक भाई घायल हो गया। लोगों ने घायलों को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल भेजा। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को रेफर कर दिया। बताया जाता है कि गांव खाईखेड़ा निवासी सोनू पुत्र रामस्वरूप कार से अपने गांव वापस आ रहे थे। ईदगाह के निकट कार चालक ने ओवरटेक कर दूसरे वाहन से आगे निकलने का प्रयास किया तो बाइक सवारों को टक्कर लग गई। परिजन घायलों को उत्तराखंड स्थित निजी चिकित्सालय ले गए।

## शरीफ नगर से वाहन चोर गिरोह का सरगना गिरफ्तार

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** वाहन चोर गिरोह के सरगना को पुलिस ने देर रात गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस आरोपी से अन्य चोरियों के सिलसिले में पूछताछ कर रही है। उसके पास से तमंचा और कारतूस मिला है।

शरीफ नगर के एक मैरिज हाल में 24 अप्रैल को दावत खाने आए मेहमान निसार अहमद निवासी अभयराजपुर थाना अफजलगढ़ जनपद बिजनौर की बाइक चोरी हो गई थी। इस प्रकरण में पुलिस ने शरीफ नगर निवासी पृथ्वी सिंह को गिरफ्तार किया था। महीनेभर से पुलिस को मुख्य आरोपी महफूज उर्फ पुट्टी को तलाश रही थी। देर रात पुलिस ने जसपुर मोड़ के पास महफूज को पकड़ लिया। पुलिस के अनुसार, तलाशी लेने पर उसके पास से 315 बोर का एक तमंचा और एक कारतूस बरामद हुआ है। पुलिस पूछताछ में उसने बताया कि 24 अप्रैल को शरीफ नगर के एक मैरिज हॉल से बाइक को उसने अपने साथी पृथ्वी सिंह और शाहनवाज निवासी शरीफ नगर के साथ मिलकर चोरी की थी। तीन मई को बाइक बेचने के लिए जसपुर जाते समय पुलिस ने दबिश देकर पृथ्वी सिंह को पकड़ लिया था। इसके बाद से वह फरार हो गया था। पुलिस अन्य बाइकों की बरामदगी के लिए पूछताछ कर रही है।



पुलिस की गिरफ्त में वाहन चोर गिरोह का सरगना महफूज।

## महिला की हत्या के आरोप में सास व ससुर पकड़े गए

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** दहेज में कार व पांच लाख रुपये की मांग पूरी न होने पर महिला की हत्या के आरोपी सास और ससुर को पुलिस ने किया है। पुलिस ने आरोपियों को न्यायालय में पेश किया, जहां से दोनों को जेल भेज दिया गया। कोतवाली क्षेत्र के गांव इनायत नगर निवासी वेद प्रकाश के पुत्र अतेंद्र का विवाह तीन वर्ष पूर्व उत्तराखंड के जनपद ऊधमसिंहनगर के बाबरखेड़ा निवासी हरिसिंह की पुत्री हरिता के साथ हुआ था। 19 मई को हरिता ने अपने घर में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली थी। मृतिका के पिता ने बताया कि तीनों लोगो ने मिलकर उनकी पुत्री को फंदा पर लटका कर हत्या कर दी। इससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई थी। गुरुवार को कोतवाली पुलिस ने सास व ससुर को गिरफ्तार कर लिया।

## लोगों के लिए करें पेयजल की व्यवस्था

संवाददाता, छजलैट

**अमृत विचार :** एडीएम प्रशासन ने थाने का औचक निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए। पुलिसकर्मियों द्वारा सलामी नहीं करने पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त की।

एडीएम प्रशासन गुलाबचन्द्र थाने का निरीक्षण करने दोपहर करीब 12:15 बजे पहुंचे। उन्हें सलामी देना छजलैट पुलिस भूल गई। सलामी नहीं देने पर उन्होंने नाराज की जताई। इसके बाद उन्होंने बैरक, कार्यालय, मेस, पुलिस अधिकारियों की वेशभूषा, सफाई कार्य देखकर संतुष्टि जाहिर की। थाने में दो घंटे एडीएम प्रशासन ने गहनता से अपराध रजिस्टर, अवकाश रजिस्टर आदि अभिलेखों का अध्ययन किया। उन्होंने कहा कि वह किसी भी कीमत पर थाना क्षेत्र को अपराध मुक्त होते देखना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि गर्मी बहुत है। यहां पहुंचने वाले फरियादियों के लिए शुद्ध पेय जल की व्यवस्था की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि पुलिस का जनता से अच्छा तालमेल होना चाहिए, ताकि अपराधियों की सूचना देने में क्षेत्रीय जनता पुलिस को अपना मित्र समझकर अपराधियों के संबंध में गुप्त रूप से जानकारी उपलब्ध करा सकें। उन्होंने कहा कि लंबित मामलों को यथाशीघ्र निपटाया जाए। इस मौके पर पुलिस क्षेत्राधिकारी कुलदीप कुमार सिंह, उप निरीक्षक गौरव राठौर, प्रवेश कुमार, वरिष्ठ उप निरीक्षक जितेंद्र वर्मा मौजूद रहे।



थाने का निरीक्षण करते एडीएम प्रशासन गुलाबचन्द्र। ● अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### महिलाओं ने वट सावित्री व्रत पूजन किया

**बिलारी, अमृत विचार :** नगर में ज्येष्ठ अमावस्या पर वट सावित्री व्रत पूजन किया गया। इसमें महिलाओं ने बरगद के पेड़ की पूजा अर्चना की। उन्होंने पति की लंबी आयु की कामना की। बताते हैं कि राजा अश्वपति की पौराणिक कथा सुने बिना यह व्रत पूर्ण नहीं होता है। इसीलिए सभी महिलाएं सजधज कर बरगद के पेड़ के नीचे पूजा अर्चना करती हैं। अपने पति की लंबी आयु की कामना करती हैं। पूजन में महिलाएं वट वृक्ष की जड़ में चावल और दूध चढ़ाती हैं। वट वृक्ष पर सूत का धागा बाधती हैं। फिर अपने पति की लंबी आयु, अच्छे स्वास्थ्य की कामना करती हैं। नगर की महिलाओं में प्रीति राघव, शीतल ठाकुर, राजकुमारी गुप्ता, रेनू सिंह, अलका चौधरी आदि महिलाओं ने वट सावित्री व्रत पूजन किया।



पूजन करने पहुंचीं महिलाएं। ● अमृत विचार

### हैंडपंप उखाड़कर भूमि पर कब्जे का प्रयास, शिकायत

**छजलैट, अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव मथाना के ग्रामीणों ने एक व्यक्ति पर सरकारी हैंड पंप उखाड़ कर भूमि पर अवैध कब्जा करने का आरोप लगाया है। उन्होंने मुख्यमंत्री को शिकायती पत्र प्रेषित कर कार्रवाई की मांग की है। गांव मथाना निवासी जगजीवन सिंह, महेंद्र सिंह ने मुख्यमंत्री को आईजीआरएस पोर्टल के माध्यम से शिकायती पत्र भेजा है। इसमें बताया कि 35 वर्ष पहले लगा हैंडपंप खराब हो जाने पर उसे उखाड़ कर एक व्यक्ति ने भूमि पर अवैध कब्जा करने का प्रयास किया। यह ग्राम समाज की भूमि है। आरोपी व्यक्ति हैंड पंप की मरम्मत भी नहीं करने दे रहा है। उन्होंने मुख्यमंत्री से ग्राम समाज की भूमि से अवैध कब्जा हटवा कर इंडिया मार्का हैंड पंप की मरम्मत करने की मांग की है। ग्रामीणों का आरोप है कि ग्राम समाज की भूमि पर अवैध कब्जा करने वाला व्यक्ति धमकी दे रहा है।



फीता काटकर क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन करते सपा नेता। ● अमृत विचार

### क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन सपा नेताओं ने किया

**छजलैट, अमृत विचार :** गांव अकबरपुर सिहाली में क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन अखिल भारत वर्षीय यादव महासभा मुरादाबाद के संरक्षक और समाजवादी पार्टी के पिछड़ा वर्ग के प्रदेश सचिव विक्रम सिंह यादव और सपा अल्पसंख्यक सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष फुरकान अली ने फीता काटकर किया। उद्घाटन मैच अगवानपुर व खुशहालपुर की टीमों के बीच खेला गया। यह टूर्नामेंट एक सप्ताह चलेगा।

समस्या | दुकानदारों ने चालकों से ई-रिक्शा हटाने के लिए कहा तो मारपीट पर हुए उतारू

## तिकोनिया पार्क पर ई-रिक्शा व डंपरों से लगा जाम

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** ठाकुरद्वारा-मुरादाबाद हाईवे स्थित तिकोनिया पार्क के पास ई-रिक्शाओ और डंपरों से गुरुवार शाम पांच बजे जाम लग गया। कदीर तिराहा और अंबेडकर पार्क, काशीपुर चुंगी से लेकर मुरादाबाद हाईवे स्थित स्टेट बैंक तक वाहन जाम में फंस गए। यहां बाइक सवार व कार चालकों और राहगीरों का निकलना भी दुश्वार हो गया। गर्मी के चलते लोग पसीने में तर हो गए। वहां मौजूद दुकानदारों ने चालकों से ई-रिक्शा हटाने के लिए कहा तो वे दुकानदारों के साथ मारपीट पर उतारू हो गए।

तिकोनिया पार्क, शनि बाजार, कमलापुरी चौराहा, रामपाल द्वारा, रतुपुरा मोड़, तहसील मार्ग से लेकर बाजारों तक ई-रिक्शा चालकों को बोलबाला है। दुकानदारों व व्यापारियों कहना है कि इन्हीं के कारण नगर में जाम की समस्या बढ़ती जा रही है। गुरुवार शाम पांच बजे तिकोनिया पार्क पर जाम लग गया। इसके घंटे भर बाद पहुंची पुलिस ने ई-रिक्शाओ व डंपरों को आगे पीछे कराकर जाम खुलवाया। पुलिस क्षेत्र अधिकारी राजेश तिवारी ने बताया कि चुनाव के कारण पुलिस प्रशासन व्यस्त था। अब अभियान चला कर अतिक्रमण करने वाले लोगों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।



मुरादाबाद हाईवे स्थित तिकोनिया पार्क पर जाम में फंसे वाहन सवार। ● अमृत विचार

## लूटपाट, धोखाधड़ी और जानलेवा हमले में पांच नामजद, कई अज्ञात

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** बालाजी कॉलोनी बल्देवपुरी में घर में घुसकर लूटपाट, मारपीट, फायरिंग और छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। घटना का कारण पुस्तैनी मकान के बंटवारे में विवाद बताया गया है। इस मामले में डीआईजी के निर्देश पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है। रिपोर्ट में संजीव व इसकी पत्नी पप्पी, बेटा रितिक और साला धर्मेंद्र व इसका बेटा एवं कई अज्ञात लोगों को आरोपी बनाया है।

पीड़ित पक्ष ने पुलिस को बताया है कि मां के नाम से 2018 में जमीन खरीदी गई थी। इस पर दो मंजिला मकान बना है। इसमें पीड़ित और उसके भाई का परिवार भी रह रहा है। आरोप है कि उसका भाई संजीव बदमाश प्रवृत्ति का है। 2021 में मां के निधन के बाद चारों भाइयों में सहमति से 16 मार्च को समझौता हुआ कि कल्याणपुर मुस्तकम रोड पर स्थित प्लाट आरोपी भाई के नाम कर दिया जाएगा। जिसके बदले वह मकान से अपनी हिस्सेदारी पीड़ित व अन्य भाई के नाम कर देगा। इ 9 अप्रैल को आरोपी संजीव ने धोखाधड़ी की। स्टांप कम होने का बहाना बनाकर उसने 2.50 लाख रुपये भी ठग लिए थे। 27 मई को वह परचून की दुकान पर बैठा था, तभी उस पर हमला हुआ।

> पीड़ित पक्ष और विपक्षी एक ही परिवार के हैं। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि इनमें मारपीट हुई है। जमीन का विवाद है। पीड़ित पक्ष ने लूट जैसे आरोप लगाए हैं। जांच हो रही है, जो भी तथ्य मिलेंगे उसी क्रम में कार्रवाई करेंगे।
> –रुद्र कुमार सिंह, सीओ–कटघर

# योगी सरकार को इस्तीफा दे देना चाहिए : शिवपाल

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार :** सपा के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव ने गुरुवार को कहा कि प्रदेश की जनता ने भाजपा को पूरी तरह नकार दिया है। यदि आज विस चुनाव हो जाएं तो प्रदेश में अखिलेश के नेतृत्व वाली सरकार बनने में देर नहीं लगेगी। अब योगी सरकार को इस्तीफा दे देना चाहिए।



वह चुनाव परिणाम आने के बाद चौगुर्जी स्थित अपने आवास पर पत्रकारों से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सपा ने सभी जाति-धर्म का वोट हासिल किया है। इस जीत को देखते हुए उत्तर प्रदेश में योगी सरकार को नैतिकता के आधार पर इस्तीफा दे देना चाहिए और चुनाव कराने चाहिए। बसपा सुप्रीमो के मुस्लिम प्रत्याशियों को लेकर दिए बयान पर उन्होंने कहा की 2024 के चुनाव में जनता जान चुकी थी कि यह बीजेपी से मिली हुई है। इसलिए जनता ने भाजपा के साथ-साथ बहुजन समाज पार्टी को भी सबक सिखाया है। अयोध्या के साथ-साथ आसपास की सीटों पर भी समाजवादी पार्टी और गठबंधन की जीत के सवाल पर शिवपाल यादव ने कहा कि हम सब राम को मानने वाले हैं। सेकुलर प्रत्याशी की इस बार अयोध्या से जीत हुई है, इससे बड़ी क्या बात हो सकती है।

# अहंकार से भाजपा का पतन:अखिलेश

**लखनऊ, अमृत विचार :** सपा के अखिलेश यादव ने कहा है कि लोकसभा चुनाव के परिणामों से जाहिर है कि भाजपा के अहंकार का पतन हुआ है और उप्र. में भाजपा सरकार के खिलाफ जनादेश आया है। प्रदेश मंत्रिमण्डल के 16 मंत्री लोस चुनाव में अपनी विस क्षेत्र से हार गए हैं। अखिलेश ने कहा कि केन्द्र में जो भाजपा 400 पार का नारा दे रही थी वह पूर्ण बहुमत में पाने से ही वंचित रह गई। सपा प्रमुख ने कहा कि अयोध्या में जनता ने भाजपा की आशाओं पर पानी फेर दिया। वहां की जनता दुःख दर्द से कराहती रही। भाजपा सरकार ने गरीबों को उजाड़ दिया।



## मुख्यमंत्री ने दिए निर्देश, सभी विभागों से तत्काल जरुरतें चयन आयोगों को भेजी जाएं

# समय-सीमा तय कर विभागों में रिक्त पदों पर हो भर्तियां

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- योगी ने की वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक, विभागवार प्रगति की ली जानकारी



**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव संपन्न होते ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सरकारी महकमों की प्रगति टटोलनी शुरु कर दी है।

गुरुवार को अपने सरकारी आवास पर मुख्यमंत्री ने शासन स्तर के सभी अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव स्तर के अधिकारियों के साथ बैठक कर विभागवार समीक्षा की और आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान योगी आदित्यनाथ ने विभिन्न सरकारी विभागों में रिक्त पदों को चयन प्रक्रिया की समयसीमा तय कर भरने को कहा। मुख्यमंत्री के अनुसार, जिन भी विभागों में रिक्तियां हैं और नियुक्ति की जानी हैं, वहां से तत्काल जरुरतें चयन आयोगों को भेजी जाएं। उन्होंने सुझाव दिया कि इस प्रक्रिया में सरलता के लिए ई-अधियाचन की व्यवस्था लागू की गई है, उसका उपयोग करें। नियुक्ति के लिए अधियाचन भेजने से पूर्व नियमावली का अच्छे से परीक्षण कर लिया जाए। चयन आयोगों से संपर्क बनाएं, त्रुटिपूर्ण अधियाचन न भेजें। मुख्यमंत्री ने बैठक में अफसरों से स्पष्टतौर पर कहा कि अपर मुख्य सचिव हों या प्रमुख सचिव, सभी अपने-अपने विभाग के शीर्ष अधिकारी हैं। विभाग से जुड़ी हर एक व्यवस्था, हर एक परियोजना और सभी प्रकरण के लिए आपकी जवाबदेही है। इसलिए समयबद्धता, गुणवत्ता सुनिश्चित करना आपकी जिम्मेदारी है।

विभागीय मंत्रीगणों के साथ बेहतर संवाद-समन्वय बनाये रखें। जनहित के प्रकरणों को अनावश्यक लंबित न रखें।

### बिजली तभी कटे, जब बहुत जरूरी हो

योगी ने कहा, तेज गर्मी, लू का मौसम चल रहा है। ऐसे में गांव हो या शहर, कहीं भी अनावश्यक बिजली कटौती नहीं होनी चाहिए। बिजली तभी कटे, जब बहुत जरूरी हो। ट्रांसफार्मर जलने, तार गिरने, ट्रिपिंग जैसी समस्याओं का बिना विलंब निस्तारण हो। अधिकारी फोन अटेंड करें, कहीं भी विवाद की स्थिति न बनने पाए, यदि ऐसा हो तो वरिष्ठ अधिकारी तुरंत खुद मौके पर पहुंचें।

### जीएसटी संग्रह का लक्ष्य तय करें

मुख्यमंत्री ने कहा, जीएसटी संग्रह के प्रयासों को तेज करने की आवश्यकता है। फील्ड में तैनात अधिकारियों को लक्ष्य दें। इनके प्रदर्शन को ही इनकी पदोन्नति, पदस्थापना का आधार बनाया जाना चाहिए। तकनीक का प्रयोग बढ़ाएं, कर चोरी किसी भी दशा में न हो।

## सार-संक्षेप

### श्रीकृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह मामले में मुस्लिम पक्ष की ओर से पूरी हुई बहस

**विधि संवाददाता, प्रयागराज :** इलाहाबाद हाईकोर्ट में मथुरा स्थित श्रीकृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह विवाद मामले में गुरुवार को मुस्लिम पक्ष की ओर से अधिवक्ता महमूद प्राचा ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मामले की पोषणीयता के संबंध में तीन तर्क दिए। सीपीसी के आदेश 7 नियम 11 के तहत दाखिल वाद पर मस्जिद पक्ष की ओर से तसनीम अहमदी द्वारा बहस पूरी कर ली गई है, इसलिए उक्त मामले में फैसला सुरक्षित कर लिया गया। पिछली सुनवाई के दौरान अधिवक्ता प्राचा के अनियंत्रित व्यवहार को देखते हुए आगे से पूरी अदालती कार्यवाही की वीडियोग्राफी कराने की प्रार्थना भी की गई। इसके अलावा जहां तक एमिकस क्यूरी को हटाने का प्रश्न है, वह पहले से विचाराधीन है। पोषणीयता का मामला लंबित रहने के कारण इस मुद्दे पर उक्त मुकदमे पर आदेश सुनाए जाने के बाद विचार किया जाएगा। मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति मयंक कुमार जैन की एकलपीठ के समक्ष हुई।

### आगजनी मामले में सपा विधायक को सजा आज



**कानपुर, अमृत विचार :** सपा विधायक इरफान सोलंकी समेत 5 आरोपियों पर दोष सिद्ध होने के बाद शुक्रवार को सजा सुनाई जाएगी। एमपीएमएलए कोर्ट ने सपा विधायक सहित सभी आरोपियों को तलब किया है। डिफेंस कॉलोनी निवासी नजीर फातिमा की झोपड़ी में आग लगाने के मामले में 8 नवंबर 2022 को सपा विधायक इरफान सोलंकी, उसके भाई रिजवान, इजरायल आटेवाला, मो. शरीफ, शौकत अली, अनूप यादव, महबूब आलम, शमशुद्दीन उर्फ चच्चा, एजाजुद्दीन उर्फ सबलू, मो. एजाज, मुरसलीन भोलू, शकील चिकना के खिलाफ जाजमऊ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। इरफान ने 22 दिसंबर 2022 को पुलिस कमिश्नर के कार्यालय में सरेंडर किया था। 3 जून को इरफान सोलंकी, रिजवान, इजरायल आटेवाला, मो. शरीफ व शौकत अली को एमपीएमएलए सेशन कोर्ट के न्यायाधीश सत्येंद्र नाथ त्रिपाठी ने दोषी करार दिया था। शुक्रवार को सभी दोषियों को सजा सुनाई जाएगी।

### रिश्वत लेते अवर अभियंता और दो संविदाकर्मी गिरफ्तार

**इटियाथोक (गोंडा), अमृत विचार :** रिश्वत लेने के आरोप में एंटी करप्शन टीम ने गुरुवार को अवर अभियंता और दो संविदाकर्मियों को गिरफ्तार किया है। खरगूपुर विद्युत उपकेंद्र के अवर अभियंता संतोष कुमार सिंह, संविदाकर्मी लाइनमैन जानकीनगर थाना खरगूपुर के धर्मेंद्र प्रसाद तिवारी व संविदाकर्मी सुनील कुमार वर्मा निवासी बलरामपुर देवतहा फीडर के इटहिया नबीजोत चौराहे पर विद्युत कनेक्शन की चेकिंग कर रहे थे। इस दौरान अवर अभियंता व संविदाकर्मियों ने रामदत्त निवासी शिवगढ़ थाना खरगूपुर से 16 हजार रुपये की मांग की। कार्रवाई करते हुए एंटी करप्शन थाने की टीम के प्रभारी धनंजय कुमार सिंह, प्रिंस सिंह, राजकुमार यादव व वीरेंद्र तिवारी ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई जा रही है।

### जुलाई तक हो सकती है पुलिस भर्ती परीक्षा

**लखनऊ, अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव के बाद अब उप्र. के 43 लाख युवा एक बार फिर से यूपी पुलिस भर्ती परीक्षा को लेकर बेचैन हैं और अभ्यर्थी पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड के नोटिफिकेशन का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। उधर, गृह विभाग के सूत्रों के मुताबिक 60 हजार 244 कांस्टेबल भर्ती की पुनः परीक्षा की तारीखों का जल्द ऐलान किया जा सकता है। माना जा रहा है कि जुलाई के पहले हफ्ते में परीक्षा की तिथियों का ऐलान बोर्ड कर सकता है। मालूम हो कि इस वर्ष की 17 व 18 फरवरी को यूपी पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड ने 60 हजार 244 कांस्टेबल पद के लिए परीक्षा कराई गई थी। लेकिन परीक्षा का प्रश्नपत्र लीक हो जाने के बाद सरकार को परीक्षा रद्द करते हुए आने वाले छह माह के भीतर दोबारा परीक्षा कराने का निर्णय लेना पड़ा था।

### एसबीआई में भारी मात्रा में पकड़े गए जाली नोट

**फतेहपुर, अमृत विचार :** भारतीय स्टेट बैंक की मुख्य शाखा में भारी मात्रा में जाली नोट पकड़े जाने का मामला सामने आया है। आरबीआई कानपुर दावा अनुभाग के प्रबंधक आईपीएस गहलौत ने सदर कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है। नकली करेंसी कितनी पकड़ी गई और इसकी खेप कहां से लायी जा रही थी, यह गोपनीय है। पुलिस को लग रहा है कि इसके पीछे कोई गिरोह सक्रिय है। पुलिस ने गिरोह के सरगना की तलाश शुरू कर दी। एफआईआर के मुताबिक बीते 27 मई को एसपी फतेहपुर ने एसबीआई में बड़ी मात्रा में जाली नोट पकड़ी थी। इसकी रिपोर्ट बनाकर कप्तान ने आरबीआई को भेजी थी। रिपोर्ट के आधार पर आरबीआई के आईपीएस गहलौत ने बुधवार रात सदर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है। एफआईआर से इस बात का भी खुलासा हुआ है कि इस समय जाली नोट अधिक संख्या में पाए जा रहे हैं।

# भारी घाटे से उबरने के लिए यात्री सुविधाएं बढ़ाएगा परिवहन निगम

## समीक्षा के बाद प्रबंध निदेशक ने क्षेत्रीय अधिकारियों से मांगे सुझाव

मंगल सिंह, लखनऊ

**अमृत विचार :** लगातार हो रहे घाटे से उबरने के लिए परिवहन निगम अपनी बसों की हालत में सुधार करेगा। इसके साथ ही बस स्टेशनों पर यात्री सुविधाएं भी बढ़ाई जाएंगी। इसके लिए प्रबंध निदेशक मासूम अली सरवर ने क्षेत्रीय अधिकारियों से सुझाव मांगे हैं।

उत्तर प्रदेश राज्य सड़क ट्रांसपोर्ट कॉरर्पोरेशन (यूपीएसआरटीसी) प्रदेश के 282 बस स्टेशनों से 12429 बसों का संचालन करता है। इन बसों में ज्यादातर बसें साधारण श्रेणी की हैं, इनमें ज्यादातर बसों की हालत खराब है। इस कारण यात्री रोडवेज बसों में यात्रा करने से कतराते हैं। सर्दियों और अधिक गर्मी होने पर रोडवेज की बसों



में यात्रियों को ज्यादा दिक्कत होती है। ऐसे में यात्रियों की संख्या घट जाती है। इस बार ही अप्रैल-मई में अधिक गर्मी पड़ने पर लगभग 50 फीसद यात्री घट गए। जिससे परिवहन को प्रतिदिन लगभग तीन करोड़ का घाटा हुआ। इस घाटे ने परिवहन विभाग को चिंता डाल दिया है। अब एमडी ने घाटे से उबरने की कवायद शुरू कर दी है।

प्रबंध निदेशक मासूम अली सरवर ने घाटे को लेकर क्षेत्रवार समीक्षा की। इसमें पाया गया कि लखनऊ परिक्षेत्र की 15.5 फीसदी बसों में यात्रियों की संख्या 50 फीसदी से कम है। 1000 में 150 से अधिक बसें घाटे में दौड़ रही हैं। कानपुर, हरदोई, अयोध्या,इटावा, प्रयागराज, चित्रकूट, झांसी, आजमगढ़, गाजियाबाद, आगरा, बरेली, वाराणसी, अलीगढ़ और सहारनपुर में भी यात्रियों की संख्या मानक से कम मिली है।

### लंबी दूरी की बसों का फेरा कम होगा

नुकसान को कम करने के लिए लंबी दूरी की बसों के फेरे कम करने की तैयारी भी चल रही है। डबल क्रू वाली बसों को आधी दूरी पर दूसरे डिपो में रोककर दूसरी बस में शिफ्ट कर गंतव्य तक पहुंचाया जाएगा। इससे चालक, परिचालक की संख्या में भी कटौती होगी। सिंगल क्रू बसों को ही ज्यादा से ज्यादा चलाने पर विचार है।

# फर्रुखाबाद में गंगा में चार युवक डूबे, दो की मौत

**फर्रुखाबाद, एजेंसी :** जिले के कादरी गेट क्षेत्र में अलग-अलग दो घटनाओं में गंगा नदी के पांचाल घाट पर स्नान करने के दौरान चार युवक डूब गये जिनमें दो की मौत हो गयी जबकि दो को बचा लिया गया। गुरुवार को नरायनपुर का रितिक (17) डूब गया था। आज सुबह शाहजहांपुर जिले के ग्राम रेती में अपने मौसा के घर आया राज त्रिवेदी (18) मोहल्ले के प्रांशु और चन्दन के साथ पीपा पुल के पास स्नान करते समय डूब गया। पुलिस ने गोताखोरों के सहयोग से चंदन एवं प्राशु को डूबने से बचा लिया।

# लखनऊ में कुत्तों ने पांच साल के बच्चे को नोचा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- बुधवार देर शाम की घटना, घर के बाहर खेल रहा था जुनैद

**अमृत विचार :** कुत्तों के दौड़ाने से राजधानी में दो लोगों की मौत के मामले में हाईकोर्ट की फटकार के बाद भी नगर निगम लापरवाह बना हुआ है। नगर निगम जोन दो के वजीरगंज में चौधरी गड़ैया निवासी अफजल के तीन वर्षीय मासूम बेटे जुनैद को बुधवार देर शाम घर के बाहर खेलते समय तीन कुत्तों के झुंड ने बुरी तरह नोंच डाला।

परिजनों ने मासूम को बलरामपुर अस्पताल में भर्ती कराया। एंटी रैबीज का इंजेक्शन लगाने के बाद डॉक्टरों ने जुनैद को डिस्चार्ज कर दिया। वहीं दूसरी ओर नगर निगम के अधिकारी नियमों का हवाला देकर प्रभावी कार्रवाई से बचते रहे। लोगों में दहशत का माहौल है लेकिन निगम आक्रामक कुत्तों पर नियंत्रण के लिए कोई ठोस प्लान तैयार नहीं कर पाया है। दूसरे दिन घटना की जानकारी होने के बाद नगर निगम का कैटल कैचिंग दस्ता मौके पर पहुंचा। टीम ने मौके से तीन कुत्तों को पकड़ा।

# आपत्तिजनक स्थिति में पकड़े गए सीओ

- पत्नी ने की थी शिकायत, मामला पहुंचा पुलिस मुख्यालय

**लखनऊ, अमृत विचार :** बस्ती रेंज के एक जिले के क्षेत्राधिकारी (सीओ) को उनकी पत्नी ने सरकारी आवास में आपत्तिजनक स्थिति में पकड़ लिया। पत्नी इस कदर नाराज हुई कि वह शिकायत लेकर पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंच गई।

प्रकरण जांच में सही पाया गया। जांच रिपोर्ट मुख्यालय पहुंची तो मुख्यालय के अधिकारी भी मामले को लेकर तनाव में आ गए। बस्ती रेंज के एक जिले में तैनात क्षेत्राधिकारी को उनकी पत्नी ने सरकारी आवास पर किसी दूसरी महिला के साथ आपत्तिजनक स्थिति में देख लिया था। पत्नी ने न सिर्फ सीओ को उस महिला के सामने बेइज्जत किया, बल्कि पूरा प्रकरण लेकर पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंच गई। विभाग कार्रवाई से पल्ला न झाड़ ले, इसलिए उन्होंने पूरी शिकायत लिखापढ़ी में की। पुलिस अधीक्षक ने उनकी पत्नी के आक्रोश को भांपते हुए सीओ के खिलाफ जांच कराने का आदेश दे दिया। जांच में सीओ की पत्नी के आरोप सही पाए गए।

# आठ विस सीटों पर होंगे उप चुनाव

**लखनऊ, अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव में आठ विधायक, सांसद बन गए हैं। जिसके बाद उन्हें अपना एक पद छोड़ना होगा। अगर वे विधानसभा सदस्यता से इस्तीफा देते हैं तो रिक्त सीटों पर अगले छह माह में उप चुनाव कराए जाएंगे। उप चुनावों में भाजपा को अपनी तीन व रालोद की एक और सपा को अपनी चार सीटें बचाने की चुनौती होगी।

सांसद चुने गए विधायकों में मैनपुरी की करहल विधानसभा सीट से अखिलेश यादव हैं, जो अब कन्नौज से सांसद बन गए हैं। अंबेडकर नगर की कटेहरी सीट से विधायक लालजी वर्मा भी अब सांसद चुन लिए गए हैं। अयोध्या की मिल्कीपुर सीट के विधायक अवधेश प्रताप सिंह फैजाबाद के सांसद बन गए। संभल की कुंदरकी से विधायक जियाउर्रहमान बर्क भी सांसद बन गए है। पश्चिम उप्र. की मीरापुर सीट के रालोद विधायक चंदन चौहान भी बिजनौर से सांसद चुने गए हैं।

# उप्र. के चुनाव परिणामों पर दिल्ली में होगी चर्चा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मुख्यमंत्री और दोनों उप मुख्यमंत्री राष्ट्रीय अध्यक्ष को देंगे रिपोर्ट

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव के बाद भाजपा की दिल्ली में बुलाई गई संसदीय बोर्ड की बैठक से पहले उत्तर प्रदेश को लेकर भी चर्चा संभावित है। इस बैठक के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और दोनों उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व ब्रजेश पाठक गुरुवार को दिल्ली रवाना हो गए। प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी भी दिल्ली पहुंचेंगे। वहां लोस चुनाव के निराशाजनक परिणामों को लेकर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के साथ इन नेताओं की अलग से वार्ता होनी है।

इधर, लोकसभा चुनाव के बाद परिणामों को देखते हुए भाजपा सरकार और संगठन में आने वाले समय में बदलाव हो सकता है। संगठन स्तर पर हुई बैठकों में समीक्षा के बाद सभी जिलों से बूथवार रिपोर्ट प्रदेश मुख्यालय ने तलब की है ताकि कहां किस स्तर पर कमी रह गई समझा जा सके। सभी हारे लोकसभा प्रत्याशियों और जीते हुए सांसदों ने अपने-अपने क्षेत्र की खामियां ओर उपलब्धियां प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी से साझा कीं हैं। सूत्रों के अनुसार जिलाध्यक्ष से लेकर विधायकों और बूथ तक के अध्यक्षों के बारे में रिपोर्ट तैयार हो रही है। दरअसल, कई मंत्रियों ही नहीं बड़े नेतागण भी अपने-अपने क्षेत्र में पार्टी प्रत्याशी को नहीं जितवा सके। ऐसे में इस लोकसभा चुनाव में उप्र. के लिए मिशन 80 लेकर चल रही भाजपा को मात्र 33 सीटें ही मिल सकीं। जबकि, 2019 में पार्टी ने 62 सीटें हासिल कीं थीं। इस बार यह सीटें आधी रह गई हैं।


## वर्ग पहेली-93

**बाएं से दाएं**

3. अवसर के अनुकूल, अवसरोचित, मौके के मुताबिक।
5. 1. धोखेबाज़ी, वंचकता 2. छल-कपट।
6. 1. दूसरा, अन्य और, भिन्न 2. फिर, दुबारा, पुनः।

**ऊपर से नीचे**

1. पुरालेखभवन, वह कक्ष या स्थान जहां पुराने अभिलेख संगृहीत कर रखे जाते हैं, (आर्काइव्ज़)।
2. 1. चंचलता, चपलता 2. चुलबुलाने की क्रिया
3. 1. यातना देने की क्रिया 2. किसी के साथ कष्टदायक व्यवहार।
4. 1. ब्रह्मा 2. बृहस्पति 3. कवि 4. वक्ता।
5. 1. धोखे या चालाकी से दूसरों की धन-संपत्ति या माल हड़प जाने वाला व्यक्ति, छली व्यक्ति, धूर्त व्यक्ति 2. दलाल 3. अठारहवीं-उन्नीसवीं शताब्दी में राहगीरों को बहला-फुसलाकर उनका माल छीन लेने वाले लोग तथा उनका कुख्यात गिरोह 4. ठगों के गिरोह का सदस्य 5. कम तौलने और अधिक कीमत लेने वाला दुकानदार 6. धोखेबाज़।



### वर्ग पहेली -92 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 वि | दे | श | | | | |
| | | | 2 सं | पो | ष | ण |
| | 3 गुं | | स् | | | |
| 4 दं | डा | धि | का | री | | 5 दा |
| | शा | | री | | | दू |
| 6 तो | ही | न | | | | पं |
| | | | 7 वा | म | पं | थी |

## सुडोकू-6

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 3 | | 2 | | | |
| | 4 | | | | | 6 | | |
| | | 7 | | | | | 9 | |
| | | 3 | | 9 | | | 7 | |
| | | | 1 | | | | | 8 |
| | 5 | | | 6 | | 4 | | |
| | 6 | | | | | 5 | | |
| 8 | | | | | | | | 1 |
| 2 | | | 7 | | 4 | | | |

### सुडोकू - 5 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 1 | 5 | 7 | 6 | 4 | 8 | 2 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 5 | 2 | 8 | 4 | 1 | 9 |
| 2 | 4 | 8 | 9 | 1 | 3 | 5 | 6 | 7 |
| 5 | 9 | 2 | 8 | 7 | 6 | 3 | 4 | 1 |
| 6 | 7 | 1 | 4 | 3 | 5 | 9 | 8 | 2 |
| 4 | 8 | 3 | 2 | 9 | 1 | 7 | 5 | 6 |
| 7 | 2 | 4 | 1 | 5 | 9 | 6 | 3 | 8 |
| 8 | 3 | 9 | 6 | 4 | 2 | 1 | 7 | 5 |
| 1 | 5 | 6 | 3 | 8 | 7 | 2 | 9 | 4 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 7 जून शुक्रवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-ज्येष्ठ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-प्रतिपदा 16.44 तक तत्पश्चात द्वितीया।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-पश्चिम। ऋतु-ग्रीष्म। चन्द्रबल-वृषभ, कर्क, सिंह, वृश्चिक, धनु, मीन। ताराबल-भरणी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती। नक्षत्र-मृगशिरा 19.43 तक तत्पश्चात आर्द्रा।

**मेष** — आज दूसरों के सामने ज्यादा बातें करने से बचें। आप यात्राओं पर जा सकते हैं। वैवाहिक जीवन में प्रेम भाव बढ़ेगा। राजनीति से जुड़े लोगों का सामाजिक सम्मान बढ़ सकता है। काल्पनिक बातों में आपका समय बर्बाद हो सकता है।

**वृष** — आज आपके भाव कुछ नकारात्मक हो सकते हैं,लेकिन आपको धैर्यवान होना चाहिए। आप धन को लेकर कुछ संकोच में आ सकते हैं। मित्रों के प्रति भोजन में शुद्धता का ध्यान रखें। कानूनी मामलों को आप अपने पक्ष में कर सकते हैं।

**मिथुन** — आज कार्यक्षेत्र में लोग आपका अनहित करने की सोच सकते हैं। यद्यपि वे सफल नहीं होंगे,किंतु किसी पर ज्यादा विश्वास न करें। विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। यदि आप किसी यात्रा पर जा रहे हैं तो आपको पूरी तैयारी रखनी होगी।

**कर्क** — आज का दिन आपके लिए शुभ नहीं है। वैवाहिक जीवन तनावपूर्ण हो सकता है। शांत रहें और परिस्थितियों का अवलोकन करें। सेहत नरम होने की आशंका है। आपको पेट में सूजन और अपच की समस्या हो, तो तुरंत चिकित्सकीय परामर्श ले लें।

**सिंह** — आज साइबर ठगी को लेकर सावधान रहें। व्यवसाय में धन लाभ हो सकता है,किंतु कई अच्छे मौके भी आपके हाथ से छूट सकते हैं। धन कमाने के लिए गलत मार्गों का चुनाव न करें। अधिकारियों के साथ अपने संबंध अच्छे रखें।

**कन्या** — आज दिन की शुरुआत किसी शुभ सूचना से होगी। कारोबार में कुछ बदलाव करने का विचार कर सकते हैं। दूसरों के ऊपर निर्भर रहने से आपको नुकसान होगा। व्यवसाय में सहयोगियों के ऊपर आपको शंका हो सकती है।

**तुला** — आज उच्च अधिकारियों के साथ तालमेल में कमी महसूस करेंगे। आप स्थान-परिवर्तन को आतुर हो सकते हैं। एकतरफा होकर कोई भी निर्णय न लें। आप आसपास की परिस्थितियों का अच्छी तरह से मूल्यांकन करेंगे।

**वृश्चिक** — आज किसी नए कार्य की शुरुआत न करें। स्वास्थ्य कमजोर रहने की संभावना है। परिस्थितियां प्रतिकूल हो सकती हैं। आपके ऊपर गलत आरोप लग सकते हैं। प्रेम संबंधों को लेकर आपकी अपेक्षा गलत सिद्ध हो सकती है।

**धनु** — आज नई संपत्ति में निवेश कर सकते हैं। परिवार का माहौल अच्छा है। दांपत्य संबंधों में आकर्षण भाव बढ़ेगा। व्यापार से जुड़े लोगों धन के हिसाब-किताब में सावधानी रखें। सभी कार्य आपकी अपेक्षा के अनुरूप ही होंगे। कारोबार में विस्तार कर सकते हैं।

**मकर** — आज पिता के साथ आपके संबंध मधुर होंगे। मित्रों के साथ कहीं घूमने और मनोरंजन के लिए जा सकते हैं। शेयर मार्केट में निवेश से धन लाभ होगा। बीमार लोगों की सेहत में सुधार होगा। आप अपने घर के उपकरणों की मरम्मत आदि करवा सकते हैं।

**कुंभ** — आज धन को लेकर भाग्य साथ नहीं है। अनावश्यक विचारों के कारण आप कुछ परेशान हो सकते हैं। विद्यार्थी पढ़ाई को लेकर लापरवाह रहेंगे। ऐसे कार्यों से बचें जिनको लेकर आपके मन में आत्मविश्वास का भाव न हो।

**मीन** — आज प्रेम संबंधों को लेकर जल्दबाजी में कोई कदम न उठाएं। नौकरीपेशा अपने काम की गुणवत्ता से प्रसन्न नहीं रहेंगे। घर को लेकर आप कुछ परेशान रहेंगे। आप लोगों से सलाह की अपेक्षा रखेंगे, लेकिन उचित सलाह मिलना कुछ कठिन है।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
- मि. नटवरलाल — सुबह : 10.32
- देवता — रात : 07.00

SONY PIX
- जस्टिस लीग — सुबह : 11.03
- द मास्क — रात : 09.00

&pictures
- ग्रेट ग्रैंड मस्ती — सुबह : 11.24
- ड्रीम गर्ल — रात : 08.00

ZEE CINEMA
- तारे जमीन पर — सुबह : 09.50
- प्यार झुकता नहीं — रात : 07.30

colors CINEPLEX
- रफू चक्कर — सुबह : 10.22
- भागम भाग — शाम : 06.00

### आज की सुपरहिट फिल्म




एंड पिक्चर्स पर रात : 08.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पार्टी में सुंदर लड़की से पति हंस हंस कर बातें कर रहा था।
पति के पास पत्नी आई और बोली- चलिए, घर चल कर में आपकी चोट पर आयोडेक्स लगा दूं।
पति- पर मुझे चोट कहां लगी है?
पत्नी-अभी हम घर भी कहां पहुंचे हैं?
पति की बात सुनकर पत्नी को अभी से दर्द महसूस होने लगा है।

बेटा- पिता जी, आप बहुत किस्मत वाले हैं?
पिता जी- वो कैसे बेटा?
बेटा- क्योंकि मैं फेल हो गया हूं, आपको मेरे लिए नई किताबें नहीं खरीदनी पड़ेगी।

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 965 फ्लैग 1075 डीएमओ 850 बोल्ड 1135, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 970 फ्लैग 1080 बोल्ड 1130 डीएमओ 850।

## मुरादाबाद मंडी

दालों का भाव-दाल चना : 75 से 78 रुपये मसूर : 60 से 68 रुपये मलका : 62 से 68 रुपये अरहर : 140 से 150 रुपये उड़द : 100 से 110 रुपये धोआ उड़द : 110 से 130 रुपये मूंग धोआ : 104-106 रुपये मूंग छिलका : 95 से 105 रुपये मूंग साबुत : 90 से 105 रुपये चना देसी : 60से 70 रुपये चना कावली : 90 से 130 रुपये राजमा लाल : 130 से140 रुपये राजमा चित्ता : 125 से 130 रुपये लोबिया लाल : 90 से 110 रुपये लोबिया सफेद : 80 से 100 रुपये।

## एक नजर

### एसी बिक्री 1.4 करोड़ इकाई के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचने की संभावना

**नई दिल्ली।** इस साल भीषण गर्मी के कारण देश भर में एयर कंडीशनर की मांग में भारी वृद्धि हुई है। इससे इस साल एसी की बिक्री 1.4 करोड़ इकाई के रिकॉर्ड स्तर पर रहने की संभावना है। कन्ज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स और एप्लायंसेज मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन (सिएमा) के अध्यक्ष सुनील वाचानी ने कहा-एसी उद्योग में मई में बिक्री रिकॉर्ड स्तर पर रहे। गर्मी के इस मौसम में बिक्री में 30 से 40 प्रतिशत की वृद्धि की संभावना है।

### 7 बड़े शहरों में अनबिके घरों की संख्या बढ़ी

**नई दिल्ली।** देश के सात प्रमुख शहरों में फ्लैट की आपूर्ति बढ़ने से सात प्रमुख शहरों में अनबिके घरों की संख्या 2019 की तुलना में 24 प्रतिशत बढ़ गई है। रियल एस्टेट सलाहकार जेएलएल इंडिया ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि अनबिके घरों की संख्या मार्च तक लगभग 4,68,000 इकाइयों तक पहुंच गई।

# भारत में 500 अरब डॉलर के निवेश के अवसर

## स्वच्छ ऊर्जा, अन्य क्षेत्रों को लेकर आईपीईएफ की बैठक में वाणिज्य सचिव सुनील बर्थवाल बोले

**नई दिल्ली, एजेंसी**



वाणिज्य मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारत में नवीकरणीय ऊर्जा, हरित हाइड्रोजन और इलेक्ट्रिक वाहन सहित स्वच्छ ऊर्जा मूल्य श्रृंखला में 2030 तक 500 अरब डॉलर से अधिक के निवेश के अवसर मौजूद हैं। इंडो-पैसिफिक इकोनॉमिक फ्रेमवर्क फॉर प्रॉसपेरिटी (आईपीईएफ) के स्वच्छ अर्थव्यवस्था निवेशक फोरम की दो दिवसीय बैठक में भाग लेने के लिए सिंगापुर में मौजूद वाणिज्य सचिव सुनील बर्थवाल ने यह बात कही।

बर्थवाल ने आईपीईएफ स्वच्छ अर्थव्यवस्था निवेशक फोरम के उद्घाटन में इसे एक अद्वितीय मंच करार दिया जो वैश्विक निवेशकों, नीति निर्माताओं और शिक्षाविदों को एक साथ लाया है और हिंद-प्रशांत क्षेत्र में टिकाऊ बुनियादी ढांचे को आगे बढ़ाने में सहायक होगा। सचिव ने फोरम को संबोधित करते हुए कहा कि भारत में 2030 तक 500 अरब डॉलर से अधिक के निवेश के बड़े अवसर मौजूद हैं, खासकर नवीकरणीय ऊर्जा, हरित हाइड्रोजन और इलेक्ट्रिक वाहन सहित स्वच्छ ऊर्जा मूल्य श्रृंखला में...। बर्थवाल ने पिछले दशक में भारत में कारोबारी माहौल को बेहतर बनाने के लिए कारोबार को सुगम बनाने के लिए किए गए प्रमुख सुधारों के बारे में भी बताया। इसके अलावा, मंत्रालय ने कहा कि इस फोरम के परिणामस्वरूप हिंद-प्रशांत क्षेत्र में टिकाऊ बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के लिए 23 अरब अमेरिकी डॉलर के निवेश के अवसर उत्पन्न हुए। आईपीईएफ की बैठक बुधवार को शुरू हुई। यह क्षेत्र के शीर्ष निवेशकों, स्वच्छ अर्थव्यवस्था कंपनियों व स्टार्ट-अप को बुनियादी ढांचे, जलवायु प्रौद्योगिकी तथा नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं में निवेश जुटाने में एकसाथ लाती है।

### बैठक में आईपीईएफ भागीदारों की सरकारी एजेंसियों के 300 से अधिक प्रतिभागियों ने लिया भाग

इस दो दिवसीय कार्यक्रम में वित्तीय संस्थानों, बहुपक्षीय विकास बैंकों, उद्यम पूंजी कोषों, परियोजना मालिकों, उद्यमियों तथा आईपीईएफ भागीदारों की सरकारी एजेंसियों के 300 से अधिक प्रतिभागियों ने सतत बुनियादी ढांचे और जलवायु प्रौद्योगिकी जुड़ाव के तहत सक्रिय रूप से हिस्सा लिया। आईपीईएफ के 14 सदस्य हैं। अमेरिका और हिंद-प्रशांत क्षेत्र के अन्य साझेदार देशों द्वारा संयुक्त रूप से 23 मई 2022 को तोक्यो में इसकी शुरुआती की गई थी। इसके सदस्य देश दुनिया के आर्थिक उत्पादन का 40 प्रतिशत और व्यापार का 28 प्रतिशत प्रतिनिधित्व करते हैं। यह ढांचा व्यापार, आपूर्ति शृंखला, स्वच्छ अर्थव्यवस्था और निष्पक्ष अर्थव्यवस्था से संबंधित चार स्तंभों के इर्द-गिर्द बना है। भारत व्यापार को छोड़कर बाकी सभी स्तंभों में शामिल है।

# मई में शाकाहारी थाली नौ प्रतिशत महंगी

**मुंबई, एजेंसी**

- प्याज, टमाटर की कीमतों में उछाल और मांसाहारी भोजन की लागत में आई कमी



मई महीने में शाकाहारी थाली की औसत लागत नौ प्रतिशत तक बढ़ गई। बृहस्पतिवार को जारी एक रिपोर्ट में प्याज, टमाटर और आलू की कीमतों में आई तेजी को इसकी वजह बताया गया।

क्रिसिल मार्केट इंटेलिजेंस एंड एनालिसिस की मासिक रोटी चावल दर रिपोर्ट में शाकाहारी थाली महंगी होने की बात कही गई। हालांकि ब्रॉयलर मुर्गे की कीमत में गिरावट से मांसाहारी भोजन की लागत में कमी आई है। रिपोर्ट के अनुसार, शाकाहारी भोजन की कीमत मई में बढ़कर 27.8 रुपये प्रति थाली हो गई, जो एक साल पहले की समान अवधि में 25.5 रुपये थी। वहीं एक महीने पहले अप्रैल में शाकाहारी थाली 27.4 रुपये की थी। इस थाली में मुख्य रूप से रोटी, सब्जियां (प्याज, टमाटर और आलू), चावल, दाल, दही और सलाद शामिल होते हैं। रिपोर्ट में शाकाहारी थाली की कीमत में कुल वृद्धि का कारण टमाटर की कीमतों में 39 प्रतिशत, आलू में 41 प्रतिशत और प्याज में 43 प्रतिशत की वृद्धि को बताया गया है।

क्रिसिल की रिपोर्ट के मुताबिक-रबी की फसल के रकबे में भारी कमी के कारण प्याज की कम आवक तथा पश्चिम बंगाल में फसल खराब होने से आलू की आवक कम होने से इन सब्जियों की कीमतों में बढ़ोतरी हुई। इसके अलावा चावल और दालों की कीमतों में भी क्रमशः 13 प्रतिशत और 21 प्रतिशत की वृद्धि हुई। हालांकि जीरा, मिर्च और वनस्पति तेल की कीमतों में क्रमशः 37 प्रतिशत, 25 प्रतिशत और आठ प्रतिशत की गिरावट आने से शाकाहारी थाली की लागत में और वृद्धि नहीं देखी गई। इसके उलट मांसाहारी थाली की लागत मई में घटकर 55.9 रुपये रह गई, जबकि एक साल पहले इसी अवधि में यह 59.9 रुपये थी। यह अप्रैल, 2024 में 56.3 रुपये प्रति थाली की कीमत से भी कम है। मासाहारी थाली में अन्य सभी सामग्री समान होती है, लेकिन दाल की जगह मुर्गे का मांस होता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि ब्रॉयलर मुर्गे की कीमतों में 16 प्रतिशत की गिरावट सालाना आधार पर मांसाहारी थाली की लागत में गिरावट का मुख्य कारण है। ब्रॉयलर का मांसाहारी थाली की कुल कीमत में 50 प्रतिशत हिस्सा होता है।

## सर्राफा

**कानपुर**

| | |
|---|---|
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 93,150 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 95,000 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 100000 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 74,750 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 55,700-55,900 |

**लखनऊ**

| | |
|---|---|
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 72,550 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 72,400 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 88,800 |
| चांदी तैयार | 88,900 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |

**बरेली**

| | |
|---|---|
| सोना जेवरात पक्के | 72,700 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 71,700 |
| चांदी पक्की | 880 (अनुमानित) |

**मुरादाबाद**

| | |
|---|---|
| सोना 24 कैरेट | 73,050 |
| चांदी आभूषण | 90,500। |

## सोने की कीमत में 680 और चांदी में 1,400 रुपये की बढ़ोतरी

**नई दिल्ली।** वैश्विक बाजारों में बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में मजबूती के रुख के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बृहस्पतिवार को सोना 680 रुपये की तेजी के साथ 73,500 रुपये प्रति 10 ग्राम रहा।

एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 72,820 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 1,400 रुपये बढ़कर 93,300 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। पिछले कारोबारी सत्र में यह 91,900 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।

## शेयर बाजार में लगातार दूसरे दिन तेजी, सेंसेक्स 692 अंक उछला

**मुंबई, एजेंसी**

केंद्र में अगली सरकार की कमान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के ही पास रहने की संभावना से उत्साहित घरेलू शेयर बाजार लगातार दूसरे दिन बढ़त के साथ बंद हुए। बीएसई का मानक सूचकांक सेंसेक्स 75,000 के स्तर को एक बार फिर हासिल करते हुए 692.27 अंक यानी 0.93 प्रतिशत उछलकर 75,074.51 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 915.49 अंक तक बढ़कर 75,297.73 पर पहुंच गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का सूचकांक निफ्टी भी 201.05 अंक यानी 0.89 प्रतिशत चढ़कर 22,821.40 अंक पर बंद हुआ। वहीं शेयर बाजार में तेजी और उछाल के चलते निवेशकों की पूंजी 13.22 लाख करोड़ रुपये से अधिक बढ़ गई।

कारोबार के दौरान यह 289.8 अंक यानी 1.28 प्रतिशत बढ़कर 22,910.15 अंक तक पहुंच गया था। सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से टेक महिंद्रा, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, भारतीय स्टेट बैंक, एनटीपीसी, इन्फोसिस, लार्सन एंड टूब्रो, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और विप्रो के शेयरों में सर्वाधिक बढ़त दर्ज की गई।

## सेनेगल, गाम्बिया को टूटे चावल के निर्यात की दी गई अनुमति

**नई दिल्ली।** सरकार ने सेनेगल और गाम्बिया को एनसीईएल के माध्यम से टूटे चावल का निर्यात करने के लिए 30 नवंबर तक का और समय और दे दिया है। भारत ने इन दो अफ्रीकी देशों के अनुरोध पर उन्हें टूटे चावल के निर्यात को मंजूरी दी है। केंद्र ने टूटे चावल के निर्यात पर आठ सितंबर, 2022 को प्रतिबंध लगा दिया था। सरकार ने इसके बाद 24 मई को इसमें संशोधन किया। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने कहा कि एनसीईएल (राष्ट्रीय सहकारी निर्यात लि.) के माध्यम से निर्यात की अवधि को 30 नवंबर, 2024 तक 6 महीने के लिए बढ़ा दिया गया है।

## घरेलू हवाई यात्रियों की संख्या मई में 5 .1% बढ़कर 13 .89 करोड़ पर

**मुंबई, एजेंसी**

घरेलू हवाई यात्रियों की संख्या मई में सालाना आधार पर 5.1 प्रतिशत बढ़कर 13.89 करोड़ रही। कोविड महामारी से पहले के स्तर से यह लगभग 14 प्रतिशत अधिक है। एक रिपोर्ट में यह कहा गया।

इक्रा ने बृहस्पतिवार को अपनी रिपोर्ट में यह भी कहा कि स्थिर लागत परिवेश के बीच घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय हवाई यातायात में निरंतर सुधार के बीच भारतीय विमानन उद्योग का दृष्टिकोण स्थिर है। चालू वित्त वर्ष (2024-25) में भी यह रुझान जारी रहने की संभावना है। रिपोर्ट में कहा गया कि पिछले महीने एयरलाइन की क्षमता सालाना आधार पर छह प्रतिशत बढ़ी और अप्रैल, 2024 की तुलना में लगभग दो प्रतिशत अधिक रही। रेटिंग एजेंसी के अनुसार, पिछले वित्त वर्ष में घरेलू हवाई यात्री यातायात लगभग 13 प्रतिशत की वृद्धि के साथ करीब 15.4 करोड़ था। रेटिंग एजेंसी ने कहा कि इस प्रकार यह वित्त वर्ष 2019-20 में लगभग 14.2 करोड़ के कोविड-19 से पहले के स्तर को पार कर गया। एजेंसी ने कहा कि कंपनियों के लिए अंतर्राष्ट्रीय यात्रियों में लगभग 24 प्रतिशत बढ़कर लगभग 2.96 करोड़ था।

# राष्ट्रीय

## एक नजर

### धनशोधन मामले में सुपरटेक के प्रमुख की जमानत मंजूर

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने धनशोधन मामले में बृहस्पतिवार को सुपरटेक के चेयरमैन आर.के. अरोड़ा को जमानत दे दी। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश देवेन्द्र कुमार जांगला ने अरोड़ा को राहत प्रदान करते हुए कहा कि उनके मुकदमे से भागने या जांच को प्रभावित करने की कोई आशंका नहीं है। अरोड़ा को पिछले साल जून में गिरफ्तार किया गया था। दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू), हरियाणा पुलिस और उत्तर प्रदेश पुलिस ने सुपरटेक लिमिटेड व अरोड़ा के खिलाफ 26 प्राथमिकी दर्ज की थीं।

### सिलेंडर में विस्फोट होने से नौ लोग घायल

**मुंबई।** महाराष्ट्र में मुंबई के चेंबूर इलाके में बृहस्पतिवार को सुबह तरल पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) सिलेंडर में विस्फोट होने से कम से कम नौ लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि चेंबूर के सी जी गिडवानी मार्ग पर स्थित एक मंजिला मकान में सुबह करीब साढ़े सात बजे यह घटना हुई थी। उन्होंने बताया कि रसोई गैस के सिलेंडर में विस्फोट होने से वहां आग लग गई, जिससे मकान भी क्षतिग्रस्त हो गया। अधिकारी ने बताया कि घायलों में दो नाबालिग हैं। बताया कि सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## एडीआर ने उम्मीदवारों के नामांकन के साथ दाखिल हलफनामे के विश्लेषण के आधार पर दी जानकारी

# लोकसभा में चुनकर आए 93 प्रतिशत माननीय करोड़पति

**नई दिल्ली, एजेंसी**



आम चुनाव-2024 में चुन कर आए 93 प्रतिशत उम्मीदवार करोड़पति हैं जो 2019 के 88 प्रतिशत के मुकाबले पांच प्रतिशत अधिक है। चुनाव अधिकार निकाय एसोसिएशन ऑफ डेमोक्रेटिक रिफॉर्म (एडीआर) ने उम्मीदवारों के नामांकन के साथ दाखिल हलफनामा के विश्लेषण के आधार पर यह जानकारी दी है।

एडीआर के मुताबिक अगली लोकसभा में शीर्ष तीन अमीर सदस्यों में 5,705 करोड़ की संपत्ति के साथ तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) के चंद्र शेखर पेम्मासानी, 4,568 करोड़ रुपये की संपत्ति के साथ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कोंडा विश्वेश्वर रेड्डी और 1,241 करोड़ रुपये की संपत्ति के साथ भाजपा नेता नवीन जिंदल शामिल हैं। पेम्मासानी आंध्र प्रदेश के गुंटुर से जीत कर आए हैं वहीं विश्वेश्वर रेड्डी तेलंगाना में चेवल्ला से और नवीन जिंदल हरियाणा के कुरुक्षेत्र से निर्वाचित हुए हैं। विश्लेषण के मुताबिक लोकसभा के लिए निर्वाचित 543 सदस्यों में से 504 करोड़पति हैं।

एडीआर के मुताबिक 2019 की लोकसभा में 475 (88 प्रतिशत) और 2014 की लोकसभा में 443 (82 प्रतिशत) सदस्य करोड़पति थे। संसद के निचले सदन में करोड़पतियों के बढ़ने की परिपाटी 2009 से देखी जा रही है, तब 315 (58 प्रतिशत) सदस्य करोड़पति थे। विश्लेषण के अनुसार, भाजपा के 240 विजयी उम्मीदवारों में से 227 (95 प्रतिशत), कांग्रेस के 99 में से 92 (93 प्रतिशत), द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रविड़) के 22 में से 21 (95 प्रतिशत), तृणमूल कांग्रेस के 29 में से 27 (93 प्रतिशत) और समाजवादी पार्टी के 37 उम्मीदवारों में से 34 (92 प्रतिशत) ने एक करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति घोषित की है। एडीआर के आंकड़ों के मुताबिक आम आदमी पार्टी के सभी तीन, जनता दल यूनाइटेड के सभी 12 और तेदेपा के सभी 16 विजयी उम्मीदवार करोड़पति हैं। एडीआर ने उम्मीदवारों की वित्तीय पृष्ठभूमि के आधार पर उनकी जीत की संभावनाओं का भी विश्लेषण किया है।

### लोस सदस्यों में से 46% के खिलाफ आपराधिक मामले

लोकसभा के नवनिर्वाचित 543 सदस्यों में से 251 (46 प्रतिशत) के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज हैं। चुनाव विश्लेषण करने वाली संस्था एडीआर ने यह बात कही। यह निचले सदन में आपराधिक आरोपों का सामना करने वाले सदस्यों की पिछले कई दशकों की सबसे अधिक संख्या है। साल 2019 में कुल 233 नवनिर्वाचित सांसदों (43 प्रतिशत) ने अपने विरुद्ध आपराधिक मामले दर्ज होने की घोषणा की थी, 2014 में 185 (34 प्रतिशत), 2009 में 162 (30 प्रतिशत) तथा 2004 में 125 (23 प्रतिशत) ने आपराधिक मामलों की घोषणा की थी। विश्लेषण के मुताबिक 2009 के बाद से आपराधिक मामले दर्ज होने की घोषणा करने वाले सांसदों की संख्या में 55 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। नवनिर्वाचित हुए 251 सदस्यों में से 170 (31 प्रतिशत) के खिलाफ गंभीर आपराधिक मामले हैं जिनमें दुष्कर्म, हत्या, हत्या का प्रयास, अपहरण और महिलाओं के खिलाफ अपराध के मामले हैं। गंभीर अपराध के मामलों वाले सदस्यों की संख्या 2009 से 124 प्रतिशत बढ़ गई है। इस बार चार उम्मीदवारों ने भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 302 के तहत अपने ऊपर हत्या से संबंधित मामले दर्ज होने की जानकारी दी है›

## 85 साल में पहली बार सीआरपीएफ के खानसामों-जलवाहकों की पदोन्नति

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- अधिकारी के अनुसार 1,700 खानसामों और 900 जलवाहक कर्मियों को मिला लाभ

देश के सबसे बड़े अर्धसैनिक बल केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के 85 वर्ष के इतिहास में पहली बार कुल 2,600 खानसामों और जल वाहकों को पदोन्नत किया गया है। सीआरपीएफ की स्थापना 1939 में हुई थी और इसके पास दो विशेष वर्ग के कुल 12,250 कर्मी हैं जो बल के लगभग 3.25 लाख पुरुष एवं महिला कर्मियों के लिए रसोई, कैंटीन और अन्य प्रशासनिक कार्यों के व्यापक नेटवर्क को संभालते हैं। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि बुधवार को एक आदेश के जरिए 1,700 खानसामों और 900 जलवाहक कर्मियों को उनके कांस्टेबल पद से पदोन्नत कर हेड कांस्टेबल नियुक्त किया गया है।

सीआरपीएफ के 85 वर्ष के इतिहास में पहली बार ऐसा हुआ है। इस पद के कर्मी तब से इस बल का हिस्सा हैं जब से इसकी स्थापना हुई है। अधिकारी ने बताया कि 2016 में जब केंद्र सरकार ने सातवें वेतन आयोग की सिफारिशें लागू की थीं तब उन्हें कुक और वाटर कैरियर का विशिष्ट काडर नाम दिया गया था। केंद्रीय सशस्त्र बल पुलिस (सीएपीएफ) के एक अधिकारी ने कहा कि इन कर्मियों को पदानुक्रम में सबसे निचले पायदान पर भर्ती किया गया था और इन्हें कभी पदोन्नत नहीं किया गया और औसतन लगभग 30-35 वर्षों की सेवा के बाद भी वे उसी पद से सेवानिवृत्त होते थे।

## मोदी आचार संहिता के उल्लंघन के लिए माफी मांगें, शीर्ष अदालत करे कार्रवाई

**नई दिल्ली।** संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से आदर्श आचार संहिता का लगातार उल्लंघन करने के लिए बृहस्पतिवार को माफी की मांग की और उच्चतम न्यायालय से चुनाव के दौरान कानून का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने का आग्रह किया। एसकेएम ने यह भी कहा कि कानून के समक्ष सभी समान हैं और मोदी अपवाद नहीं हो सकते। एसकेएम ने एक बयान में कहा-एसकेएम मांग करता है कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के नवनिर्वाचित नेता नरेन्द्र मोदी आदर्श आचार संहिता के लगातार उल्लंघन के लिए सार्वजनिक रूप से माफी मांगें या फिर कानून के अनुसार मुकदमे का सामना करें। कानून के सामने सभी समान हैं और मोदी अपवाद नहीं हो सकते हैं।

## कांग्रेस सरकार को झटका, मंत्री बी. नागेन्द्र ने दिया इस्तीफा

**बेंगलुरु, एजेंसी**



- कर्नाटक में एसटी निगम घोटाला मामले में मंत्री ने खुद को बताया निर्दोष

कर्नाटक में एक सरकारी निगम से जुड़े अवैध धनराशि अंतरण मामले में आरोपों से घिरे अनुसूचित जनजाति (एसटी) कल्याण मंत्री बी. नागेन्द्र ने बृहस्पतिवार को मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया। इसे सिद्धरमैया के नेतृत्व वाली एक वर्ष पुरानी सरकार के लिए करारा झटका माना जा रहा है।

मंत्री ने मुख्यमंत्री को अपना इस्तीफा पत्र सौंपा और कहा कि वह इस मामले में निष्कलंक होकर सामने आएंगे। कर्नाटक महर्षि वाल्मीकि अनुसूचित जनजाति विकास निगम लिमिटेड से संबंधित यह अवैध धनराशि अंतरण मामला उस वक्त सामने आया जब उसके लेखा अधीक्षक चंद्रशेखर पी ने 26 मई को आत्महत्या कर ली। मरने से पहले चंद्रशेखर ने एक सुसाइड नोट लिखा था। इस नोट में निगम के बैंक खाते से 187 करोड़ रुपये के अवैध अंतरण का खुलासा किया गया था। इस रकम में से 88.62 करोड़ रुपये कथित रूप से जानी-मानी आईटी कंपनियों के विभिन्न खातों एवं हैदराबाद के एक सहकारी बैंक में डाले गए थे।

## पंजाब में ऑपरेशन ब्लूस्टार की बरसी पर खालिस्तान के समर्थन में लगे नारे

**अमृतसर।** पंजाब के अमृतसर में ऑपरेशन ब्लूस्टार की 40वीं बरसी पर बृहस्पतिवार को कट्टरपंथी सिख संगठनों के समर्थकों और कार्यकर्ताओं ने खालिस्तान के समर्थन में नारे लगाए। सिमरनजीत सिंह मान के नेतृत्व वाले शिरोमणि अकाली दल और पूर्व सांसद ध्यान सिंह मंड के गुट समेत विभिन्न संगठनों के कार्यकर्ताओं ने, सिखों की सर्वोच्च संस्था अकाल तख्त में ये नारे लगाए। हाल ही में संगरूर लोकसभा सीट से चुनाव हारने वाले मान भी इस दौरान मौजूद थे। कट्टरपंथी संगठन दल खालसा के नेतृत्व में कुछ सिख युवा हाथों में खालिस्तानी झंडे और क्षतिग्रस्त अकाल तख्त की तस्वीरें लिए हुए नजर आए। वहीं कार्यकर्ताओं ने मारे गए चरमपंथी जरनैल सिंह भिंडरावाले और खालिस्तानी हरदीप सिंह निज्जर की फोटो वाली तख्तियां हाथों में ली हुई थीं।

# कोर्ट ने कहा-दिल्ली को 137 क्यूसेक अतिरिक्त पानी दे हिमाचल

**नई दिल्ली, एजेंसी**

**दिल्ली जल संकट**

- हरियाणा को मदद करने के निर्देश, 5 दिन में मांगी रिपोर्ट



राष्ट्रीय राजधानी में जारी जल संकट के बीच उच्चतम न्यायालय ने बृहस्पतिवार को निर्देश दिए कि हिमाचल प्रदेश 137 क्यूसेक अतिरिक्त जल छोड़े और हरियाणा दिल्ली की तरफ पानी के प्रवाह को सुगम बनाए। शीर्ष अदालत ने यह भी कहा कि पानी को लेकर राजनीति नहीं होनी चाहिए।

न्यायमूर्ति पी.के. मिश्रा और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की अवकाशकालीन पीठ ने कहा कि हिमाचल प्रदेश सरकार उसके पास उपलब्ध 137 क्यूसेक अतिरिक्त पानी दिल्ली के लिए छोड़ने को तैयार है। एक क्यूसेक (घन फुट प्रति सेकंड) प्रति सेकंड 28.317 लीटर तरल प्रवाह के बराबर होता है। पीठ ने कहा-क्योंकि हिमाचल प्रदेश को कोई आपत्ति नहीं है और वह उसके पास उपलब्ध अतिरिक्त पानी छोड़ने के लिए तैयार है, इसलिए हम निर्देश देते हैं कि हिमाचल प्रदेश उसके पास उपलब्ध अतिरिक्त पानी में से 137 क्यूसेक पानी छोड़े, ताकि पानी हथिनीकुंड बैराज और फिर वहां से दिल्ली पहुंच सके। मामले की गंभीरता को देखते हुए पीठ ने हिमाचल प्रदेश को निर्देश दिया कि वह हरियाणा को पूर्व सूचना देकर सात जून को पानी छोड़े। इसने कहा है कि ऊपरी यमुना नदी बोर्ड (यूवाईआरबी) हथिनीकुंड में आने वाले अतिरिक्त पानी को मापेगा ताकि इसे वजीराबाद और दिल्ली तक पहुंचाया जा सके। पीठ ने आदेश दिया, जब भी हिमाचल प्रदेश पूर्व सूचना के साथ हरियाणा की तरफ अतिरिक्त पानी छोड़ेगा तो हरियाणा अतिरिक्त पानी के प्रावह को हथिनीकुंड और वजीराबाद तक सुगम बनाए रखने में मदद करेगा ताकि यह निर्बाध रूप से दिल्ली तक पहुंचे और दिल्ली के लोगों को पेयजल के लिए पानी उपलब्ध कराया जा सके। इसने कहा-सोमवार को इस अदालत के समक्ष एक स्थिति रिपोर्ट प्रस्तुत की जाएगी।

उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली सरकार से यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि राष्ट्रीय राजधानी को मिलने वाला पानी व्यर्थ न हो। उच्चतम न्यायालय ने कहा कि दिल्ली सरकार और हरियाणा तथा हिमाचल प्रदेश सहित प्रतिवादी सोमवार तक अपना अनुपालन हलफनामा दाखिल करेंगे। न्यायालय ने मामले की अगली सुनवाई के लिए 10 जून की तारीख तय की।

## 5.45 करोड़ के सोने की तस्करी में दो चीनी नागरिक सहित चार गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर 5.45 करोड़ रुपये मूल्य के सोने की तस्करी के आरोप में दो चीनी नागरिकों सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। सीमा शुल्क विभाग ने गुरुवार को यह जानकारी दी। मंगलवार को हांगकांग से आने पर आरोपियों को हवाई अड्डे पर रोका गया। सीमा शुल्क विभाग ने बताया कि आरोपियों के सामान की गहन तलाशी के साथ ही उनकी जामा तलाशी भी ली गई। तलाशी के दौरान उनके पास से 8.2 किलोग्राम सोना बरामद हुआ जिसका मूल्य 5.45 करोड़ रुपये है।

## संसद परिसर में फर्जी आधार कार्ड से प्रवेश की कोशिश में तीन गिरफ्तार

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- जालसाजी और धोखाधड़ी से संबंधित धाराओं में मामला दर्ज

केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के कर्मियों ने कथित तौर पर फर्जी आधार कार्ड का उपयोग करके उच्च सुरक्षा वाले संसद परिसर में प्रवेश करने की कोशिश कर रहे तीन मजदूरों को पकड़ा है। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी।

दिल्ली पुलिस ने कासिम, मोनिस और शोएब नाम के तीन लोगों को गिरफ्तार किया है और उन पर जालसाजी और धोखाधड़ी से संबंधित भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। सूत्रों ने बताया कि मंगलवार को इन तीनों व्यक्तियों को संसद भवन के एक प्रवेश द्वार पर सुरक्षा और पहचान पत्र की जांच के दौरान सीआईएसएफ के कर्मियों ने हिरासत में लिया। तीनों अपने आधार कार्ड दिखाकर संसद भवन परिसर में प्रवेश की कोशिश कर रहे थे। सीआईएसएफ के कर्मियों को उनके कार्ड पर शक हुआ और आगे की जांच में वे फर्जी पाए गए। सीआईएसएफ को सीआरपीएफ और दिल्ली पुलिस की टुकड़ियों की जगह हाल में संसद भवन की सुरक्षा का जिम्मा दिया गया है।

## मप्र में दो लड़कियों ने एक-दूसरे को चाकू मार कर घायल किया

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश के जबलपुर में दो लड़कियों ने एक-दूसरे पर चाकू से हमला कर घायल कर दिया। पुलिस के एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक, एक लड़की ने दूसरी लड़की का तैराकी करते हुए वीडियो बनाया और उसे सोशल मीडिया पर प्रसारित कर दिया। माढ़ोताल थाने के प्रभारी विपिन ताम्रकार ने बताया कि दोनों घायल लड़कियों का सरकारी अस्पताल में इलाज किया जा रहा है। उन्होंने बताया है कि जिस लड़की का वीडियो प्रसारित किया गया उसकी उम्र 18 वर्ष है, जबकि दूसरी लकड़ी की उम्र 19 वर्ष है। घटना कथोंडा तालाब के पास हुई।



# नासाउ की पिच खिलाड़ियों के लिए खतरा

## ड्रॉप इन पिच की हो रही है आलोचना, आयरलैंड के खिलाफ मैच में रोहित को लगी चोट गंभीर नहीं, आईसीसी मौन

न्यूयॉर्क, एजेंसी

भारतीय कप्तान रोहित शर्मा की बाजू पर लगी चोट पाकिस्तान के खिलाफ रविवार को होने वाले मैच से पहले ठीक होने की उम्मीद है लेकिन अमेरिका में क्रिकेट के प्रचार के लिए अहम माने जा रहे टी-20 विश्व कप के इस मुकाबले से पहले नासाउ काउंटी की खुली दरारों वाली खतरनाक पिच सभी के लिए चिंता का सबब बनी हुई है। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन समेत कई दिग्गजों ने पिच पर सवाल उठाए हैं। यह भी कहा जा रहा है कि विश्व कप मैच कराने से पहले इस पर कुछ अभ्यास मैच क्यों नहीं खेले गए। रोहित को आयरलैंड के खिलाफ मैच के दौरान तेज गेंदबाज जोश लिटिल की गेंद दाहिनी बाजू के ऊपरी हिस्से में लगी थी। उन्हें मैदान छोड़कर जाना पड़ा। ऋषभ पंत को भी बायीं कोहनी में बाउंसर लगा था।

बीसीसीआई के एक सूत्र ने बताया रोहित की चोट गंभीर नहीं है। उन्होंने खुद कहा है कि यह मामूली घाव है। वह पाकिस्तान के खिलाफ मैच तक ठीक हो जाएंगे। उससे पहले दो अभ्यास सत्र भी खेले जाने हैं। एडीलेड से खास विश्व कप के लिए यहां लाई गई पिच की काफी आलोचना हो रही है। भारत को इस स्टेडियम में दो मैच और खेलने हैं। भारत की टी-20 विश्व कप में खिताबी जीत में फाइनल में 'प्लेयर आफ द मैच' रहे इरफान पठान ने पिच को असुरक्षित बताया। उन्होंने कहा हम अमेरिका में क्रिकेट को बढ़ावा देना चाहते हैं लेकिन यह पिच खिलाड़ियों के लिए सुरक्षित नहीं है। अगर भारत में इस तरह की पिच होती तो लंबे समय तक वहां दोबारा मैच नहीं खेला जाता। हम विश्व कप की बात कर रहे हैं, किसी द्विपक्षीय श्रृंखला की नहीं।

वहीं भारत के बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौड़ ने कहा कि हम उसी पर नियंत्रण कर सकते हैं जो हमारे बस में है। यह चुनौतीपूर्ण विकेट है और हमें ऐसी ही आशा थी क्योंकि हमने यहां अभ्यास मैच खेला था। हमें इससे निपटने का तरीका तलाशना होगा। टीम में कौशल की कमी नहीं है और पर्याप्त अनुभव भी है। हमें कोई दिक्कत नहीं होगी। आईसीसी ने अभी तक पिच की आलोचना को लेकर कोई बयान नहीं दिया है।

भारतीय टीम प्रबंधन कोई औपचारिक शिकायत दर्ज नहीं करने वाला लेकिन पिच को लेकर नाराजगी जाहिर है। सूत्र ने कहा यह ताजा पिच है। इस पिच पर कुछ अभ्यास मैच होने चाहिए थे। यह टी-20 की विकेट नहीं है और चारों पिचें ऐसी ही है। शुक्र है कि रोहित या ऋषभ पंत को गंभीर चोट नहीं लगी और वे ठीक हैं। आयरलैंड के हैरी टेक्टर को जसप्रीत बुमराह की गेंद दस्तानों से होकर हेलमेट पर लगने के कारण कनकशन टेस्ट से गुजरना पड़ा। पिच की गुणवत्ता को लेकर आईसीसी के नियम स्पष्ट हैं। टूर्नामेंट के बाद समीक्षा की जाएगी। जिम्बाब्वे के पूर्व कप्तान और मशहूर कोच एंडी फ्लावर ने भी पिच की आलोचना करते हुए कहा मुझे कहना ही होगा कि अंतर्राष्ट्रीय मैच खेलने के लिए यह पिच सही नहीं है। भारत के पूर्व क्रिकेटर संजय मांजरेकर ने कहा अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहले भी खतरनाक पिचें देखी है लेकिन यहां तैयारी में कुछ गड़बड़ हुई है। पिच या तो तैयार नहीं थी या कुछ ऐसा है जो उनके काबू में नहीं है।



### पाकिस्तान के खिलाफ क्या अपेक्षा की जाए: वॉन

इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने कहा अमेरिका में क्रिकेट का प्रचार अच्छी बात है लेकिन इसके लिए खिलाड़ियों को इस तरह की पिच पर खिलाना अस्वीकार्य है। आप विश्व कप खेलने के लिए काफी मेहनत करते हैं और फिर इस तरह की पिच पर खेलना पड़ता है। पिच के स्वभाव से रोहित हैरान हैं और उन्होंने स्वीकार किया कि वह नहीं जानते कि पाकिस्तान के खिलाफ मैच में इससे क्या अपेक्षा की जाए।

### बीसीसीआई के पूर्व क्यूरेटर ने न्यूयॉर्क की पिचों की आलोचना की

**नई दिल्ली।** बीसीसीआई के पूर्व मुख्य क्यूरेटर दलजीत सिंह टी-20 विश्व कप के लिए न्यूयॉर्क में उपयोग लाई जा रही ड्रॉप इन पिचों की खराब स्थिति से हैरान हैं। भारत को न्यूयॉर्क में विश्व कप के तीन मैच खेलने हैं जिनमें पाकिस्तान के खिलाफ 9 जून को होने वाला मैच भी शामिल है। भारत और आयरलैंड के बीच खेले गए मैच के दौरान पिच से मिल रही असमान उछाल और दरारों ने लोगों का ध्यान खींचा। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा को जोश लिटिल की तेजी से उठती गेंद पर घायल होने के कारण मैदान छोड़ना पड़ा था। ऐसे में खिलाड़ियों की सुरक्षा को लेकर चिंता जताई जा रही है। बीसीसीआई के साथ दो दशक से भी अधिक समय तक काम करने वाले दलजीत ने कहा पिच बेहद खराब हैं। ड्रॉप इन पिच को काफी पहले लगाया जाना चाहिए। इस पर अलग-अलग तरह के रोलर का उपयोग किया जाना चाहिए था। ऐसा लगता है कि पिच को अच्छी तरह से तैयार नहीं किया गया। यह खराब गुणवत्ता वाली पिच हैं जिन्हें तैयार नहीं किया गया। आईसीसी ने ऑस्ट्रेलिया में बनी 10 ड्रॉप इन पिच को मई के पहले सप्ताह में न्यूयॉर्क पहुंचाया था। इन सभी पिच को एडिलेड ओवल के क्यूरेटर डेमियन हाफ ने तैयार किया था। दलजीत ने कहा इन पिचों को तीन महीने पहले ही स्थापित किया जाना चाहिए था। इसके बाद उनमें अलग-अलग तरह से रोलिंग की जानी चाहिए थी। कुछ दिन का ब्रेक लेकर इसी प्रक्रिया को दोहराया जाना चाहिए था। इन पिच में असमान उछाल है जो टी20 के लिए आदर्श नहीं है।

### हम पाकिस्तान के खिलाफ भी अच्छा प्रदर्शन करेंगे: रोहित



**न्यूयॉर्क।** भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित ने शर्मा ने कहा कि मैच में लगी चोट मामूली है और हम पाकिस्तान के खिलाफ भी अच्छा प्रदर्शन करेंगे। आयरलैंड पर आठ विकेट से जीत के बाद रोहित शर्मा अपनी चोट के बारे में कहा यह मामूली चोट है। यह एक नया मैदान है। हम यह देखना चाह रहे थे कि यह यह पिच कैसी है। मुझे नहीं लगता है कि दूसरी पारी में पिच आसान हो गई थी। पिच पर गेंदबाजो के लिए काफी मदद थी। अर्शदीप दाएं हाथ के बल्लेबाजो के लिए गेंद को अंदर ला सकते हैं। वहीं से हमें एक अच्छी लय मिल गई। ऐसी परिस्थितियों में आपको अपने बेसिक्स पर कायम रहना चाहिए। मुझे नहीं लगता कि हम इस मैदान पर कभी भी चार स्पिनर के साथ उतरेंगे। अगर पिच में तेज गेंदबाजों के लिए मदद रहेगी तो हम उन्हें टीम में शामिल करेंगे। यह टूर्नमेंट जैसे-जैसे आगे बढ़ता जाएगा, हमारे स्पिनर गेम में आएंगे। मुझे उम्मीद है कि पाकिस्तान के खिलाफ भी हम अच्छा प्रदर्शन करेंगे।

## खेल डायरी

### इंडोनेशिया ओपन के क्वार्टर फाइनल में लक्ष्य



**जकार्ता।** भारत के स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन जापान के केंता निशिमोतो को हराकर इंडोनेशिया ओपन सुपर 1000 टूर्नामेंट के पुरूष एकल क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए। सेन ने प्री क्वार्टर फाइनल में 21-9, 21-15 से जीत दर्ज की। त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद हालांकि महिला युगल में हारकर बाहर हो गईं। उन्हें जापान की मायु मत्सुमोतो और वाकाना नागाहारा के हाथों 21-19, 19-21, 19-21 से पराजय झेलनी पड़ी। तनीषा क्रास्टो और अश्विनी पोनप्पा को दक्षिण कोरिया की हा ना बाएक और सो ही ली ने 21-13, 19-21, 21-13 से हराया जिससे महिला युगल में भारत की चुनौती खत्म हो गई। मिश्रित युगल में बी सुमीत रेड्डी और सिक्की रेड्डी की टक्कर चीन की सिवेइ झेंग और याकिओंग हुआंग से होगी। पुरूष एकल में प्रियांश राजावत का सामना थाईलैंड के कुंलावुत वितिदसर्न से होगा।

### प्रज्ञानानंदा का सामना नौवे दौर में कारूआना से




**स्टावेंजर (नॉर्वे)।** ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट के नौवे दौर में अमेरिका के फेबियानो कारूआना से खेलेंगे। भारत के प्रज्ञानानंदा ने क्लासिकल से दो मैच और आर्मागेडोन से दो मैच जीते और वह तीसरे स्थान पर हैं। टूर्नामेंट के दो ही दौर बाकी हैं। आर्मागेडोन में हालांकि उन्हें तीन पराजय भी झेलनी पड़ी। कार्लसन 14 .5 अंक लेकर शीर्ष पर हैं जबकि अमेरिका के हिकारू नकामूरा उनसे एक अंक पीछे दूसरे स्थान पर हैं। प्रज्ञानानंदा 12 अंक के साथ तीसरे स्थान पर है और फ्रांस के फिरोजा अलीरजा उनसे एक अंक पीछे हैं। आखिरी दौर में उनका सामना नकामूरा से होगा और दो ड्रॉ से उनका दसवें स्थान पर बने रहना तय हो जाएगा। कार्लसन का सामना अगले दौर में अलीरजा से और फिर कारूआना से होगा। महिला वर्ग में वेंजुन जू 14 .5 अंक लेकर यूक्रेन की अन्ना मुजिचुक से डेढ अंक आगे हैं। भारत की आर वैशाली और चीन की तिंगजी लेइ तीसरे स्थान पर हैं जिनके 11 .5 अंक हैं। कोनेरू हम्पी 8 .5 अंक के साथ पांचवें स्थान पर है। वैशाली का सामना नौवे दौर में लेइ से होगा जबकि हम्पी जू से खेलेगी।

### सरबजोत ने निशानेबाजी विश्व कप में जीता स्वर्ण

**म्यूनिख।** सरबजोत सिंह ने गत विश्व चैंपियन और चार बार के ओलंपियन की मौजूदगी वाली पुरुष 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतकर गुरुवार को यहां आईएसएसएफ विश्व कप में भारत के पदक का खाता खोला। भारत के 22 साल के सरबजोत ने आठ निशानेबाजों के फाइनल में 242 .7 अंक जुटाए। उन्होंने चीन के अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी चीन के बू शुआईहेंग को 0 .2 अंक से पछाड़ा। जर्मनी के रोबिन वाल्टर ने कांस्य पदक जीता। सरबजोत ने बुधवार को क्वालीफाइंग में 588 अंक के साथ शीर्ष पर रहते हुए फाइनल में जगह बनाई थी। फाइनल में गत विश्व चैंपियन चीन के बोवेन झेंग और तुर्की के चार बार के ओलंपिक यूसुफ डिकेक भी चुनौती पेश कर रहे थे। सरबजोत ने हालांकि फाइनल में लगातार अच्छा प्रदर्शन करते हुए आईएसएसएफ विश्व कप में अपना दूसरा व्यक्तिगत पदक जीता।

# स्वियातेक फ्रेंच ओपन के फाइनल में

पेरिस, एजेंसी



विश्व की नंबर एक खिलाड़ी इगा स्वियातेक ने अपना विजय अभियान जारी रखते हुए कोको गॉफ को सीधे सेटों में हराकर गुरुवार को फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट के महिला एकल के फाइनल में प्रवेश किया।

फ्रेंच ओपन में अपना चौथा खिताब जीतने की कवायद में लगी स्वियातेक ने तीसरी वरीयता प्राप्त गॉफ को 6-2, 6-4 से पराजित किया। इस तरह से वह जस्टिन हेनिन (2007 से 2009) के बाद रोलां गैरा पर लगातार तीन खिताब जीतने वाली पहली महिला खिलाड़ी बनने से अब केवल एक कदम दूर है। अब तक चार ग्रैंड स्लैम जीत चुकी स्वियातेक ने फ्रेंच ओपन में अपने विजय अभियान को 20 मैच तक पहुंचा दिया है। शनिवार को होने वाले फाइनल में उनका मुकाबला रूस की गैरवरीयता प्राप्त 17 वर्षीय मीरा एंड्रीवा और इटली की 12वीं वरीय जैस्मीन पाओलिनी के बीच होने वाले दूसरे सेमीफाइनल के विजेता से होगा। स्वियातेक ने गॉफ के खिलाफ अपना रिकॉर्ड 11-1 कर दिया है। उन्होंने इस क्ले कोर्ट टूर्नामेंट में लगातार तीसरी बार अमेरिकी खिलाड़ी को हराया। इनमें 2022 के फाइनल और पिछले साल के क्वार्टर फाइनल में दर्ज की गई जीत भी शामिल हैं।

### रोजर-वेसेलिन और लॉरा सिगेमुंड ने जीता मिश्रित युगल खिताब

**पेरिस।** एडवर्ड रोजर- वेसेलिन और लॉरा सिगेमुंड ने गुरुवार को यहां नील स्कुपस्की और डिजायर क्रॉजिक की जोड़ी को सीधे सेट में हराकर फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट का मिश्रित युगल का खिताब जीता। पहली बार किसी टूर्नामेंट में जोड़ी बनाकर खेल रहे फ्रांस के रोजर-वेसेलिन और जर्मनी की सिगेमुंड ने स्कुपस्की और क्रॉजिक की जोड़ी को 6-4, 7-5 से हराया। चालीस साल के रोजर-वेसेलिन का यह पहला मिश्रित युगल खिताब है। अमेरिका की क्रॉजिक और ब्रिटेन के स्कुपस्की एक साथ मिलकर 2021 और 2022 में दो विंबलडन मिश्रित युगल खिताब जीत चुके हैं। पुरुष युगल फाइनल शनिवार को जबकि महिला युगल फाइनल रविवार को खेला जाएगा। वहीं, एक अन्य मुकाबले में भारत के रोहन बोपन्ना और ऑस्ट्रेलिया के उनके जोड़ीदार मैथ्यू एबडेन गुरुवार को सेमीफाइनल में इटली के सिमोन बोलेली और एंड्रिया वावस्सोरी की जोड़ी से हारकर फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट से बाहर हो गए।

# स्टोइनिस के दम पर ऑस्ट्रेलिया ने ओमान को 39 रन से हराया

ब्रिजटाउन, एजेंसी



मार्कस स्टोइनिस के आक्रामक अर्धशतक और तीन विकेट की बदौलत गत चैंपियन ऑस्ट्रेलिया ने अपने अभियान का आगाज ओमान पर 39 रन की जीत के साथ किया। स्टोइनिस ने 36 गेंद में नाबाद 67 रन बनाए जिसकी मदद से ऑस्ट्रेलिया ने पांच विकेट पर 164 का स्कोर बनाया। डेविड वॉर्नर ने भी 56 रन की पारी खेली। इसके बाद स्टोइनिस ने तीन ओवर में 19 रन देकर तीन विकेट चटकाए। ओमान की टीम 20 ओवर में नौ विकेट पर 125 रन ही बना सकी।

ऑस्ट्रेलिया के लिए नाथन एलिस ने 28 रन देकर और आईपीएल स्टार मिचेल स्टार्क ने 20 रन देकर दो-दो विकेट लिए। स्टार्क ने ओमान की पारी की तीसरी गेंद पर प्रतीक अठावले (0) को आउट कर दिया। मैदानी अंपायर द्वारा नॉट आउट दिये जाने के बाद ऑस्ट्रेलिया ने डीआरएस लिया जिसमें फैसला उसके पक्ष में रहा। अयान खान ने 30 गेंद में दो चौकों और दो छक्कों की मदद से 36 रन बनाए और सातवें विकेट के लिए 37 रन की साझेदारी की।

इससे पहले ऑस्ट्रेलिया ने 20 ओवर में पांच विकेट पर 164 रन बनाए। हेड (12) और कप्तान मार्श (14) सस्ते में आउट हो गए। अनुभवी हरफनमौला ग्लेन मैक्सवेल का खराब फॉर्म जारी रहा जो खाता भी नहीं खोल सके। स्टोइनिस और वॉर्नर ने चौथे विकेट के लिए 64 गेंद में 102 रन जोड़े। वॉर्नर 56 रन की पारी के साथ ही टी-20 क्रिकेट में ऑस्ट्रेलिया के लिए सर्वाधिक रन (3,120) बनाने वाले बल्लेबाज हो गए जिन्होंने आरोन फिंच को पछाड़ा।

# कनाडा के खिलाफ आयरलैंड को अनुभवी खिलाड़ियों पर भरोसा

न्यूयॉर्क, एजेंसी



भारत के खिलाफ पहले मैच में मिली हार के बाद आयरलैंड को कनाडा जैसी खतरनाक टीम के खिलाफ शुक्रवार को अपने अभियान को ढर्रे पर लाना है तो एंडी बालबर्नी, पॉल स्टर्लिंग और हैरी टेक्टर जैसे अनुभवी खिलाड़ियों को अच्छा प्रदर्शन करना होगा। आयरलैंड को पहले मैच में भारत ने आठ विकेट से हराया जबकि कनाडा को सह मेजबान अमेरिका ने सात विकेट से मात दी।

आठवीं बार टी-20 विश्व कप खेल रही आयरलैंड टीम अपना प्रभाव छोड़ने में नाकाम रही है हालांकि उसके कई प्रमुख खिलाड़ी इंग्लिश काउंटी क्रिकेट खेलते हैं। अभी तक आयरलैंड एक ही बार 2009 में सुपर 8 चरण में पहुंचा। बालबर्नी और कप्तान स्टर्लिंग के पास कुल मिलाकर 250 टी-20 मैचों का अनुभव है लेकिन वे टीम को नासाउ काउंटी स्टेडियम पर अच्छी शुरूआत नहीं दिला सके। भारत ने कप्तान रोहित शर्मा और ऋषभ पंत की उम्दा पारियों के दम पर जीत दर्ज की। अब तक 77 टी-20 मैच खेल चुके टेक्टर भी आयरलैंड को 100 रन के पार नहीं ले जा पाए। इस मैदान पर दो दिन के भीतर दूसरा मैच खेल रही आयरलैंड टीम अपनी गलतियों से सबक लेना चाहेगी। दूसरी ओर विश्व कप में पहली बार खेल रही कनाडा टीम को ग्रुप ए के पहले मैच में डलास में अमेरिका ने हराया। कनाडा ने 2019 में आयरलैंड के खिलाफ विश्व कप क्वालीफायर मैच दस विकेट से जीता था।

### बराबरी के मुकाबले में भिड़ेंगी स्कॉटलैंड और नामीबिया की टीम

**ब्रिजटाउन।** ओमान के खिलाफ टी-20 विश्व कप के पहले मैच में सुपर ओवर में मिली जीत के बाद आत्मविश्वास से ओतप्रोत नामीबिया का सामना अब शुक्रवार को स्कॉटलैंड से होगा। स्कॉटलैंड और इंग्लैंड के बीच मैच बारिश के कारण रद्द हो गया था। स्कॉटलैंड ने हालांकि गत चैंपियन टीम के खिलाफ अपनी प्रतिभा की बानगी दी थी लेकिन बारिश के कारण अंक बांटने पड़े। नामीबिया का भरोसा कप्तान गेरहार्ड इरास्मस और हरफनमौला डेविड वीसे जैसे अनुभवी खिलाड़ियों पर रहेगा। उनके पास पिछले दो टी-20 विश्व कप का अनुभव है। इसके अलावा नामीबिया ने स्कॉटलैंड के खिलाफ पिछले तीन टी20 मैच भी जीते हैं जिससे उसे मनोवैज्ञानिक बढ़त मिलेगी।

# भारत ने कुवैत से ड्रॉ खेलकर दी सुनील छेत्री को विदाई



कोलकाता, एजेंसी

भारत ने गुरुवार को यहां कुवैत के खिलाफ फीफा विश्व कप 2026 का क्वालीफायर मैच ड्रॉ खेलकर अपने करिश्माई स्ट्राइकर सुनील छेत्री को विदाई दी। भारत अगर जीत दर्ज करता तो छेत्री के लिए यह अच्छी विदाई होती क्योंकि इस मैच में ड्रॉ खेलने से उसकी क्वालीफायर्स के तीसरे दौर में पहुंचने की संभावनाओं को करारा झटका लगा है।

इस मैच में ड्रॉ से अब भारत के पांच अंक हो गए हैं। उसे अपना अंतिम मैच 11 जून को एशियाई चैंपियन कतर के खिलाफ खेलना है। कुवैत के चार अंक हैं और वह उसी दिन अफगानिस्तान के खिलाफ मैच खेलेगा। भारतीय फुटबॉल की पहचान रहे 39 वर्षीय छेत्री ने इस मैच के साथ ही 19 साल तक चले अपने अंतर्राष्ट्रीय करियर को भी अलविदा कहा। उन्होंने भारत की तरफ से 94 गोल किए।

### सुनील छेत्री खेल के लीजैंड हैं: मोडरिच

**कोलकाता।** क्रोएशिया के कप्तान और रियल मैड्रिड के सुपरस्टार लुका मोडरिच ने भारतीय कप्तान सुनील छेत्री की तारीफ करते हुए उन्हें फुटबॉल का लीजैंड बताया। उन्होंने भारतीय टीम से छेत्री के आखिरी अंतर्राष्ट्रीय मैच को यादगार बनाने का भी आग्रह किया। छेत्री कुवैत के खिलाफ फीफा विश्व कप क्वालीफाइंग मैच के साथ ही अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल को अलविदा कह देंगे। भारतीय टीम के कोच इगोर स्टिमक ने मोडरिच का वीडियो मैसेज साझा किया है जिसमें उन्होंने कहा है हैलो सुनील। मैं बस तुमको हैलो बोलना और आखिरी अंतर्राष्ट्रीय मैच के लिये शुभकामना देना चाहता हूं।

### छेत्री के बनाए रिकॉर्ड तोड़ना मुश्किल : नबी

**कोलकाता।** भारत के पूर्व मिडफील्डर सैयद रहीम नबी ने गुरुवार को यहां सुनील छेत्री की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा कि इस स्टार फुटबॉलर ने जो रिकॉर्ड बनाए हैं उनको तोड़ पाना बेहद मुश्किल होगा। नबी ने यहां कुवैत के खिलाफ विश्व कप क्वालीफाइंग मैच से पहले कहा छेत्री ने जो रिकॉर्ड बनाए हैं उनको तोड़ पाना बेहद मुश्किल होगा।

**दिग्गजों की राय**

रिकी बोले- आईसीसी टूर्नामेंटों में सही समय पर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन का तरीका बखूबी आता है ऑस्ट्रेलियाई टीम को

# मानसिकता से जुड़ा है भारत का खिताब न जीत पाना : पोंटिंग

नई दिल्ली, एजेंसी



रिकी पोंटिंग की कप्तानी वाली ऑस्ट्रेलियाई टीम को आईसीसी टूर्नामेंटों में सही समय पर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन का तरीका बखूबी आता था और दो बार के विश्व कप विजेता कप्तान का मानना है कि भारत को भी आईसीसी खिताब का सूखा दूर करने के लिए मानसिक बाधाओं से पार पाकर ऐसा ही कुछ करना होगा।

क्रिकेट की महाशक्ति भारत ने आखिरी बार 2013 में चैंपियंस ट्रॉफी के रूप में आईसीसी खिताब जीता था। भारतीय टीम ने टी-20 विश्व कप में न्यूयॉर्क में आयरलैंड को हराकर शानदार शुरूआत की। न्यूयॉर्क से पोंटिंग ने कहा कि भारतीय टीम को अपने प्रशंसकों के जबर्दस्त दबाव से निपटने का तरीका तलाशना होगा। आपको स्पष्ट रहना होगा कि फोकस टूर्नामेंट पर है ना कि बाहरी दबाव के बारे में चिंता करने पर या बहुत अधिक आगे की सोचने पर भारतीय टीम में प्रतिभा की कमी नहीं है लेकिन हमें यह भी नहीं भूलना चाहिए कि विश्व कप जीतना आसान नहीं होता।

पोंटिंग ने कहा इसका संबंध मानसिकता से है। आप दबाव का सामना कैसे करते हैं। दबाव के हालात में आप कैसे सोचते हैं इसी में जीत और हार का अंतर होता है। उन्होंने कहा विश्व कप में आपके सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों को हर समय अच्छा खेलना होता है। भारतीय टीम के पास ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड या दक्षिण अफ्रीका जैसे पावर हिटर भले ही नहीं हो लेकिन पोंटिंग का मानना है कि वेस्टइंडीज के हालात में खेलने के लिए उनके पास पर्याप्त प्रतिभा है। नॉकआउट मैच वेस्टइंडीज में होने हैं। पोंटिंग ने कहा सब कुछ पावर हिटिंग ही नहीं होता स्ट्राइक रेट भी अहम है। भारतीय बल्लेबाजों का स्ट्राइक रेट किसी से कम नहीं है।

ऑस्ट्रेलिया के पास मार्श, स्टोइनिस, मैक्सवेल या कैमरन ग्रीन हैं तो दक्षिण अफ्रीका के पास स्टब्स, क्लासेन या डेविड मिलर हैं। इनके पास ताकत है लेकिन भारतीय टीम में देखें तो सूर्यकुमार यादव किसी भी मैदान पर रन बनाने में सक्षम है। उन्होंने कहा ऋषभ पंत अच्छा प्रदर्शन कर रहा है। उनके पास हार्दिक पंड्या भी है। उनकी बल्लेबाजी बाकी टीमों की तरह ही खतरनाक है। मुझे लगता है कि ऑस्ट्रेलिया, भारत, इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका सेमीफाइनल खेलेंगे।

### बाबर पर रहेगा दबाव, पाकिस्तान के खिलाफ भारत प्रबल दावेदार : लतीफ



**नई दिल्ली।** पाकिस्तान के पूर्व कप्तान राशिद लतीफ का मानना है कि टी-20 विश्व कप में रविवार को होने वाले मैच में भारत जीत के प्रबल दावेदार के रूप में शुरुआत करेगा क्योंकि उसकी टीम अधिक संतुलित है। लतीफ ने इसके साथ ही कहा कि न्यूयॉर्क में होने वाले इस बहुप्रतीक्षित मैच में पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम पर दबाव रहेगा। पाकिस्तान के पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज ने कहा हम सभी का ध्यान भारत के खिलाफ 9 जून को होने वाले मैच पर है। बाबर पर विश्व कप में अच्छे प्रदर्शन के बजाय भारत के खिलाफ होने वाले मैच के कारण दबाव में रहेगा, लेकिन उन्हें दबाव झेलना सीखना होगा। उन्हें विराट और रोहित से सीखना चाहिए। वे जानते हैं कि खेल को कैसे आगे बढ़ाया जाता है। बल्लेबाज के रूप में बाबर दुनिया के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में शामिल है लेकिन जहां तक कप्तानी का सवाल है तो उन्हें अभी काफी कुछ सीखने की जरूरत है। लतीफ ने कहा कि भारत के पास बहुत अच्छे स्पिनर हैं और वर्तमान फॉर्म को देखते हुए रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम रविवार को होने वाले मैच में जीत के प्रबल दावेदार के रूप में शुरुआत करेगी। कुलदीप यादव एक ऐसा खिलाड़ी है अगर वह फिट रहता है तो पूरे विश्व कप में बल्लेबाजों के लिए परेशानी खड़ी कर सकता है। वह भारत के लिए महत्वपूर्ण गेंदबाज है और उन्होंने अच्छी सफलताएं भी हासिल की हैं। वर्तमान फॉर्म को देखते हुए 9 जून को होने वाले मैच में भारत निश्चित तौर पर जीत के दावेदार के रूप में शुरुआत करेगा।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक राज सागर द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 0591-3551286(कार्यालय), ईमेल-amritvichar.moradabad@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

# स्कूल पर इजराइली हमला, 30 की मौत

देर अल-बला (गाजा पट्टी), एजेंसी

मध्य गाजा में एक स्कूल पर गुरुवार को तड़के इजराइली द्वारा किए गए हमले में 14 बच्चों और नौ महिलाओं सहित 30 से अधिक लोग मारे गए। स्थानीय स्वास्थ्य अधिकारियों ने यह जानकारी दी। फलस्तीनी अधिकारियों के मुताबिक स्कूलों में विस्थापितों ने शरण ले रखी थी जबकि इजराइली सेना का दावा है कि हमास के आतंकवादी स्कूल से अपनी गतिविधियों को अंजाम दे रहे थे।

अस्पताल के रिकॉर्ड और अस्पताल में एसोसिएटेड प्रेस के एक रिपोर्टर ने बताया कि इस हमले में कम से कम 33 लोगों की मौत हुई है, जिनमें 14 बच्चे और नौ महिलाएं शामिल हैं। रिकॉर्ड के अनुसार, रात में एक घर पर हुए हमले में छह लोगों की मौत हो गई थी। दोनों हमले नुसेरात में हुए, जो गाजा में बने कई शरणार्थी शिविरों में से एक है।



## जनसंहार के मुकदमे में पक्षकार बनने की अर्जी देगा स्पेन

**बार्सिलोना, एजेंसी।** स्पेन अंतरराष्ट्रीय न्याय अदालत में अर्जी देकर दक्षिण अफ्रीका द्वारा इजराइल के खिलाफ दायर मुकदमे में पक्षकार बनने की अनुमति मांगेगा। स्पेन के विदेश मंत्री ने गुरुवार को यह घोषणा की। दक्षिण अफ्रीका ने संयुक्त राष्ट्र की अंतरराष्ट्रीय न्याय अदालत में दाखिल याचिका में इजराइल पर गाजा में जनसंहार करने का आरोप लगाया है। स्पेन पहला यूरोपीय देश है, जिसने पिछले साल दक्षिण अफ्रीका द्वारा अंतरराष्ट्रीय अदालत में दाखिल याचिका से जुड़ने की पहल की है।

# भाई ने कबूला- लिट्टे संस्थापक प्रभाकरण 2009 में मारा गया

कोलंबो, एजेंसी

- कहा- कुछ तमिल लोग उसके जीवित होने का दावा करके लोगों को दे रहे हैं धोखा

लिबरेशन टाइगर्स ऑफ तमिल ईलम (लिट्टे) के संस्थापक वेलुपिल्लई प्रभाकरण के भाई ने पहली बार सार्वजनिक रूप से स्वीकार किया है कि भाई और उसका पूरा परिवार 2009 में मारा गया था। साथ ही उन्होंने कहा कि कुछ तमिल लोग यह दावा करके लोगों को धोखा दे रहे हैं कि प्रभाकरण और उसके परिवार के कुछ सदस्य, विशेषकर उसकी एक बेटी जीवित हैं।

लंकाएफटी (एफटी.एलके) पोर्टल की खबर के अनुसार वेलुपिल्लई प्रभाकरण के भाई वेलुपिल्लई मनोहरन ने कहा, वेलुपिल्लई प्रभाकरन, उसकी पत्नी और उसके तीन बच्चे मर चुके हैं और वे सभी 2009 में श्रीलंका युद्ध के अंतिम चरण में मारे गए थे। पोर्टल के अनुसार मनोहरन ने सार्वजनिक तौर पर पहली बार यह बात स्वीकार की है। लिट्टे ने श्रीलंका के उत्तरी और पूर्वी प्रांतों में एक अलग तमिल मातृभूमि के लिए लगभग 30 वर्ष तक सैन्य अभियान चलाया था।



# महिलाओं समेत 63 को तालिबान ने मारे कोड़े, निंदा

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** अफगानिस्तान में संयुक्त राष्ट्र सहायता मिशन (यूएनएएमए) ने बुधवार को सारी पुल प्रांत में तालिबान द्वारा एक दर्जन से अधिक महिलाओं सहित 60 से अधिक लोगों को सार्वजनिक रूप से कोड़े मारे जाने की निंदा की। यूएनएएमए ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक बयान में कहा कि अफगानिस्तान के अधिकारियों ने मंगलवार को कम से कम 63 लोगों को कोड़े मारे। संयुक्त राष्ट्र कार्यालय ने इसकी कड़ी निंदा करते हुए अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दायित्वों का सम्मान करने के लिए कहा।

तालिबान के उच्चतम न्यायालय ने एक बयान में 14 महिलाओं समेत 63 लोगों को सार्वजनिक रूप से कोड़े मारे जाने की पुष्टि की। इन लोगों पर अप्राकृतिक यौन उत्पीड़न, चोरी और अनैतिक संबंधों जैसे अपराधों में शामिल होने का आरोप लगाया गया था। उन्हें एक खेल स्टेडियम में कोड़े मारे गए। तालिबान ने एक उदार शासन देने के वादों के बावजूद, 2021 में फिर से सत्ता पर काबिज होने के बाद सार्वजनिक रूप से कठोर दंड देना शुरू कर दिया।



# गंभीर खाद्य संकट से जूझ रहे पांच वर्ष तक के 25 प्रतिशत बच्चे : सरां

**कलटुंगो (नाइजीरिया), एजेंसी।** दुनिया भर में पांच साल से कम उम्र के करीब 25 प्रतिशत बच्चे खाद्य संकट का सामना कर रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र की एजेंसी यूनीसेफ ने एक रिपोर्ट में यह खुलासा किया। बच्चों के लिए काम करने वाली संस्था यूनीसेफ द्वारा गुरुवार को जारी रिपोर्ट के मुताबिक दुनियाभर में पांच वर्ष से कम आयु के 18 करोड़ 10 लाख बच्चे (इस आयु वर्ग के बच्चों का 27 प्रतिशत) गंभीर खाद्य संकट का सामना कर रहे हैं। लगभग 100 निम्न और मध्यम आय वाले देशों पर केंद्रित रिपोर्ट गंभीर खाद्य संकट को एक दिन में कुछ भी नहीं खाने या एजेंसी द्वारा मान्यता प्राप्त आठ खाद्य समूहों में से दो का उपभोग करने के रूप में परिभाषित करती है।

## अफ्रीका के 130 करोड़ लोग प्रभावित

अफ्रीका की 130 करोड़ से अधिक की आबादी मुख्य रूप से संघर्ष, जलवायु संकट और बढ़ती खाद्य कीमतों के कारण सबसे अधिक प्रभावित देशों में से एक है। रिपोर्ट में कहा गया है कि लेकिन इसने कुछ प्रगति भी हुई है।

## स्थिति में हुआ सुधार

पिछले दशक में पश्चिमी और मध्य अफ्रीका में गंभीर खाद्य संकट से गुजर रहे बच्चों की संख्या में कमी आई है और यह 42 प्रतिशत से घटकर 32 प्रतिशत रह गया है। संयुक्त राष्ट्र अंतरराष्ट्रीय बाल आपातकालीन कोष ने कहा कि महत्वपूर्ण पोषक तत्वों की कमी, बेहद खराब आहार पर रहने वाले बच्चों का वजन सामान्य से कम होने की आशंका अधिक होती है।

## एक नजर

### फ्रांस के दौरे पर आएंगे अर्जेंटीना के राष्ट्रपति

**पेरिस।** अर्जेंटीना के राष्ट्रपति जेवियर माइली फ्रांस की अपनी पहली आधिकारिक यात्रा पर आएंगे और 19 जून को फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रोन से मुलाकात करेंगे। ले पेरिसियन अखबार ने अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी है। मुलाकात के दौरान दोनों देशों के राष्ट्रपति यूक्रेन की स्थिति, यूरोपीय संघ और मर्कोसुर के बीच मुक्त व्यापार समझौते के भविष्य पर चर्चा कर सकते हैं।

### इंडोनेशिया का माउंट इबू ज्वालामुखी फिर फटा

**जकार्ता।** इंडोनेशिया के हलमाहेरा द्वीप पर स्थित इबू ज्वालामुखी गुरुवार सुबह फिर से फट गया और धुएं का गुबार छा गया। ज्वालामुखी विज्ञान एवं भूगर्भीय खतरा न्यूनीकरण केंद्र (पीवीएमबीजी) के अनुसार, स्थानीय समयानुसार आज सुबह करीब 8 :11 बजे विस्फोट शुरू हुआ और दो मिनट तक चलता रहा, जिससे उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ते हुए मोटी, धूसर राख और काले बादल छा गये।

### तंजानिया में सड़क हादसे में 13 की मौत, 18 घायल

**मबेया।** तंजानिया के मबेया क्षेत्र में एक ट्रक नेकई कारों और मोटरसाइकिलों को टक्कर मार दी, जिसके कारण 13 लोगों की मौत हो गई और 18 अन्य घायल हो गए। द सिटिजन तंजानिया ने प्रत्यक्षदर्शियों और पुलिस का हवाला देते हुए अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी है। रिपोर्ट में कहा गया है कि दुर्घटना बुधवार को मबेम्बेला क्षेत्र में सिमिके ढलान पर हुई। रिपोर्ट में कहा गया है कि सभी घायलों को उपचार के लिए मबेया क्षेत्रीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायलों में से आठ लोगों की हालत गंभीर है।

### सूड़ान : सेना- अर्धसैनिक बल के संघर्ष में 100 मरे

**काहिरा।** सूडान के गेजीरा प्रांत के एक गांव पर बुधवार को अर्धसैनिक बल रैपिड सपोर्ट फोर्स द्वारा किए गए हमले में कम से कम 100 लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। दारफूर के गवर्नर मिनी अर्को मिनावी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर जारी पोस्ट में बताया कि आरएसएफ द्वारा गेजीरा के वाद-अल-नोरा गांव पर किए गए हमले में महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग हताहत हुए हैं। गेजीरा की राजधानी वाद मदानी के लोगों को बचाने के लिए गठित समिति ने देर रात बुधवार को सोशल मीडिया पर बताया कि अर्धसैनिक बल सालों से सूडान की सेना से लड़ रहा है।

# ताइवान के बधाई संदेश पर मोदी की टिप्पणी को लेकर बिफरा चीन

## कहा- नई दिल्ली को ताइवान के अधिकारियों की राजनीतिक चालों का विरोध करना चाहिए

बीजिंग, एजेंसी

- ताइवान द्वारा सोशल मीडिया पर किए गए पोस्ट के संबंध में भारत के समक्ष जताया विरोध
- कहा कि विश्व में केवल एक ही चीन है और ताइवान, चीनी गणराज्य का अविभाज्य हिस्सा

चीन ने ताइवान को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से सोशल मीडिया पर किए गए एक पोस्ट के संबंध में गुरुवार को भारत के समक्ष विरोध जताते हुए कहा कि नयी दिल्ली को ताइवान के अधिकारियों की राजनीतिक चालों का विरोध करना चाहिए। चीन के मुताबिक, ताइवान उसका एक विद्रोही और अभिन्न प्रांत है तथा इसे मुख्य भूमि (चीन) के साथ पुनः एकीकृत किया जाना चाहिए, भले ही बलपूर्वक ही क्यों न किया जाए।

चीनी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने इन संदेशों पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि चीन ने इस पर भारत के समक्ष विरोध दर्ज कराया है। यहां एक संवाददाता सम्मेलन में जब एक संवाददाता ने इस मामले को लेकर माओ से उनकी टिप्पणी मांगी तो उन्होंने कहा, सबसे पहले तो यह कि ताइवान क्षेत्र में कोई राष्ट्रपति नहीं है। उन्होंने कहा, चीन ताइवान के अधिकारियों और चीन के साथ



राजनयिक संबंध रखने वाले देशों के बीच सभी प्रकार की आधिकारिक बातचीत का विरोध करता है। विश्व में केवल एक ही चीन है और ताइवान, चीनी गणराज्य का अविभाज्य हिस्सा है। माओ निंग ने कहा, एक-चीन सिद्धांत अंतरराष्ट्रीय संबंधों में एक सार्वभौमिक रूप से मान्यता प्राप्त मानदंड है और अंतरराष्ट्रीय समुदाय में इस पर आम सहमति है। भारत ने इस पर गंभीर राजनीतिक प्रतिबद्धताएं व्यक्त की हैं और उससे अपेक्षा की जाती है कि वह ताइवान के अधिकारियों की राजनीतिक चालों को पहचाने,



चिंतित हो तथा उनका विरोध करे। चीन ने इसे लेकर भारत के सामने अपना विरोध दर्ज कराया है। मोदी ने अपने बयान में कहा था कि वह ताइवान के साथ घनिष्ठ संबंध बनाने के लिए उत्सुक हैं। मोदी ने यह टिप्पणी लोकसभा चुनाव में मिली जीत पर ताइवान के राष्ट्रपति के बधाई संदेश में की थी। पिछले महीने निर्वाचित हुए ताइवान के राष्ट्रपति लाई चिंग-ते ने मोदी को बधाई देते हुए सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को चुनाव में जीत पर मेरी हार्दिक बधाई। हम तेजी से बढ़ती ताइवान-भारत साझेदारी को और आगे ले जाने, व्यापार, प्रौद्योगिकी और अन्य क्षेत्रों में अपने सहयोग का विस्तार करने के लिए उत्सुक हैं, ताकि हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति और समृद्धि के लिए योगदान दिया जा सके। मोदी ने इस बधाई संदेश का जवाब देते हुए ''एक्स'' पर एक पोस्ट में कहा, लाई चिंग-ते, आपके गर्मजोशी भरे संदेश के लिए धन्यवाद। मैं ताइवान के साथ पारस्परिक रूप से लाभकारी आर्थिक तथा तकनीकी साझेदारी की दिशा में काम करते हुए और अधिक घनिष्ठ संबंधों की आशा करता हूं।



# अमेरिका के एनएसए भारत जाएंगे: व्हाइट हाउस

**वाशिंगटन, एजेंसी।** भारत के प्रधानमंत्री के रूप में नरेन्द्र मोदी के लगातार तीसरी बार शपथ लेने की तैयारी के बीच अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलीवन अमेरिका-भारत साझा प्राथमिकताओं पर नयी सरकार के साथ चर्चा करने के लिए नयी दिल्ली जाएंगे। व्हाइट हाउस ने यह जानकारी दी। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने प्रधानमंत्री मोदी को फिर से चुने जाने पर बधाई देने के लिए बुधवार को फोन किया और सुलीवन की यात्रा पर चर्चा की गई। व्हाइट हाउस ने कहा, राष्ट्रपति जो बाइडन ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से बात की और उन्हें तथा राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन को भारत के आम चुनाव में ऐतिहासिक जीत पर बधाई दी। बाइडन ने लोकतांत्रिक प्रक्रिया में 65 करोड़ भारतीयों के हिस्सा लेने पर उनकी सराहना की।



# 'स्पेसएक्स' के रॉकेट की चौथी परीक्षण उड़ान सफल

**बोका चिका (अमेरिका), एजेंसी।** स्पेसएक्स के सबसे शक्तिशाली स्टारशिप रॉकेट ने गुरुवार को पहली पूर्ण परीक्षण उड़ान पूरी की और टेक्सास से उड़ान भरने के बाद पृथ्वी पर सुरक्षित लौट आया। पिछली तीन परीक्षण उड़ानों के दौरान रॉकेट और अंतरिक्ष यान में विस्फोट हो गया था लेकिन इस बार ये दोनों नियंत्रित तरीके से नीचे उतरने में सफल रहे। दुनिया का सबसे बड़ा और सबसे शक्तिशाली रॉकेट स्टारशिप लगभग 400 फुट (121 मीटर) ऊंचा है। उसने जब मैक्सिको की खाड़ी के ऊपर उड़ान भरी और जब वह हिंद महासागर की ओर उड़ान भरने के लिए पूर्व की ओर बढ़ा, उस समय वह खाली था। गुरुवार सुबह प्रक्षेपण के कुछ ही मिनट बाद प्रथम चरण का बूस्टर अंतरिक्ष यान से अलग हो गया और वह इसके इंजन को चालू करने के बाद योजनानुसार खाड़ी में जा गिरा। इसके एक घंटे बाद, प्रक्षेपण के सीधे प्रसारण में पुन : प्रवेश के दौरान अत्यधिक गर्मी के कारण अंतरिक्ष यान के कुछ हिस्से टूटते दिखाई दिए।

# आरोपी किशोर के दादा पहुंचे बम्बई उच्च न्यायालय

पुणे कार हादसा

**पुणे, एजेंसी।** महाराष्ट्र में पुणे के कल्याणी नगर में नशे की हालत में तेज रफ्तार कार की टक्कर से एक युवक और युवती की हत्या के आरोपी किशोर के दादा एसके अग्रवाल ने मामले में पूछताछ के लिए पुलिस हिरासत में लिए जाने के विरोध में बम्बई उच्च न्यायालय में याचिका दायर की है। इसी मामले में पूछताछ के लिए पुणे की अपराध शाखा ने किशोर के 77 वर्षीय दादा को 25 मई को हिरासत में लिया था। इसके अलावा यरवदा थाने में उसी दिन उनके खिलाफ अलग से प्राथमिकी भी दर्ज की गयी थी। उच्च न्यायालय में दायर याचिका में अग्रवाल के वकील आशुतोष श्रीवास्तव ने बताया कि आरोपों में परिवार के ड्राइवर गंगाधर शिवराज का गलत तरीके से अपहरण, अवैध रूप से बंधक बनाना और आपराधिक धमकी देना शामिल है। इन आरोपों में आईपीसी की धारा 342, 365, 368 और 506 के साथ धारा 34 भी शामिल है।

# रूस के तेल शोधन संयंत्र और ईंधन डिपो पर हमला

कीव, एजेंसी

- यूक्रेनी ड्रोन ने रूसी सीमा क्षेत्रों में की भीषण कार्रवाई
- दो दिन पूर्व रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने दी थी चेतावनी

कीव द्वारा क्रेमलिन के युद्ध करने के तरीके को बाधित करने के चल रहे प्रयास और यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लादिमीर जेलेंस्की द्वारा द्वितीय विश्व युद्ध के बाद यूरोप के सबसे बड़े युद्ध में पश्चिमी देशों के समर्थन की मांग के बीच यूक्रेनी ड्रोन ने रूसी सीमा क्षेत्रों में एक तेल शोधन संयंत्र और एक ईंधन डिपो पर हमला किया। निशाना बनाए गए क्षेत्रों के अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी।

जेलेंस्की गुरुवार को फ्रांस में डी-डे स्मरणोत्सव में अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन सहित विश्व नेताओं के साथ शामिल होने वाले हैं। शुक्रवार को उन्हें फ्रांसीसी अधिकारियों से मिलना है। जेलेंस्की की यात्रा रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की चेतावनी के एक दिन बाद हुई है, जिसमें उन्होंने कहा था कि रूस अन्य देशों को लंबी दूरी के हथियार मुहैया करा सकता है ताकि वे पश्चिमी लक्ष्यों पर हमला कर सकें। यह धमकी तब आई जब नाटो के सहयोगियों ने कहा कि वे यूक्रेन को रूसी क्षेत्र पर हमला करने के लिए कीव को दिए जाने वाले हथियारों का इस्तेमाल करने की अनुमति देंगे। यूक्रेन की सेना पूर्वी क्षेत्रों में हाल ही में रूस के हमले को रोकने के लिए लड़ रही है।

# चीन से संबंध मजबूत करेंगे पाक पीएम

बीजिंग, एजेंसी

- चार जून से चीन की पांच दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर हैं शरीफ
- शहर शेनझेन का दौरा कर निवेशकों के साथ की बैठक

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने, देश को आर्थिक संकट से उबारने के लिए और सहायता के अनुरोध तथा निवेश की संभावनाओं चर्चा करने के लिए बीजिंग पहुंच चुके हैं और उपरोक्त मुद्दों को लेकर वह चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग और अन्य नेताओं के साथ बातचीत करेंगे।

चार जून से चीन की पांच दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर आए शरीफ ने बुधवार को अत्याधुनिक शहर शेनझेन का दौरा किया और निवेशकों की बैठक को संबोधित किया। पाकिस्तान की सरकारी समाचार एजेंसी एपीपी की खबर के अनुसार यहां अपने प्रवास के दौरान शरीफ शी जिनपिंग, प्रधानमंत्री ली क्यांग और अन्य नेताओं से



मुलाकात करेंगे। वह पाकिस्तान-चीन संबंध और व्यापार कार्यक्रम में भी भाग लेंगे और चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारा (सीपीईसी) परियोजनाओं पर काम कर रही प्रमुख चीनी कंपनियों के मुख्य कार्यकारी अधिकारी के साथ बैठक करेंगे। खबर में बताया गया कि दोनों देशों के बीच विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग को लेकर कई समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए जाने की उम्मीद है। पाकिस्तान ने औपचारिक रूप से आईएमएफ से छह अरब से आठ अरब अमेरिकी डॉलर के बीच राहत राशि मुहैया कराने का अनुरोध किया है।

# यूएनएससी का अस्थायी सदस्य चुना गया पाकिस्तान

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

- एशिया-प्रशांत देशों की सीट के लिए पाकिस्तान को 182 वोट

पाकिस्तान, सोमालिया, डेनमार्क, यूनान और पनामा को 2025 से शुरू हो रहे दो साल के कार्यकाल के लिए गुरुवार को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) के अस्थायी सदस्य चुना गया। संयुक्त राष्ट्र महासभा में इन पांचों सदस्यों को गुप्त मतदान के जरिए एक जनवरी, 2025 से 31 दिसंबर, 2026 तक के कार्यकाल के लिए चुना गया है।

अफ्रीकी और एशिया-प्रशांत देशों की दो सीट में सोमालिया को 179 और पाकिस्तान को 182 वोट मिले। लातिन अमेरिकी और कैरेबियाई देशों में पनामा को 183 वोट मिले, जबकि पश्चिमी यूरोपीय और अन्य देशों में डेनमार्क को 184 और यूनान को 182 वोट मिले।

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, यह गर्व की बात है कि पाकिस्तान को 182 मत मिले और वह 2025-26 के कार्यकाल के लिए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में चुना गया। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान वैश्विक चुनौतियों से निपटने के लिए अंतरराष्ट्रीय समुदाय के साथ मिलकर काम करने को लेकर उत्सुक है। उन्होंने कहा, हम राष्ट्रों के बीच शांति, स्थिरता और सहयोग को बढ़ावा देने के लिए अपनी भूमिका निभाते रहेंगे।

# बॉलीवुड हलचल

## अजय देवगन की फिल्म रेड 2 की शूटिंग पूरी



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड के सिंघम स्टार अजय देवगन की आने वाली फिल्म रेड 2 की शूटिंग पूरी हो गयी है। अजय देवगन ने वर्ष 2018 में सुपरहिट फिल्म रेड में काम किया था। अब रेड की सीक्वल रेड 2 आ रही है। रेड 2 में अजय देवनग आयकर विभाग के वरिष्ठ अधिकारी के रूप में नजर आने वाले हैं। अजय देवगन, रितेश देशमुख और वाणी कपूर ने इस फिल्म की शूटिंग पूरी कर ली है। इस फिल्म का निर्देशन राज कुमार गुप्ता कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि रेड 2 की शूटिंग व्यापक रूप से उत्तर प्रदेश, राजस्थान में की गई है। फिलहाल, यह फिल्म पोस्ट-प्रोडक्शन चरण में है। इस बार फिल्म की कहानी करीब सौ करोड़ रुपये के टैक्स घोटाला करने वाले उत्तर प्रदेश के एक राजनेता और व्यवसायी की सत्य कहानी के इर्द-गिर्द बुनी गई है।

## कार्तिक आर्यन को लेकर प्रेम की शादी बनायेंगे सूरज बड़जात्या !

**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड फिल्मकार सूरज बड़जात्या, अभिनेता कार्तिक आर्यन को लेकर फिल्म प्रेम की शादी बना सकते हैं। सूरज बड़जात्या ने सलमान खान को लेकर मैंने प्यार किया, हम आपके हैं कौन, हम साथ साथ हैं और प्रेम रतन धन पायो जैसी सुपरहिट फिल्में बनायी है। इन सभी फिल्मों में सलमान ने प्रेम का किरदार निभाया है। कहा जा रहा है कि सूरज बड़जात्या अब सलमान खान नहीं कार्तिक आर्यन को प्रेम बनाने जा रहे हैं। सूरज बड़जात्या जल्द अपने नए प्रोजेक्ट प्रेम की शादी पर काम करने जा रहे हैं। इसमें प्रेम सलमान खान नहीं बल्कि कार्तिक आर्यन हो सकते हैं। पहले सूरज बड़जात्या, सलमान खान को इस फिल्म में लेना चाहते थे। फिल्म में मुख्य अभिनेता को रोमांटिक किरदार करना था। इसके लिए सलमान खान ने मना कर दिया।



## हमारे बारह की रिलीज पर 14 जून तक लगी रोक

**मुंबई, एजेंसी।** बॉम्बे उच्च न्यायालय ने अन्नू कपूर अभिनीत फिल्म हमारे बारह की रिलीज को 14 जून तक रोक लगा दी है। यह फिल्म 07 जून को रिलीज होने वाली थी। न्यायमूर्ति नितिन बोरकर और न्यायमूर्ति कमल खता की अवकाश पीठ ने बुधवार को सामाजिक कार्यकर्ता अजहर तंबोली द्वारा दायर याचिका की सुनवाई के दौरान यह आदेश पारित किया। याचिका में फिल्म के कुछ संवादों पर आपत्ति जताई गई है। याचिका में फिल्म निर्माताओं द्वारा यूट्यूब पर प्रसारित दो ट्रेलरों पर आपत्ति जताते हुए कहा गया था कि इससे उनकी भावनाएं आहत हुई हैं। केंद्रीय फिल्म प्रमाणन ब्यूरो (सीबीएफसी) ने पीठ को सूचित किया कि उसने फिल्म को प्रमाण पत्र जारी किया है और यूट्यूब पर जारी फिल्म के ट्रेलरों पर उसका कोई नियंत्रण नहीं है।

खगोल विज्ञान | गुरुत्वाकर्षण तरंगों का पता लगाने के लिए नई तकनीक हुई विकसित

# ब्रह्मांड की हिंसक घटनाओं से अब नहीं रहेंगे अनभिज्ञ

अमृत विचार, नैनीताल

- पृथ्वी के मैग्नेटोस्फेयर में इसका पता चल सकता है

गुरुत्वाकर्षण लहर का आसमान की सीमित ऊंचाई मैग्नेटोस्फीयर क्षेत्र में आसानी से पता लगाया जा सकता है। इसके लिए खगोल वैज्ञानिकों ने नई तकनीक ईजाद की है, जो एक दूरबीन के जरिए ग्रेविटी वेब की जानकारी पा सकती है। अब हम ब्रह्मांड में होने वाली हिंसक घटनाओं का आसानी से पता लगा सकते हैं।

गुरुत्वाकर्षण बल ही वह महाशक्ति है, जो ब्रह्मांड को संचालित करती है। इसे हम देख नहीं सकते हैं और महसूस भी नहीं कर सकते। मगर इतना तय है कि हम पृथ्वी पर टिके हुए हैं, इसकी वजह सिर्फ गुरुत्वाकर्षण है। कुछ साल पहले गुरुत्वाकर्षण लहर को कैमरे में कैद किया गया था और चंद वर्षों में अब हम इसके अस्तित्व के साथ, इस शक्ति का पता लगाने में कामयाब हो चुके हैं। हांगकांग विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने नई तकनीक विकसित की है।

एचकेयूएसटी के भौतिकी विभाग प्रो ताओ लियू के अनुसार पृथ्वी के मैग्नेटोस्फेयर में एक एकल खगोलीय दूरबीन को गुरुत्वाकर्षण लहर की पहचान कर सकते हैं। यह बेहद आसान तरीका है। गुरुत्वाकर्षण की पहचान करने के लिए कई दशक बीत गए। मगर अब इसकी पहचान ही नहीं, बल्कि इसे देख भी सकते हैं। प्रो. लियू के नेतृत्व में शोध दल ने उच्च आवृत्ति गुरुत्वाकर्षण तरंगों (एचएफजीडब्ल्यू) का पता लगाने की नई विधि को प्रस्तावित किया है। ब्रह्मांड में पल पल विध्वंसकारी घटनाएं होती रहती हैं। जिनमें कुछ घटनाएं पृथ्वी को भी प्रभावित कर सकती हैं या फिर नुकसान पहुंचा सकती हैं। जिस कारण नई विधि की खोज बेहद महत्वपूर्ण हो जाती है।

## तकनीक कर सकती है ब्रह्मांड के राज उजागर

प्रो ताओ लियू का कहना है कि हम समूचे ब्रह्मांड को शायद ही कभी देख सकें, लेकिन तकनीक के जरिये देख और परख सकते हैं। इसके लिए नया दृष्टिकोण रखना होगा और चुनौतियों को स्वीकार करना होगा। इस दिशा में युवा वर्ग भरपूर ऊर्जा के साथ विज्ञान को आसमान तक पहुचा सकता है।



पृथ्वी के साथ गुरुत्वाकर्षण लहर की तस्वीर। ● अमृत विचार